बैशाख कृष्ण पक्ष षष्ठी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 30 अप्रैल 2024
वर्ष-2, अंक-262, पृष्ठ-18
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 6 रुपये

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज 18

इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय 17

## लखनऊ में राजनाथ और अमेठी से स्मृति ईरानी ने दाखिल किया नामांकन





**लखनऊ।** भाजपा उम्मीदवार रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ संसदीय सीट और केंद्रीय नगर विकास राज्य मंत्री कौशल किशोर ने मोहनलालगंज संसदीय सीट से पर्चा दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और राज्यसभा सदस्य सुधांशु त्रिवेदी मौजूद रहे। वहीं, केन्द्रीय मंत्री स्मृति इरानी ने अमेठी से नामांकन दाखिल किया। मप्र. के मुख्यमंत्री मोहन यादव भी मौजूद रहे।

## इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने की याचिका खारिज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने इस साल 23 जून को प्रस्तावित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पीजी में बैठने वाले अभ्यर्थियों के लिए इंटर्नशिप कटऑफ विस्तारित करने संबंधी याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया।

प्रधान न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे.बी. पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कुछ समय तक दलीलें सुनने के बाद कहा कि इस पर विचार नहीं किया जा सकता। सीजेआई ने कहा कि मेरा मतलब है कि जब कोई कटऑफ होता है तो लोग एक विशेष रेखा के पक्ष में जाने के लिए बाध्य होते हैं।

### यूजीसी नेट की परीक्षा होगी 18 जून को

**नई दिल्ली।** यूजीसी ने नेट की परीक्षा 16 जून के स्थान पर अब 18 जून 2024 को किये जाने की घोषणा की है। परीक्षा की तिथि को 18 जून को इसलिए किया गया है क्योंकि यूजीसी नेट और सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा की तिथि 16 जून को पड़ गयी थी। यूजीसी के अध्यक्ष एम जगदीश ने कहा अभ्यर्थियों से जानकारी प्राप्त होने के बाद आयोग ने तारीख बढ़ाने का फैसला किया।

## सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल से कहा ट्रायल कोर्ट में क्यों नहीं दी अर्जी

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- धनशोधन के एक मामले में जामानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई

उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धन शोधन के एक मामले में न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल में बंद अरविंद केजरीवाल से सोमवार को पूछा कि उन्होंने अपनी जमानत के लिए निचली अदालत में याचिका क्यों नहीं दायर की।

केजरीवाल ने ईडी द्वारा की गई अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। पीठ ने केजरीवाल की ओर से कोर्ट में पेश अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी से पूछा आपने ट्रायल कोर्ट के समक्ष जमानत के लिए कोई आवेदन नहीं दिया? डॉ. सिंघवी ने जवाब दिया कि हमने याचिका दायर कर ईडी द्वारा गिरफ्तारी को चुनौती दी है। इस पर पीठ ने आश्चर्य प्रकट किया और कहा तो फिर कोई जमानत याचिका नहीं? सिंघवी ने जवाब दिया हां, इस अदालत का क्षेत्राधिकार व्यापक है। पीठ ने आगे कहा हम यह नहीं पूछ रहे हैं कि क्यों... हम सिर्फ तथ्य की बता रहे हैं। सिंघवी ने कहा मैंने एक प्रत्युत्तर नोट और एक प्रारंभिक नोट भी भर दिया है। पीठ ने पूछा आपने जमानत के लिए कोई अर्जी क्यों नहीं दायर की? सिंघवी ने कहा कि सबसे पहले तो इसलिए कि गिरफ्तारी गैरकानूनी है।







# अल्पसंख्यकों के लिए कांग्रेस कर रही धर्म आधारित आरक्षण की बात

## प्रधानमंत्री ने कहा- किसी सूरत में सफल नहीं होने देंगे उसके मंसूबे

**बागलकोट (कर्नाटक), एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस पर वोट बैंक की राजनीति के लिए देश में धर्म आधारित आरक्षण की योजना बनाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि वह किसी भी सूरत में ऐसा नहीं होने देंगे।

यहां जिला मुख्यालय में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस का यह प्रस्ताव अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए है क्योंकि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और ओबीसी समुदाय अब भाजपा के साथ हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में कांग्रेस ने संविधान बदलने और एससी/एसटी और ओबीसी के अधिकार छीनने का अभियान शुरू किया है।

हमारा संविधान धर्म आधारित आरक्षण को स्वीकार नहीं करता है। लेकिन कर्नाटक सरकार ने ओबीसी आरक्षण का एक हिस्सा मुसलमानों को दिया है। उन्होंने कहा वे (कांग्रेस) इससे संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने पहले भी अपने घोषणापत्र में धर्म आधारित आरक्षण प्रदान करने के लिए एक कानून लाने की बात कही थी। इस बार भी उनके घोषणापत्र में ऐसा ही संकेत है।

मोदी ने कहा कि वह अपने दलित, एससी/एसटी और ओबीसी भाई-बहनों को कांग्रेस के इरादों से अवगत कराना चाहते हैं। ये लोग धर्म के आधार पर, अपने वोट बैंक को सुरक्षित रखने के लिए, आपके उस अधिकार को लूटने की योजना बना रहे हैं जो बाबा साहेब आंबेडकर और संविधान ने आपको दिया है। संसद में एससी, एसटी और ओबीसी के अधिकतर सांसदों के भाजपा के साथ होने का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इसलिए वे महसूस करते हैं कि चूंकि एससी, एसटी और ओबीसी भाजपा के साथ हैं...तो अल्पसंख्यकों का विश्वास जीतने के लिए वे एससी, एसटी और ओबीसी से लूटकर अल्पसंख्यकों को देना चाहते हैं।



कर्नाटक में एक जनसभा में लोगों का अभिवादन करते नरेंद्र मोदी। ● एजेंसी

### इंडी गठबंधन पांच साल में पांच प्रधानमंत्री बनाएगी : मोदी

**सोलापुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को इंडी समूह पर कटाक्ष करते हुए दावा किया कि अगर वह सत्ता में आए, तो पांच साल में पांच प्रधानमंत्री देश को मिलेंगे। पश्चिमी महाराष्ट्र में एक चुनावी रैली में उन्होंने कहा एक तरफ मोदी है, जिसको 10 साल से जांच-परखा जा रहा है। वहीं, दूसरी ओर इंडी समूह है, जिसमें अपने नेता के नाम पर जमकर लड़ाई चल रही है। अब ये लोग पांच साल, पांच प्रधानमंत्री का फॉर्मूला लेकर आए हैं। उन्होंने सवाल किया आपने नकली शिव सेना को यह कहते हुए सुना होगा कि प्रधानमंत्री पद किसी एक व्यक्ति तक सीमित नहीं है, हर पार्टी में कई दावेदार होते हैं। क्या आप मुझे बता सकते हैं कि क्या देश पांच साल, पांच प्रधानमंत्री जैसे फॉर्मूले से चल सकता है।

## नास्तिक मुस्लिम महिला की याचिका पर सरकार को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को एक नास्तिक मुस्लिम महिला की उस याचिका पर केंद्र और केरल सरकार से जवाब मांगा, जिसमें उसने अपने पैतृक संपत्ति अधिकार के मामले में शरीयत के बजाय धर्मनिरपेक्ष भारतीय उत्तराधिकार कानून को लागू करने का अनुरोध किया है।

अलप्पुझा की रहने वाली और 'एक्स-मुस्लिम्स ऑफ केरल' की महासचिव सफिया पी.एम. ने कहा कि हालांकि उन्होंने आधिकारिक तौर पर इस्लाम नहीं छोड़ा है, लेकिन वह इसमें विश्वास नहीं रखती हैं और अनुच्छेद 25 के तहत धर्म के अपने मौलिक अधिकार का उपयोग करना चाहती हैं। उन्होंने यह भी घोषित करने की मांग की है कि जो व्यक्ति वसीयत और वसीयतनामा उत्तराधिकार के मामले में मुस्लिम पर्सनल लॉ द्वारा शासित नहीं होना चाहते हैं, उन्हें देश के धर्मनिरपेक्ष कानून यानी भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम, 1925 द्वारा शासित होने की अनुमति दी जानी चाहिए। पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में कहा कि अदालत पर्सनल लॉ के मामले में यह घोषणा नहीं कर सकती है कि नास्तिक व्यक्ति भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम द्वारा शासित होगा।

## राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालु की मौत

**अयोध्या कार्यालय**

- हार्ट अटैक से मौत की जताई जा रही है आशंका
- एक की पहचान राजस्थान निवासी, दूसरी की पहचान नहीं

**अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन करने आए दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। हार्ट अटैक से मौत की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान बनवारी लाल (70) निवासी राजस्थान के रूप में हुई, जबकि दूसरी मृत महिला श्रद्धालु (50) की अभी पहचान नहीं हो पाई है।

हालांकि घटना का कारण तेज धूप गर्मी के साथ-साथ श्रद्धालु के द्वारा पानी न पीए जाने का कारण बताया जा रहा है। फिलहाल मृत महिला श्रद्धालुओं का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है।

सोमवार को राम मंदिर में रामलला का दर्शन करने के लिए परिवार के साथ आये बनवारी लाल मंदिर परिसर से बाहर निकलने के दौरान मौत हो गई। दूसरी घटना मन्दिर में दर्शन कर प्रसाद काउंटर पर पहुंची एक महिला श्रद्धालु बेहोश होकर गिर गई। इसके बाद वहां पर तैनात सुरक्षा कर्मियों ने उन्हें परिसर के निकट स्थित श्रीराम चिकित्सालय पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी परिसर के अधिकारियों को दी गई। राम जन्मभूमि थानाध्यक्ष देवेंद्र पांडेय ने बताया कि महिला श्रद्धालु की पहचान नहीं हो पाई है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों के बारे में भी पता लगाया जा रहा है

> बहुत से श्रद्धालु संकल्प लेकर आते हैं कि दर्शन के बाद ही पानी पीयेंगे। ऐसी स्थिति में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है कि बढ़ती गर्मी का ध्यान रखते हुए श्रद्धालु पानी जरूर पीएं। अगर वह स्वस्थ रहेंगे तो उनका परिवार भी खुश रहेगा। - **डॉ. अनिल मिश्र**, सदस्य, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट

> जानकारी कराई जा रही है। मौत का स्पष्ट कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही पता चलेगा। - **डॉ. संजय जैन**, सीएमओ

### एक नजर

#### प्रोफेसर पर छात्रा का यौन उत्पीड़न करने का आरोप

**नयी दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ ने सोमवार को आरोप लगाया कि विश्वविद्यालय परिसर में एक शिक्षक द्वारा एक छात्रा का यौन उत्पीड़न किया गया। छात्र संघ ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन ने पीड़िता की शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की, जिसके कारण मजबूर होकर छात्रा ने परिसर छोड़ दिया। छात्र संघ ने कहा कि पीड़िता की महिला साथियों ने भी उसी शिक्षक पर यौन और मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है, लेकिन इसके बावजूद छात्राओं की एक अन्य शिकायत पर भी जेएनयू की आंतरिक शिकायत समिति ने कोई कार्रवाई नहीं की।

#### ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी का इस्तीफा

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन कैब बुकिंग की सुविधा देने वाली कंपनी ओला मोबिलिटी के सीईओ हेमंत बख्शी ने नियुक्ति के चार महीने के भीतर ही इस्तीफा दे दिया है। सूत्रों ने कहा कि कंपनी 10-15 प्रतिशत कर्मचारियों की छंटनी करने की योजना बना रही है। बख्शी जनवरी, 2024 में कंपनी में शामिल हुए थे। एक अन्य सूत्र ने कहा कि कंपनी के ओला कैब्स डिवीजन में जनवरी में करीब 900 लोग थे और छंटनी से 90-140 लोग प्रभावित हो सकते हैं।

## इंदौर में कांग्रेस को झटका, अंतिम दिन अक्षय ने की नामांकन वापसी

**इंदौर, एजेंसी**



- कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय बम हो सकते हैं भाजपा में शामिल

पिछले 35 साल से इंदौर लोकसभा सीट पर जीत की बाट जोह रही कांग्रेस के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने पार्टी को तगड़ा झटका देते हुए सोमवार को नामांकन वापसी के आखिरी दिन पर्चा वापस ले लिया। वह जल्द ही भाजपा में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं।

अक्षय बम, स्थानीय भाजपा विधायक रमेश मेंदोला के साथ जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और उन्होंने अपना पर्चा वापस लिया। लौटते वक्त वह मेंदोला के साथ गाड़ी में बैठकर रवाना हो गए। जिलाधिकारी आशीष सिंह ने ने बताया कि कांग्रेस उम्मीदवार बम समेत तीन उम्मीदवारों ने सोमवार को तय प्रक्रिया के तहत अपना नामांकन वापस लिया। इस प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है। इस बीच, प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने एक्स खाते पर एक तस्वीर पोस्ट की जिसमें बम उनके साथ कार में बैठे नजर आ रहे हैं। मेंदोला को विजयवर्गीय का विश्वस्त माना जाता है। विजयवर्गीय ने तस्वीर के साथ लिखा इंदौर से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी अक्षय कांति बम का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा में स्वागत है।

## मोदी को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका को खारिज कर दिया जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित करने का निर्देश देने की मांग की गई थी। याचिका में प्रधानमंत्री मोदी पर देवी-देवताओं के नाम पर वोट मांगने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ यह कार्रवाई की मांग की गयी थी।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता ने कहा कि याचिका में कोई दम नहीं है और यह पूरी तरह से एक गलत धारणा पर आधारित थी। याचिकाकर्ता एवं अधिवक्ता आनंद एस जोंधले ने अपनी याचिका में अदालत से देवी-देवताओं और पूजा स्थलों के नाम पर कथित तौर पर वोट मांगने के लिए मोदी के खिलाफ कार्रवाई करने का आग्रह किया था। आनंद एस जोंधले ने तर्क दिया कि मोदी ने आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन किया है और यह भारतीय दंड संहिता तथा जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत अपराध है। देश में इस समय लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। उच्च न्यायालय ने कहा कि याचिका कई कारणों से पूरी तरह से गलत है।

## उत्तराखंड में आग की 47 घटनाएं

**संवाददाता, नैनीताल**



- वनों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती, 39 पकड़े

**अमृत विचार :** उत्तराखंड में वनाग्नि की घटनाओं को लेकर सरकार की सख्ती पिछले कुछ दिनों में काम आयी है। वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सैकड़ों अभियोग पंजीकृत किये हैं जबकि 39 लोगों को पकड़ा है।

पूरे प्रदेश में आग की अभी तक 653 घटनाएं प्रकाश में आयी हैं। इनमें लगभग 814 हेक्टेअर जगंल खाक हो चुका है। इसमें से 480 हेक्टेअर से अधिक जगंल अकेले कुमाऊं परिक्षेत्र में है।

खास बात यह है कि सरकार के सख्त रुख के बाद वन विभाग ने आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आना शुरू कर दिया है। पिछले कुछ दिनों में आग लगाने वालों के खिलाफ 227 मामले दर्ज हुए हैं और 31 मामलों में 39 लोगों को पकड़ा गया है। अधिकांश मुकदमे अज्ञात लोगों के खिलाफ दर्ज किये गये हैं।

विभागीय सूत्रों के अनुसार आरोपियों का पता लगाया जा रहा है। यही नहीं आने वाले दिनों में और सख्ती की जाएगी। प्रदेश में इन सब के बावजूद आग की घटनाओं में कमी नहीं आयी है। पिछले चौबीस घंटे में प्रदेश में आग की 47 घटनायें प्रकाश में आयी हैं। इनमें से 30 घटनायें कुमाऊं और 16 गढ़वाल मंडल में हैं। एक घटना वन्य जीव रिजर्व में है।

वनाग्नि की घटनाओं में लगातार हो रही वृद्धि को देखते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सख्त तेवर दिखाये और गढ़वाल और कुमाऊं मंडल में उच्च अधिकारियों के साथ पृथक पृथक बैठक की। मुख्यमंत्री ने जगंलों में आग लगाने वालों के खिलाफ सख्ती से पेश आने के निर्देश दिये। साथ ही ग्रामीणों, नव युवक मंगल दलों के साथ महिला स्वयं सहायता समूहों के साथ सामंजस्य कायम करने को कहा था।

## मां ने दो बेटों के साथ कुएं में कूदकर जान दी

**कार्यालय, चित्रकूट**

- मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे का मामला
- घटना के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है

**अमृत विचार :** मानिकपुर थानांतर्गत ऊंचाडीह गांव के मजरे झलमल में मां ने सोमवार को अपने दो बेटों के साथ कुएं में छलांग लगाकर जान दे दी। मामले के पीछे गृह कलह की बात सामने आई है। पुलिस ने जांच शुरू की है।

झलमल निवासी सबित लाल कोल की पत्नी अंजू (28) ने सोमवार सुबह लगभग 11 बजे अपने दो बेटों सुदीप (1) और सुधीर (3) को एक-एक कर कुएं में फेंका और फिर वह भी कूद गई। घटना के समय पति घर पर नहीं था। लौटने पर पत्नी-बच्चों को घर में न पाकर ढूंढने निकला तो किसी ग्रामीण ने बताया कि कुएं में तीनों के शव पड़े हैं। इसके बाद गांव में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को बाहर निकलवाया। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने मौके पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया पता चला है कि गृहकलह की वजह से विवाहिता ने अपने बेटों के साथ जान दे दी है। मामले की जांच और पति से पूछताछ की जा रही है।

## गुलदार का वन क्षेत्राधिकारी पर हमला, हालत गंभीर

**नगीना (बिजनौर)।** क्षेत्र में पिंजरा व जाल लगा रही वन विभाग की टीम में शामिल वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा पर गुलदार ने हमला कर दिया। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। नगीना-नहटौर मार्ग स्थित गांव ज्ञानपुर बघाला स्थित के आश्रम के संचालक महात्मा सुनील कुमार ने वन विभाग से आश्रम के चारों ओर जाल और पिंजरा लगाने की मांग की थी। सोमवार दोपहर एक बजे वन क्षेत्राधिकारी प्रदीप शर्मा के नेतृत्व में वन दरोगा जगत सिंह राणा, वन रक्षक अनिल कुमार, पौधमाली मोहम्मद अब्बास, मुजीब, लाल सिंह, ऋषिपाल की टीम आश्रम के चारों ओर जाल व पिंजरा लगाने के लिए गई थी।

## 46 प्रत्याशी करोड़पति, 25 पर आपराधिक मामले

**तीसरा चरण : भाजपा, सपा और बसपा के प्रत्याशी करोड़पति, बरेली के सपा प्रत्याशी सबसे अधिक धनवान**

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**

**अमृत विचार :** उप्र. की 10 सीटों पर हो रहे तीसरे चरण के चुनाव में सपा, भाजपा और कांग्रेस के सभी प्रत्याशी करोड़पति हैं। चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 46 उम्मीदवार करोड़पति हैं। सपा के प्रत्याशी सबसे ज्यादा धनवान हैं, इनकी औसत संपत्ति 47.67 करोड़ रुपये है। लगभग 182 करोड़ रुपये संपत्ति के साथ बरेली के सपा प्रत्याशी प्रवीन सिंह एरन सबसे ज्यादा धनवान हैं। वहीं, सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम के पास मात्र 12 हजार की संपत्ति ही बताई गई है।

तीसरे चरण में उम्मीदवारों के शपथपत्रों की पड़ताल करने के बाद उप्र. इलेक्शन वॉच और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) के संजय सिंह ने सोमवार को बताया कि भाजपा के सभी 10 उम्मीदवार, सपा व बसपा के सभी नौ-नौ प्रत्याशी, पीस पार्टी के तीन में से एक प्रत्याशी, स्वराज भारतीय न्याय पार्टी के दो में से एक प्रत्याशी और जन शक्ति एकता पार्टी का इकलौता उम्मीदवार करोड़पति हैं।

उन्होंने बताया कि तीसरे चरण के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 6.94 करोड़ है। दलों की बात करें तो सपा के बाद दूसरे नंबर पर भाजपा के 10 उम्मीदवारों की औसत संपत्ति लगभग 11.74 करोड़ है। जबकि, बसपा के उम्मीदवारों की औसत संपत्ति 9.45 करोड़ है। वहीं, पीस पार्टी के तीन उम्मीदवारों के पास 1.13 करोड़ रुपये औसत संपत्ति है।

तीसरे चरण में चुनाव लड़ रहे 100 प्रत्याशियों में 25 पर आपराधिक मामले घोषित हैं। इनमें भाजपा व बसपा के चार-चार प्रत्याशी शामिल हैं। वहीं, सपा के पांच प्रत्याशी, राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी से एक उम्मीदवार ने आपराधिक मामले घोषित किए हैं। इनमें गंभीर मामलों की बात करें तो 20 उम्मीदवारों ने बताया कि उन पर गंभीर धाराओं में मामले दर्ज हैं।

### सपा प्रत्याशी ज्यादा धनवान

यूपी इलेक्शन वॉच के राज्य संयोजक संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि सपा के धनवान उम्मीदवारों में प्रवीन सिंह एरन के बाद दूसरे नंबर पर फिरोजाबाद के अक्षय यादव हैं। जिनकी संपत्ति 136 करोड़ रुपये के करीब है। वहीं, मैनपुरी से चुनाव लड़ रही अखिलेश यादव की पत्नी डिम्पल यादव के पास करीब 42 करोड़ की संपत्ति है।

### मात्र 12 हजार की संपत्ति लेकर उतरे हसनुराम

सबसे कम संपत्ति वाले उम्मीदवारों में आगरा सीट के निर्दल प्रत्याशी हसनुराम अम्बेडकरी के पास मात्र 12 हज़ार की संपत्ति हैं। दूसरे नंबर पर एटा से निर्दलीय चुनाव लड़ रहे कैलाश कुमार हैं जिनकी संपत्ति 19 हज़ार बताई गई हैं। तीसरे नंबर पर निर्दल प्रत्याशी रवि कुमार की कुल संपत्ति 21 हज़ार रुपये है।

### कांग्रेस उम्मीदवार पर सबसे अधिक 17 मामले

फतेहपुर सीकरी से कांग्रेस के उम्मीदवार रामनाथ सिंह सिकरवार पर सबसे ज्यादा 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। दूसरे नम्बर पर बसपा के फिरोजाबाद प्रत्याशी चौधरी बशीर हैं, इनके खिलाफ नौ मामले हैं। वहीं, तीन आपराधिक मामलों के साथ संभल सीट के उम्मीदवार पवन कुमार तीसरे नंबर पर हैं।

हमारे फर्स्ट वोटर

## पहली बार अपने मत का करूंगा उपयोग, उत्साहित हूं



लोकसभा चुनाव के महापर्व मे पहली बार अपने मत का उपयोग करने को लेकर मैं बहुत उत्साहित हुँ। अब मैं भी एक जिम्मेदार नागरिक बन गया। मेरा वोट सांसद चुनने और देश की सरकार बनाने में कारगर होगा। अपनी उम्र के सभी साथियों से अपील है कि वो भी अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें। **–तुषार तिवारी, छात्र, संत भीखा दास महाविद्यालय, महोली अयोध्या।**

## पहली बार वोट डालना मेरे लिए एक बड़ा पल



18 वर्ष की आयु पूरी होने के बाद मैं पहली बार वोट डालूँगी। ये मेरे लिए काफी बड़ा पल होगा। मुझे अपना सांसद और केंद्र की सरकार चुनने का मौका मिला है। 20 मई को मैं सुबह सबसे पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करूँगी। उसके बाद कोई दूसरा काम करूंगी। ऐसा करने के लिए अपने परिवार के साथ-साथ आसपास के लोगों को भी प्रेरित करूँगी। **– श्वेता तिवारी, छात्रा,भवदीय ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स, रुदौली अयोध्या।**

# यात्रियों को ठंडा पानी नहीं पिला पा रहा परिवहन निगम

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** चिलचिलाती धूप है। गर्मी है। दर्शन करने आने वालों के साथ सहालग की भी भीड़ है। रोडवेज बसों से यात्रा करने वालों की संख्या इस समय ज्यादा है, लेकिन परिवहन निगम अपने यात्रियों को ठंडा पानी भी नहीं पिला पा रहा है। रोडवेज बस स्टेशन पर वाटर कूलर की तो बात छोड़िए सामान्य जल की भी पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। पानी के लिए यात्री इधर-उधर भटकते हैं।

अयोध्या में इन दिनों श्रद्धालुओं की भीड़ आ रही है। प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रतिदिन हजारों की संख्या में श्रद्धालु रामलला का दर्शन करने पहुंच रहे हैं। इनमें रोडवेज बसों से आने वालों की भीड़ भी है। सहालग के चलते भी बस स्टेशन पर हजारों की संख्या में यात्री हर समय मौजूद रहते हैं। यह यात्री अयोध्या धाम और अयोध्या कैंट बस स्टेशन से ही आवागमन करते हैं, लेकिन इन दोनों बस स्टेशनों पर परिवहन निगम यात्रियों को पानी पिलाने की व्यवस्था ढंग से नहीं कर पा रहा है।



रोडवेज के बाहर लगे वाटर कूलर से पानी भरने के लिए लगी लाइन।

- **दर्शनार्थी व सहालग से बस स्टेशनों पर रहती है हजारों की भीड़**
- **ठंडे पानी के लिए इधर-उधर भटक रहे यात्री**



रोडवेज परिसर में पानी पीने की जगह पर गंदगी व टोटियों से बूंद-बूंद टपकता पानी।



रोडवेज परिसर के अंदर लगा हैंडपंप खराब पड़ा है।

### बूंद-बूंद टपकता है टोटियों से पानी

दो बस स्टेशन पर एक अदद वाटर कूलर तक की व्यवस्था नहीं है। कैंट बस स्टेशन परिसर के अंदर लगाया गया इंडिया मार्का टू एक हैंडपंप खराब है तो दूसरे के पास गंदगी है। पानी पीने कोई जाना नहीं चाहता है। एक साथ कई टोंटिया भी लगाई गई हैं, लेकिन कुछ में पानी केवल बूंद-बूंद टपकता है। गंदगी ऐसी की मुंह वहां तक ले जाना मुश्किल हो रहा है। यात्री ठंडे पानी के लिए भटकते आसानी से देखे जा सकते हैं। या तो वह बोतल बंद पानी खरीदे या फिर सामने समाजसेवियों से लगवाए गए एक वाटर कूलर से पानी लें।

### चालक और परिचालक भी परेशान

यात्री तो यात्री यहां रोडवेज के चालक और परिचालक भी इसी वाटर कूलर से पीने का ठंडा पानी लेते हैं। कमोवेश ऐसी ही स्थिति अयोध्या धाम बस स्टेशन की भी है। जहां वाटर कूलर लगा नहीं, दूसरी व्यवस्थाएं भी लचर है।

> हां समस्या है। रोडवेज बस स्टेशन परिसर में वाटर कूल की व्यवस्था नहीं है, लेकिन इंडिया मार्का टू हैंडपंप लगवाए गए हैं। टोंटियां लगवाई गई हैं। गंदगी की सफाई करवाई गई है। प्रयास है कि यात्रियों को ठंडा पानी उपलब्ध कराया जा सके। **– आदित्य प्रकाश, एआरएम रोडवेज**

# टैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से अवध विवि की छात्रा की मौत

## जनौरा कट के पास हादसा, साथी छात्रा को भी लगी चोट, टैक्टर-ट्रॉली जब्त, चालक फरार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** नगर कोतवाली क्षेत्र के जनौरा कट के पास सोमवार को दूसरी पहर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर अवध विश्वविद्यालय की एक छात्रा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि साथी छात्रा चोटिल हो गई। मौके पर पहुंचे साथी छात्रों ने टैक्टर-ट्राली को पुलिस के हवाले किया है। हालांकि चालक मौके से भाग निकला। हादसे के बाद जिला अस्पताल में पुलिस और विश्वविद्यालय के शिक्षकों व स्टाफ समेत छात्रों का जमावड़ा लगा रहा। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया है।

अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के कुढ़ा केशवपुर गांव निवासी अलसबा (20) पुत्री हसनैन विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी संस्थान परिसर स्थित सरदार पटेल भवन में संचालित डिप्लोमा इन फार्मेसी के द्वितीय वर्ष की कक्षा लेने के बाद दोपहर दो बजे घर जाने के लिए अन्य छात्र-छात्राओं के साथ निकली थी। लखनऊ हाईवे पार कर दूसरी पटरी पर जनौरा कट के निकट घर जाने के लिए सवारी के इंतजार में खड़ी थी। प्रत्यशदर्शियों का कहना है कि इस दौरान जनौरा की ओर से सीमेंट लादकर आ रहे एक टैक्टर-ट्राली के चालक हाईवे पर पहुंचने के लिए अपने वाहन को कट के रास्ते चढ़ाने लगा। सीधी चढ़ान होने के चलते टैक्टर-ट्राली अनियंत्रित हो गई और सवारी के इंतजार में खड़ी छात्रा अलसबा और उसकी साथी छात्रा खुशहाली कसौधन (20 ) पुत्री कृष्ण कुमार निवासी दर्शननगर चपेट में आ गई। ट्रॉली के पहिए के नीचे आने के चलते अलसबा का चेहरा क्षतिग्रस्त हो गया और खुशहाली चोटिल हो गई। दोनों छात्राओं को जिला अस्पताल भेजवाया गया। इमरजेंसी में तैनात डॉ. आशीष पाठक ने अलसबा को मृत घोषित कर दिया, जबकि दूसरी छात्रा खुशहाली को प्राथमिक उपचार के बाद भेज दिया। नगर कोतवाल अश्विनी कुमार पांडेय ने बताया कि परिवार छात्रा का अंतिम संस्कार करा रहा है। ट्रैक्टर के इंजन व चेचिस नंबर के आधार पर मालिक और चालक की पहचान कराई जा रही है। परिवार की शिकायत मिलने पर रिपोर्ट दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई कराई जाएगी।



जिला अस्पताल पहुंची अवध विवि की कुलपति व मौके पर जुटे छात्र। अमृत विचार

### सहेली को बचाने के चक्कर में चली गई जान

प्रत्यशदर्शियों का कहना है चढ़ाई पर ट्रैक्टर-ट्राली के अनियंत्रित होने पर सड़क किनारे पेड़ की छांव में खड़ी अलसबा ने माजरा देख साथी छात्रा खुशहाली कसौधन को धक्का दिया, जिससे खुशहाली की जान तो बच गई लेकिन अलसबा खुद ट्राली के पहिए के चपेट में आ गई। जिला अस्पताल लाए जाने के बाद होश में आने पर खुशहाली ने सबसे पहले अपनी सहेली अलसबा के बारे में ही पूछा और सहेली की मौत की खबर पर वह बदहवाश हो गई। विश्वविद्यालय के मुख्य नियंता प्रो. एसएस मिश्र का कहना है कि खुशहाली की मनोदशा देख डाक्टर ने उसे घर भेज दिया।

### कुलपति और प्रॉक्टर समेत अन्य पहुंचे अस्पताल

छात्रा की हादसे में मौत की खबर मिलते ही कुलपति डॉ. प्रतिभा गोयल, मुख्य नियंता प्रो. संत शरण मिश्र समेत विश्वविद्यालय के तमाम शिक्षक और विद्यार्थी जिला अस्पताल पहुंच गए। मौके की नजाकत को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। परिजनों को बुलाकर मृतक छात्रा का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया गया। इसके बाद कुलपति समेत स्टाफ के अन्य लोग वापस रवाना हुए। इस दौरान विश्विद्यालय के डॉ. सिद्धार्थ शुक्ल, प्रौद्योगिकी संस्थान के विभिन्न संकायों के शिक्षक और कर्मचारी व डी फार्मा के छात्र मौजूद रहे।

### पढ़ाई में बहुत तेज थी अलसबा

साथी छात्रों का कहना है कि मृतका अलसबा पढाई-लिखाई में काफी अच्छी थी। डी फ़ार्मा के प्रथम वर्ष की परीक्षा में उसने 92 फीसदी से ज्यादा अंक हासिल किए थे। डी फ़ार्मा के समन्वयक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि संस्थान का एक दल मृतका के घर जा रहा है। मृतका का परिवार आर्थिक रूप से समान्य स्तर का है।

### छात्रा की मौत से अभाविप में आक्रोश

**अयोध्या।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अयोध्या महानगर ने डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईटी कैंपस के बाहर हाईवे पर दुर्घटना में डी फार्मा की छात्रा अलशबा की मौत पर दुख जताते हुए गहरा आक्रोश व्यक्त किया है। अभाविप कार्यकर्ताओं ने परिजनों से मिलकर सांत्वना व संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ल ने मांग किया है कि घटनास्थल पर बेतरतीब खड़े होने वाले ट्रकों पर कार्रवाई की जाए और डिवाइडर को बंद किया जाए। महानगर मंत्री सत्यम दुबे ने बताया कि अभाविप ने पहले भी यह मांग की थी किंतु प्रशासन ने अभी तक उस पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया। इस घटना के बाद विद्यार्थियों में आक्रोश व्याप्त है।

## रोजाना आ रहे उल्टी दस्त के करीब 25 मरीज, सीएचसी फुल

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** एक हफ्ते से भीषण गर्मी शुरू हो गई है। इसे देखते हुए नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दिन ब दिन डायरिया के मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। एक दिन में लगभग 15 से 25 मरीज हीट स्ट्रोक की वजह से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपना इलाज कराने आ रहे हैं। पिछले एक हफ्ते से मौसम के तापमान में भारी वृद्धि हो रही है। रविवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस रहा। भीषण गर्मी व तेज धूप की वजह से लोग घरों से नहीं निकले। दोपहर 12 बजे के बाद सड़कों में सन्नाटा छा गया। गर्मी को चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोसाईगंज में उल्टी-दस्त से डायरिया के मरीज दिन ब दिन बढ़ते जा रहे हैं।सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 20 मरीजों का ग्लूकोज की ड्रिप एवं ओआरएस पानी का घोल देकर इलाज किया गया। चिकित्सक डॉ. इंद्रजीत वर्मा ने अस्पताल आए मरीजों को सलाह दी कि दोपहर को घर से बाहर कम निकलें। बहुत जरूरत पड़ने पर ही घर से निकलें। अगर घर से बाहर निकलें तो अंगोछा डालकर व पानी लेकर निकलें। दिन में लगभग 4 से 5 लीटर पानी का सेवन करें।

- **भीषण गर्मी से तेजी से बढ़ रही है मरीजों की संख्या**



अयोध्या एयरपोर्ट पर पत्नी के साथ पहुंचे छत्तीसगढ़ के राज्यपाल।

## छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने किया रामलला का दर्शन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भव्य मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठित होने के बाद हर कोई अपने आराध्य की एक झलक पाने के लिए अयोध्या पहुंच रहा है। इसी क्रम में सोमवार को छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने रामलला का दर्शन किया। उन्होंने कहा कि प्रभु का दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन अपनी पत्नी के साथ महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पहुंचे। जहां से प्रोटोकॉल के तहत राम जन्मभूमि परिसर पहुंचे। एयरपोर्ट पर राम मंदिर को लेकर लंबे वक्त तक चले संघर्ष में अपनी भूमिका का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि मुझे आशा थी कि एक समय ऐसा आएगा जब प्रभु की प्राण प्रतिष्ठा होगी।



रामलला का दर्शन करने के बाद नवनीत सहगल।

## प्रसार भारती के अध्यक्ष ने किया राम लला का दर्शन-पूजन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अयोध्या दौरे पर आए प्रसार भारती के अध्यक्ष डॉ. नवनीत सहगल ने रामलला का दर्शन-पूजन किया। अफसरों के साथ रामलला की आरती के सजीव प्रसारण की समीक्षा की। अफसरों को कार्रवाई का निर्देश दिया। अध्यक्ष सहगल महर्षि बाल्मीकि एयरपोर्ट से सर्किट हाउस पहुंचे। यहां प्रसार भारती के अधिकारियों के साथ बैठक की। अयोध्या में मौजूद पुजारियों सतेंद्र दास सहित अन्य पुजारी, श्री राम जन्म भूमि न्यास के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र, विश्व हिंदू परिसद के संगठन मंत्री राजेन्द्र सिंह पंकज से विचार विमर्श किया। सुझाव लिया कि कैसे इसका और बेहतर प्रसारण हो। मौके पर मौजूद अफसरों को इसके मुताबिक कार्रवाई का निर्देश दिया। अंत में वह श्रीराम जन्म भूमि न्यास के सदस्य विमलेंद्र मोहन मिश्र के स्वर्गवासी पत्नी के त्रियोदश/ शान्तिभोज/ पाठ में शामिल हुए।



नीदरलैंड की राजदूत के साथ सेल्फी लेती महिला।

## नीदरलैंड की राजदूत को मनमोहक लगी अयोध्या

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** भारत में नीदरलैंड की राजदूत मारिया लूसिया ग्रेनार्ड ने सोमवार को अयोध्या पहुंचकर रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई। सरयू के तट पर घूमते हुए कुछ महिलाओं के साथ सेल्फी भी ली। लखनऊ से सड़क मार्ग से नीदरलैंड की राजदूत अयोध्या पहुंचीं। सबसे पहले राममंदिर में माथा टेका। राममंदिर ट्रस्ट की ओर से राजदूत का अभिनंदन किया गया। राजदूत ने मंदिर निर्माण की भव्यता को सराहा। उन्होंने सरयू तट का भी भ्रमण किया। राम की पैड़ी परिसर को भी निहारा।

- **महिलाओं के साथ ली सेल्फी**

## पांच बच्चों की सुपुर्दगी का हुआ आदेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** मानव तस्करी की आशंका में अरुणांचल में पंजीकृत डबल डेकर बस से बरामद 95 बच्चों में से चौथे दिन पांच बच्चों को उनके अभिभावक के सुपुर्द किए जाने का आदेश हुआ है। यह आदेश बाल कल्याण समिति ने सोमवार को अभिभावकों के दावे तथा संबंधित कागजात और रिपोर्ट के परीक्षण के बाद किया है। साथ ही आयोग की ओर से लखनऊ में हुई काउंसिलग तथा शिकायत के आधार पर रिपोर्ट दर्ज करवा अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए मुख्यालय को पत्र भेजा है। बाकी बच्चों के परिजन अभी आवश्यक कागजात तथा प्रक्रिया को पूरा कराने की कवायद में जुटे हैं। उधर विधिक कार्रवाई पूरी न होने के चलते अभी बच्चों के साथ मौजूद सहारनपुर के मदरसे के प्रबंधक व मौलाना तथा बस व उसके खलासी को जांच में सहयोग के लिए रोका गया है। सीडब्ल्यूसी के अध्यक्ष सर्वेश अवस्थी का कहना है कि परीक्षण के बाद पांच बच्चों की सुपुर्दगी का आदेश हुआ है। मुख्यालय ने प्रमुख सचिव गृह को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश जारी किया है।

**डबल डेकर बस में 95 बच्चों के मिलने का मामला**

## सार-संक्षेप

### तीन वर्ष के बच्चों के दंपति किए जाएं ड्यूटी मुक्त : संघ

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** पति-पत्नी दोनों के चुनाव ड्यूटी में होने की स्थिति में यदि तीन वर्ष तक के बच्चे हैं तो उन्हें चुनाव ड्यूटी से मुक्त किए जाने की मांग प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने की है। उन्होंने पीठासीन अधिकारी के रूप में महिलाओं की ड्यूटी संशोधित किए जाने, पति-पत्नी दोनों के चुनाव ड्यूटी में लगे होने व साथ में छोटे बच्चों की स्थिति में किसी एक को मुक्त किए जाने की मांग की है। कहा कि बहुत से ऐसे अभिभावक हैं जो की अन्य जनपदों से अयोध्या में सेवारत हैं व कई कार्मिकों के छोटे बच्चे हैं ऐसी स्थिति में दोनों के ड्यूटी पर जाते हैं तो छोटे बच्चों की देखभाल करने वाला घर पर कोई नहीं बचेगा। अत: ऐसे प्रकरणों पर प्रशासन को सहनुभूति पूर्वक विचार करना चाहिए। ऐसे प्रकरणों पर निर्वाचन आयोग द्वारा भी पूर्व में प्रेषित निर्देशों में विचार करने के लिए कहा गया है।

### इंटर में प्रदेश में दसवां स्थान पाने वाली मेधावी सम्मानित



मेधावी सुहानी को सम्मानित करते सपा विधायक अभय सिंह।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** ग्रामोदय इंटर कॉलेज रामपुर सरधा की इंटरमीडिएट की छात्रा सुहानी गौड़ ने बोर्ड परीक्षा में प्रदेश में दसवां व जिले में दूसरा स्थान प्राप्त कर जिले व विद्यालय का नाम रोशन किया। गोसाईगंज के सपा विधायक अभय सिंह ने सोमवार को प्रबंधक के साथ मेधावी के घर पहुंचकर सम्मानित किया। इस अवसर पर ग्रामोदय ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट रामपुर सरधा के प्रबंधक पीएन सिंह, डायरेक्टर डॉ संदीप सिंह मौजूद रहे। विधायक ने कहा कि सुहानी ने पूरे जनपद का गौरव प्रदेश में बढ़ाया है। आगे चलकर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेगी। प्रबंधक पीएन सिंह ने कहा कि सुहानी शुरू से ही हर विषय के प्रति गम्भीर रहती थी। मेहनत और लगन के सहारे प्रदेश में दसवां स्थान प्राप्त किया। डायरेक्टर डॉ संदीप सिंह ने कहा कि सुहानी के आगे की पढ़ाई में कोई अवरोध न आने पाए यह हम सब की जिम्मेदारी रहेगी। इस दौरान डॉ रामकरन वर्मा, डॉ राकेश वर्मा, डॉ राजेश वर्मा, लोकनाथ त्रिपाठी, कौशलेंद्र पाल, के के सिंह, मोहम्मद अशरफ मौजूद रहे।

### राम मंदिर ट्रस्ट को समर्पित हुआ सीएनजी भार वाहन

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को नीलकंठ मेडिकेयर प्राइवेट लिमिटेड के स्वामी जितेन्द्र कुमार की ओर से एक सीएनजी भारवाहन समर्पित किया गया है। सोमवार को फरीदाबाद से फर्म स्वामी जितेंद्र कुमार कारसेवक पुरम पहुंचे। जहां श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय से मुलाकात की। ट्रस्ट के मुताबिक राम मंदिर की व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देगा।

### धोखाधड़ी में आरोपी को मिली जमानत

**अयोध्या, अमृत विचार :** मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने का झांसा देकर महज्जर नामा पंजीकृत करवा लेने के आरोप में जेल में बंद गणेश दास को जमानत पर रिहा करने का आदेश हुआ है। यह आदेश जिला जज गौरव कुमार श्रीवास्तव की अदालत से सोमवार को हुआ। अधिवक्ता मार्तंड प्रताप सिंह ने बताया कि वादी रामकृपाल दास का यह कहना था कि राजभर क्षत्रिय पंचायती मंदिर सुग्रीव किला के बगल रामकोट अयोध्या में वह निवास करता है। उसके पड़ोसी गणेश दत्त ने फर्जी तरीके से व झूठ बोलकर रामदास का मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कह कर बृजलाल दास के मृत्यु प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करवा लिया। जबकि बृजलाल दास को वह न जानता है और ना ही पहचानता है। वादी के सामने उनकी मृत्यु हुई है तथा मृत्यु की तिथि के बारे में कुछ नहीं जानता। इसी प्रकार उसे फर्जी तौर पर महज्जर नामा पर भी हस्ताक्षर बनवा लिया गया। महाजन नाम रजिस्टर्ड करते समय उसे हास्य गवाह भी बना दिया गया महज्जर नामा निष्पादित करने की तिथि पर वह नाबालिग था व कक्षा 10 में बिहार में पढ़ रहा था। इस आरोप में गणेश दास लगभग महीने भर से जेल में हैं। उनकी जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता का तर्क था कि आरोपी के सभी कागजात वैध हैं और उसने कोई धोखाधड़ी नहीं की है। इसी का लाभ देते हुए कोर्ट ने आरोपी को जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया।

लोकसभा चुनाव | अपने मताधिकार का सभी लोग करें प्रयोग, बोले लोग –

# देश की धमक दुनिया में रहे, ऐसी बने सरकार

मिल्कीपुर, अयोध्या

अमृत विचार चुनावी चर्चा

**अमृत विचार :** लोक सभा चुनाव को लेकर गांव गिरांव में चौपाल सजने लगी हैं। ग्रामीण बाजारों की चाय-पान की दुकानों पर चुनाव को लेकर जबरदस्त चर्चा होने लगी है। फैजाबाद लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रत्याशियों के नामांकन पत्र दाखिल शुरू हो गए हैं। इसी के साथ अमृत विचार भी लोगों के बीच पहुंच कर चुनावी बयार में आमजन के मन को टटोल रहा है।

दुकानों पर सोमवार को चाय की चुस्कियों के बीच राष्ट्रीय, क्षेत्रीय मुद्दों पर लोग चर्चा करते दिखे। हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के परवरपारा निवासी राकेश तिवारी ने कहा कि सभी मतदाता को अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करना चाहिए।देश में मजबूत सरकार बने हमारे राष्ट्र की धमक पूरी दुनिया में रहे। हमें ऐसी सरकार चाहिए जो गांव गरीब का दर्द समझे। तभी बगल में बैठे हतवा निवासी सर्वजीत पाल ने कहा कि कोई भी सरकार बने लेकिन उसे महंगाई और बेरोजगारी को नजरंदाज नहीं करना चाहिए। सरकार अपने नागरिकों को उस लायक बनाएं कि वह अपनी आम जरूरतों को पूरा कर सकें। उनकी बात को काटते हुए जाखा के महेश तिवारी ने कहा कि किसी भी कीमत पर हमें राष्ट्रवाद को नहीं भूलना चाहिए। हालांकि किसानों के खेती किसानी को बढ़ाने के लिए नई तकनीक विकसित करने की जरूरत है। वहीं परवरपारा के व्यवसायी शत्रोहन प्रजापति बोल पड़े कि छोटे व्यापारियों के व्यापार को बढ़ावा मिले, कुटीर उद्योगों को तरजीह दी जाए। हमें ऐसी सरकार चाहिए। आदिलपुर के पंडित पुरवा निवासी राम नारायण ने कहा कि जब-तक मंहगाई कम नहीं होगी, आमलोगों का जीवन नहीं सुधर सकता है। गांव के लोगों को गांव में ही रोजगार मिले। हमें ऐसी ही सरकार बनानी होगी। ग्राम घुरेहटा पूरे गुमान दूबे निवासी ओंकारनाथ दूबे ने कहा कि भैया हम किसान हैं।हमारी खड़ी खेती छुट्टा जानवर बर्बाद कर दे रहे हैं। सरकार ऐसी होनी चाहिए जो किसानों के हित में रणनीति तैयार करें। इतने में पान की दुकान चलाने वाले चंद्रभान तिवारी ने कहा सरकार से किसानों को सम्मान निधि तो मिल रही है। हमें अपने देश की सीमा सुरक्षित रखने और आम आदमी की जरूरत पूरी करने वाली सरकार चाहिए।



मिल्कीपुर में सोमवार को चुनाव चर्चा में शामिल वोटर। अमृत विचार

- **महंगाई और बेरोजगारी को नजरअंदाज न करे**

# कलरव की विदाई, आनंदम और मृदंगम पढ़ेंगे नौनिहाल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बेसिक शिक्षा परिषद के स्कूलों में कक्षा एक और दो से संस्कृत विषय हो हटा दिया गया है। अब संस्कृत की पढ़ाई कक्षा तीन से होगी। कक्षा एक और दो के पाठ्यक्रम में बदलाव करते हुए नई किताबें तैयार कर दी गई हैं। अगले महीने तक किताबें बच्चों को मुहैया करा दी जाएंगी।

नई शिक्षा नीति के अंतर्गत किताबों में बदलाव किया जा रहा है। इस वर्ष कक्षा एक और दो की किताबों में बदलाव किया गया है। पहले कक्षा एक और दो में कलरव किताब होती थी। इसके तहत एक ही किताब में हिंदी, अंग्रेजी, गणित और संस्कृत विषय की सामग्री होती थी। पहले एक किताब में चार विषय होते थे, अब तीन किताबें होंगी। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी की किताबों को पढ़ाया जाना है। उस किताब को प्रदेश के परिवेश के अनुसार बदला गया है। अब हिंदी, अंग्रेजी और गणित समेत कुल तीन किताबें हो गई हैं, जबकि संस्कृत को हटा दिया गया है। वहीं, हिंदी की पुस्तक का नाम तारंगी रखा गया है। पहले इसका नाम कलरव था। इसमें से दक्षिण भारत और उत्तर पूर्व से जुड़े अध्याय हटाकर प्रदेश के परिवेश के वाले पाठ जोड़े गए हैं। कुछ कविताओं के पाठ बढ़ाए गए हैं। अंग्रेजी की पुस्तक का नाम मृदंगम है। गणित की पुस्तक का नाम आनंदम गणित है।

- **नए आदेश के बाद अब संस्कृत कक्षा 3 से ही होगा पढ़ना, नई शिक्षा नीति के तहत हो रहा है बदलाव**

> पाठ्यक्रम में बदलाव छात्र हित में किया गया है। नई पुस्तकें छप रहीं हैं। आते ही सभी 1792 स्कूलों में इसका वितरण कर दिया जाएगा। **–संतोष कुमार राय, बेसिक शिक्षा अधिकारी**

सन राईज ट्रक एवं बस
में कुशल कर्मचारियों की आवश्यकता है
महा प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– भारी वाहन क्षमता
प्रबंधक विक्रय – लखनऊ/अयोध्या – वाणिज्यक वाहन विक्रय– मध्यम वाहन क्षमता
बिक्री कार्यपालक – लखनऊ क्षेत्रा – लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, सुल्तानपुर व हरदोई
बिक्री कार्यपालक – अयोध्या क्षेत्रा– आजमगढ़, गोंडा, बहराईच व अयोध्या
ट्रैक्टर, कंस्ट्रक्शन मशीनरी, कमर्शियल व्हीकल, व्हीकल इन्शुरन्स और कमर्शियल व्हीकल फाइनेंस क्षेत्र के लोगो को वरीयता दी जायेगी!
Corporate office- D 69 Vibhuti Khand, Gomti Nagar Lucknow-226010




SUN RISE TRUCK & BUS
(A UNIT OF SUN INFRAENGINEERING PVT.LTD.)
Authorised Dealer: Mahindra & Mahindra Ltd. Truck & Bus Division

SUN RISE TRUCK & BUS
Requires Experience Sales Staff
General Manager Sales - Lucknow / Ayodhya
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle HCV
Sales Manager - Lucknow / Ayodhya Commercial Vehicle LCV
DSE - Lucknow Territory-Lucknow, Barabanki, Raibareli, Sultanpur & Hardoi
DSE - Ayodhya Territory - Ayodhya, Azamgarh, Gonda, Bahraich
Preference will be given people from tractor/CV/CE/ commercial vehicle insurance and finance industry .
Share your CV/Resume at mtbt.sales@suninfra.org Mob: 9335946049

# देश के सबसे गर्म 15 शहरों में अब अयोध्या भी शामिल

## 43 डिग्री तापमान पहुंचने के बाद अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग ने जारी किया रेड अलर्ट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अप्रैल में ही मई-जून सरीखी पड़ रही भीषण गर्मी बड़े खतरे का संकेत हैं। इसे लेकर डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विभाग की ओर से रेड अलर्ट तक जारी कर दिया गया है। जिले में रविवार को पहुंचे 43 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ अब अयोध्या देश के सबसे गर्म 15 शहरों में शामिल हो गया है। इसका प्रमुख कारण ग्लोबल वार्मिंग है।

अप्रैल बीतने वाला है, लेकिन तपिश ने आगे आने वाले दिनों की तस्वीर खींच दी है। मौसम विभाग की वेबसाइट पर जाकर देश के अधिकतम तापमान का नक्शा देखें तो करीब 85-90 फीसदी हिस्सा लाल रंग से दिखेगा। विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने एक नई रिपोर्ट में यह खुलासा किया है कि ग्लोबल वार्मिंग से वैश्विक तापमान ने डेढ़ डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी की सीमा को पार कर लिया है। ये वृद्धि दुनिया के लिए बड़े खतरे की घंटी है। वैज्ञानिक रिपोर्टों के अनुसार देश के काफी हिस्सों में अप्रैल में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक हो गया है।

डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान विभाग के वरिष्ठ प्रो. डॉ. जसवंत सिंह का कहना है कि भारत में यह बढ़ता तापमान, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का एक स्पष्ट संकेत है। वैज्ञानिकों के अनुसार देश के 15 शहरों का तापमान अप्रैल में 40 डिग्री सेल्सियस पार कर चुका है। ग्लोबल वार्मिंग इसी प्रकार बढ़ती जायेगी तो विनाश को काबू करना आसान नहीं। एशिया के गर्म देश जो पहले से ही गर्म थे, अब वहाँ पर स्थितियों और गम्भीर हो जायेगी।






**रे बाबा इत्ती गर्मी** रिकॉर्ड तोड़ गर्मी लोगों के लिए संकट बनी हुई है। सोमवार को भी 42 डिग्री सेल्सियस तापमान के बीच सड़कों पर निकले लोग तपिश से लड़ते दिखे। पापा के गमछे की छांव में बेटियां घर लिए पहुंचीं तो मम्मी ने पूरा दुपट्टा ओढ़ा कर बेटी को घर पहुंचाया। दिन भर लू के थपेड़े सहने के लिए मजबूर हुए। **अमृत विचार**



**42** डिग्री रहा सोमवार को अधिकतम तापमान

**07** किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं हवाएं

### इन गर्म शहरों में शामिल हुआ अयोध्या

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | नागपुर | जबलपुर | ग्वालियर | इंदौर |
| भिलाई | रायपुर | बडोदरा | मिर्जापुर | भोपाल |
| कोटा | जोधपुर | वाराणसी | प्रयागराज | अयोध्या |

### हीट वेव की आवृत्ति अधिकतम अवधि की ओर

पर्यावरण वैज्ञानिक ने बताया कि अत्यधिक गर्मी तेजी से बड़ी साइलेंट किलर बनती जा रही है। गर्मी से होने वाली मृत्यु, श्रम उत्पादकता, कृषि में घाटे और पावर ग्रिड पर अत्यधिक भार से हो रहे आर्थिक नुकसान का सही अंदाजा लगाना संभव नहीं है।

### 2024 और खड़ी करेगा मुश्किलें

प्रो. जसवंत सिंह के मुताबिक महासागरों के गर्म होने, समुद्र का जलस्तर बढ़ने, अंटार्कटिका में बर्फ के पिघलने और ग्लेशियर्स के सिकुड़ने के सारे रिकॉर्ड टूट गए। ऐसे में वर्ष 2024 और मुश्किलें खड़ी करने जा रहा है। विशेष रूप से भारत जैसे गर्म देश के लिए कुछ वर्षों में बढ़ते ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन से पैदा जलवायु परिवर्तन प्रभावों के चलते अनेक हिस्सों में तपिश, भारी वर्षा, चक्रवात और सूखा जैसी चरम मौसमी स्थितियां अब ज्यादा शक्तिशाली होकर बार-बार सामने आ रही हैं। एशिया के तापमान में वृद्धि विश्व के औसत वृद्धि से अधिक हो रही है। भारत में हाल के सप्ताहों में गर्म प्रीमानसून अवधि के दौरान 40 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ लू का अनुभव होना प्रारम्भ हो गया है।

### मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में मरीजों की भरमार

भीषण गर्मी में डायरिया लोगों पर कहर बनकर टूट रहा है। सरकारी हों या फिर निजी अस्पताल। सभी मरीजों से पटे पड़े हैं। उल्टी और दस्त ने लोगों को परेशान कर रखा है। मेडिकल कॉलेज में फिजिशियन डॉ. वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि इन दिनों लोगों को लू से काफी बचने की जरूरत है। ओपीडी में मरीजों की संख्या में वृद्धि हुई हैं। सभी में एक ही लक्षण। उल्टी और दस्त। कई मरीजों को भर्ती भी करना पड़ रहा है। लोग एहतियात रखें और धूप में निकलने से बचें।



मेडिकल कॉलेज की जनरल ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे मरीज। अमृत विचार

## एक नजर

### डीएम व एसएसपी ने किया कारागार का निरीक्षण

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिलाधिकारी नितीश कुमार व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करन नैय्यर ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। अफसरों ने कारागार के पाक शाला, उच्च सुरक्षा कक्षों व महिला बैरक आदि को देखा। कैदियों से बातचीत की। उनके स्वास्थ्य सहित अन्य जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। निरीक्षण के दौरान सब कुछ ठीक मिला।

### चुनाव के लिए पी. आकाश प्रेक्षक नियुक्त

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को निष्पक्ष, स्वतन्त्र, शान्तिपूर्ण और सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक पी. आकाश (आईएएस) को नियुक्त किया है। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि सामान्य प्रेक्षक के साथ उपायुक्त राज्य कर खंड दो वीरेंद्र कुमार मिश्रा अयोध्या ( 7235002856) को समन्वयक अधिकारी व मनोज कुमार आशुलिपिक, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या को आशुलिपिक, राजीव कुमार डाटा एंट्री ऑपरेटर, डॉ. राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कंप्यूटर सहायक रूप में ड्यूटी लगाई गई है।

# परिक्रमार्थियों की बिगड़ी तबीयत, नहीं मिला इलाज

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** विश्व हिंदू परिषद हनुमान मंडल द्वारा संचालित प्रसिद्ध 84 कोसी परिक्रमा सोमवार को दोपहर हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के रेवतीराम बाबा देवस्थान पर पहुंची। नेतृत्व कर रहे विहिप के वरिष्ठ संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने प्रशासनिक दुर्व्यवस्था पर नाराजगी जताते हुए कहा कि बीकापुर क्षेत्र में जब-तक परिक्रमा चली, कहीं कोई दिक्कत नहीं हुई लेकिन मिल्कीपुर पहुंचते ही दिक्कतें आनी शुरू हो गई। इसके बाद रेवती बाबा देवस्थान पर भाजपा नेता देवेन्द्रमणि त्रिपाठी, प्रधान संघ अध्यक्ष अशोक तिवारी, युवा कवि जतिन शुक्ला, बीडीसी सदस्य विकास सिंह, राजीव दूबे सहित स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा परिक्रमा में शामिल परिक्रमार्थियों का स्वागत करते हुए उन्हें जलपान और भोजन की व्यवस्था कराई गई। हालांकि तेज धूप के साथ उमस, गर्मी और लू से कई परिक्रमार्थियों की तबीयत बिगड़ गई थी। लोग हैरिंग्टनगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सहित सीएमओ को फोन करते रहे, लेकिन उन्हें समय से इलाज नहीं मिल पाया। यात्रा के नेतृत्व कर्ता सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि परिक्रमा में करीब छह सौ से अधिक श्रद्धालु साथ चल रहे हैं। उन्होंने बताया कि रेवती बाबा परिक्रमा पड़ाव स्थल पर न तो इलाज की व्यवस्था दिख रही है और न ही पेयजल आपूर्ति। हनुमान मंडल विश्व हिंदू परिषद की 84 कोसी परिक्रमा में चित्रकूट के संत रामदास, कुशीनगर के संत रामबालक दास, गुना मध्य प्रदेश के संत राजेंद्र दास, वृंदावन के संत रामानंद दास, काशीराम पांडे, बस्ती के सुभाष भक्त सहित सैकड़ों महिला पुरुष शामिल हैं। परिक्रमा पड़ाव स्थल रेवती बाबा से दोपहर विश्राम करने के बाद शाम को अगले पड़ाव आस्तीक आश्रम आस्तीकन के लिए रवाना हुई।



रेवती बाबा स्थान पर विश्राम करता परिक्रमा यात्रा का दूसरा दल। अमृत विचार

### छठे पड़ाव पर रामपुर भगन पहुंची 84 कोसी परिक्रमा यात्रा

**रामपुर भगन, अयोध्या। अमृत विचार :** पौराणिक चौरासी कोसी परिक्रमा सोमवार को अपने छठे पड़ाव स्थल सूर्यकुंड रामपुर भगन पर पहुंची। यात्रा का स्वागत ग्राम प्रधान बलवंत सिंह के नेतृत्व में किया गया। यात्रा का नेतृत्व कर रहे महंत गयादास ने बताया कि चौरासी कोसी परिक्रमा करने से सभी पापों का नाश हो जाता है। यात्रा यहां रात्रि विश्राम कर अगले पड़ाव सीता कुंड के लिए मंगलवार की सुबह रवाना होगी। उनके स्वागत, जलपान व भोजन की व्यवस्था प्रधान बलवंत सिंह द्वारा किया गया। राजित राम शर्मा, बलराम यादव, बिंटू सिंह, अजय, संतोष कुमार, रवि वर्मा, श्री राम सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## अफसर राह देखते रहे नहीं पहुंचे नामांकन करने वाले

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव में सोमवार को नामांकन कक्ष में अधिकारी राह देखते रहे, लेकिन नामांकन करने वाला कोई भी प्रत्याशी नहीं पहुंचा। दो दिन अवकाश के बाद सोमवार से नामांकन प्रक्रिया फिर शुरू हुई है। नामांकन को लेकर सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी के साथ कर्मचारी नामांकन कक्ष में पूरे समय डटे रहे। सुरक्षा को लेकर अफसरों के साथ सुरक्षा कर्मी कलेक्ट्रेट के बाहर से अंदर तक मौजूद रहे, लेकिन समय समाप्ति तक किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं दाखिल किया। अब तक केवल भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने नामांकन किया है। सोमवार को छह लोगों ने आठ सेट में नामांकन फार्म लिए। अब तक कुल 28 लोगों से 37 सेट नामांकन पत्र लिए गए हैं। नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल शुक्रवार को शुरू हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि सोमवार को किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट स्वाति शर्मा, एआरओ/उप जिलाधिकारी सदर राजकुमार सहित नामांकन एवं अन्य चुनावी प्रक्रिया में लगे अधिकारी मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### विद्युत विभाग का छापा, पकड़े 12 अवैध कटिया कनेक्शन

**मसौधा, अमृत विचार :** नगर पंचायत भरतकुंड भदरसा के कस्बा भदरसा में विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर 12 घरों में अवैध कटिया कनेक्शन पकड़ा। वहीं दूसरी तरफ विद्युत बिल के आठ बड़े बकायदारों के कनेक्शन काट दिए गए। सोमवार दोपहर बाद करीब 3 :30 बजे विद्युत विभाग की इस छापेमारी से कस्बे में हलचल मच गई। कई लोगों ने दुकान भी बंद कर दिया। वहीं अवैध तरीके से खंबे से कटिया लगाकर घर में रोशनी कर छह से अधिक लोगों को आनन-फानन में कटिया उतारती पड़ी। 12 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए अर्थ दंड भी वसूला गया। विद्युत उपकेंद्र मोती नगर मसौधा के अवरअभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि तीन लोगों ने मौके पर ही बकाया बिल जमा करा दिया।

### गिट्टी लदे ट्राला और ट्रक में टक्कर, दोनों के चालक फरार



अयोध्या प्रयागराज हाइवे पर भिड़े वाहन।

**मसौधा, अयोध्या। अमृत विचार :** पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के अयोध्या -प्रयागराज हाईवे पर लंगड़ा चौकी तिराहे पर सोमवार सायंकाल 6 बजे गिट्टी लदे ट्रेलर और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हाईवे पर हुई वाहनों की भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों के चालक मौके से फरार हो गए। हाईवे पर हुई घटना के बाद दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। मौके पर पहुंची पुलिस जाम को हटाने में जुटी हुई है। गिट्टी लदे ट्रेलर के खलासी धर्मराज निवासी अमेठी ने बताया कि वह गिट्टी लाकर दर्शन नगर गिराने जा रहा था। बिरौली तिराहे के पास पहुंचते ही अयोध्या से प्रयागराज की ओर जा रहे तेज रफ्तार ट्रक में सीधी भिड़ंत हो गई। घटना के बाद चालक फरार हो गए। वाहनों की भिड़ंत के बाद दोनों तरफ लंबा जाम लग गया। थानाध्यक्ष रतन कुमार शर्मा ने बताया कि दोनों वाहनों के चालक फरार हो गए। आवागमन बहाल कराया जा रहा है। दोनों वाहनों को हाईवे से हटाने के लिए क्रेन बुलाया गया है।

### समिति की युवा और महिला शाखा भंग

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहीद स्मारक सेवा समिति अयोध्या के पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें समिति की युवा और महिला शाखा को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया। समिति कार्यालय पर आयोजित बैठक में समिति के वर्तमान के क्रियाकलापों पर विचार विमर्श किया गया। कहा गया कि सक्रिय सदस्यों को प्रमुख संगठन में स्थान दिया जाएगा। समिति की मुख्य कमेटी से ही कार्यों का सम्पादन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता पूर्व पुलिस उपाधीक्षक अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह ने की। बैठक में संस्थापक/ संयोजक ओमप्रकाश सिंह नाहर, महामंत्री कवींद्र साहनी, उपाध्यक्ष दलजीत सिंह, सचिव सचिन सरीन, रमेश चौरसिया, अभय कुमार सिंह एडवोकेट सहित अन्य लोग मौजूद थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी मानव मेहरोत्रा ने दी।

### धरोहरों से रूबरू हुए प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड



रामनगरी में विभिन्न स्थलों का भ्रमण करते प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग द्वारा टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग के अंतर्गत प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को अयोध्या के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया। उन्हें भौगोलिक एवं ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई। इसमें विभागाध्यक्ष प्रो हिमांशु शेखर सिंह व गोरखपुर विश्वविद्यालय के विशेषज्ञ डॉ सर्वेश कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड ने क्वीन हो पार्क से यात्रा प्रारंभ की। इन्हें राजकुमारी हो के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्हें यह भी बताया कि यहाँ पर कोरियन पार्क कोरियन वास्तुकला स्टाइल में बना है। भ्रमण में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड को राम की पैड़ी पर स्थित नागेश्वर नाथ मंदिर का इतिहास और उसके आर्किटेक्चर से परिचित कराया गया। इसके उपरांत उन्हें लक्ष्मण घाट, ऋणमोचन घाट, पापमोचन घाट होते हुए लक्ष्मण किला पर जाकर गाइड का भ्रमण समाप्त हुआ। इस दौरान डॉ सर्वेश ने टूरिस्ट गाइड को सभी स्थलों के बारे में विस्तार से बताया। भ्रमण प्रो. शैलेंद्र कुमार वर्मा, डॉ. महेंद्र पाल सिंह, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. रामजीत यादव, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. रविन्द्र भारद्वाज, डॉ. प्रियंका सिंह सहित प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड उपस्थित रहे।

### रालोद व भाजपा की समन्वय बैठक आज

**अयोध्या।** राष्ट्रीय लोकदल और भाजपा की समन्वय बैठक 30 अप्रैल को कौशलपुरी के एक लॉन में होगी। बैठक में एनडीए के लोकसभा प्रत्याशी सांसद लल्लू सिंह, रालोद प्रदेश उपाध्यक्ष विश्वनाथ मिश्रा, अवध जोन अध्यक्ष चौधरी रामसिंह पटेल, जिलाध्यक्ष बलराम यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहेंगे। जिला महासचिव संगठन प्रवक्ता रामशंकर वर्मा ने बताया कि बैठक 11 बजे से होगी।

# चार घंटे अयोध्या में रहेंगी राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू

अयोध्या कार्यालय



द्रौपदी मूर्मू

**अमृत विचार :** राष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर तैयारी तेज है। सोमवार को अफसरों ने एयरपोर्ट परिसर में बैठक की। अपर मुख्य सचिव ने वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिए अफसरों से बातचीत की। राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू एक मई को अयोध्या के दौरे पर रहेंगी। वह यहां लगभग चार घंटे बिताएंगी। रामलला का दर्शन करेंगी। हनुमान गढ़ी में माथा टेंकेंगी। सरयू आरती में शामिल होने की संभावना है।

वह विशेष विमान से अयोध्या एयरपोर्ट पर शाम को लगभग चार बजे उतरेंगी। यहां राज्यपाल से लेकर दूसरे वीआईपी उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद वह अयोध्या धाम प्रस्थान करेंगी। दौरे में केवल एक दिन शेष है। हालांकि राष्ट्रपति का औपचारिक कार्यक्रम अभी नहीं आया है, लेकिन वीआईपी आगमन की औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। सोमवार को बैठक में विमान की लैंडिंग से लेकर स्वागत, वीआईपी मूवमेंट और अयोध्या पहुंचने तक को लेकर चर्चा की गई। शाम को अपर मुख्य सचिव गृह ने भी आईजी प्रवीण कुमार, डीएम नितीश कुमार, एसएसपी राजकरन नैयर सहित अन्य अफसरों के साथ वीडियो कांफ्रेसिंग से बातचीत की। सूत्रों के मुताबिक राष्ट्रपति के दौरे की संवेदनशीलता के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था सहित हर पहलू पर चर्चा की। हालांकि अफसर अभी तैयारी को लेकर चर्चा नहीं करते हैं।

# ट्रस्ट की अपील, दर्शनार्थी पीते रहें पानी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** राम मंदिर में दर्शन करने पहुंचे दो श्रद्धालुओं की हार्ट अटैक से मौत के बाद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अपील की है। अयोध्या पहुंचने वाले हर श्रद्धालु को मौसम का ध्यान रखते हुए समय-समय पर पानी और द्रव्य जैसे पदार्थ को लेते रहना चाहिए, जिससे शरीर में किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

ट्रस्ट का कहना है कि गर्मी में श्रद्धालुओं को लेकर जन्मभूमि पथ से लेकर राम मंदिर तक अलग-अलग स्थान पर व्यवस्थाएं की गई हैं। जन्मभूमि पथ के मुख्य गेट के पास यात्री सेवा केंद्र तैयार किया गया है, जिसमें लगभग एक हजार यात्रियों की छांव लेने की व्यवस्था है। इसके साथ ही सेवा केंद्र में 10 बेड वाला मिनी हॉस्पिटल भी खोला गया है। कई स्थानों पर पानी पीने की सुविधा है, जहां पर यात्रियों को इलेक्ट्रॉल पाउडर भी वितरित किया जा रहा है। पथ पर राम मंदिर की तरफ बढ़ने के दौरान लगभग तीन स्थान पर पेयजल के लिए वाटर कूलर लगाया गया है। परिसर में यात्री सुविधा केंद्र बनाया गया है, जहां यात्रियों के रुकने, बैठने, आराम करने के साथ सामानों को रखने की भी व्यवस्था है। वहां मेडिकल कैंप भी लगाया गया है। 10 बेड वाले मिनी अस्पताल में जनरल मेडिकल फैसिलिटी उपलब्ध कराई जा रही है। इसके साथ ही लाइफ सपोर्टिंग एंबुलेंस की भी सुविधा है। मंदिर के पास भी कुछ स्थानों पर वाटर कूलर लगाए गए।



▸▸ राम मंदिर में पानी के साथ इलेक्ट्राल पाउडर भी हो रहा वितरित

> आने वाले श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हैं। जन्मभूमि पथ से राम मंदिर तक छांव के लिए कैनोपी लगाई गई ऋहै। इसके साथ ही कई स्थान पर पानी-पीने की भी व्यवस्था है। - **अनिल मिश्रा, सदस्य, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट**

**प्रेरणा** | बीकॉम के बाद नहीं मिली नौकरी तो थाम लिया ई-रिक्शा, बुजुर्गों से नहीं लेते किराया

# पिता की याद में बुजुर्गों के लिए चला दी श्रीराम एक्सप्रेस

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** बीकॉम करने के बाद भी ई-रिक्शा चला परिवार की गाड़ी खींचने वाले युवा आर्येश कुमार मौर्य निस्वार्थ सेवा की भी मिसाल हैं। करीब दो साल से ई-रिक्शा चला रहे आनंद ने 70 साल से अधिक आयु वाले बुजुर्गों के लिए ई-रिक्शा निशुल्क कर रखा है। इतना ही नहीं जिस भी बुजुर्ग से मिलते हैं अपना नम्बर देते हैं ताकि जरूरत पर वह बुला सकें।

सोमवार को इनके ई-रिक्शे में अमृत विचार के संवाददाता बैठे तो सामने लिखी इबारत देख चौक गए। लिखा था '70 साल से अधिक बुजुर्गों के लिए निशुल्क सेवा। पूछा भाई यह काहे लिखा रखा है तो बोले बस बुजुर्गों की सेवा कर सकूं। आर्येश ने अपने ई-रिक्शे का नाम श्रीराम एक्सप्रेस रखा है। बताया पहले तीस ई-रिक्शा संचालकों का एक व्हाटसअप ग्रुप बना रखा था, लेकिन अब कई लोग नहीं हैं, आठ साथी बचे हैं। आर्येश ने बताया कि दो साल से ई-रिक्शा चला रहे हैं, तब से अब तक हर रोज तीन से चार बुजुर्गों को सेवा देते हैं। बताया सड़क पर भी कोई वृद्ध खड़ा मिल जाता है तो निःशुल्क घर तक पहुंचा देते हैं। बोले भइया इससे जो सुख मिलता है उसे कह पाना मुश्किल है। उन्होंने बताया कि बीकॉम के बाद कई जगह प्रयास किया, लेकिन नौकरी नहीं मिली तो कर्ज लेकर ई-रिक्शा निकलवा लिया। तब से बूढ़ी मां और पत्नी व दो बेटियों का पेट इसी से पल रहा है। उन्होंने बताया कि अक्सर बुजुर्गों और असहाय लोगों को जिला अस्पताल पहुंचा देते हैं। बोले बस दुआ और आशीर्वाद मिलता रहे यही बहुत है। आर्येश बताते हैं कि आठ दस लोगों का ग्रुप है जो इस काम को मिल जुल कर करता है। शक्ति नगर कालोनी क्षेत्र में रहने वाले आर्येश के पिता नहीं हैं, इसलिए वह और बुजुर्गों की सेवा में तल्लीन रहते हैं।




आर्येश का ई रिक्शा।




ई-रिक्शे के अंदर बुकिंग के लिए नंबर भी दिया गया है।



चालक आर्येश

**ई-रिक्शा का नाम रख रखा है श्रीराम एक्सप्रेस आठ साथियों का है ग्रुप**

### रोजाना कमाते 400, बेटियों के लिए रख देते हैं 200

30 वर्षीय आर्येश ने बताया कि बीकाम करने के बाद भी नौकरी से ज्यादा खुद की मेहनत को तव्वजो दी। बताया पिता के गुजरने के बाद परिवार की जिम्मेदारी संभाली और अब सामान्य ढंग से गृहस्थी चल रही है। दोनों बेटियों को पढ़ा लिखा कर वह अधिकारी बनाना चाहते हैं। बताया कि रोजाना चार से पांच सौ रुपए में से दो सौ रुपए दोनों बेटियों के लिए जमा करते हैं बाकी में घर का खर्च चलाते हैं।

## राम मंदिर के बाहर लॉकर भवन में हुई मारपीट

**अयोध्या।** राम जन्मभूमि मंदिर के बाहर दर्शन मार्ग स्थित लॉकर भवन में आपसी विवाद के बाद सोमवार को कर्मियों और श्रद्धालुओं में मारपीट हो गई। श्रद्धालुओं ने दर्शन मार्ग स्थित लॉकर भवन में अपना मोबाइल और अन्य सामान जमा करने के लिए कर्मियों से एक थैला लिया और सामान रखकर वापस जमा करवा दिया। इसके बाद श्रद्धालुओं ने दूसरे थैले की मांग की। आरोप है है दूसरा थैला मांगने पर कर्मियों ने अभद्रता की तो श्रद्धालुओं ने लॉकर के दो कर्मियों की पिटाई कर दी। इसके बाद लॉकर के कर्मियों ने श्रद्धालुओं की पिटाई कर दी। चोटिल लॉकर कर्मियों का परिसर स्थित चिकित्सालय में उपचार कराया गया है। थाना रामजन्मभूमि प्रभारी देवेंद्र पांडेय का कहना है कि दोनों पक्षों ने आपस में समझौता कर लिया है। सीओ अयोध्या आशुतोष मिश्र ने बताया कि किसी पक्ष ने कोई शिकायत पुलिस को नहीं दी है।

## सार-संक्षेप



सम्मानित किए गए हाईस्कूल के मेधावी। अमृत विचार

### रोली टीका लगाकर किया हाईस्कूल के मेधावियों का सम्मान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सरस्वती विद्या मंदिर रामनगर साकेत अयोध्या में सोमवार को हाईस्कूल के मेधावियों का रोली टीका लगा कर सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि प्रबंधक प्रोफेसर आरके सिंह, अभिभावक डॉ आभा सिंह, प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी और सभी आचार्य मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने बच्चों को मेडल व माला पहनाकर सम्मानित किया। डॉ आभा सिंह ने बच्चों को मिष्ठान खिलाकर उनके उज्जवल भविष्य की बधाई दी। प्रधानाचार्य मंगली प्रसाद तिवारी प्रेरणादायक संबोधन के साथ जीवन में आगे बढ़ाने की तमाम तरीके भैया बहनों को बताए। शुभारंभ मां शारदा के चरणों में नमन करने के साथ प्हुआ। समापन अजय द्वारा शांति मंत्र के उपरांत हुआ।

### श्री सिद्धेश्वर नाथ महादेव मंदिर के अर्चक का निधन



श्रीचंद गिरी महराज (फाइल फोटो)

**बड़ागांव, अमृत विचार :** सोहावल तहसील क्षेत्र के महोली ग्राम पंचायत के मजरे मोहम्मद स्थित चर्चित स्वयंभू श्री सिद्धेश्वरनाथ मंदिर के मठाधीश्वर श्रीचंद्र गिरी महाराज का निधन हो गया। वह 85 के वर्ष के थे। मंदिर के सेवक रंजय सिंह,अभिषेक गुप्ता ने बताया श्रीचंद्र गिरी महाराज बचपन से ही मंदिर की सेवा में लगे रहे। वह काफी दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। सोमवार दोपहर मंदिर परिसर में अपने कक्ष में अंतिम सांस ली। उनके निधन पर ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, प्रधान योगेंद्र प्रताप सिंह फौजी, संजय सिंह,अभिषेक गुप्ता,, राजेश गुप्ता प्रदीप गुप्ता, हनुमान मिश्रा विजय कांत तिवारी, गुल्लू गुप्ता सहित तमाम लोगों ने शोक संवेदना जताई है।

### नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी को दस साल की जेल

**कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी। अमृत विचार :** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी थाना फतेहपुर क्षेत्र के कुतबापुर निवासी इश्तियाक को न्यायालय ने सोमवार को दस साल की जेल व बीस हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। पूरा मामला लगभग चार वर्ष पूर्व का है। पीडित्ता के पिता ने जहगीराबाद थाने में इश्तियाक के विरूद्ध अपनी पुत्री को स्कूल जाते समय बहला फुसला कर भगा ले जाने व मारपीट करने का केस दर्ज कराया। उस समय मामले की जांच कर रहे उपनिरीक्षक ने जांच पूरी कर आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया।पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के निर्देश पर जघन्य अपराधों व अपराधियों को तत्काल सजा सुनाने को लेकर बनाई गई मानीटरिग सेल व अभियोजन पक्ष ने ठोस सबूतो गवाहों को न्यायालय में तेजी दिखाते हुए पेश किया। सबूतों गवाहों को ध्यान में रखते हुए न्यायालय ने आरोपी इश्तियाक को दस साल की सजा व बीस हजार रूपये के जुर्माने की सजा सुनाई।

### प्रचार से संबंधित प्रसारण-प्रकाशन के लिए लेना होगा प्रमाण-पत्र

**बाराबंकी, अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों और उनके प्रत्याशियों के साथ ही निर्दलीयों को किसी भी प्रकार की प्रिंट, ऑडियो या वीडियो प्रचार सामग्री को समाचार पत्रों आदि में प्रकाशित अथवा टीवी न्यूज़ चैनल्स, ऑनलाइन मीडिया या सोशल मीडिया में प्रसारण से पूर्व मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) से प्रमाण पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है। जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सोमवार को बताया कि चुनाव आयोग के निर्देशानुसार जनपद स्तरीय एमसीएमसी का गठन किया गया है। इस कमेटी में प्रचार सामग्री के प्रकाशन अथवा प्रसारण हेतु प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए जिला सूचना कार्यालय, नेहरू नगर, कम्पनी बाग़ में उक्त सामग्री को प्रेषित किया जा सकता है। सूचना कार्यालय का फोन नंबर 0548-222894 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इस कमेटी से प्रमाण पत्र प्राप्त प्रचार सामग्री ही प्रकाशन या प्रसारण योग्य मान्य होगी।

### समय से करें गेहूं की खरीद

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** उपजिलाधिकारी ने गेहूं क्रय केंन्द्र सरांय दुनौली टिकैतनगर आदि का निरीक्षण कर केन्द्र प्रभारियों को निर्देशित किया है कि लक्ष्य के अनुरूप समय से गेंहू की खरीद करें। सोमवार को एसडीएम सिरौलीगौसपुर आनन्द तिवारी राजस्व टीम के साथ विपणन गेंहू क्रय केंन्द्र टिकैतनगर व सरांय दुनौली गेंहू खरीद केंद्रों का निरीक्षण किया एवं अब तक क्रय किये गये गेंहू के बाबत किसानों से दूरभाष पर वार्ता किया। एसडीएम ने केन्द्र प्रभारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष गेंहू की खरीद समय से की जाय।

### कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**बाराबंकी, अमृत विचार :** जहरीली शराब की बिक्री व उसके निर्माण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत दरियाबाद पुलिस टीम ने ग्राम सराय सिंघई निवासी अमारिका को 18 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अब यहां हवाओं के रुख पर टिकी बिजली आपूर्ति

## तेज हवाओं से ट्रिप हो जाती है बिजली, लोकल फाल्ट भी उपभोक्ताओं के लिए संकट

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी में चल रही पछुआ हवा बिजली आपूर्ति के लिए संकट बनी हुई है। हालांकि पहले की तरह कटौती नहीं हो रही है, लेकिन 10 से 15 किलोमीटर की रफ्तार से चलने वाली हवा कई इलाकों में पांच से आठ घंटे बिजली उड़ा ले जाती है।

रुदौली संवाददाता के अनुसार 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश के बाद भी शहर बिजली कटौती मुक्त नहीं है। लोकल फाल्ट के नाम पर होने वाली कटौती लोगों को रुला रही है। तहसील रुदौली के छह विद्युत उपकेंद्र तहसील रुदौली और रुदौली देहात, विद्युत उपकेंद्र बाबा बाजार, विद्युत उपकेंद्र रानीमऊ, विद्युत उपकेंद्र पटरंगा, विद्युत उपकेंद्र शुजागंज के उपभोक्ता लोकल फाल्ट की समस्या से परेशान हैं। दिन में एक घंटे, रात में एक से डेढ़ घंटे कटौती सामान्य बात है। ग्राम ताल गांव निवासी पुष्कर तिवारी ने बताया चुनाव के मध्य 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के निर्देश हैं। रात में प्रतिदिन 2 घंटे तक होने वाली कटौती होना आम बात है। हलीम नगर निवासी संतोष सिंह बताते हैं विद्युत केंद्र शुजागंज में दिन में एक बजे से दो बजे तक कटौती हो रही। अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड रुदौली आर एस मौर्य ने बताया की सभी विद्युत केंद्रों पर शासन के निर्देश के क्रम में विद्युत आपूर्ति दिए जाने के निर्देश दिए दिए गए हैं।



बल्लियों के सहारे हैदरगंज क्षेत्र में दौड़ रही है हाईटेंशन लाइन।




रुदौली का 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र।

### हैदरगंज इलाके में 24 में से सिर्फ 16 घंटे ही बिजली आपूर्ति

**हैदरगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र केला लाल खान अंतर्गत 20 ग्राम पंचायतों के उपभोक्ताओं को विद्युत आपूर्ति की जाती है। यहां के उपभोक्ताओं सोमनाथ तिवारी, महेश भारती, रामप्रताप सिंह, रामदास तिवारी का कहना है कि 24 घंटे में 16 घंटे ही आपूर्ति हो रही है। उपकेंद्र के कर्मचारियों का दावा है कि 20 से 22 घंटे विद्युत सप्लाई की जा रही है। लोगों का कहना है कि लकड़ी की बल्लियो के सहारे दौड़ रहे एलटी पोल से 440 वोल्ट के बिजली के तार कभी भी हादसे को दावत दे सकते हैं। रात में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह से ठीक है लेकिन दिन में 4 से 5 घंटे ही विद्युत सप्लाई मिल पा रही है। जेई राजेश कुमार यादव ने बताया कि 22 घंटे विद्युत आपूर्ति की जा रही है।

### 56 राजस्व गांवों से जुड़ी डेढ़ लाख आबादी हो रही प्रभावित

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपकेंद्र सोहावल से जुड़े फीडर मंगलसी, रौनाही, जगनपुर, आर एल, रेलवे, नगर पंचायत खिरौनी सुचित्तागंज और उपकेंद्र गोड़वा सभी की आपूर्ति पिछले एक सप्ताह में तेज हवाओं के चलते दिन में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगभग ठप चल रही। शार्ट सर्किट से आग न लगे यह कारण बताया जा रहा था। करीब 56 राजस्व गांवों से जुड़ी डेढ़ लाख की आबादी प्रभावित हो रही थी। पिछले चार दिनों से हवा की रफ्तार में अब कमी आ गई है। सुचित्तागंज निवासी गंगा तिवारी कहते हैं कहीं फाल्ट ठीक करने के लिए लाइन ब्रेक न की गई तो 18 घंटे की आपूर्ति मिल रही है। एसडीओ एमके यादव ने बताया निर्धारित 24 से 18 घंटे के शेड्यूल में दिन रात 20 घंटे से 18 घंटे तक की आपूर्ति की जा रही है। तेज हवा अथवा कुछ फीडर पर मेंटेनेंस के लिए अपरिहार्य कारणों में ही आपूर्ति बाधित होती है।

### हवा चली तो आपूर्ति ठप, नहीं तो चालू

**पूराबाजार, अयोध्या।** विद्युत उपकेंद्र रसूलाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों फीडर पर 24 घंटे की विद्युत आपूर्ति का शेड्यूल है, लेकिन दिन में तेज हवा के चलते विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है, जब तेज हवा नहीं रहती तो सप्लाई जारी रहती है। इस तरह 24 घंटे में करीब छह घंटे अघोषित कटौती बनी रहती है। मंगल पांडे, राम जियावन बताते हैं कि विद्युत की आपूर्ति रात में आबाध रूप से जारी रहती है और सुबह 10 बजे तक रहती है लेकिन हवा चलते ही कट जाती है। शाम 5 :00 बजे फिर वापस आती है। विद्युत उपकेंद्र के अवर अभियंता राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि विद्युत आपूर्ति 24 घंटे शेड्यूल में है परंतु तेज हवा को देखते हुए की कोई घटना ना हो इसलिए विद्युत आपूर्ति बंद कर दी जाती है।

# सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर 85 हजार ठगे

सतरिख, बाराबंकी

**अमृत विचार :** प्रदेश सचिवालय में नौकरी दिलाने के नाम पर एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी हो गई है। जालसाजों ने उससे 85 हजार रुपए ठग लिये। पीड़ित की तहरीर मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू की है।

लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के शहजादेपुर निवासी कैलाश रावत का आरोप है कि कोठी थाने के भानमऊ चौराहे पर कुछ दिन पहले एक व्यक्ति से उसकी मुलाकात हुई थी। उसने अपने को सतरिख के तीरगांव निवासी खान साहब और उत्तर प्रदेश सचिवालय के नियुक्ति विभाग में तैनात होना बताया था। यह भी कहा कि उसके मामा योगी के साथ रहते हैं और नेताओं के साथ चलते हैं। सचिवालय में अच्छी पकड़ है। इसके बाद कई बार मुलाकात हुई और उसने सचिवालय में चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। इसके बदले में चार बार में उसने 85 हजार रुपए धोखे से ले लिए। इसके बाद आरोपी ने मोबाइल से बात करना बंद कर दिया। एक दिन सतरिख थाना क्षेत्र के मजीठा गांव के पास मिलने पर नौकरी के संबंध में बात की तो जाति सूचक गालियां दी और जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि तहरीर मिली है। उप निरीक्षक मनोज कुमार राना को जांच के लिए भेजा गया है, जांच रिपोर्ट मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## पांच मई को अयोध्या में रोड शो करेंगे पीएम मोदी

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को अयोध्या में रोड-शो करेंगे। पार्टी संगठन ने इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी है। चार महीने में पीएम मोदी का यह तीसरा अयोध्या दौरा है। सांसद व भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह ने बताया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पांच मई को अयोध्या आ रहे है। वह यहां रोड शो करेंगे। प्रधानमंत्री के रोड शो कार्यक्रम के लिए केन्द्रीय व प्रदेश नेतृत्व से बात की जा रही है। अभी विस्तृत कार्यक्रम नहीं आया है। सूचना मिलने के साथ ही जिले में पीएम के रोड शो की तैयारी शुरू कर दी गई है। बताया गया है कि संगठन के लोगों ने सोमवार की रात बैठक की। संपर्क करके लोगों को रोड शो के लिए आमंत्रित किया जाएगा। अन्य व्यवस्थाओं को लेकर भी चर्चा की गई। चार महीनें में पीएम मोदी का यह तीसरा अयोध्या दौरा है। इसके पहले वह 30 दिसंबर को महर्षि वाल्मीकि अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का उद्घाटन करने पहुंचे थे। 22 जनवरी को राम लला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए आए थे।

# चुनाव में अयोध्या से दें विश्व को नया संदेश




सम्मेलन में मौजूद प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेन्द्र सिंह, सांसद लल्लू सिंह व प्रथम महापौर ऋषिकेश उपाध्याय।

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व एमएलसी मानवेन्द्र सिंह ने कहा कि पूरी दुनिया की निगाहें अयोध्या और यहां के चुनाव पर हैं। यहां से पूरे विश्व को एक नया संदेश जाना चाहिए। वह श्री परमहंस शिक्षण प्रशिक्षण महाविद्यालय विद्याकुण्ड में सोमवार को बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

कहा कि मंडल व शक्ति केन्द्र के पदाधिकारी निरंतर बूथ समिति तथा पन्ना प्रमुख के साथ समन्वय बनाएं। चुनाव अभियान व्यवस्थित ढंग से चलाना है। सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि 2024 का चुनाव कोई आम चुनाव नहीं हैं। यह देश की राजनीति की दिशा व दशा तय करेगा। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि देश में सर्वाधिक अंतर से अयोध्या विजय का संकल्प हम सभी को लेना है। संचालन विधान सभा क्षेत्र प्रभारी अशोक कसौंधन ने किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह, लोकसभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, संयोजक डॉ. बाकें बिहारी मणि त्रिपाठी, पूर्व महापौर ऋषिकेश उपाध्याय, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, अवधेश पाण्डेय बादल, अभिषेक मिश्र सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 10वीं व 12वीं के छात्र साल में दो बार देंगे बोर्ड परीक्षा

अयोध्या कार्यालय

- **सीबीएसई की अगले सत्र से योजना लागू करने की तैयारी**
- **अगले माह प्राचार्यों की बैठक में तय होगी रूपरेखा**

**अमृत विचार :** छात्र-छात्राओं को तनाव मुक्त शिक्षा प्रणाली को ध्यान में रखकर सीबीएसई के प्रयोग आए दिन चर्चा में रहते हैं। अब सीबीएसई की वर्ष में दो बार बोर्ड परीक्षा कराने की तैयारी है। सीबीएसई के जिला समन्वयक अजीत द्विवेदी ने इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि आगामी वर्ष से इस योजना को प्रभावी रूप से लागू करने की योजना है। इसके लिए प्रधानाचार्यों के साथ बोर्ड अगले माह बैठक कर रूपरेखा तय करने पर विचार कर रहा है।

सूत्रों के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 से वर्ष के अंत में बोर्ड परीक्षा के दो संस्करण आयोजित करने पर विचार किया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय और केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) अगले महीने स्कूल प्रधानाचार्यों के साथ साल में दो बार बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लिए विचार-विमर्श करेंगे। सीबीएसई अभी शेड्यूल पर विचार-विमर्श कर रहा है, ताकि छात्रों को अधिकतम लाभ मिल सके और बोर्ड परीक्षाओं को तनाव मुक्त बनाने का लक्ष्य हासिल किया जा सके। सूत्रों के अनुसार छात्रों के पास इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई की तरह साल में दो बार 10वीं व 12 वीं परीक्षा में बैठने का विकल्प होगा। इसमें वे सर्वश्रेष्ठ स्कोर चुन सकेंगे और यह पूरी तरह से बिना मजबूरी के वैकल्पिक होगा। जिला समन्वयक अजीत ने बताया कि इस बारे में सीबीएसई की ओर से अभी कोई आदेश नहीं आया है। बोर्ड प्रधानाचार्यों से बैठक कर विचार विमर्श के बाद ही रूपरेखा तय करेगा।

## वर्ग पहेली-55

**बाएं से दाएं**

2.1. चमड़े का काम करने वाला 2. जूते सीलने तथा बनाने वाला कारीगर।

5.1. लेख आदि की प्रतिलिपि करने वाला व्यक्ति 2. लिखने वाला, लेखक 3. मुंशी, मुहर्रिर 4. लीथो प्रेस पर छपने के लिए एक विशेष कागज़ पर विशेष स्याही से लिखने का काम करने वाला व्यक्ति।

7.1. हिसाब-किताब लिखने वाला कर्मचारी 2. खजांची।

8.1. सीढ़ी 2. देहरी, चौखट, दहलीज़।

9. दम घोंटने वाला, सांस फुला देने वाला।

**ऊपर से नीचे**

1.1. घूंसा, मुष्टिकाप्रहार 2. वह प्रहार या चोट जिसके पड़ने से 'धम' शब्द हो; घमका।

3. एक औषधीय वनस्पति, यष्टिमधु, मुलेठी।

4. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना करने वाला एक शासक

6. तीन पहिए या चक्केवाला।

7.1. अनुचर, हमेशा साथ-साथ रहने वाला 2. सेवक, नौकर, सेवा में रहने वाला 3. कर्मचारी।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | ■ | 2 | | ■ | 3 |
| | ■ | 4 | ■ | ■ | ■ | |
| 5 | 6 | | ■ | 7 | | |
| ■ | 8 | | | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | | ■ | ■ |
| ■ | | ■ | 9 | | | |

## वर्ग पहेली -54 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 ख | नि | 2 ज | ते | ल | ■ |
| ■ | ■ | ■ | मा | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 3 तु | 4 क | मा | ■ | 5 लि | ■ |
| 6 हं | ■ | 7 सा | र | भा | टा | ■ |
| भा | ■ | व | ■ | ■ | 8 ना | की |
| ■ | 9 ठा | ट | बा | ट | ■ | ■ |

# सरयू में नौ को डूबने से बचाया, एक लापता

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सरयू का जलस्तर घटने के साथ स्नान के दौरान डूबने की घटनाएं बढ़ गई हैं। सोमवार को सरयू घाट पर श्रद्धालुओं के डूबने के कई मामले प्रकाश में आए, जिनमें से जल पुलिस और एसडीआरएफ की टीम ने स्थानीय नाविकों और गोताखोरों की मदद से नौ लोगों को सकुशल बाहर निकाला है जबकि डूबने से लापता एक मध्य प्रदेश निवासी युवक की तलाश कराई जा रही है। मध्य प्रदेश के सिद्धि जनपद निवासी युवकों का एक दल दर्शन-पूजन के लिए अयोध्या आया था। दल में शामिल युवक राम की पैड़ी के पंप के पास सरयू में स्नान कर रहे थे कि इसी दौरान दो युवक गहरे पानी में चले जाने के चलते डूबने लगे। एसडीआरएफ और जल पुलिस ने एक युवक को सकुशल बाहर निकाल लिया, हालांकि इनका एक साथी अमन (22) पुत्र गया प्रसाद सरयू में डूब गया, जिसकी तलाश कराई जा रही है। वहीं टीम ने डूबने की अलग-अलग घटनाओं में सगे भाई प्रतीक व हर्षवर्धन पुत्रगण भवानी निवासी डिडवाना तसिया नंदन, रोहित कुमार पुत्र अखिलेश कुमार व आर्यन पुत्र हरीश निवासी बोकारो स्टील सिटी झारखंड तथा श्याम पुत्र हरीश तुकाराम निवासी जलाना महाराष्ट्र को सकुशल बचाया है। सरयू स्नान घाट पर ही सगे भाई अंश यादव (22) व वंश यादव (24) पुत्रगण कालीचरण व दिव्यांश (25) पुत्र राकेश राय निवासीगण गद्दोपुर थाना कैन्ट जनपद अयोध्या को डूबने से बचाया है। जल पुलिस प्रभारी रूबे प्रताप मौर्य ने बताया कि सभी घटनाएं श्रद्धालुओं और युवकों की ओर से जल बैरिकेटिंग के पार जाकर स्नान करने के दौरान अचानक गहरे पानी में चले जाने के कारण हुई हैं।

# जमीन का फर्जी मालिक खड़ा कर कराया अनुबंध, केस

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी अयोध्या में एक जमीन के सौदे में फर्जी जमीन मालिक की ओर से रजिस्टर्ड अनुबंध करवा अनुबंध की रकम में से ढाई लाख रूपये हड़प लिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ितों विपिन कुमार पाण्डेय पुत्र हनुमानबक्श पाण्डेय निवासी ग्राम मंझनपुर थाना खण्डासा और आशीष कुमार सिंह पुत्र उदयभान सिंह निवासी ग्राम चरेरा थाना महाराजगंज का कहना है कि अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के दर्शननगर में दोना पत्तल की दुकान चलाने वाले मोहनलाल गुप्ता निवासी आलापुर थाना गोसाईगंज के माध्यम से उन्होंने कुशमाहा स्थित एक जमीन का दस लाख रूपये में सौदा किया था। उस समय पर्याप्त रकम पास में न होने के चलते यह तय हुआ कि जमीन का किसी और से सौदा न हो जाए, इसके लिए पहले गोविन्दे पुत्र छोटेलाल निवासी ग्राम कुशमहा कोतवाली अयोध्या की कुशमाहा स्थित उक्त जमीन का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करवा लें और फिर रकम होने के बाद बैनामा हो जाएगा। इसको लेकर दोनों ने 23 अक्टूबर 2023 को जमीन मालिक के नाम से पांच लाख का चेक देकर कचहरी में अनुबंध करवा लिया। पीड़ितों का आरोप है कि जमीन मालिक ने चेक का भुगतान नहीं लिया और चेक वापस लेकर पांच लाख नकद की मांग की तो उन्होंने तीन दिन बाद ढाई लाख रूपये नकद भुगतान कर दिया और चेक वापस माँगा, तो चेक वापस देने के एवज में बाकी के ढाई लाख की मांग शुरू हो गई। इस बीच मोहनलाल ने बकाया रकम वापसी का झांसा देकर अनुबंध भी खत्म करवा लिया और ढाई लाख रूपये वापस नहीं किया। शक होने पर पड़ताल कराई तो पता चला कि असली जमीन मालिक अपने घर पर पड़ा है और वह पक्षाघात का शिकार है। उनका कहना है कि अनुबंध पर हस्ताक्षर करने वाला गोविन्दे फर्जी है और उसका असली नाम-पता राजन निवासी चांदपुर महमूदपुर थाना अहिरौली जनपद अम्बेडकर नगर है। फर्जीवाड़ा की जानकारी मिलने के बाद शिकायत पुलिस और एसएसपी से की। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा का कहना है कि शिकायत पर तीन लोगों के खिलाफ गबन, धोखाधड़ी और कूटरचना की धारा में रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना कराई जा रही है।

## सुडोकू -134

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 4 | 8 | | | | |
| 1 | | | | 3 | | | 5 | 8 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 7 | | 6 | | | | |
| 4 | | | 2 | | 9 | | | |
| | | | | 4 | | 8 | | |
| | | 3 | | 9 | | | | |
| 9 | 5 | | | | | | | |
| | | 6 | 7 | 5 | 4 | | | |

## सुडोकू -133 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 7 | 1 | 2 | 9 | 5 | 8 | 6 |
| 6 | 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 1 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 8 | 4 | 9 | 3 | 7 |
| 5 | 1 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 |
| 9 | 7 | 6 | 3 | 1 | 2 | 4 | 5 | 8 |
| 3 | 8 | 4 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 2 |
| 1 | 6 | 3 | 4 | 9 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 4 | 5 | 2 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |
| 7 | 2 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 4 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 30 अप्रैल मंगलवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-षष्ठी 07.05 तक तत्पश्चात सप्तमी।

**मेष** – आज विवाहित लोगों को अपने लिए कुछ नया करने का विचार मन में आएगा तथा आपका पार्टनर उसमे भरपूर साथ देगा जो आपको आनंदित करेगा। दोनों के बीच आपसी स्नेह में बढ़ोत्तरी होगी। भाई या बहन के साथ संबंध मजबूत बनाए रखें क्योंकि वे आपके बहुत काम आएंगे।

**वृष** – आज अपने प्रतिद्वंद्वियों पर नजर बनाकर रखें क्योंकि वे आपका नुकसान कर सकते हैं। व्यापार में आपके पास ऐसे समझौते आएंगे जो दिखने में तो आकर्षित होंगे लेकिन यह आपके लिए अनुचित सिद्ध हो सकते हैं।

**मिथुन** – आज नौकरी कर रहे लोगों का मन अपने काम से उब सकता है तथा वे अपने लिए नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे। आपको अपने मित्रों की ओर से कुछ अच्छा अवसर भी मिल सकता है।

**कर्क** – आज आपको कुछ ऐसे अवसर मिलेंगे जो व्यापार को बढ़ावा दे सकते हैं। आपके मित्र भी आपका सहयोग करेंगे लेकिन आप किसी चीज़ को लेकर संशय में रहेंगे। भूमि संबंधी निवेश में लाभ मिलेगा। समय का भरपूर सदुपयोग करेंगे।

**सिंह** – आज आपके मृदु स्वभाव के कारण घर में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी तथा सभी के मन में आपके प्रति सम्मान और बढ़ेगा। ऐसे में आपको अपने मित्रों का सहयोग भी मिलेगा जिससे रिश्तों में मजबूती आएगी। मन में काम को लेकर उत्साह रहेगा।

**कन्या** – आज उच्च शिक्षा की पढ़ाई कर रहे छात्रों को सकारात्मक परिणाम मिलेंगे तथा आपके सहपाठी भी आपसे प्रसन्न होंगे। परिवार में आपकी शिक्षा को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा भी हो सकती है जिससे आपका मन आशंकित रहने की भी संभावना है।

**तुला** – आज प्रेम जीवन के लिए दिन उत्तम है। विवाहित लोगों का अपने जीवनसाथी के प्रति कुछ यादगार अनुभव रहने की संभावना है जिससे आप दोनों के बीच आपसी संबंध मजबूत होंगे। आप किसी काम में अटक सकते हैं। ऐसे में सीनियर का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** – आज स्कूल के छात्र अपना समय रचनात्मक कार्यों में देंगे जिसमें उन्हें आनंद की अनुभूति होगी। किसी भी कार्य को शुरू करते समय आप संशय में रहेंगे लेकिन अंत में उसमें सफलता मिलेगी। मन किसी बात को लेकर बेचैन रहेगा और अशांति का अनुभव करेंगे।

**धनु** – आज इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर रहे लोगों को किसी का सहयोग मिल सकता है जिससे उनका मार्ग प्रशस्त होगा तथा भविष्य के लिए उचित मार्गदर्शन मिलेगा। आज का दिन आप दोनों के लिए यादगार रहने की उम्मीद है।

**मकर** – आज नौकरी कर रहे लोगों को अपने काम से संतुष्टि मिलेगी तथा ऑफिस में उनके काम की प्रशंसा होगी। सहकर्मी आपके काम से प्रसन्न होंगे तथा आपके साथ मिलकर कुछ नया प्लान भी करेंगे। आज के दिन अपने विरोधियों से बचकर रहे।

**कुंभ** – आज का दिन आपके लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है तथा आपका अपने परिवार वालों के साथ संबंध और मधुर बनेगा। घर में कोई नई खुशी आ सकती है जिसमे सभी सम्मिलित होंगे। किसी प्रोजेक्ट पर काम कर रहे तो उसमे असफलता मिलेगी।

**मीन** – आज श्वास की बीमारी से जुड़े रोगी अपना विशेष ध्यान रखें तथा प्रदुषण वाले क्षेत्रों से दूरी बनाकर रखें। अस्थमा के रोगियों को यदि कहीं बाहर जाना है तो हमेशा अपने साथ इनहेलर रखें। पारिवारिक जीवन काफी सन्तोषप्रद रहेगा।

## आज का पंचांग




दिशाशूल-उत्तर। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराषाढ़ा 1 मई 04.09 तक तत्पश्चात श्रवण।

## आज की फिल्में

**B4U MOVIES**
स्वीकार किया मैने – सुबह : 08.26
यमला पगला दीवाना – शाम : 05.52

**SONY MAX**
अशिकी – सुबह : 11.00
हिट द फर्स्ट केस – रात : 09.00

**SONY PIX**
रेडी प्लेयर वन – दोपहर : 12.48
क्लैश ऑफ़ द टाइटन्स – शाम : 06.58

**ZEE CINEMA**
प्रेम – सुबह : 11.40
तमाशा – शाम : 06.00

**colors CINEPLEX**
चिराग – सुबह : 09.23
अग्निपथ – रात : 09.33

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम :06.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति – जज साहब मुझे अपनी बीवी से तलाक चाहिए।
जज– पर क्यों?
पति–जज साहब, जब से मेरी बीवी आई है तब से मुझसे कुछ भी बात नहीं करती है।
जज– एक बार फिर सोच ले, ऐसी बीवी सिर्फ किस्मत वालों को ही नसीब होती है।

सोनू गर्लफ्रेंड से– तुम चाइनीज जैसी क्यों दिखती हो?
गर्लफ्रेंड– मेरे पापा चीन के थे।
सोनू– तुमने कभी मिलवाया नहीं?
गर्लफ्रेंड– वो अब इस दुनिया में नहीं हैं।
सोनू– हां, चाइनीज माल ज्यादा दिन तक टिकता भी कहां है...

## एक नजर

### रेलवे ट्रैक के किनारे मिला महिला का शव

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** कोतवाली क्षेत्र अकबरपुर के शिवबाबा के निकट रेलवे ट्रैक के किनारे महिला का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने शव की पहचान का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों के अनुसार वाराणसी से अकबरपुर होते हुए लखनऊ जा रही वंदे भारत की चपेट में आने से महिला की मौत हुई है।

### चाकू के साथ पकड़ा गया शातिर बदमाश

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना कटका क्षेत्र में पुलिस ने चाकू के साथ एक शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। उप निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने मुखबिर की सूचना पर पमपम उर्फ पुकारू राम निवासी अजमलपुर थाना कटका को चाकू के साथ कुसौरा गांव जाने वाली अंडरग्राउंड पुलिया के नीचे से गिफ्तार किया है। पुलिस ने उसे न्यायालय भेज दिया है।

# पहले दिन भाजपा-सपा समेत 16 उम्मीदवारों ने खरीदे नामांकन पत्र

## कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा रही चाक चौबंद, छह मई तक चलेगी नामांकन की प्रक्रिया, सात को पर्चों की होगी जांच, नौ तक नाम वापस ले सकते हैं प्रत्याशी,

लोकसभा चुनाव

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के तहत अंबेडकरनगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन 16 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र खरीदे। इसमें भारतीय जनता पार्टी, समाजवादी पार्टी, पीस पार्टी सहित अन्य दलों और निर्दल प्रत्याशियों द्वारा 16 नामांकन पत्र खरीदे गए। बता दें कि 29 अप्रैल से शुरू हुई नामांकन की प्रक्रिया छह मई तक चलेगी। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच सात मई को संपन्न होगी। नौ मई को नाम वापसी की तिथि निर्धारित की गई है। 24 मई को राजकीय हवाई पट्टी अकबरपुर से पोलिंग पार्टियों की रवानगी की जाएगी। 25 मई को मतदान और चार जून को राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज अकबरपुर में मतगणना होगी। नामांकन को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर में सुरक्षा कड़ी थी।



नामांकन पत्र की खरीदारी करता प्रत्याशी का प्रतिनिधि। अमृत विचार

### कक्ष में प्रत्याशी समेत पांच लोग कर सकेंगे प्रवेश

नामांकन के दौरान प्रत्याशी सहित पांच लोग ही कक्ष में प्रवेश कर सकेंगे। निर्दलीय और बिना मान्यता प्राप्त दल के प्रत्याशी के साथ 10 प्रस्तावकों में बारी-बारी चार-चार की संख्या में प्रवेश करेंगे। नामांकन के समय कक्ष के सौ मीटर की परिधि तक मात्र तीन वाहनों को प्रवेश दिया जाएगा।

# दायित्वों का जिम्मेदारी से निर्वहन करें अधिकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में समस्त नोडल अधिकारी, अपर नोडल अधिकारी, सहायक प्रभारी अधिकारी के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में हुई।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने नोडल अधिकारियों से चुनाव संबंधी अब तक किए गए कार्यों के बारे में जानकारी ली। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देशित किया कि लोकसभा चुनाव में लगाए गए समस्त कार्मिक दायित्वों का जिम्मेदारीपूर्वक निर्वहन करें। निर्वाचन के दौरान वाहन की व्यवस्था, आकस्मिक चिकित्सा सुविधा, कार्मिकों का प्रशिक्षण, मतदान रवानगी की स्थल पर पेयजल सहित अन्य सुविधाओं के बारे में निर्देशित किया और चुनाव संबंधित तैयारियों के बारे में एआरओ को दिशा-निर्देश दिए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि संबंधित कार्मिकों को प्रशिक्षण दिलाएं।



कलेक्ट्रेट के सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारी के संबंध में बैठक करते जिला निर्वाचन अधिकारी अविनाश सिंह।

**बैठक में ये भी रहे मौजूद:** बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राजकुमारएसमस्त उप जिलाधिकारीए जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारीए परियोजना निदेशक दिलीप सोनकरए जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



शिवाजी कुसलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर में सड़क सुरक्षा की शपथ लेते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

## छात्र-छात्राओं को पढ़ाया सड़क सुरक्षा का पाठ

**सम्मनपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** परिवहन विभाग द्वारा इन दिनों सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस क्रम में जिले के सभी विद्यालयों में कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के तहत शिवाजी कुसलावती इंटर कॉलेज पलई कल्याणपुर में भी छात्रों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी गयी। और यातायात के नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक उग्रसेन यादव ने समस्त छात्र-छात्राओं से सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का आह्वान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से विद्यालय के प्रधानाचार्य सहित समस्त शिक्षक और शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## बैंक एक लाख रुपये से ऊपर के संदिग्ध लेनदेन की दें सूचना

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी ने निर्वाचन में होने वाले व्यय पर निगरानी रखने वाली संबंधित टीमों के साथ सोमवार को बैठक की। बैठक में मुख्य रूप से लेखा समिति टीम, मीडिया मॉनिटरिंग टीम, वीडियो अवलोकन समिति, सहायक व्यय प्रेक्षक, मीडिया मॉनिटरिंग कमेटी, कॉल सेंटर के सहायक प्रभारी, आबकारी टीम, लीड बैंक मैनेजर, आयकर अधिकारी, जीएसटी के शामिल हुए। व्यय प्रेक्षक राजा भट्टाचार्जी ने बैठक में मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि बैंकों को एक लाख रुपए से ऊपर के संदिग्ध लेनदेन की सूचना प्रतिदिन मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रभारी के साथ-साथ प्रेक्षक को भी उपलब्ध कराएंगे। वहीं पेड न्यूज और फेक न्यूज पर नजर रखने का निर्देश दिया है।

# हादसे में महिला की मौत, पुत्र-पुत्री समेत 3 घायल

रफ्तार की मार

▶▶ जगदीशपुर गांव के पास आपस में टकरायीं तीन बाइकें

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** तीन बाइकों की भिड़ंत में एक महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि उसके पुत्र-पुत्री समेत तीन लोग घायल हो गए। सड़क हादसे का कारण बने बाइक सवार दो युवक घटना के बाद मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज में भर्ती कराया गया है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के जगदीशपुर गांव के निकट का है।

सोमवार को बसखारी थाना क्षेत्र के पंडरिया शुकुल बाजार निवासी रितिक उपाध्याय पुत्र धर्मराज उपाध्याय अपनी बुलेट से मां सुनीता देवी और बहन दृष्टि को लेकर हरिहरपुर गांव में रिश्तेदार के घर जा रहा था। जैसे ही वह जगदीशपुर गांव के निकट पहुंचा उसी समय सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक ने उनकी बुलेट में जोरदार टक्कर मार दी।



हादसे के बाद घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराते पुलिसकर्मी।

हादसे में मां सुनीता देवी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि रितिक (22) और दृष्टि (24) गंभीर रूप से घायल हो गए जबकि बाइकों की भिड़ंत के दौरान रितिक के पीछे आ रहा अन्य बाइक सवार युवक संदीप कुमार पुत्र जयराम निवासी नरियांव भी इसकी चपेट में आ गया। जिससे संदीप कुमार भी गंभीर रूप से घायल हो गया। बुलेट से हुई भिड़ंत की घटना के बाद अनियंत्रित बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुनीता देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को पुलिस ने इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जहांगीरगंज में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### बोलेरो की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** अनियंत्रित बोलेरो की टक्कर में बाइक सवार युवक गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने चालक को पड़कर वाहन समेत थाने ले जाकर पुलिस को सौंप दिया है। मामला जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के स्थानीय बाजार का है। हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉक्टर वीरेंद्र कुमार का पुत्र राजकमल अपने राजेसुल्तानपुर रोड पर स्थित क्लीनिक से बाइक पर सवार होकर जहांगीरगंज कस्बे में जाने के लिए जैसे ही निकला तभी पीछे से आ रही अनियंत्रित बोलेरो वाहन की टक्कर में राजकमल वाहन समेत गिरकर घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने बोलेरो चालक को पड़कर थाने ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया और घायल को सीएचसी जहांगीरगंज में भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में तहरीर मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# युवती व किशोरी को अगवा करने के मामले में केस दर्ज

जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** युवती और किशोरी को अगवा करने की घटित दो अलग-अलग गांवों की घटनाओं में पुलिस ने दो आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। दोनों मामले जहांगीरगंज थाना क्षेत्र के बताये जाते हैं।

बता दें कि मुकदमा दर्ज करने के बाद शुरू की गई विधिक प्रक्रिया में पुलिस ने किशोरी की बरामदगी कर ली है। पीड़ित मां की शिकायत पर दर्ज किए गए मुकदमें में बरामदगी के बाद किशोरी के बयान दर्ज करने के साथ अन्य कार्रवाई करके आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस द्वारा जेल भेज दिया गया है।

वहीं दूसरी ओर अगवा की गई युवती की बरामदगी नहीं हो सकी है। युवती की बरामदगी और आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए गठित की गई पुलिस टीम ने आजमगढ़ जनपद में स्थित आरोपी के घर समेत अन्य ठिकानों पर दबिश दिया। लेकिन न आरोपी पकड़ में आ सका और न ही युवती की बारामदगी ही हो सकी।

आरोप है कि गत दिवस युवती रिश्तेदार के घर शादी में शामिल होने के लिए घर से निकली थी। जहांगीरगंज बाजार पहुंच कर बस पकड़ने का इंतजार कर रही उसी समय युवती को आरोपी युवक द्वारा अगवा कर लिया गया। मामले की जानकारी परिजनों को हुई तो थाने पहुंचकर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया। थानाध्यक्ष अतुल श्रीवास्तव ने बताया कि दोनों मामलों में मुकदमा पंजीकृत करके विधिक कार्रवाई की जा रही है

## एक किलो 250 ग्राम गांजे के साथ गिरफ्तार

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत क्षेत्र की देखभाल के दौरान मुखबिर की सूचना पर कटका पुलिस ने एक किलो 250 ग्राम गांजे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

थाना क्षेत्र के कटका बाजार से मुंडेहरा जाने वाले रोड गोरखपुर एक्सप्रेस-वे पुल के नीचे से अभियुक्त शिवशंकर तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी पुत्र स्व. शोभाराम तिवारी निवासी ग्राम राजापुर कुठमा थाना कटका को एक किलो 250 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थाना स्थानीय पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त को आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त पर पूर्व में एक दर्जन से अधिक वाराणसी, जौनपुर समेत कई स्थानों पर मुकदमा पंजीकृत हैं।

# तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा

जलालपुर, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने के मामले में न्यायालय के आदेश पर कटका पुलिस ने धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में तीन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

मामला कटका थाना क्षेत्र के भियांव चैरा गांव के निवासी राजेश कुमार का है। पीड़त ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसके रिश्तेदार शंकर व उनकी पुत्री आराधना निवासी जल्दीपुर थाना कटका के हैं। उनके पुत्र की बीएसएफ में नौकरी लगवाने के नाम पर नकद व संदीप कुमार के नाम के खाते में कई किस्तों में तीन लाख रुपए ले लिए। बार-बार पूछने पर कि नौकरी कब लगेगी तो विपक्षी द्वारा एक पोस्ट ऑफिस का ज्वाइनिंग लेटर व्हाट्सएप के माध्यम से मोबाइल पर भेज दिया गया। कहा कि जाकर ज्वॉइन कर लो। वह ज्वाइनिंग लेटर फर्जी निकला। जब उसने कहा कि हम पुलिस से शिकायत करेंगे तो विपक्षी ने 14 नवंबर 2023 को आराधना के खाते का डेढ़ लाख का चेक दिया और बाकी पैसा बाद में देने की बात कही। जब मैंने उक्त चेक को खाते में भुगतान के लिए लगाया तो वह बाउंस हो गया। जब इसकी शिकायत विपक्षी से की गई तो उसने जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित द्वारा मामले की शिकायत कटका थाना अध्यक्ष व पुलिस अधीक्षक से की गई। इसके बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं की गई। अंततः पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली।इसके बाद कोर्ट के आदेश पर शंकर, आराधना और संदीप कुमार के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## सामूहिक दुष्कर्म के दो आरोपी गिरफ्तार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** थाना राजेसुल्तानपुर पर पंजीकृत सामूहिक दुष्कर्म के दो वांछितों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बता दें कि पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत सामूहिक दुष्कर्म के दो वांछित अभियुक्तों को पुलिस ने मुखविर की सूचना पर खरूवांव मोड़ के पास से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों ने अपना नाम संदीप कुमार निवासी ग्राम बनगावां थाना महाराजगंज, आजमगढ़ और ओमप्रकाश उर्फ गोली निवासी ग्राम नरोत्तमपुर थाना राजेसुल्तानपुर बताया है। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विजय प्रताप तिवारी, हेड कांस्टेबल रामजीत यादव, हेड कांस्टेबल सुभाष यादव, कांस्टेबल संजू कुमार, महिला कांस्टेबल आकांक्षा सिंह शामिल रहीं।

## सार-संक्षेप

### मखदूम अशरफ के आस्ताने पर अदा की जाएगी गुस्ल की रस्म



कार्यक्रम को लेकर बैठक करते मखदूम अशरफ इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अजीज अशरफ व साथ में सदस्य। अमृत विचार

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** नगर पंचायत किछौछा स्थित विश्वविख्यात सूफी संत हजरत सैय्यद मखदूम अशरफ के आस्ताने पर 16 व 17 मई को गुस्ल की रश्म अदा की जाएगी। सज्जादानशीन और मुतवल्ली सैय्यद मोहिउद्दीन अशरफ ने बताया कि 16 मई जुमेरात की शाम को मगरिब की नमाज के बाद जलसा-ए-ईद मिलादुन्नबी कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। 17 मई जुमा की सुबह 4 बजे गुस्ल मुबारक की रस्म अदा की जाएगी। वहीं दस बजे से दोपहर 12 बजे तक अंदरुने खानकाह महफिल-ए-शमा का आयोजन होगा। इसके बाद नमाजे जुमा सन्दल पोशी होगी। मखदूम अशरफ इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद अजीज अशरफ ने प्रशासन से सुरक्षा के उचित बन्दोबस्त की मांग की है। इस मौके पर सज्जादानशीन व मुतवल्ली सैय्यद मोहिउद्दीन अशरफ, सज्जादानशीन जानशीन फखरुल मशाइख सैय्यद मुहामिद अशरफ उर्फ शारिक मियां, मखदूम अशरफ इंतेजामिया कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैय्यद आजीज अशरफ, उपाध्यक्ष सैय्यद जहांगीर अशरफ उर्फ गुड्डू मियां, सैय्यद शेखू अशरफ , सैय्यद अतीक अशरफ, सैय्यद अहमद अशरफ, सैय्यद शोएब अशरफ, डॉक्टर सैय्यद जेया अशरफ व सैय्यद फहद अशरफ मौजूद रहे।

### चोरों ने उड़ाई सड़क किनारे खड़ी बाइक

**जलालपुर, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** पार्टी मीटिंग में गए भाजपा के पदाधिकारी की बाइक चोरों ने पार कर दी। पीड़ित ने कोतवाली अकबरपुर में तहरीर देकर वाहन बरामद करने की गुहार लगाई है। मालीपुर थाना क्षेत्र के कादीपुर गांव निवासी सुधाकर मिश्रा ने अकबरपुर कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए बताया कि वह भाजपा का मंडल उपाध्यक्ष हैं। बीती 27 अप्रैल को तक्षशिला एकेडमी पर पार्टी की मीटिंग में शामिल होने गया था। मीटिंग समाप्त होने के बाद रात्रि लगभग 10 बजे जब घर के लिए निकला तो बाइक अपने स्थान पर खड़ी नहीं मिली। काफी देर तक खोजबीन की लेकिन बाइक का कहीं पर पता नहीं चल सका। पीड़ित ने अकबरपुर कोतवाली में तहरीर देकर गाड़ी बरामद करने की मांग की है।

### अब ग्रामीणों को भी मिलेगी 24 घंटे निर्बाध बिजली

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जनपद में शहरी क्षेत्र की तरह अब ग्रामीण क्षेत्रों में भी भीषण गर्मी में राहत की आस जगी है। ग्रामीणांचल के क्षेत्रों में अब 24 घंटे निर्बाध रूप से बिजली मिलेगी। इस संबंध में सभी विद्युत वितरण खंड के अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं। इस आदेश का पालन शुरू भी करा दिया गया है। नागरिकों के हित को देखते हुए पावर कार्पोरेशन ने बड़ा निर्णय लिया है। जिस प्रकार से शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं को 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का रोस्टर है, उसी प्रकार से अब ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भी 24 घंटे बिजली मिलेगी। अकबरपुर विद्युत उपकेंद्र के अधिशाषी अभियंता अनूप कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को 18 घंटे बिजली उपलब्ध कराने का रोस्टर था, लेकिन नई व्यवस्था के तहत अब 24 घंटे बिजली उपलब्ध कराई जाएगी। यह व्यवस्था अग्रिम आदेश तक जारी रहेगी।

### स्वास्थ्यकर्मियों को किया गया प्रशिक्षित

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** जिला अस्पताल में स्वास्थ्य कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया। इसमें उन्हें टीकाकरण अभियान को सफल बनाने की जानकारी दी गई। डॉ. हर्षित ने कहा कि प्रत्येक बुधवार व शनिवार को स्वास्थ्य केंद्रों पर टीकाकरण अभियान चलता है। इसमें छह वर्ष तक के बच्चों और गर्भवती को टीके लगाए जाते हैं। ऐसे में स्वास्थ्य कर्मचारियों की जिम्मेदारी है कि वह गांव-गांव जाकर अलग-अलग माध्यमों से लोगों को टीकाकरण के बारे में जागरूक करें। लोगों को बताएं कि टीका न लगवाने से कौन-कौन सी बीमारियां होती हैं। शरीर को पूरी तरह से स्वस्थ रखने के लिए टीका लगवाना अत्यंत जरूरी है।

## मुख्य अभियंता ने बाढ़ की तैयारियों का लिया जायजा

**अंबेडकरनगर, अमृत विचार।** मुख्य अभियंता शारदा सहायक सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग लखनऊ प्रभाकर प्रसाद ने विभागीय अधिकारियों के साथ जनपद का दौरा किया।

उन्होंने बाढ़ से पहले की सभी तैयारियों को समय रहते पूरा करने के जिम्मेदारों को निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता अयोध्या डीसी वर्मा, अधिशासी अभियंता अयोध्या बाढ़ खंड संजय सिंह, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड टांडा एसपी सिंह समेत कई अन्य अभियंताओं के साथ उन्होंने बाढ़ से पहले के हालात का जायजा लिया।

टांडा तहसील के अलग-अलग क्षेत्रों में पहुंचकर उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह बाढ़ से लोगों को बचाने के लिए पहले से ही सभी जरूरी इंतजाम कर लें।

बैठक | मंत्री ने लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ अध्यक्षों में भरा जोश

# बूथ के कार्यकर्ता ही भाजपा की रीढ़ : अनिल राजभर

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर

**अमृत विचार।** भाजपा सरकार ने गरीबों और असहायों के लिए अनेक कार्य किए हैं, जिसका लाभ सीधे इन लोगों को मिल रहा है। बूथ का कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है। ये बातें प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने जनपद के कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में बूथ अध्यक्षों के साथ आयोजित बैठक में कहीं।

उन्होंने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार ने देश के विकास में बहुत योगदान दिया है। जिससे आने वाले समय में भारत सभी देशों से आगे निकलता हुआ दिखाई पड़ेगा। लोकसभा चुनाव को धार देने के क्रम में भारतीय जनता पार्टी की निचली इकाई बूथ अध्यक्षों और बीएलए-2 की बैठक में भी मंत्री अनिल राजभर ने भाग लिया। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों में जोश भरते हुए कहा कि लोकसभा उम्मीदवार रितेश पांडे के लिए लोगों से मतदान करने की अपील करें। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता के बल पर ही चुनाव जीता जा सकता है। इस मौके पर प्रत्याशी रितेश पांडे, लोकसभा प्रभारी धर्मेंद्र सिंह टिल्लू, संयोजक अवधेश द्विवेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष त्रयंबक तिवारी, जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा राम किशोर राजभर भी मौजूद रहे।



कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का स्वागत करते भाजपा प्रत्याशी रितेश पांडे।



बैठक में मौजूद बूथ अध्यक्ष। अमृत विचार

### समूह की दीदी के घर पर मंत्री ने किया भोजन

कार्यक्रम समाप्ति के बाद मंत्री ने कटेहरी विकासखंड के ग्राम पंचायत आमा में प्रमिला राजभर जो कि लक्ष्मी आजीविका समूह की कोषाध्यक्ष हैं, उनके घर में भोजन किया। उन्होंने समूह की दीदी के परिवार के सदस्यों का हाल-चाल जाना। ग्रामीण परिवेश के अनुसार तैयार भोजन की मंत्री ने तारीफ की।



समूह की दीदी के घर भोजन करते मंत्री अनिल राजभर व प्रत्याशी रितेश पांडे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

## एक नजर

### जिसकी साइकिल चुराया उसी को बेचने पहुंच गया चोर

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** आदर्श सिंह ग्राम पंचायत मरदन पुरवा दिखलौल जो की इटियाथोक में स्थित एक कंप्यूटर इंस्टिट्यूट पर अध्ययन कर रहे थे। साइकिल केंद्र के बाहर खड़ी हुई थी चोर साइकिल उठाकर जा रहा था। नए गांव पेट्रोल पंप के पास रुका। वहां पर खड़े आदर्श सिंह और उसके साथी से कहने लगा 500 दो और साइकिल की जरूरत हो तो ले लो। बच्चों ने देखा यह तो साइकिल उन्हीं की है। इस पर शोर मचाया कि आसपास के लोग जुटे और चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

### नाबालिग लड़की को अगवा करने पर चार लोगों पर केस

**बभनजोत, गोंडा, अमृत विचार :** नाखोड़ारे थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति ने पुलिस को दिए हुए तहरीर में आरोप लगाया है कि उसकी 17 वर्षीय लड़की को छपिया थाना क्षेत्र के सत्यम, मनजीत, रत्ना देवी व अज्ञात ने बहला फुसलाकर शादी का झांसा देकर उसके लड़की को अपने साथ भगाकर लेकर चले गए। घटना के बाद विपक्षी के घर पहुंचा जहां पर मौजूद विपक्षी की मां व अन्य लोगों ने भद्दी भद्दी गाली देते हुए घर से जान से मारने की धमकी देकर भगा दिए। में प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि पिता की तहरीर पर तीन ज्ञात व एक अज्ञात के खिलाफ 363, 366, 504, 506 के तहत मुकदमा पंजीकृत कार्यवाही किया जा रहा है।

### दो सौ दस ग्राम गांजा बरामद

**बाराबंकी, अमृत विचार :** मादक पदार्थों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सोमवार को मोहम्मदपुर खाला पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र रामसनेही घाट निवासी वसीम के पास से 220 ग्राम गांजा बरामद किया। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# भाजपा से कीर्तिवर्धन सिंह ने भरा पर्चा कल श्रेया दाखिल करेंगी नामांकन

## सपा के बैजनाथ व बसपा के नरेंद्र ने कैसर गंज व सौरभ ने गोंडा से खरीदा पर्चा

गोंडा कार्यालय


गोंडा लोकसभा से नामांकन पत्र दाखिल करते बीजेपी प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह

**अमृत विचार :** तीन बाद नामांकन दाखिले का दौर शुरू हो गया है। भाजपा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने गोंडा सीट से भाजपा के टिकट पर अपना पर्चा दाखिल कर दिया। उनके साथ पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री व भाजपा जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से एक व्यक्ति ने नामांकन दाखिल किया है। एक मई को सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा पर्चा दाखिल करेंगी।

सोमवार को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 59-गोंडा लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह भाजपा से उम्मीदवार हैं। सोमवार को उन्होंने पूर्व मंत्री रमापति शास्त्री, जिलाध्यक्ष भाजपा अमर किशोर कश्यप के साथ गोंडा की रिटर्निंग अफसर नेहा शर्मा के समक्ष अपना नामांकन पत्र प्रस्तुत किया। सरदार पटेल सिद्धांत पार्टी से विनोद कुमार पटेल ने गोंडा लोकसभा से एक सेट तथा कैसरगंज लोकसभा से एक सेट नामांकन पत्र दाखिल किया है। आज केवल तीन नामांकन पत्र दाखिल हुए हैं। इसके अलावा बसपा की ओर से सौरभ मिश्र ने गोंडा से दो सेटों में नामांकन पत्र लिया है। बसपा से ही नरेंद्र पांडेय ने कैसरगंज से एक सेट नामांकन पत्र लिया है। इसके अलावा निर्दल उम्मीदवार के रूप में कुलदीप ने दो सेट, कन्हैया लाल ने एक सेट, समाजवादी पार्टी से पूर्व विधायक बैजनाथ दूबे ने कैसरगंज से दो सेट फार्म लिए हैं। राष्ट्रवादी पार्टी इंडिया से विनीता जायसवाल, मोहम्मद साजिद व मोहम्मद नवी ने कैसरगंज से एक-एक सेट नामांकन पत्र लिया है।

पत्रकारों से बातचीत में सांसद कीर्तिवर्धन सिंह ने कहा कि उन्हें भारतीय जनता पार्टी ने प्रत्याशी बनाया है। जो भाजपा के मुद्दे हैं वहीं उनके मुद्दे हैं। समाज और देश का गौरव बढ़ाना भाजपा का दायित्व है। जिले के अधूरे विकास के लिए काम करेंगे। विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं वह जातिवाद फैला रही है। भाजपा ने भ्रष्टाचार पर चोट की है। उन्होंने राहुल पर टिप्पणी की और कहा कि अपने अमेठी और रायबरेली की सीट क्लियर नहीं कर पाए।

### असलहों व वाहन के शौकीन हैं कीर्तिवर्धन सिंह, 18 करोड़ की है संपत्ति

**गोंडा, अमृत विचार :** करोड़पति सांसदों में गोंडा के सांसद का नाम भी शामिल हैं। उनकी कुल चल व अचल संपत्ति 18 करोड़ 19 लाख से अधिक है जबकि उनकी पत्नी, बेटे व पिता के नाम भी करीब 14 करोड़ की संपत्ति है। भाजपा उम्मीदवार ने इस बात का शपथ पत्र दाखिल कर अपनी संपत्ति का ब्योरा दिया है।

सोमवार को कीर्तिवर्धन सिंह ने भाजपा के टिकट पर गोंडा संसदीय सीट के लिए नामांकन किया है। नामांकन के दौरान उन्होंने दिए गए शपथ पत्र में अपनी चल अचल संपत्ति का खुलासा किया है। घोषित किए गए संपत्ति में कीर्तिवर्धन सिंह के हाथ में केवल 2 लाख 10 नकद रुपए हैं। लेकिन बैंक में वह मालामाल हैं। एसबीआई मनकापुर ब्रांच में 8 .31 लाख, एसबीआई दिल्ली में 31 .16 लाख, पीएनबी में 15 लाख से अधिक, पीएनबी के एक अन्य खाते में ढाई लाख से अधिक, इंडियन बैंक के दो खाते में डेढ़ लाख से अधिक अवध एरो एडवेंचर में 18 लाख से अधिक, आईसीआई लखनऊ में 12 हजार से अधिक, एचडीएफसी में 1 .19 करोड़ से अधिक, मनकापुर में इको ब्रिक फील्ड के खाते में 37 हजार, मनकापुर के एक अन्य खाते में करीब एक लाख नकद जमा है। उनके नाम एक अशोक लेलैंड का एक वाहन जिसकी कीमत नौ लाख से अधिक, भारत फोर्ज कीमत 21 लाख से अधिक, महिंद्रा एंड महिंद्रा का वाहन कीमत 35 लाख, वोक्स वैगन करीब डेढ़ लाख, एफएफ करीब 24 लाख लाख, बीएमडब्लू करीब 55 लाख तथा पावर हंड ग्लाइडर करीब 19 लाख के वाहन व साधन हैं। पीपीएफ खाते में साढ़े सात लाख, एलआईसी पॉलिसी में साढ़े तीन लाख से अधिक है। इसके अलावा अंशल ग्रुप में 35 लाख से अधिक की प्रापर्टी, सुशांत गोल्फ सिटी में 13 लाख से अधिक की प्रापर्टी है। कीर्तिवर्धन बाइक के भी शौकीन है उसकी कीमत 2 .5 लाख से अधिक है। कीर्तिवर्धन सिंह के पास एक पिस्टल व एक राइफल है। जिसकी कीमत करीब 5 लाख से अधिक है। इसी तरह उनकी पत्नी के पास भी करीब छह करोड़ की संपत्ति है। उनके नाम भी डबल बैरल का रायफल है जिसकी कीमत 15 लाख से अधिक है। इसके अलावा एक एनपी बोर की राइफल भी उनके नाम है। बेटे पास भी करीब डेढ़ करोड़ की संपत्ति है। इसके अलावा करीब छह करोड़ की अन्य परिवार के नाम प्रॉपर्टी है।

# कैसरगंज सीट को लेकर अटकलें जारी

## उहापोह

- भाजपा प्रत्याशी को लेकर कयास तो सपा को प्रत्याशी की तलाश

करनैलगंज, गोंडा

### परिसीमन के बाद रहा बृजभूषण शरण सिंह का दबदबा

वर्ष 2009 में कैसरगंज लोकसभा सीट परिसीमन होने के बाद से लगातार इस सीट पर भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह का दबदबा कायम रहा है। जिसमें दो चुनावों में इनके मुकाबले दो बार बाहरी प्रत्याशी ही उतारे गए हैं। 2009 में सुरेंद्र कुमार अवस्थी उर्फ पुतू भैया, 2014 में बृजभूषण के धुरंधर विरोधी पूर्व मंत्री स्व . विनोद कुमार सिंह उर्फ पंडित सिंह, 2019 में भी बाहरी प्रत्याशी चंद्रदेव यादव उर्फ करैली यादव को मैदान में उतारा गया था।

**अमृत विचार :** जैसे जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आ रही है वैसे वैसे चुनावी सरगर्मियां और कैसरगंज सीट पर प्रत्याशियों को लेकर कयासों पर कयास भी तेज हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी को लेकर कयास तो सपा को प्रत्याशी की तलाश को लेकर अटकलों का बाजार गर्म होता जा रहा है। भाजपा की तरफ से प्रत्याशी घोषित न किए जाने की चर्चा के साथ ही समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी को लेकर तमाम अटकलें सिर्फ हवाओं में तैरती दिखाई दे रही हैं। बस इंतजार भाजपा के प्रत्याशी घोषित होने का है। कहीं विपक्षी गठबंधन पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी बृजभूषण शरण सिंह के विरुद्ध बाहरी प्रत्याशी उतारने की फिराक में तो नहीं है यह भी चर्चा बड़ी तेजी से चल रही है। पिछले लोकसभा चुनाव में गठबंधन ने बहुजन समाज पार्टी के चंद्रदेव यादव उर्फ करैली को अपना प्रत्याशी बनाया था। उन्होंने भाजपा की लहर और बाहरी होने के बावजूद भाजपा प्रत्याशी को अच्छी शिकस्त दी थी। गठबंधन में सपा के तमाम कद्दावर नेता महज दिखावे के लिए चंद्रदेव यादव के साथ थे और अंदर खाने से उनका समर्थन भाजपा प्रत्याशी को मिल रहा था। गठबंधन प्रत्याशी के कई कार्यालयों में तोड़फोड़, कई समर्थको के साथ मारपीट की घटना भी हुई थी। जिससे चुनावी लड़ाई बेहद रोचक हो गई थी। भाजपा के साथ ही गठबंधन को भी एक अदद प्रत्याशी की तलाश है। भाजपा में प्रत्याशी को लेकर सांसद बृजभूषण शरण सिंह या उनके बेटे करन भूषण सिंह, पत्नी पूर्व सांसद केतकी सिंह का नाम चर्चाओं में है तो सपा या गठबंधन की तरफ से किसी का नाम अब तक खुलकर नहीं आ रहा है। सपा के सिपहसालारों द्वारा कभी पूर्व मंत्री पंडित सिंह के भाई नरेंद्र सिंह या पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह का नाम लिया जा रहा है। पार्टी के कुछ छूटभैया भाजपा के मुकाबले बाहरी प्रत्याशी उतारे जाने की भी चर्चा कर रहे हैं। पांचवें चरण के मतदान 20 मई की तारीख भी अब एक माह से कम बची है ऐसे में चुनावी सरगर्मियां तेज होना भी स्वाभाविक है। भाजपा की तरफ से प्रत्याशी कोई भी घोषित हो, मगर सांसद बृजभूषण शरण सिंह अपने को बतौर प्रत्याशी के रूप में जनसंपर्क अभियान के साथ सोशल मीडिया पर खूब छाए हैं उनके मुकाबले आने वाले प्रत्याशी का नाम तक लोगों के जेहन में नहीं आ रहा है।

# हमलावरों में एक पकड़ा गया

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** परसपुर थाना क्षेत्र के परसपुर कटहा घाट रोड पर मलांव गांव में सोमवार की दोपहर एक नाई की दुकान पर एक दर्जन लोग हथियारों से लैस होकर आये और दुकान संचालक को पीटने लगे। भीड़ ने हमलावरों को दौड़ाया तो भागते समय एक हमलावर की मोटरसाइकिल खंभे से लड़कर गिर गयी। जिससे चोटिल हो गया। ग्रामीणों द्वारा उसे पकड़ कर थाने लाया गया पूछताछ में उसके द्वारा अपना नाम तिलकराम लोध पुत्र रामफेर निवासी शाहपुर बताया गया। दुकान संचालक हरीश ने बताया कि एक अज्ञात व्यक्त उसके फोन पर उलूल जुलूल बातें करता था। उसी बात को लेकर दोपहर बारह बजे के करीब उसकी दुकान पर लाठी डण्डा चाकू लेकर मोटरसाइकिल से एक दर्जन लोग चढ आये और उसे मारने लगे।

### वार्ड ब्वाय का आकस्मिक निधन, शोक में स्वास्थ्यकर्मी

**गोंडा, अमृत विचार :** जिला टीबी अस्पताल में वार्ड ब्वाय के पद पर तैनात अभिषेक श्रीवास्तव का सोमवार को आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से स्वास्थ्य कर्मियों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। शोक व्यक्त करते हुए क्षय रोग परिवेक्षक राहुल कुमार बताते हैं कि अभिषेक श्रीवास्तव बेहद मिलनसार व्यक्ति थे, जो गरीब मरीजों की मदद करने में हमेशा आगे रहते थे। पिछले कई वर्षों से टीबी मरीजों को सेवा दे रहे थे। उनके निधन पर जिले के तमाम स्वास्थ्य कर्मियों नें गहरा दु:ख जताया है।

# एडीएम ने किया मतगणना स्थल का निरीक्षण

- प्लेटफार्म को 1 मई तक हर हाल में खाली करने का निर्देश

गोंडा कार्यालय


मतगणना स्थल के लिए तैयारी का जायजा लेते अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** 1 मई तक हर हाल में प्लेटफार्म खाली हो जाए, इसके साथ ही जिन दुकानों में ईवीएम मशीन रख जानी है उनको भी दुरुस्त कर लिया जाए। लापरवाही बरतने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उक्त निर्देश अपर जिलाधिकारी चंद्रशेखर ने सोमवार को मंडी निरीक्षण के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि मतगणना मंडी स्थल में ही होगी । इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था कर ली जाए । साफ सफाई व्यवस्था पूरी कर ली जाए जो प्लेटफार्म टूटे-फूटे हैं उनको भी सही कर लिया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि जिन दुकानों में ईवीएम मशीन को रखा जाना है उनका चेक कर लिया जाए। यदि उनका शटर व ताला गड़बड़ हो तो बदलते हुए नया लगवा लिया जाए 2 मई को ऑब्जर्वर आकर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी करेंगे । उन्होंने मंडी सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि साफ सफाई पर विशेष व्यवस्था की जाए। प्लेटफार्म पर जो गेहूं रखा हुआ है उचित जगह पर पहुंचा दिया जाए। व्यापारियों की दुकानों को भी खाली कराया जाए। दुकानों के सामने के बरामदे को भी सही कराया जाए यदि फर्श टूटी हुई है तो दो-चार दिन में पूरी कर ली जाए।

### रेल ट्रैक पर मिला युवक का क्षत -विक्षत शव

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार:** इटियाथोक थाना क्षेत्र के सिसई बहलोलपुर स्थित हनुमान मंदिर के निकट गोंडा गोरखपुर रेल प्रखंड पर 35 से 40 वर्ष उम्र के बीच युवक का क्षत विक्षत शव रेलवे ट्रैक पर मिला है।

मौके पर पहुंची इटियाथोक पुलिस ने क्षत विक्षत शव को इकट्ठा करने के बाद पंचनामा किया। आसपास के लोगों से जानकारी ली, पुलिस ने अज्ञात शव को मुख्यालय भेज दिया है घटना रविवार रात की बताई जा रही है। जन चर्चा है अज्ञात युवक या तो ट्रेन से कटा है या मारकर उसे रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया गया है। इस बारे में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुरेंद्र तिवारी ने बताया कि उन्हें घटना की जानकारी 7:00 बजे के आसपास हुई।

# पहले लिया 25 हजार का उधार, अब दे रहे धमकी

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार:** व्यापारी के व्हाट्सएप पर अश्लील फोटो भेज कर ब्लैकमेल करने का आरोप लगाते हुए पीड़ित व्यक्ति ने पुलिस अधीक्षक से मिलकर शिकायत कर निष्पक्ष जांच एवं कार्रवाई की मांग की।

थाना क्षेत्र के भागू पुरवा निवासी सहीजुद्दीन की मस्जिदिया चौराहे पर किराने की दुकान है। उसकी दुकान से मस्जिदिया गांव निवासी हकीम के कहने पर उसकी पत्नी उधार में घरेलू सामान ले जाया करती थी। क्योंकि हकीम बाहर रहकर कमाई करता था। वहां से वापस आने पर बकाया पैसा देने की बात कही थी। बाहर से आने के बाद जब दुकानदार ने बकाया करीब 25 हजार रुपए की मांग की। तो पति-पत्नी दोनों ने गाली गलौज दी और उसे सबक सिखाने की धमकी देकर चले गए।

पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायत पत्र में पीड़ित व्यापारी ने यह भी आरोप लगाया है कि दो दिन बाद दोनों ने साजिश के तहत व्यापारी के व्हाट्सएप पर कुछ अश्लील फोटो भेज दिया और डेढ़ लाख रुपए की मांग की।

इस संबंध में थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को दिया गया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### विश्व नृत्य दिवस पर प्रतिभागी बच्चे सम्मानित


पुरस्कृत बच्चे प्रमाण पत्र के साथ। अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार, अमृत विचार :** विश्व नृत्य दिवस पर उड़ान एकेडमी ने प्रतिभागियों को सम्मानित किया। उड़ान एकेडमी ट्रेनिंग सेंटर क्रेयॉन्स स्कूल में प्रशिक्षण ले रहे प्रतिभागियों के मध्य नृत्य व जुम्बा प्रदर्शन का आयोजन किया गया। जुम्बा और एरोबिक्स की महिलाओं ने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक दक्षता का प्रदर्शन किया। उनके प्रदर्शन में विभिन्न आकृतियां सम्मिलित रहीं। जिसके माध्यम से उन्होंने यह दिखाया कि हम शारीरिक मानसिक रूप से कैसे स्वस्थ रह सकते हैं। नृत्य में शानदार प्रस्तुति करने वालों में प्रथम स्थान पर नेहा, प्रार्थना, अद्रिका रही। द्वितीय स्थान पर अनिका, वैष्णवी, ऋतु रहीं। तृतीय स्थान पर आरूषि, प्रणव, पीहू रहीं। सांत्वना पुरस्कार आरुष को दिया गया।

### विद्यालय का ताला तोड़ टुल्लू पंप चोरी

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** अज्ञात चोरों ने प्राथमिक विद्यालय परिसर में रसोई में लगे टुल्लू पम्प को ताला तोड़ कर चोरी कर ले गए। प्रधानाध्यापक ने पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर दिया है। क्षेत्र के नरायनपुर ग्रान्ट गांव में स्थिति प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधानाध्यापक बीरेंद्र बहादुर मौर्य ने पुलिस को दिये तहरीर में कहा है कि सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर देखा कि विद्यालय परिसर में बने रसोई घर का ताला टूटा है। अंदर जाकर देखा तो जलापूर्ति के लिए लगा टुल्लू पंप अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। कुछ दिन पूर्व भी विद्यालय के बगल गांव के प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़ कर मोटर व अन्य सामान भी चोरों ने गायब किया था जिसमें तहरीर देने के बाद कोई कार्यवाही न होने से चोरों के हौसले बुलंद हैं। नरायनपुर ग्रान्ट प्राथमिक विद्यालय में चोरों ने टुल्लूपम्प चोरी कर चलते बने।

### कार की ठोकर से युवक घायल, दो बच्चे भी चोटिल

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** रविवार की रात खरगूपुर रोड इटियाथोक पर बाइक व कार में टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायलों को आनन फानन में सीएचसी इटियाथोक ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार तेलियानी कानूनगो निवासी पूजा राम (17) पुत्र अजय कुमार अपने घर से बाइक के जरिए खरगूपुर मार्ग से रिश्तेदारी में जा रहा था। खरगूपुर रोड पर पहुंचते ही कार की चपेट में आ गया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बाइक पर गांव के ही दो छोटे बच्चे भी बैठे हुए थे, उन्हें भी चोटें आई हैं। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना 108 को दी। मौके पर पहुंची 108 ने सीएचसी इटियाथोक इलाज के लिए पहुंचाया।

### फल की इच्छा छोड़कर कर्म पर ध्यान देना चाहिए- शास्त्री


कथा कहते भोलानाथ शास्त्री। अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** सरयू घाट क्षेत्र के कटरा भोगचंद खजुरिया में चल रहे सात दिवसीय श्रीमद् भागवत में रविवार को भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन सुन श्रद्धालु भावविभोर हो गए। कथावाचक भोलानाथ शास्त्री ने भगवान की बाल लीला के चरित्र का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि लीला और क्रिया में अंतर होता है। अभिमान तथा सुखी रहने की इच्छा प्रक्रिया कहलाती है। इसे न तो कर्तव्य का अभिमान है और न ही सुखी रहने की इच्छा, बल्कि दूसरों को सुखी रखने की इच्छा को लीला कहते हैं। भगवान श्री कृष्ण ने यही लीला की, जिससे समस्त गोकुल वासी सुखी और संपन्न थे। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण के जन्म लेने पर कंस उनकी मृत्यु के लिए राज्य की सबसे बलवान राक्षसी पूतना को भेजता है। राक्षसी पूतना भेष बदलकर भगवान कृष्ण को अपने स्तन से जहरीला दूध पिलाने का प्रयास करती है। लेकिन भगवान उसका वध कर देते हैं। इसी प्रकार कार्तिक माह में बृजवासी भगवान इंद्र को प्रसन्न करने के लिए पूजन कार्यक्रम की तैयारी करते हैं। लेकिन भगवान श्रीकृष्ण बृजवासी को इंद्र की पूजा करने से मना कर देते हैं और गोवर्धन की पूजा करने के लिए कहते हैं। यह बात सुनकर भगवान इंद्र नाराज हो जाते हैं और गोकुल को बहाने के लिए भारी बारिश करते हैं। इसे देखकर समस्त बृजवासी परेशान हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भारी वर्षा को देखकर भगवान कृष्ण कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठाकर सभी लोगों को उसके नीचे छुपा लेते हैं। मथुरा को कंस के आतंक से बचाने के लिए भगवान श्री कृष्ण ने कंस का वध किया।

# चार लोगों के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**बभनजोत, गोंडा, अमृत विचार:** अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर विवाहिता को मारा पीटा। पीड़िता की तहरीर पर पति समेत ससुर, ननद व देवर के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा हुआ दर्ज। खोड़ारे थाना क्षेत्र के सुकरौली निवासी शाहीन ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया है कि उसका मायका थाना क्षेत्र के बस्ती राघव गांव में है।

बीते जून 2018 में उसकी शादी सुकरौली गांव के समसुल्लाह के साथ मुस्लिम रीति रिवाज के अनुसार हुई थी। शादी के बाद से ही ससुराल वाले अतिरिक्त दहेज की मांग किया करते थे। अतिरिक्त दहेज 5 लाख रुपया ना देने पर पीड़िता को पेट्रोल डालकर जला देने की व उसके पति की दूसरी शादी करा देने की धमकी देते थे। 12 दिसंबर 2023 को विवाहिता से अतिरिक्त मांग पूरा न होने पर उसके पति समसुल्लाह, ससुर समीउल्लाह, देवर शफीक, ननद शकीरा ने मारा पीटा और जान से मारने की धमकी दी। जेवरात व कपड़े छीन कर अपने घर से भगा दिए। पीड़िता ने उक्त घटना की जानकारी अपने मायके वालों से बताया। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि चार लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

### खेत में खड़ी सात बीघे गेहूं की फसल जली

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** इटियाथोक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मध्य नगर में अज्ञात कारणों से गेहूं के खेत में आग लग गई, जिससे 7 बीघे खड़ी फसल जलकर राख हो गई। मध्य नगर निवासी द्वारिका सिंह व नागेश्वर सिंह की खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। जब तक जानकारी मिलती, लगी आग को बुझाने का प्रयास किया गया तब तक करीब 7 बीघे फसल जलकर राख हो गई। लोगों का कहना है बीड़ी, सिगरेट पीकर इधर-उधर फेंक देते हैं जिसके कारण भी आग लग जाती है। इसकी जानकारी हल्का लेखपाल मैनुद्दीन अंसारी को दी गई। मौके पर पहुंचे, हल्का लेखपाल ने अपनी रिपोर्ट शासन को भेज दी है।

# सड़क की बनी पटरी, बनाया गया रैंप

खबर का असर

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** अमृत विचार के अंक में 28 अप्रैल को कंपोजिट विद्यालय पर सड़क की पटरी और रैंप नदारद शीर्षक से प्रकाशित खबर का असर हुआ। सीडीओ के निर्देश के बाद स्कूल जाने के मार्ग व रैंप का निर्माण करा दिया गया। शिक्षा क्षेत्र बेलसर के कंपोजिट विद्यालय चांदपुर में सड़क का निर्माण कराया गया था, लेकिन सड़क के किनारे पटरी वा रैंप नहीं बनाया गया था। जिससे बच्चों को स्कूल आने में दिक्कत हो रही थी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह ने 18 अप्रैल को बेसिक शिक्षा अधिकारी को पत्र देकर कहा था कि पटरी वा रैंप न होने से बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं। लोकसभा में उक्त विद्यालय मतदान केंद्र भी है। कोई भी वाहन मतदान केंद्र तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी को पत्र भेजकर निर्माण कराए जाने का अनुरोध किया था। खबर प्रकाशित होने के बाद विभाग ने संज्ञान लिया। सड़क की पटरी व रैंप का निर्माण करा दिया। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका सीमा सिंह, शिक्षक नेता राजेश कुमार शुक्ल ने प्रसन्नता व्यक्त किया है। राकेश शुक्ल ने कहा कि अमृत विचार अखबार हमेशा मुद्दों से जुड़ी खबरें प्रकाशित करता है।


बन कर तैयार हुई सड़क।

## अपनी बात

### पहली बार मत डालने को उत्साहित हैं युवा

# शिक्षा, सुरक्षा व स्वास्थ्य की बात करने वाले को वोट

नवाबगंज, गोंडा


गीतांजलि


आशीष


विशाल


राधा भारती

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर 20 मई को गोंडा जिले में मतदान होना है। जैसे जैसे तारीख नजदीक आ रही है। उम्मीदवार मतदाताओं को रिझाने में लगे हुए हैं। गांव गांव पहुंचकर योजनाओं को लेकर वादों का पिटारा खोला जा रहा है। इसी बीच युवा मतदाताओं में भी मतदान को लेकर उत्सुकता का माहौल नजर आ रहा है। युवा मतदाता शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने वाले सांसद को चुनना चाहते हैं।

अमृत विचार की टीम ने सोमवार को नवाबगंज क्षेत्र के पहली बार मतदान करने का इंतजार कर रहे युवाओं से बातचीत किया तो युवा वर्ग के मतदाताओं ने कहा कि जो भी पार्टी या नेता हम युवाओं को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में मदद करेंगे हम लोग उसी पार्टी और नेता के पक्ष में वोट करेंगे। पहली बार वोटर बनी छात्रा गीतांजली यादव ने कहा कि न हम युवाओं के बारे में सोचने वाली पार्टी और सांसद के पक्ष में वोट करेंगे। युवाओं के लिए शिक्षा क्षेत्र में काम होना चाहिए। बीएससी छात्र आशीष यादव ने कहा कि लेकिन सांसद ऐसा होना चाहिए जो हम युवाओं के बारे में सोंचे और हम लोगों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराएं और क्षेत्र का विकास करे।

छात्र विशाल यादव ने कहा कि क्षेत्र का सांसद ऐसा होना चाहिए जो हमारे क्षेत्र का विकास करे और हम युवाओं के भविष्य के बारे में सोचे। युवा शिक्षा ग्रहण करके आगे बढ़ेंगे तो क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे तो पार्टी और नेता का नाम भी रोशन होगा। छात्रा राधा भारती ने कहा कि वह उस पार्टी के उम्मीदवार के पक्ष में वोट करेंगी जो हम बच्चियों की रक्षा करेगा आदि क्षेत्र बेहतर काम होना चाहिए। साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मिलना बहुत जरूरी है।

# बैंक एटीएम के सुरक्षा को पुलिस ने चलाया अभियान

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सोमवार को पूरे जिले में बैंक की प्रतिष्ठानों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अभियान चलाया गया। सभी क्षेत्राधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र में पुलिस कर्मियों के साथ एटीएम, बैंक आदि वित्तीय संस्थानों पर जाकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए लोगों को जागरूक किया।

सभी थाना अध्यक्षों व चौकी इंचार्ज ने बैंक पर पहुंचकर सुरक्षा में लगे पुलिसकर्मियों से बातचीत की तथा बैंक में मौजूद रहे ग्राहकों से भी वार्ता कर सुरक्षा के बारे में जानकारी प्राप्त की। अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग के दौरान बैंक, एटीएम ग्राहक सेवा केन्द्रों व अन्य वित्तीय संस्थानों के आस-पास संदिग्ध अनावश्यक खड़े व्यक्ति की चेकिंग की गयी। पुलिस कर्मियों ने सुरक्षा को लेकर बैंक प्रबंधकों से भी बातचीत की। उनसे कहा कि यदि कोई अनावश्यक रूप से बैंक परिसर या उसके आसपास घूम रहा हो तो इसकी सूचना तत्काल पुलिस के दी जाए। पुलिस कर्मियों ने यह भी कहा कि यदि अधिक पैसा लेकर किसी और दूसरी शाखा में जा रहे हैं तो पुलिस सुरक्षा जरूर ली जाए। पुलिस कर्मियों ने कई ग्राहकों को भी सुरक्षा की जानकारी दी तथा जागरूक किया।

## एक नजर

### मतदान को लेकर ट्रांसजेंडरों से संवाद आज

**गोंडा, अमृत विचार :** मंगलवार को सायं 04 .30 बजे से जिला पंचायत सभागार में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत ट्रांसजेंडरों के साथ संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी जनपद के मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। समाज के हर वर्ग से उन्होंने मतदान में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की है। इसी के क्रम में ट्रांसजेंडरों से भी संवाद किया जा रहा है।

### सार्वजनिक भूमि पर लगे हरे पेड़ों को काट डाला

**करनैलगंज, गोंडा :** तहसील क्षेत्र के ग्राम प्रतापपुर में सार्वजनिक भूमि पर लगे हरे पेड़ों को काटकर बेचने का मामला सामने आया है। एक ग्रामीण की शिकायत पर एसडीएम ने जांच के आदेश दिए हैं। ग्रामीण ने एसडीएम को दिए गए शिकायती पत्र में कहा गया है कि ग्राम प्रतापपुर में सड़क के किनारे लगे कीमती पेड़ जैसे गूलर, सेमर, सफेदा, बाबुल, भिलोर, शीशम, आदि पेड़ों को गांव के एक दबंग व्यक्ति ने चोरी से काटकर बेच दिया है। एसडीएम भारत भार्गव ने मामले की जांच के लिए लेखपाल व राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया है।

### सड़क किनारे से मिट्टी हटाने की मांग

**गोंडा, अमृत विचार :** घर-घर जल पहुंचने के लिए सड़क के किनारे पाइप डालने के लिए जल निगम विभाग ने खुदाई की है। मिट्टी सड़क पर ही रख दी गई है। ग्रामीणों ने मिट्टी को सड़क से हटाने की मांग प्रशासन से की है। विकासखंड पंडरी कृपाल अंतर्गत भरवलिया गांव से तिवारी पुरवा को जाने वाली पिच रोड के किनारे पानी की आपूर्ति के लिए जल निगम ने गड्ढे की खुदाई की थी। लेकिन जो मिट्टी निकाली थी उसको सड़क किनारे ही छोड़ दिया गया है। मिट्टी में अक्सर लोग फंस कर गिर रहे हैं। ग्रामीणों में सुनील, अनिल, श्याम बाबू, राधेश्याम, मनीष विक्रम, अमित, विकास, आदि लोगों ने सड़क पर पड़ी मिट्टी हटवाने की मांग प्रशासन से की है।

# 112 नहीं, 116 क्रय केंद्र पर होगी गेहूं की खरीद

## जिले को है 130700 मीट्रिक टन खरीदने का लक्ष्य, अभी तक हुई 5454.07 मीट्रिक टन खरीद

**गेहूं खरीद**

**▸▸ अभी तक 960 किसानों ने ही सरकारी केंद्र पर बेचा है गेहूं**

गोंडा कार्यालय



मंडी में गेहूं क्रय केंद्र पर आवक का इंतजार करते क्रय केंद्र के कर्मी। अमृत विचार

**अमृत विचार:** गेहूं खरीद के लिए सरकार की ओर से क्रय केंद्र बढ़ा दिए गए हैं। अभी तक 112 क्रय केंद्र थे इनको बढ़ाते हुए शासन ने 116 कर दिए हैं। अभी तक 960 किसानों ने ही अपनी उपज को सरकारी क्रय केंद्र पर बेचा है । अभी तक कुल 5454.07 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद हो पाई है।

खरीद न होने से गेहूं खरीद से जुड़े अफसरों में हड़कंप मचा हुआ है। अब अफसर व कर्मचारी किसानों के घर पहुँच रहे है। गांव में जाकर किसानों से संपर्क करने का फायदा खरीद से जुड़े कर्मचारियों को मिलने लगा है। गल्ला मंडी में स्थापित केंद्र पर किसान गेहूं बेचने के लिए आने लगे है ।जनपद में गेहूं खरीदने के लिए छ एजेंसियों को जिम्मेदारी मिली है। सबसे अधिक गेहूं खरीदने का लक्ष्य पीसीयू को मिला है ।इस एजेंसी को 42000 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद करनी है। इस बार गेहूं खरीद सत्र का शुभारंभ 1 मार्च से हो गया था । जनपद में इस बार छ एजेंसी को गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी सौंप गई है । जिसमें खाद्य विभाग 20000 मीट्रिक टन ,पीसीएफ को 33000 मीट्रिक टन, पीसीयू को 42000 मीट्रिक टन ,यूपीएसएस को 20000 मीट्रिक टन ,भारतीय खाद्य निगम को 11700 मेट्रिक टन तथा कृषि उत्पादन मंडी समिति को 4000 मेट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया है ।

जनपद को जो इस बार लक्ष्य दिया गया है वह विगत कई वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ रहा है । कभी भी इतना लक्ष्य जिले को गेहूं खरीदने का नहीं मिला है। इस बार 130700 मेट्रिक टन गेहूं खरीदने की जिम्मेदारी मिली है। जिसमें खाद्य विभाग , पीसीयू पीसीएफ है। फसल भी तैयार हो गयी है,ऐसे में गेहूं खरीद में तेजी आने की उम्मीद थी। लेकिन खुले बाजार में गेहूं का रेट अधिक होने के चलते सरकारी केंद्र पर किसान नहीं आ रहे हैं। केंद्र प्रभारी किसानों का इंतजार कर रहे हैं। गेहूं खरीद ना होते देखकर शासन ने किसानों के घर पर जाकर गेहूं खरीद की शुरुआत की है। मोबाइल खरीद शुरू होने से थोड़ा बहुत सरकारी खरीद हो पा रही है । अभी तक जितने किसानों ने अपनी उपज को सरकारी केंद्र पर बेचा है उनमें से अधिकांश का भुगतान भी हो गया है। काफी समय तक जिले में 112 केंद्र पर ही खरीद हो रही थी लेकिन लक्ष्य अधिक होने से केंद्र की संख्या बढ़ते हुए 116 कर दी गई है । क्रय केंद्र भले ही जिले में बढ़ गए हो लेकिन किसान सरकारी केंद्र पर आते नहीं दिख रहे हैं । जिसको लेकर गेहूं खरीद से जुड़े अफसर परेशान हैं।

गांव में गेहूं खरीद से जुड़े अवसर व केंद्र प्रभारी जाकर गेहूं खोज रहे हैं। जिला खाद्य विपणन अधिकारी प्रज्ञा मिश्रा ने बताया कि जिले में छ एजेंसियां गेहूं खरीद कर रही हैं ।शासन की ओर से सभी एजेंसियों को गेहूं खरीद करने का लक्ष्य आवंटित किया गया है। अभी तक करीब 5454.07 मीट्रिक टन गेहूं के खरीद की गई है। उन्होंने बताया कि लक्ष्य अधिक होने से क्रय केंद्र की संख्या बढ़ाई गई है। जिले में अब 116 केंद्रों पर खरीद की जा रही है।

## सार-संक्षेप

### थीम सांग का विमोचन आज

**गोंडा, अमृत विचार :** मतदान को लेकर जागरूकता के कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। मतदाता जागरूक हो इसको लेकर प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी के क्रम में जिला पंचायत सभागार में स्वीप के अन्तर्गत थीम सांग का विमोचन आयुक्त देवीपाटन मंडल के द्वारा मंगलवार को किया जायेगा।

### शत प्रतिशत मतदान को दिलाई शपथ

**बभनजोत गोंडा, अमृत विचार :** लोकसभा आम निर्वाचन में मतदाता भागीदारी बढ़ाने नैतिक मतदान तथा निर्वाचन संबंधित जागरूकता जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्विफ्ट कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में विकासखंड बभनजोत के ग्राम पंचायत करौहा के प्राथमिक विद्यालय में एडीओ पंचायत बभनजोत हकुम सिंह के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें लोकसभा चुनाव के मद्देनजर 20 मई के दिन अपने बूथ पर बिना प्रलोभन के जाति धर्म का भेदभाव किए बिना निष्पक्ष एवं निर्भीक रूप से शत प्रतिशत मतदान करने के लिए उपस्थित लोगों को शपथ दिलाया गया। इस अवसर पर ग्राम प्रधान पंचायत सचिव सहित आंगनवाड़ी, आशा बहु सहित अधिकांश ग्रामीण मौजूद रहे।

### काम न करने पर पिटाई, मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थानाक्षेत्र के बड़कुइयाँ निवासी मंगल प्रसाद ने केस दर्ज कराया है कि गांव के सूबेदार शुक्ल व अनिल शुक्ल ने गन्ने के खेत की जुताई न करने पर वादी व उसकी पत्नी सुशीला को जातिसूचक गाली देते मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि एससीएसटी समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच क्षेत्राधिकारी तरबगंज को जांच भेज दी गयी है।

### बिना परमिट के काटा पेड़ मुकदमा दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना के टिकरी रेंज बीट प्रभारी रामकेश ने थानाक्षेत्र बिना परमिट के 45 हरे सागौन के पेड़ कटवा कर बेचने का मुकदमा दर्ज करवाया है। दर्ज मामले के अनुसार बलेश्वरगंज निवासी पप्पू पुत्र राधे ने बिना परमिट के हरे सागौन 45 पेड़ रामपुर टेंगरहा निवासी अनिल पांडेय को बेंच दिया। जिसे कटवा भी लिया गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि वन संरक्षण अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### तीस हजार गायब, अज्ञात पर केस दर्ज

**गोंडा, अमृत विचार :** वजीरगंज थाना के डुमरियाडीह निवासी अमन गुप्ता ने थाने पर तहरीर दी है कि उसके बाबा सुखकरन प्रसाद गुप्ता पिछले महीने 5 मार्च को डुमरियाडीह कस्बे में स्थित इंडियन बैंक से 32हजार रुपये निकाले थे। उसी दिन कस्बे में ही स्थित प्रथमा ग्रामीण बैंक में 30हजार रुपये जमा करने गए। इसी दौरान जेब रखा रुपया गायब हो गया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा रुपया गायब करने का केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

### बाइक सवार ने मारी ठोकर, नामजद मुकदमा दर्ज

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार :** बाइक सवार द्वारा एक व्यक्ति को ठोकर मार देने से गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। नगर पंचायत के आंटा निवासी अनूप जायसवाल ने थाने पर सूचना देते हुए बताया कि चार दिन पहले उनके भाई अनुज जायसवाल घर में खाना खाकर रात 11 बजे घूमने निकले थे कि पीछे एक युवक बाइक लेकर आया और पीछे से ठोकर मार दिया जिससे उनके भाई का दाहिना पैर टूटने के साथ-साथ गंभीर चोटें आयीं ।

### पुस्तकें पाकर नौनिहाल हुये निहाल पुस्तकें

**पयागपुर, बहराइच, अमृत विचार :** पयागपुर विकास खंड के भूपगंज स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय भूपगंज में सोमवार को विद्यालय के प्रधान शिक्षक प्रदीप पाण्डेय द्वारा कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों को विभाग द्वारा आपूर्ति की गई पुस्तकें वितरित की गईं। श्री पाण्डेय ने बताया कि कक्षा एक व दो के बच्चों की पाठ्य पुस्तक व कार्य पुस्तिका अभी उपलब्ध न हो पायी है,जिससे उनका वितरण नहीं किया जा सका।

# खजुरिया जाने वाले मार्ग पर संकट

नवाबगंज, गोंडा



जर्जर सड़क से ही जाते हैं लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार:** पावन नगरी अयोध्या में रामजन्म भूमि मंदिर बन जाने से दिनों दिन श्रद्धालुओं की संख्या धीरे-धीरे भीड़ बढ़ रही है। कटरा शिवदयाल गंज तिराहा श्रद्धालुओं का केंद्र बन गया है। श्रद्धालुओं को आये दिन कटरा शिवदयाल तिराहे पर प्रशासन द्वारा बैरिकेडिंग कर रोक दिया जाता है। जिससे श्रद्धालुओं और दुर्गा गंज मांझा, टेढिया पुल और खजुरिया गांव के स्थानीय लोगों को अपने घर पहुंचने में एक बार नहीं सौ बार सोचना पड़ता है। ऐसे में लोगों को कटरा शिवदयाल तिराहे से लगभग पांच सौ मीटर पहले एक रास्ता बाईपास है। जो खजुरिया गांव से होकर अयोध्या धाम जाने वाले मार्ग को जोड़ता है। सड़क पूरी तरह से टूट गई है। जगह जगह गड्ढे हो गए हैं। कनकपुर और फत्तेपुर गांव के लोगों द्वारा सड़क पर नाली का पानी गिराया जा रहा है। सड़क किनारे कूड़े का ढेर लगा हुआ है। सड़क झाड़ियों से घिरी हुई है। जहरीले जीव जंतुओं के काटने से श्रद्धालुओं और बच्चों में खतरा बरकरार रहता है, जबकि इसी रास्ते से खजुरिया गांव के बच्चे स्कूल भी आते जाते हैं। कभी-कभी स्कूल जाने वाले बच्चे कीचड़ में गिर जाते हैं।

# इंस्पेक्टर बोल रहा हूं.. आपका बेटा रेप केस में फंस गया है

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार:** हेलो मैं इंस्पेक्टर बोल रहा हूं,.. आपका बेटा तीन दोस्तों के साथ रेप करते पकड़ा गया है। यदि उसे बचाना हो तो दीजिए सत्तर हजार रूपये। उक्त काल शिक्षा क्षेत्र बेलसर के एक प्राथमिक विद्यालय में तैनात शिक्षिका के मोबाइल पर आया। कहा कि आपके बेटे हर्ष को लखनऊ पुलिस ने रेप के आरोप में तीन दोस्तों के साथ गिरफ्तार किया है। चाहो तो अपने बेटे से बात कर लो। तभी उधर से आवाज आती है मम्मी मुझे बचा लो। शिक्षिका ने बताया कि वह आवाज सुनकर कांप गई। कहा कि उसके खाता में सत्तर हजार नहीं है। केवल बीस हजार रूपये हैं। फिर उधर से आवाज आई बीस हजार ही फोन पे कर दो। तब तक शिक्षिका की नजर काल वाले नंबर पर पड़ी। उस पर काल करता के आगे फ्रॉड काल लिखा था।। शिक्षिका ने बताया कि हमने ट्रू कालर एप मोबाइल में लगा रखा है। फिर लखनऊ अपने रिश्तेदार व बेटे से बात किया। कहा कि आपको कोई गुमराह कर रहा था। ऐसी कोई बात नहीं है। शिक्षिका ने कहा कि वह चाहती हैं अब किसी के साथ ऐसा न हो। लोग सावधान हो जाएं।

# ढाबे व पेट्रोल पंप के माध्यम से की जाए यातायात जागरूकता



यातायात जागरूकता को लेकर बैठक करती डीएम। अमृत विचार

**▸▸ 18 साल से कम बच्चों को न दी जाए स्कूटी और बाइक**

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन हुआ। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों की सुरक्षा प्रशासन की उच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और इसकी जिम्मेदारी शिक्षण संस्थानों एवं अभिभावकों की भी होगी। जिलाधिकारी ने ऑन रोड सेफ्टी द्वारा दिए गए नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुपालन में बैठक में निर्देश दिए कि संयुक्त भ्रमण करते हुए दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट पर दुर्घटनाओं को प्रभावी ढंग से रोकने के लिए होर्डिंग एवं बैनर के माध्यम से जो कार्यवाही की है उसका सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि ऐसे गांव जहां के जानवर सड़क पर आ जाते हैं और दुर्घटनाएं होती हैं, वहां सुरक्षित ड्राइविंग के लिए साइन बोर्ड लगाया जाए ताकि होने वाली दुर्घटना को रोका जा सके। स्कूलों में अध्यापक भी दोपहिया वाहनों की सवारी के दौरान हेलमेट लगाना सुनिश्चित करें ताकि बच्चों को प्रेरित किया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी रोडवेज चालकों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र परीक्षण भी किया जाए। उनका समय-समय पर रिफ्रेशर कोर्स भी कराया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटना होने पर इमरजेंसी डॉक्टर हर हाल में मौजूद मिलने चाहिए डॉक्टर के मौजूद न होने पर या इलाज में देरी होने पर घायल व्यक्ति की जान चली जाती है उन्होंने कहा की हाइवे किनारे स्थित ढाबों पेट्रोल पंप आदि पर यातायात नियमों के प्रति जागरूकता फैलाई जाए। इस दौरान अपर जिलाधिकारी, एएसपी, सिटी मजिस्ट्रेट सभी संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### चालक ने ली झपकी पलटी ईको वैन

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** चालक के झपकी लेने से एक ईको वैन अनियंत्रित होकर पलट गई। गनीमत रही वाहन में यात्री नहीं थे सिर्फ चालक को हल्की चोट लगी है। घटना गोंडा लखनऊ मार्ग के बीआरसी स्थित कंपोजिट विद्यालय के सामने की है ।रविवार की देर शाम लखनऊ की तरफ से एक ईको वैन आ रही थी। अभी वह कंपोजिट विद्यालय के सामने पहुंची ही थी की चालक के झपकी लेने से अनियंत्रित होकर नगर पालिका परिषद द्वारा स्थापित कूड़ेदान पर चढ़कर विद्यालय की बाउंड्रीवाल से टकरा कर पलट गई। वाहन को अनियंत्रित देखकर वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई। कुशल था की कार कूड़ेदान पर चढ़कर विद्यालय की बाउंड्रीवाल से टकरा गई।

# आग से 17 घरों की गृहस्थी स्वाहा

करनैलगंज, गोंडा



गढ़वार गांव में लगी आग। अमृत विचार

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के मुहम्मदपुर गढ़वार में सोमवार की दोपहर अचानक आग लगने से 17 से अधिक घरों की गृहस्थी तबाह हो गई। वहीं दो मवेशी भी इस अग्निकांड का शिकार हो गए जिनकी मौत हो गई वही कुछ मवेशी झुलस भी गए हैं।

राजस्व निरीक्षक संजय शुक्ल व लेखपाल आबिश हुसैन ने बताया कि सोमवार दोपहर अचानक अज्ञात कारणों से राधेश्याम के फूस के घर में आग लगी जो देखते ही देखते भयानक रूप ले ली। आग की घटना के दौरान सब सो रहे थे गनीमत रही लोग किसी तरह अपनी जान बचा लिए मगर दो जानवर जिनमे एक भैंस व एक पडिया उसी में जल गए जिससे उनकी मौत हो गई। अन्य जानवर भी झुलस गए मगर गांव वालों की मदद से किसी तरह जान बचाई जा सकी। अग्निकांड में जगराम, अवधेश, प्रेम यादव, राधे, राम सजीवन, अर्जुन, चन्द्र प्रकाश, सुखराम, अनिल, सुनील, जवाहिर, राजिंदर, रँगी लाल, राजकुमार, अशोक कुमार, अश्वनी व धनीराम समेत अन्य के घर जलकर राख हो गए । इनमें साइकिल, भूसा, अनाज, कपड़े, बर्तन आदि गृहस्थी के सभी सामान जलकर राख हो गए। तहसीलदार मनीष कुमार ने बताया मौके पर टीम भेजा गया है नुकसान का आकलन कर जल्द राहत मुहैया कराई जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

**सूचना**

सूचित हो कि मैनें अपना नाम इन्द्रसेन से बदलकर इन्द्रसेन गौतम रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम जाना-पहचाना जाय। **इन्द्रसेन गौतम पुत्र राकेश कुमार, पता- बैरी, पो0-खखरेरू, फतेहपुर, उ0प्र0-212656**

**सूचना**

सूचित हो कि मेरे भवन सं0 सी 35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ का मूल आवंटन पत्र 4/ JS (A) 89 दिनांक 10/03/89 एवं मूल कब्जा प्रमाण पत्र न0-2094/JS (A) दिनांक 05/04/1989 जो लखनऊ विकास प्रधिकरण लखनऊ द्वारा रामचन्द्र कनौजिया पुत्र कुलंची कनौजिया के नाम से जारी किया गया था। मूलरूप से खो गया है। जिसका प्रयोग अवैध होगा। **-रामचन्द्र कनौजिया, निवासी- सी-35 आजाद नगर योजना सेक्टर सी लखनऊ**

**तलाश गुमशुदा**



नाम - **गुमशुदा मोहनलाल**
**पुत्र**- जित्ता
**हुलिया**-लम्बा चेहरा, रंग सांवला ऊंचाई करीब 05 फुट
**उम्र**- 60 साल
**पहनावा** - लाइनदार सफेद शर्ट, चॉकलेटी रंग का लोवर, चॉकलेटी रंग के जूते हांथ मे लाठी

गुमशुदा मोहनलाल पुत्र जित्ता, ग्राम- रामसिंह खेड़ा, मजरा- थाना, पो0- थाना, जनपद- उन्नाव का निवासी है जो कि दिनांक 20 अप्रैल 2024 दिन शनिवार को प्रातः 9: 30 बजे से अपने गांव से यह कहकर निकले की दवा लेने जा रहा हूँ दोपहर 12 बजे तक कोई खोज खबर नही मिलने पर घर वाले ढूंढने के लिये निकले हैं। नजदीकी पुलिस स्टेशन माखी थाना में गुमशुदी की रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। यदि किसी थाने में इस हुलिया/पहिचान का गुमशुदगी/लापता का कोई व्यक्ति किसी की जानकारी में हो तो निम्न पते पर सूचित करने की कृपा करें। सूचना देने वाले को उचित इनाम दिया जायेंगा।

**क्षेत्राधिकारी उन्नाव मो. 9454401528**
**(प्रभारी निरीक्षक) माखी-उन्नाव मो. 8081211202 8960871819**

रामबिलास - 8009226388
धर्मेश- 7607047430

# अपात्र को मिल रहा खाद्यान्न, शिकायत

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** चार पहिया वाहन, पक्का मकान तथा दुकान संचालित हो रही है। अपात्र होते हुए भी पात्र गृहस्थी का कार्ड बनाकर हर माह खाद्यान्न लिया जा रहा है। अपात्र होने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने जिला पूर्ति अधिकारी से शिकायत की है। मामला परसपुर नगर पंचायत से जुड़ा है। यही के रहने वाले रमाशंकर की ओर से जिला पूर्ति अधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि नगर पंचायत के रहने वाले संतोष का पात्र गृहस्थी राशन कार्ड पूर्ति विभाग की ओर से जारी किया गया है।

जिस पर वह प्रत्येक माह खाद्यान्न के उठान कर रहे हैं। आरोप है कि संतोष के पास चार पहिया वाहन, पक्का मकान ,तथा दुकान है । अपात्र होते हुए भी खाद्यान्न उठाकर योजना का लाभ ले रहे हैं। का उठान कर रहा है। शिकायतकर्ता ने पूरे मामले की जांच कर कर आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

जिला आपूर्ति अधिकारी कृष्ण गोपाल पांडे ने बताया कि परसपुर कस्बे के एक व्यक्ति द्वारा अपात्र होते हुए भी राशन कार्ड बनवाए जाने की शिकायत मिली है। जांच के लिए पूर्ति निरीक्षक को निर्देशित किया गया है । रिपोर्ट मिलने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय- जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सिद्धार्थनगर**

पत्रांक: बेसिक / 500-01 / 2024-25 दिनांक: 25 अप्रैल, 2024

**विज्ञप्ति**

**श्रीमती प्राची त्रिपाठी**
**सहायक अध्यापक, प्रा0वि0 ससना,**
**विकास खण्ड-नौगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर**

कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक / प्रशा0/ 8336-39 / 2022-23 दिनांक 09.12.2022 द्वारा आपको निलम्बित कर उसी विद्यालय प्रा0वि0 ससना, विकास खण्ड - नौगढ़, पर सम्बद्ध करते हुए खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को आरोप पत्र तैयार कर प्रस्तुत करने एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा को विभागीय जाँच अधिकारी नियुक्त किया गया था। खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा ने दिनांक 24.04.2023 को आरोप पत्र की छायाप्रति आपके विद्यालय प्रा0वि0 ससना विकास खण्ड- नौगढ़ पर आपको प्राप्त कराया। अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में आप द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 31.01.2024 के माध्यम से अवगत कराया कि जाँच अधिकारी /खण्ड शिक्षा अधिकारी इटवा द्वारा प्राप्त कराये गये आरोप को समर्थित करने वाले संगत साक्ष्यों की प्रतियाँ अभिकथन / प्रतिउत्तर तैयार किये जाने हेतु उपलब्ध कराये जाने की आप द्वारा मांग की गयी। उक्त के क्रम में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या- बेसिक/प्रशा0/ 13970/2023-24 दिनांक 16 जनवरी, 2024 को आपके निवास के पते पर उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य रजिस्टर्ड डाक के माध्यम से भेजा गया, जो आप द्वारा लेने से इंकार कर दिया गया । पुनः अधोहस्ताक्षरी कार्यालय के पत्र संख्या: बेसिक/शिकायत/14448-49 / 2023-24 दिनांक 05 फरवरी, 2024 के माध्यम से दिनांक 12.02.2024 को समय अपराह्न 03: 30 साक्ष्य प्राप्त करने हेतु अधोहस्ताक्षरी कार्यालय पर सुनवाई नियत की गयी थी । उक्त सुनवाई में आप अनुपस्थित रहीं। पुनः अधोहस्ताक्षरी द्वारा खण्ड शिक्षा अधिकारी नौगढ़ को उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य आपको प्राप्त कराने हेतु आपके विद्यालय पर दिनांक 18.04.2024 एवं 22.04.2024 को भेजा गया, परन्तु आप द्वारा साक्ष्य प्राप्त करने से मना कर दिया गया। आप भली भाँति अवगत हैं कि यह प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय में योजित रिट याचिका संख्या: रिट-A- 723 / 2023 से आच्छादित है, परन्तु आपके असहयोग के कारण अनुशासनिक कार्यवाही में अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है ।

अतः इस विज्ञप्ति के माध्यम से आपको एक अन्तिम अवसर प्रदान करते हुए सूचित किया जाता है कि आप अपना उल्लिखित आरोपों के समर्थन में बिन्दुवार आरोपों के साक्ष्य अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर 10: 00 AM से 05: 00 PM तक दिनांक 30.04.2024 तक प्राप्त कर लें । अन्यथा यह मान लिया जायेगा कि आरोपों को समर्पित करने वाले साक्ष्य की आपको कोई आवश्यकता नहीं है साथ ही अनुशासनिक कार्यवाही में एक पक्षीय निर्णय ले लिया जायेगा, जिसके लिए आप स्वयं उत्तरदायी होंगी। क्योंकि प्रकरण माननीय न्यायालय से आच्छादित होने के कारण शीघ्र निस्तारण अपेक्षित है ।

**(देवेन्द्र कुमार पाण्डेय)**
**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**सिद्धार्थनगर**

**आयोजन** | सज्जादा नशीनों ने सांसद बृजभूषण का किया स्वागत

# जायरीन ने पूरी रात कव्वाली का उठाया लुत्फ

करनैलगंज

**अमृत विचार :** हजरत मोहम्मद कफीलुल्लाह शाह बड़े बाबा का दो रोजा उर्स धूमधाम के साथ मनाया गया। कटरा रोड स्थित हजरत मोहम्मद कफीलुल्लाह शाह रहमतुल्ला अलैह बड़े बाबा का दो रोजा उर्स हर साल की तरह इस साल भी सज्जादा नशीनों की सरपरस्ती में बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

शनिवार को रात्रि में महफिले मीलाद पाक के बाद महफिले समा में सूफियाना कव्वाली का जायरीनों ने लुत्फ उठाया। रविवार को जोहर नमाज से पहले वक्त विशाल महफिले शमा व कुल हुआ। इसी दौरान कार्यक्रम में पहुंचे बृजभूषण शरण सिंह का सज्जादा नशीनों ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। रात्रि में देवा शरीफ से आये हुए कव्वाल शाहवेज वारसी व शाहरुख नवाब चिश्ती मुंबई के बीच जवाबी कव्वाली का दौर शुरू हुआ। जहां पूरी रात्रि लोगों ने कव्वाली सुनीं। इस मौके पर नगर व दूर दराज के सैकड़ों लोगों ने शिरकत की। कार्यक्रम में रामजीलाल मोदनवाल, अशोक सिंह, डॉ मोहम्मद सलमान, मौलवी समसुद्दीन, गुलाम जिलानी, मुईनुद्दीन कुरैशी, अनवारुल हक शाह पप्पू, लल्लू, गुड्डू, शानू, गुलजार सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल रहे।



करनैलगंज में कव्वाली सुनते लोग। अमृत विचार



सांसद बृजभूषण का स्वागत करते सज्जादा नशीन। अमृत विचार

## एक नजर

### पीएन सिंह बने विधानसभा धनघटा के प्रभारी



धनघटा, संतकबीरनगर। क्षेत्रीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद की कार्यशैली से नाराज़ भाजपा किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष पीएन सिंह ने इस्तीफा देते हुए विरोध का झंडा उठा लिया था। बाद में पार्टी के बड़े पदाधिकारियों ने नाराज कार्यकर्ताओं को मनाने का बीड़ा उठाया और उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के आगमन के बाद बात बन गई। उप मुख्यमंत्री के निर्देश पर किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष विजय बहादुर सिंह ने पीएन सिंह का इस्तीफा नामंजूर कर उन्हें पद पर बने रहने के साथ ही उन्हें धनघटा विधानसभा क्षेत्र का चुनाव प्रभारी नियुक्त कर दिया।

### तेज रफ्तार मैजिक डिवाइडर पर चढ़कर पलटी, 2 घायल

श्रावस्ती, अमृत विचार। सोमवार को सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम गूलरा निवासी महफूज पुत्र अब्बास अली तथा खलील अहमद पुत्र इस्माइल मैजिक वाहन से भिनगा की ओर आ रहे थे। तभी भिनगा बहराइच मार्ग पर राप्ती पुल के पास चालक के झपकी आ जाने के कारण तेज रफ्तार मैजिक डिवाइडर पर चढ़ गई और पलट गई। आसपास के लोगों ने घटना की सूचना 112 पुलिस टीम को दी। मौके पर पहुंच कर पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भिनगा भिजवाया और वाहन को सीधा करवा कर सड़क के किनारे करवाया। हादसे की सूचना पाने पर भिनगा कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच शुरू कर दी।

### डीएम ने स्टेशनरी व लेखन सामग्री का लिया जायजा

श्रावस्ती। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के परिप्रेक्ष्य में प्राप्त स्टेशनरी व लेखन सामग्री का जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा ने डीपीआरसी भवन पहुंचकर निरीक्षण कर जायजा लिया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को व्यवस्थित ढंग से रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने निर्देश दिया कि प्राप्त लेखन सामग्रियों के बंडलिंग का कार्य कराया जाए। सामग्रियों का सही तरीके से सूची से मिलान करने के पश्चात ही बैग में लेखन सामग्री रखी जाए तथा मतदान के समय पोलिंग पार्टियों के रवाना होने पर पीठासीन अधिकारियों को उपलब्ध करायी जाएं। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी लेखन सामग्री एवं अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## जैविक विकारों का पता लगा करें पारिस्थितिकी तंत्र मजबूत

**एमएलके पीजी कॉलेज में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का हुआ समापन**

बलरामपुर, अमृत विचार। एमएलके पीजी कालेज में चल रहे दो दिवसीयअंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का समापन सोमवार को सम्मान समारोह के साथ हुआ। सम्मेलन के अंतिम दिन वक्ताओं ने पारिस्थितिकी तंत्र के महत्व व जैविक कारक के संतुलन पर प्रकाश डाला। साथ ही साथ जैविक विकारों का पता लगाने के लिए बायोसेंसर के डिजाइन का प्रस्ताव रखने की बात कही गई। दो दिवसीय सम्मेलन में छह देश व भारत के 14 राज्यों से कुल 52 शोध पत्र प्रस्तुत किए गए।

दूसरे दिन सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि केडीसी आटोनामस कॉलेज बहराइच के प्रबंधक मेजर एसपी सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। मुख्य वक्ता बीजिंग चीन के प्रो. राशिद रसूल रब्बानी इस्माइली ने सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि

पारिस्थितिकी तंत्र ब्रह्मांड के जैविक और अजैविक कारकों के बीच संतुलन है। यह संतुलन पारिस्थितिकी तंत्र को होमियोस्टैसिस में बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के मुख्य अतिथि मेजर एसपी सिंह को एशियन बायोलाजिकल रिसर्च फाउंडेशन की तरफ से पर्यावरण श्री सम्मान से नवाजा गया।

## तेंदुए के हमले में बच्चा घायल

बलरामपुर। तुलसीपुर थाना क्षेत्र के गांव निनौनी में झाड़ी में छिपे तेंदुए ने मोहम्मद कैफ पर हमला कर घायल कर दिया। घायल के पिता मोहम्मद कलीम ने बताया कि गांव के दक्षिण दिशा में बगीचे में उनका बेटा आम बीनने के लिए गया था। इसी बीच झाड़ियों में छिपा तेंदुए ने मोहम्मद कैफ पर पीछे से हमला कर दिया। तभी अन्य बच्चों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोरगुल सुनकर तेंदुआ भाग गया। स्थानीय लोगों ने बच्चे को तुलसीपुर निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। अब तक वन विभाग ने घटना के बारे में कोई जानकारी नहीं ली है। तुलसीपुर थाना में लिखित प्रार्थना पत्र दिया है। वन यूनिट तुलसीपुर के मनोज कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

## पहले दिन 13 ने लिया नामांकन पत्र

**श्रावस्ती लोकसभा के लिए 8, गैंसड़ी विधान सभा के लिए 5 ने लिया नामांकन पत्र**



कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नामांकन कक्ष में उम्मीदवारों को नामांकन पत्र दिलाते डीएम अरविंद सिंह। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। श्रावस्ती लोकसभा तथा गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए डीएम अरविंद सिंह ने सोमवार को अधिसूचना जारी कर दी है। नामांकन के पहले दिन श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से कुल आठ उम्मीदवारों ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नामांकन कक्ष से नामांकन पत्र लिया है।

इसी तरह गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव के लिए पहले दिन कुल 5 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र लिया है। डीएम कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी साकेत मिश्रा, इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा, शिवनाथ, कुमारी गीता गौतम जावेद अशरफ खान, मालिक राम यादव, अब्दुल हकीम तथा कृष्ण कुमार मौर्य ने नामांकन पत्र लिया है। गैंसड़ी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी शैलेश सिंह शैलू, रामधनी, सपा प्रत्याशी राकेश यादव, साधना सिंह यादव और महेंद्र कुमार तिवारी ने नामांकन पत्र लिया है। पहले दिन लोकसभा तथा विधानसभा क्षेत्र से किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 मई है। 7 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 9 मई दोपहर 3:00 बजे तक प्रत्याशी अपना नामांकन वापस ले सकते हैं। नामांकन वापस लेने की समय सीमा समाप्त होने पर प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए जाएंगे। श्रावस्ती लोकसभा तथा गैंसड़ी विधानसभा के लिए मतदान आगामी 25 मई को होगा ।मतगणना 4 जून को कराई जाएगी ।नामांकन के पहले दिन नामांकन कक्ष में जिला निर्वाचन अधिकारी डीएम अरविंद सिंह खुद मौजूद रहे और उन्होंने अपनी देखरेख में पूरी प्रक्रिया संपन्न कराई।

## बरात का खाना बनाते समय लगी आग से जिंदा जली महिला, 30 परिवार तबाह

### लंगडीजोत गांव में हुई घटना में छह मवेशियों की भी जलकर मौत

बलरामपुर, अमृत विचार। ललिया थाना क्षेत्र के लालपुर विशुनपुर के मजरे लंगडीजोत गांव में बरात का खाना बनाते समय से लगी आग से तीस घर जल कर राख हो गए हैं। आग की चपेट में आने से महिला राजपति वर्मा (70) की मौत हो गई। वहीं 6 मवेशी की भी आग मे जलकर मौत हो गई।

ललिया थाना क्षेत्र के लंगडीजोत गांव में अनंत राम कुरील के घर से बरात का खाना बनाते समय उठी चिंगारी से देखते ही देखते उदयराज, रामकुमार, अलखराम, जगतराम, ओमप्रकाश, पप्पू, मनीराम, करिया, जय प्रकाश, मूने, जगन्नाथ, रामछत्र, मेवा लाल, फूल करन, छठी राम, अनंत राम, मोहन लाल, हनुमान, राम गोपाल, मालिक राम, राम नरेश, राजाराम, अनिल कुमार, रामसमुझ, राम सागर, नानमून, सुरेश, झगरू, नंद किशोर, खेमराज, वंश राज मालिक राम वर्मा के आशियाने जल कर खाक हो गए हैं। आग की चपेट में अलख राम वर्मा की पत्नी राजपति की मौत हो गई है।



लंगडीजोत गांव में आग में जलकर खाक हुई घर गृहस्थी। अमृत विचार

वहीं आग की विनाशलीला ने हनुमान के तीन दुधारू मवेशी, ननके के दो, काशी राम की दुधारू भैंस जलकर राख हो गई है। हल्का लेखपाल महेश कुमार मौर्य ने बताया कि लगभग 20 लाख रुपए का नुक़सान हुआ है। मौके पर एसडीएम सदर राजेंद्र बहादुर, नायब तहसीलदार अनुपम शुक्ला, एएसपी योगेश कुमार, ललिया थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश कुमार सिंह ने पुलिस बल के साथ पहुच कर आग पर काबू पाया।

महाराजगंज तराई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बदलपुर निवासी सलाहुद्दीन ने बताया की दोपहर 2:00 बजे गांव के पश्चिम अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें उनका सागौन का बाग तथा हकीकुल, छोट्टन, निसार अहमद, मुस्तकीम का सागौन बाग जल गया। पास में अब्दुल हई का तीन बीघा गन्ना भी जल गया। तेज हवा के कारण आग चारों तरफ फैल गया। ग्रामीणों द्वारा आग बुझाया गया। क्षेत्रीय लेखपाल विनोद वर्मा ने बताया है की क्षति का आकलन करके रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई है।

## हत्या के मामले में आजीवन कारावास

श्रावस्ती। जिला एवं सत्र न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने थाना-सिरसिया के मुकदमे में अभियोजन पक्ष व बचाव पक्ष के तर्कों को सुनकर अभियुक्त रामगोपाल वर्मा पुत्र खूनखून वर्मा, व रेखा देवी पत्नी रामगोपाल वर्मा निवासी- साहियापुर, दाखिली-शाहपुर बरगदवा, थाना- सिरसिया, जिला- श्रावस्ती को दोषी पाते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई व रुपये 5000 के अर्थ दंड से प्रत्येक को दंडित किया। मामले की पैरवी जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी केशव प्रताप सिंह के द्वारा की गईं।

दर्ज मुकदमे के अनुसार वादी रामनरेश वर्मा की सगी मामी मायावती पत्नी ह्रदयराम निवासी गुलराफटवा, थाना सिरसिया जो 60 वर्ष की वृद्ध थी, वादी के मामा की मृत्यु 3 माह पूर्व हो चुकी थी, को वादी का लड़का दिनांक 21 दिसंबर 2020 को उनके घर से घुमाने वादी के घर लाया हुआ था, दोपहर के 1 बजे अभियुक्तगण रामगोपाल वर्मा, व रेखा देवी ने गड़ासे से जब वह वादी के निजी शिव मंदिर के पास चारपाई पर वादी की पत्नी अनारकली के साथ बैठी हुई थी के ऊपर कई बार वार किया जिससे उनकी मौके पर मृत्यु हो गई। दोनों अभियुक्तों को यह शक था की मामी कहीं अपनी संपत्ति वादी के लड़के को न दे दे।

## सार-संक्षेप

### आज कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक



डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक के कार्यक्रम स्थल का जायजा लेते भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक मंगलवार को जिले में रहेंगे। दो विधानसभाओं में बूथ अध्यक्ष व कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। डिप्टी सीएम के आगमन को लेकर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने सोमवार को शिवपुरा स्थित मोहनलाल रामलाल इंटर कॉलेज आयोजित कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक सुझाव दिए। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक गोंडा लोकसभा की उतरौला विधानसभा एवं श्रावस्ती लोकसभा की तुलसीपुर विधानसभा में बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। उतरौला विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक 12:30 बजे शालीमार गेस्ट हाउस में कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसी के साथ ही तुलसीपुर विधानसभा के शिवपुरा मंडल में मोहनलाल रामलाल इंटर कॉलेज में 1:50 पर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगे जहां पर डिप्टी सीएम कार्यकर्ताओं में जोश भरेंगे। उपमुख्यमंत्री के आगमन की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी उतरौला बृजेंद्र तिवारी, विधानसभा संयोजक सुधीर श्रीवास्तव, जिला मंत्री अवधेश त्रिपाठी तरुण, महेंद्र सिंह आदि के साथ तैयारी का जायजा लिया गया।

### भाजपायों ने नुक्कड़ सभाओं में लोगों से मांगा समर्थन



गैसड़ी विधानसभा क्षेत्र में नुक्कड़ सभा के दौरान कार्यकर्ताओं का अभिनंदन करते भाजपा प्रत्याशी व पदाधिकारी। अमृत विचार

बलरामपुर। पिपरा मंडल में सोमवार को भाजपा की ओर से दर्जनों नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया गया। भाजपाइयों ने केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लोगों के बीच साझा किया। गैसडी विधानसभा प्रभारी डॉ अजय सिंह पिंकू ने कहाकि बलरामपुर जिले का विकास सिर्फ डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है। बलरामपुर जिले में भाजपा सरकार ने मेडिकल कॉलेज एवं विश्वविद्यालय जैसी बड़ी सौगात दी है। सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपराधियों पर शिकंजा कस कर आम जनमानस को सुरक्षा देने का कार्य किया है। महिलाएं आज निश्चिंत होकर घर से बाहर निकल सकती हैं। जबकि अन्य सरकारों में महिलाएं सुरक्षित महसूस नहीं करती थी। जिला महामंत्री रवि मिश्रा ने कहा कि 2024 लोकसभा के चुनाव में विपक्ष का सुपड़ा साफ है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन 400 से अधिक सीटें जीतने जा रही है। देश की जनता को मोदी की गारंटी पर भरोसा है। विपक्ष तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा है। पूर्व की सरकारों में भ्रष्टाचार जातिवाद गुंडे माफिया का बोलबाला तथा स्वास्थ्य बिजली शिक्षा का बुरा हाल था। भाजपा की सरकार बनने पर गरीब कल्याण एवं सेवा सुशासन का दौर चल रहा है। इस अवसर पर लोकसभा प्रत्याशी सकेत मिश्रा, गैसडी विधानसभा प्रत्याशी शैलेश कुमार सिंह शैलू, मनोज तिवारी, मंडल अध्यक्ष सुधीर सिंह, गोविंद पांडे, लड्डू लाल व मयूर सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सपा अधिवक्ता संघ महासचिव ने थामा भाजपा का दामन

श्रावस्ती। समाजवादी पार्टी अब समाजवादी नहीं रह गई है उसे पार्टी में कार्यकर्ताओं का अनदेखा किया जाता है। उक्त बातें पूर्व प्रधान समाजवादी पार्टी के अधिवक्ता संघ के महासचिव और सिरसिया क्षेत्र में राजनीतिक पहचान रखने वाले यशपाल सिंह ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद उपस्थित क्षेत्र के लोगों के बीच कहा। उन्होंने कहा कि विश्व में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कार्य कुशलता के चलते भारत की एक अलग पहचान बनाई है।

### गंदगी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश, किया प्रदर्शन

बलरामपुर। तुलसीपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत तुलसीपुर देहात गनवरिया में बीतें तीन माह से सफाई कर्मी के लापरवाही से गांव में गंदगी का अंबार लग गया है। नालिया चोक हो गई है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण नसीम शाह, सोमई गुप्ता, नंदकिशोर, नानमून, जमील खां, क्षेत्रपंचायत पंकजगिरी ने आक्रोश जताते हुए बताया कि बीते तीन माह से ग्राम में सफाईकर्मी के ना आने से समस्या बनी है। गांव की नाली कूड़े से पट गई है। जगह-जगह कूड़े का ढेर लग गया है। जब अधिकारियों का कोई कार्यक्रम लगता है तभी यहां सफाई होती है। ग्रामीणों ने प्रदर्शन करते हुए व्यवस्था दुरुस्त कराए जाने की मांग की है। खंड विकास अधिकारी राजीव मोहन ने बताया कि विशेष अभियान चलाकर गांव में सफाई कराई जाएगी। लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### राखी की कसम देकर लोगों से की मतदान की अपील

बलरामपुर। बलरामपुर बालिका इंटर कॉलेज बलरामपुर में स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्या रेखा देवी के निर्देशन में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाल कर मतदाताओ से 25 मई को अवश्य मतदान करने की अपील की। प्रधानाचार्या ने उक्त कार्यक्रम में छात्राओं को कतारबद्ध कर मतदाताओं से वोट मांगने की अपील की। छात्राओं ने आने-जाने वाले राहगीरों से 25 मई को अवश्य मतदान करने की अपील की और कहा कि आपको राखी की कसम है आप मतदान के दिन अवश्य मतदान करने जाएंगे। कार्यक्रम में पुरानी बाजार वार्ड की सभासद नीलम शुक्ला उपस्थित रही उन्होंने कहा कि सभी को मतदान करना चाहिए। लोकतांत्रिक प्रक्रिया में मतदान सबसे बड़ा दान है। मतदान कर हम अपनी मनपसंद सरकार चुनते हैं। मतदान न करना आपके लिए घातक सिद्ध हो सकता है। प्रधानाचार्या ने राहगीरों से अपील करते हुए कहा कि 25 मई को आप लोग अवश्य मतदान करें। मतदान करने से आप अपनी सरकार चुनते हैं। आपके मतदान न करने से कोई ऐसा भी व्यक्ति चुना जा सकता है जो आपकी पसंद का ना हो। मतदान देश हित में करना चाहिए। इस अवसर पर प्रवक्ता श्रीमती वंदना पांडे, अविनाश मिश्र, चंदन पाठक, अदिति राठौर, सोनम मौर्या, प्रियंका गुप्ता, खुशबू वर्मा, सोनी जायसवाल, मानसी वर्मा, मीनाक्षी गौड़ आदि शिक्षक/ शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

## टीबी रोगियों को दवा के साथ-साथ जरूरी है पौष्टिक आहार : सीएमओ



टीबी के मरीजों को पौष्टिक पोटली वितरित करते सीएमओ। अमृत विचार

बलरामपुर, अमृत विचार। टीबी के मरीजों के लिए पौष्टिक आहार बहुत ही ज्यादा जरूरी है। लेकिन कुछ ऐसे टीबी मरीज भी हैं, जिन्हें पौष्टिक खाना तो दूर, सुबह शाम साधारण भोजन भी मिलना मुश्किल होता है। ऐसे मरीजों के लिए स्वास्थ्य विभाग ने एक नई पहल की है।

सोमवार को सीएचसी पचपेड़वा के चिकित्सा अधिकारियों द्वारा किया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने टीबी मरीजों को पोषण पोटली वितरित करते हुए बताया कि सीएचसी पचपेड़वा के चिकित्सकों ने टीबी के 52 चिन्हित मरीज गोद लिए गए हैं। इन मरीजों का जब तक इलाज चलेगा, तब तक प्रत्येक माह चिकित्सक इन्हें पौष्टिक आहार उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगे, ताकि दवा के साथ-साथ सही पोषण मिलने से मरीज जल्द से जल्द ठीक हो सकें। सीएमओ ने बताया कि इस मुहिम की शुरूआत सीएचसी पचपेड़वा से ही कर दी गई है। इस अवसर पर जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ अजय कुमार शुक्ला, अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार, डॉ ग्यासुदीन, डॉ शहंशाह आलम, डॉ मसूद अहमद, डॉ सुल्ताना, डॉ आकांक्षा, डॉ सिद्धार्थ, जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, डीपीसी अविनाश सिंह, डीएमओ राजेश पाण्डेय आदि उपस्थित रहे।

### सीएमओ ने किया दस्तक अभियान का निरीक्षण

सीएमओ डॉ. मुकेश कुमार रस्तोगी ने सोमवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। सीएमओ ने विकास खण्ड पचपेड़वा के शंकरपुर कला गांव का औचक निरीक्षण किया। सीएमओ ने निरीक्षण के दौरान आशा और आंगनगबाड़ी को निर्देश दिए कि वे घर-घर जाकर लोगों से जानकारी हासिल करें।

## इकलौते सिनेमा हॉल का लाइसेंस निलंबित

**डीएम ने तहसीलदार सदर को नियुक्त किया रिसीवर**

बलरामपुर, अमृत विचार। नगर स्थित टीटू सिनेमा का लाइसेन्स निलम्बित कर दिया गया है। न्याायलय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा यह कार्रवाई विद्युत और अग्नि सुरक्षा, साफ-सफाई एवं अनिवार्य सावधानियां व सुरक्षा, लोक व्यवस्था तथा सुरक्षा के लिए समुचित सावधानी न बरते जाने एवं अन्य विद्युत स्थापनाओं की व्यवस्था में कमी पाये जाने पर की है। तहसीलदार सदर को रिसीवर नियुक्त करते हुए सिनेमा परिसर को तहसीलदार की सुपुर्दगी में दिये जाने एवं सिनेमा परिसर में सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित करने का आदेश निर्गत किया है। लाइसेन्सी मेसर्स टीटू सिनेमा को न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष शपथ पत्र पर नियत तिथि पर अपना पक्ष प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

बताते चलें कि मेसर्स टीटू सिनेमा टीटू सिनेमा बहराइच रोड पहलवारा बलरामपुर द्वारा तथाकथित रूप से अपने आवेदन के माध्यम से सिनेमा हाल का वर्ष 2024-25 के लिए नवीनीकरण किये जाने का निवेदन किया गया। उत्तर प्रदेश चलचित्र अधिनियम 1955 की धारा-2(क) में सक्षम प्राधिकारी जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष सीधे प्रस्तुत ही नहीं किया गया।

मामले में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नियमों एवं सुरक्षा मानकों के अनुपालन की जांच के लिए उत्तर प्रदेश चलचित्र अधिनियम-1955 की धारा-6(ए) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए संविधिक जांच उप जिला मजिस्ट्रेट (न्यायिक) तुलसीपुर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी बलरामपुर तथा सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा के माध्यम से कराई गई। जांच में पाया गया कि लाइसेन्सी द्वारा सुरक्षा मानकों का व्यापक विचलन किया गया है। इससे पहले विद्युत सुरक्षा के मद्देनजर बीते 09 मार्च को भी अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया था। सिनेमा परिसर में अधिष्ठापित ट्रान्सफार्मर, अव्यवस्थित कन्ट्रोल रूम खुले हुए तारों एवं खुले हुए विद्युत बोर्डों को सही कराने शौच इत्यादि की समुचित व्यवस्था कराने सहित अन्य महत्वपूर्ण निर्देश दिये गये थे। परन्तु लाइसेन्सी द्वारा व्यवस्थाएं एवं सुरक्षा मानकों को बिना पूर्ण कराये और बिना लाइसेन्स प्राधिकारी/जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत किये एवं संज्ञान में लाये बिना ही सरसरी एवं कथित तौर पर औपचारिकाएं पूर्ण कराकर नवीनीकरण का आवेदन किया गया।

मेसर्स टीटू सिनेमा द्वारा उत्तर प्रदेश सिनेमाटोग्राफ नियम 1951 के उपबन्धों तथा अपेक्षित प्राविधानों का अनुपालन नहीं किया गया। जिसके क्रम में न्यायालय जिला मजिस्ट्रेट द्वारा सांवधिक जांच आख्या के आधार पर टीटू सिनेमा का लाइसेन्स निलम्बित कर दिया है। पूर्व में निर्गत सशर्त एनओसी को सहायक निदेशक विद्युत सुरक्षा एवं मुख्य चिकित्साधिकारी ने व्यापक कमियों के कारण निरस्त कर दिया है।

## सपा के गुंडों ने निषाद समाज के ऊपर किया हमला : संजय

**भाजपा सरकार में बढ़ा निषादों का सम्मान : प्रवीण**



कार्यकर्ता सम्मेलन में मंचासीन नेतागण। अमृत विचार

मेंहदावल, संतकबीरनगर, अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में अपनी विजय सुनिश्चित कराने के लिए राजनीतिक पार्टियों चुनावी मैदान में उतर चुकी हैं। सभी पार्टियों के वरिष्ठ नेता भी चुनावी मैदान में उतरकर वोटरों को साधने में लगे हुए हैं। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने निषाद पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शिरकत करने के लिए मेंहदावल पहुंचे। जहां उन्होंने विपक्ष पर हमला बोलते हुए कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता जनार्दन ने नकार दिया है और देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार कर लिया है।

सोमवार को मेंहदावल शहर के पश्चिम टोला मोहल्ले के बीएमसीटी मार्ग पर एक निजी मैरिज में निषाद पार्टी द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यकर्ता सम्मेलन मे मौजूद भीड़ को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री डॉ संजय निषाद ने कहा कि भाजपा और निषाद पार्टी समेत सहयोगी दलों के सभी कार्यकर्ता इस चुनाव में इस बात को सुनिश्चित करेंगे कि उनके बूथ पर 90 प्रतिशत से कम मतदान न हो। मतदाता उनके लिए एक तरफा मतदान करें, क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनेकों बड़े-बड़े काम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है कि देश में चार करोड़ से ज्यादा लोगों के पास उनका अपना आवास है। गरीबों को आयुष्मान जैसी योजना का लाभ मिल रहा है। आज कानून का राज कायम है और लोग खुद को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। आज बेटियां महफूज हैं और किसान भी खुशहाल हैं। भाजपा प्रत्याशी इं. प्रवीण निषाद ने कहा कि सपा, बसपा, कांग्रेस कोई पार्टी नहीं है। इन्हें जनता जनार्दन ने नकार दिया है और देश की 140 करोड़ जनता ने मोदी जी को स्वीकार कर लिया है। इस बार जनता खुद चुनाव लड़ रही है और वोट दे रही है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं के परिश्रम के आधार पर 2024 में प्रचण्ड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बन रही है। मेंहदावल विधायक अनिल कुमार त्रिपाठी ने कहा कि आज प्रदेश में कानून का राज है। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता प्रदीप सिसोदिया, निषाद पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मालती निषाद, एमएलसी विनीत सिंह, विधायक खड्डा विवेकानन्द पाण्डेय, निषाद पार्टी प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र मणि निषाद, विधानसभा संयोजक राजेश सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पेड़ काटते समय लकड़ी से दबकर मजदूर की मौत

श्रावस्ती, अमृत विचार। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम सोनपुर में पेड़ काटते समय लकड़ी के नीचे दबकर एक मजदूर की मौत हो गई। भिन्गा कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चिकवा निवासी पप्पू वर्मा पुत्र गीमें वर्मा अपने अन्य साथियों के साथ गूलरा परसोहना के गांव सोनपुर में डोलम वर्मा ठेकेदार की लकड़ी काटने गया था। पेड़ काटते समय अचानक एक डाल टूट कर पप्पू वर्मा के ऊपर गिर गया जिससे उसकी मौके पर ही दबकर मौत हो गई। घटना की सूचना उसके साथियों और ग्रामीणों द्वारा सिरसिया पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। वहीं घटना के बाद मृतक के परिवार व मोहल्ले में कोहराम मच गया।

## एक नजर

### डमी बैलेट यूनिट से शिक्षकों ने किया जागरूक

**कैसरगंज, बहराइच।** प्राथमिक विद्यालय देवलखा के नवाचारी शिक्षामित्र विनोद कुमार राव द्वारा डमी बैलेट यूनिट का विद्यालय में निर्माण किया गया है। इस बैलेट यूनिट के माध्यम से विद्यालय के शिक्षक आशीष रत्न प्रकाश श्रीवास्तव, सौम्या त्रिपाठी, अंजना देवी मोर्या, रसोइया सुबोधनी, कमला, रामावती, मनु देवी गांव में मतदाताओं के बीच जाकर उन्हें वोट देने की प्रक्रिया समझा रहे हैं और शत प्रतिशत मतदान की अपील कर रहे हैं।

### सामान उठा ले गए चोर

**बहराइच, अमृत विचार।** कोतवाली देहात के अमीनपुर नगरौर गांव निवासी मोहन अग्रवाल पुत्र किशुन लाल अग्रवाल की सेंट नारबट स्कूल के पास जमीन में मकान निर्माण चल रहा है। कोतवाली में तहरीर देकर पीड़ित का कहना है कि 26 अप्रैल की देर रात को अज्ञात लोगों ने बिजली वायरिंग और प्लम्बर का सामान चोरी कर लिया।

### जंगल में लगी आग बेकाबू

**बहराइच।** बहराइच वन विभाग के जंगल में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। समाचार लिखे जाने तक वन विभाग ने आग पर काबू पाने के लिए प्रयास तेज कर दी है, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी है। बहराइच वन विभाग के अब्दुल्लागंज रेंज के निम्न्हिारा बीट में सोमवार सुबह अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलने पर वन क्षेत्राधिकारी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन सफलता नहीं मिली। डीएफओ ने आग बुझाने के लिए सभी प्रयास किए, लेकिन आग बुझ नहीं सका।

### महिला समेत 4 गिरफ्तार

**बहराइच।** कोतवाली नगर में धोखाधड़ी और अन्य मामले का केस दर्ज है, जिनकी गिरफ्तारी के लिए कोतवाल ने पुलिस टीम गठित की। कोतवाल मनोज कुमार पांडे ने बताया कि कोतवाली नानपारा के जुबली गंज निवासी शिव प्रकाश मौर्य, ओमप्रकाश मौर्य, बाबूलाल मौर्य और जयपता पत्नी भागेलु मौर्य को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन सभी को विरुद्ध धोखाधड़ी समेत धाराओं में केस दर्ज है।

### चोरी के नामजद को भेजा जेल

**बहराइच।** नानपारा कोतवाली क्षेत्र के बेलरण टोला निवासी जाकिर पुत्र वजीर उर्फ पहलवान के विरुद्ध चोरी का केस दर्ज है। कोतवाल आरके सिंह ने बताया कि सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

### युवक ने जहर खाकर दी जान

**बहराइच, अमृत विचार।** जिजरवल रोड थाना क्षेत्र के पर गांव निवासी प्रवेश (19) पत्र दीनानाथ ने घर में रखा जहरीला पदार्थ खा लिया। दीनानाथ ने बताया कि बेटा नशे का आदी था रविवार रात को वह नशे में धुत होकर आया, जिस पर उसने इसके लिए डांट लगा दी। शायद इसी से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# डीआईजी ने परखी चुनाव की सुरक्षा व्यवस्था

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** देवी पाटन मंडल के डीआईजी रविवार रात को जिले के दौरे पर आए। उन्होंने कोतवाली देहात का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं जांची। देवी पाटन मंडल के डीआईजी एपी सिंह लोकसभा चुनाव की तैयारियों की जांच के लिए रविवार रात 10 बजे अचानक कोतवाली देहात पहुंच गए। डीआईजी ने कोतवाली पुलिस की उपलब्धता, उपस्थिति पंजिका, बैरक समेत अन्य की जांच की। इसके बाद उन्होंने क्षेत्र क्रिटिकल मतदान केंद्रों के बारे में पूछा और चुनाव के लिए की गई तैयारियों के बारे में जानकारी ली। दौरान अपर पुलिस अधीक्षक रामानंद कुशवाहा, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया समेत अन्य मौजूद रहे।


कोतवाली देहात का निरीक्षण करते डीआईजी। अमृत विचार

# वृद्ध हों या दिव्यांग, घर पर कर सकेंगे मतदान

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु व दिव्यांगजन मतदाताओं तथा कोविड-19 के संदिग्ध या प्रभावित मतदाताओं को वैकल्पिक सुविधा के रूप में पोस्टल बैलट से मतदान कराने की सुविधा प्रदान की जा रही है। चार और पांच मई को घर पर ही इनको मतदान करने की सुविधा मिलेगी।

जिले के 80 वर्ष से अधिक आयु तथा दिव्यांगजन मतदाताओं के मतदान हेतु 04 व 05 मई की तिथियॉ निर्धारित की गयी है। ऐसे मतदाता जो किन्हीं कारणों से 04 मई को मतदान नहीं कर पायेंगे उन्हें 05 मई को दोबारा मतदान का अवसर मिलेगा। जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रवार यदि बुजुर्ग व दिव्यांजन मतदाताओं की बात की जाय तो विधानसभा निर्वाख्न क्षेत्र बलहा में 80 वर्ष से अधिक आयु के 21 व दिव्यांगजन कटेगरी के 15 कुल 36 मतदाता चिन्हित हैं। इसी प्रकार नानपारा में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 17 कुल 35, मटेरा में 09 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 17, महसी में 17 बुजुर्ग व दिव्यांग 08 कुल 25, बहराइच में 18 बुजुर्ग व दिव्यांग 13 कुल 31 इस प्रकार लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 (अजा) बहराइच में कुल 144 मतदाता जिनमें 80 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 83 व दिव्यांगजन कैटेगरी के 61 मतदाता है। लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच अन्तर्गत विशेष कैटेगरी के मतदाताओं के मतदान हेतु विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र बलहा व नानपारा के लिए 03-03 तथा मटेरा, महसी व बहराइच के लिए 02-03 टीमें बनाई गई हैं। जबकि 02 टीमें रिज़र्व में रहेंगी।

जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बताया कि प्रत्येक मतदान दल में पीठासीन अधिकारी स्तर के 02 मतदान कार्मिक तथा 01 माइक्रोआब्ज़र्वर की नियुक्ति की गयी है। साथ ही प्रत्येक दल में 01 वीडियोग्राफर तथा मानक के अनुरूप सशस्त्र सुरक्षा कर्मियों की तैनाती भी की जाएगी। केडीसी में आयोजित मतदान कार्मिकों के द्वितीय प्रशिक्षण के कार्मिकों को पोस्टल बैलेट की सुविधा प्रदान की जाएगी।


जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी।

# सड़क हादसों में 3 लोगों की मौत

## पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, एक गंभीर हालत में लखनऊ रेफर

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के पयागपुर, सुजौली, नानपारा और मुर्तिहा क्षेत्र में सड़क हादसे हो गए। सड़क हादसों में युवक समेत 3 लोगों की मौत हो गई जबकि आठ लोग घायल हो गए घायलों में एक घायल की हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया है।

सुजौली थाना क्षेत्र के सुजौली निवासी संजय पुत्र राम रतन बाइक से गूढ़ आए थे। इसके बाद वह वापस बाइक से अपने घर जाने लगे। मूर्तिहा कोतवाली क्षेत्र के परसीपुरवा चौराहे के पास दूसरे बाइक से टक्कर हो गई। जिसमें संजय गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एंबुलेंस से अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में मौत हो गई। खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम डल्लापुरवा के मजरा उपरिहनपुरवा गांव निवासी देशराज पुत्र मुन्नालाल अपने चचेरे भाई मोतीपुरवा गांव निवासी राजेश पुत्र पंचराम शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से केशवापुर गांव रविवार रात को गए थे। वापस आते समय लक्ष्मणपुर मटेही गांव के पास ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें देशराज की मौत हो गई, जबकि राजेश घायल हो गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। उधर कोतवाली देहात के श्यामपुर नदौना गांव निवासी रामवृक्ष यादव पुत्र लाल प्रकाश अपने भाई श्याम कुमार पुत्र भगवती के साथ बाइक से पयागपुर थाना क्षेत्र के इमलिया गंज में गए थे रविवार रात को बाइक से वापस आते समय गोंडा बहराइच मार्ग पर खुटेहना के पास डीसीएम वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। एंबुलेंस से दोनों को जिला अस्पताल ले गए यहां हालत गंभीर होने पर लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान श्याम कुमार की मौत हो गई। सुजौली थाना क्षेत्र के मोटे बाबा स्थान के पास चार पहिया वाहन और बाइक में सोमवार शाम को टक्कर हो गई। जिसमें बाइक सवार भरथापुर गांव निवासी घनश्याम पुत्र राघव, जगरू प्रसाद पुत्र बालक राम और प्रेम देवी पत्नी घनश्याम के साथ चार पहिया वाहन सवार शंभू नाथ और रामप्यारी घायल हो गई। सभी को पुलिस ने अस्पताल में भर्ती कराया।


सुजौली क्षेत्र में हादसे के बाद जांच करती पुलिस। अमृत विचार

# कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा शुरू


कलश यात्रा में शामिल श्रद्धालु। अमृत विचार

रिसिया, बहराइच

**अमृत विचार।** रिसिया कस्बे में पीत वस्त्र धारी महिलाओं ने पंचवटी श्री सीता आश्रम से कलश शोभा यात्रा निकाली है। इसके बाद घड़े में जल भरकर उसे पूजित स्थल पर स्थापित किया। कलश यात्रा के साथ ही श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हो गया।

रिसिया नगर पंचायत के वार्ड शास्त्री नगर में सोमवार से श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन शुरू हो गया। इस ज्ञान यज्ञ में प्रति दिन सुबह श्री लड्डू गोपाल का पूजन होगा। श्रीमद भागवत कथा के कथा व्यास रवि शंकर गुरु भाई पंचवटी श्री सीता राम आश्रम रिसिया है। जिनके मुख से कथा एवम ज्ञान यज्ञ का गायन होगा। मुख्य यजमान सीता देवी है। आयोजन संजय जायसवाल प्रमुख प्रतिनिधि ने किया है। इससे पूर्व नगर क्षेत्र की महिलाओं द्वारा कलश यात्रा निकाली गई। जो नगर भ्रमण के बाद पूजित स्थल पहुंच कर कलश स्थापना के बाद पूजा में तब्दील हो गई।

### उधारी वसूलने गए युवक को दबंगों ने जमकर पीटा

**रिसिया, बहराइच, अमृत विचार।** रिसिया थाना क्षेत्र के वार्ड इंदिरा नगर की निवासी वृद्धा राजमती पत्नी राम दरश साहू ने थाने में तहरीर दी है। महिला का कहना है कि दो दिन पूर्व मेरा पोता अंकित शाम 7 बजे रिसिया रेलवे स्टेशन चौराहे पर स्थित परचून दुकानदार राजू पुत्र जलील से उधारी लिए गए सामान का बकाया रकम मांगने गया,तो राजू और उसके भाइयों अली बाबा एवम समीर पुत्र कलीम निवासी आजाद नगर ने जमकर मारा पीटा,उसी दौरान जब मैं बचाने दौड़ी तो मुझे भी पीटा गया,जिसमे मेरा दांत भी टूट गया, और पोते को काफी चोटे आई, दूसरे दिन सुबह 8 बजे परचून दुकानदार का भाई हलीम अहमद मेरे घर आकर सुलह करने के लिए धमकाने लगा। पुलिस चार लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हीट स्ट्रोक से इलाज के लिए जिले में तैयार हुए एंबुलेंस

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में पड़ रही गर्मी हीट स्ट्रोक को बढ़ावा दे रही है। इसके लिए सभी स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किया गया है। कोई समस्या है तो एंबुलेंस सेवा के लिए फोन किया जा सकता है।

जिले में तापमान कई दिन से 41-42 डिग्री सेल्सियस रह रहा है। एंबुलेंस के प्रोग्राम मैनेजर सुधीर मणि त्रिपाठी ने बताया है कि जिले के में समय पूर्व ही हीट स्ट्रोक (लू) मरीजों के हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एंबुलेंस में विशेष व्यवस्था की गई है। साथ ही एंबुलेंस के ऑडिटर कार्तिकेय शर्मा के द्वारा सभी एंबुलेंस का निरक्षण किया जा रहा और प्रत्येक एंबुलेंस कर्मियों को हीट स्ट्रोक से सुरक्षित रहने के सुझाव भी दिया जा रहा जिसे समय पर एंबुलेंस पहुंच कर मरीज को प्राथमिक उपचार दे सके।


जिला मुख्यालय पर दवाओं से लैस एंबुलेंस। अमृत विचार

**ये लक्षण हों तो तुरंत जाएं अस्पताल**

त्वचा गर्म और लाल हो, पसीना नहीं आए, नाड़ी व सांस की गति तेज हो जाएं, डर-हताशा, कमजोरी, थकान, सिरदर्द, उल्टी, व्यवहार में परिवर्तन, भ्रम की स्थिति, चलने में परेशानी, बेहोशी इसके लक्षण हैं। ऐसे में मरीज को तुरंत छांव व हवादार जगह में जाने के साथ नजदीकी अस्पताल में एंबुलेंस के द्वारा जाना चाहिए।

# निकाह के पांच महीने बाद ही दे दिया तीन तलाक

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के शाहपुर जोत निवासी महिला को उसके पति ने दहेज में कार और दो लाख रूपये नकदी न मिलने पर तलाक दे दिया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। महिला का निकाह पांच माह पहले ही हुआ था। कोतवाली देहात के यादव नगर निवासी भल्लू की बेटी शबनम का निकाह दो दिसम्बर 2023 को इसी कोतवाली के शाहपुर जोत यूसूफ के मजरे हठीला गांव निवासी वसीम पुत्र शमीम के साथ हुआ था। शादी में पिता ने बाइक सहित काफी दान दहेज दिया था। जिससे वसीम संतुष्ट नहीं था। आरोप है कि 21 अप्रैल की सुबह आठ बजे शबनम को पति ने काफी पीटा। गला दबाकर उसकी जान से मारने की कोशिश की। जिस पर जेठ ने बचाया। इसकी जानकारी शबनम के पिता तक पहुंची। भल्लू व उनके भाई शल्लू बेटी की ससुराल पहुंचे और दामाद वसीम को समझाने की कोशिश की। जिस पर वसीम ने शबनम के पिता व चाचा के सामने धुनाई की। शरीर पर पहना जेवर छीन लिया। तीन तलाक देकर घर से निकाल दिया। नतीजतन पिता व चाचा शबनम को घर लाए। पीड़िता ने शनिवार को पति को नामजद कर मारपीट कर उत्पीड़न, दहेज प्रतिषेध व मुस्लिम महिला के विवाह में सुरक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। कोतवाल बीके मिश्रा ने बताया कि जांच के बाद गिरफ्तारी की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### मोदी ने गरीबों की हालत समझी और दिया लाभ


ग्रामीण क्षेत्रों में जन संपर्क अभियान चलाते कार्यकर्ता। अमृत विचार

**बहराइच,अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा की टीम ने सोमवार को लोगों से जन संपर्क किया। कहा कि गरीबों की मदद करने के लिए प्रधानमंत्री ने हर प्रयास किया। भाजयुमो क्षेत्रीय कार्य समिति सदस्य( अवध क्षेत्र) एकता जायसवाल,महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष उर्मिला शुक्ला, जिला कार्य समिति सदस्य संतराम पांडेय,किसान मोर्चा जिला महामंत्री भरतलाल पांडेय ददुवा, जैतापुर मंडल महामंत्री रघुनंदन पांडेय,बूथ प्रभारी नरेंद्र गुप्ता, शक्ति केंद्र संयोजक उमाकांत त्रिपाठी, जगदीश जायसवाल,बूथ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, महेंद्र सिंह,शुभम सिंह , राकेश यादव ने विधानसभा महसी के सेक्टर खैरा बाजार के ग्राम पंचायत भिरवा व बिलासपुर में डोर टू डोर जनसंपर्क किया गया।

### बीमारियों से बचने के लिए साबुन से धुले हाथ


विद्यालय में बच्चों के बीच कराया गया निबंध प्रतियोगिता। अमृत विचार

**बौंडी, बहराइच,अमृत विचार।** विकासखंड तेजवापुर के प्राथमिक विद्यालय शेखदहीर तेजवापुर में राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलआपूर्ति विभाग उत्तर प्रदेश की तरफ से विद्यालय में स्वच्छता क्लब का गठन किया गया। बच्चों से स्वच्छता के लिए शपथ ग्रहण करवाया गया। विकास खंड तेजवापुर के प्राथमिक विद्यालय में बच्चों से निबंध के साथ ड्राइंग प्रतियोगिता भी करवाया गया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। छात्र और छात्राओं को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया। ट्रेनर दीपिका शुक्ला ने बच्चों को जल जनित और मल जनित बीमारियों के बारे में बताया। कहा कि खाना खाने से पहले शौच से आने के बाद बीस सेकेंड साबुन से हाथ धोना चाहिए। इस मौके पर विद्यालय के स्टाफ में अर्चना सिंह, रितु गोस्वामी, नेहा दिक्षित, राधा शर्मा, फैल्कान मुंबई की तरफ से कोऑर्डिनेटर राम प्रगाश डीपीसी, शाहिद अली उर्फ मामू, सहायक डीपीसी श्याम गोपाल तिवारी, सुनील यादव, ममता निषाद, जय वर्मा, दीपक तिवारी, कैमरामैन आदित्य शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

### पोते के बरही कार्यक्रम में हाथ में दगा गोला

**विशेश्वरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** जिले के प्रतापपुर तरहर गांव में पोते के बरहा कार्यक्रम में गोला बाबा के हाथ में दग गया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। गंभीर हालत में ग्रामीण को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। विशेश्वरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत प्रतापुर तरहर गांव निवासी गंगाराम पुत्र राम समुझ की बहू ने बेटे को जन्म दिया था। रविवार को 12 दिन होने पर पोते ज्ञानू का बरहा कार्यक्रम था। पोते के बरहा कार्यक्रम की खुशी में बाबा ने स्वयं गोला दगाने लगा। एक गोला गंगाराम के हाथ में दग गया। जिससे उनके हाथ की कलाई जल गई। वह गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीण को सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

### पुलिस लिखी बुलेट में लगी आग, मची भगदड़

**कैसरगंज, बहराइच, अमृत विचार।** कैसरगंज कोतवाली क्षेत्र के हनुमान मंदिर के निकट नेशनल हाईवे पर बहराइच की ओर से आ रही एक बुलेट मोटरसाइकिल में अचानक आग लग गई। जिससे अफरा तफरी मच गई। मोटरसाइकिल सवार मोटरसाइकिल छोड़कर किसी तरह जान बचाकर भागा। आसपास के नागरिकों ने एकत्रित होकर बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया। तब तक मोटरसाइकिल आधे से अधिक जल चुकी थी। पुलिस लिखी बुलेट किसकी है, अभी इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

### लड़की के अपहरण मामले में दो को जेल

**जरवल रोड, बहराइच।** जरवल रोड थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी लड़की को कुछ लोग बहला फुसलाकर अपहरण कर ले गए थे। प्रभारी निरीक्षक ब्रिज प्रसाद ने बताया कि केस दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही थी। सोमवार को उप निरीक्षक अनिरुद्ध यादव की टीम ने बाराबंकी जिले के थाना गोम्टर अंतर्गत बुद्धूपुर गांव निवासी शुभम पुत्र सुशील और जरवल कस्बा निवासी रोहित पुत्र बच्चा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# बाइक नंबर से घायल का पता नहीं लगा सकी पुलिस, चली गई जान

बहराइच

**अमृत विचार।** कोतवाली देहात के लखनऊ बहराइच मार्ग पर नवोदय विद्यालय के सामने 24 अप्रैल को एक अज्ञात युवक घायल अस्वथा में मिला था। कोतवाली देहात पुलिस ने अज्ञात में एंबुलेंस से युवक को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया था। कोई देखभाल करने वाला न होने के चलते 27 अप्रैल की रात में युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पहचान के लिए मर्चुरी में रखवा दिया। इसी दौरान मृतक के बड़े भाई सीताराम ने पहचान फखरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोडरी खपुरवा गांव निवासी अभिषेक वर्मा उर्फ पप्पू (30) पुत्र नर्बदे के रूप में की। सीताराम ने बताया कि छोटा भाई अभिषेक राजगीर का काम करता था वह बाइक से बहन का इलाज में रुपए देने के लिए जिला अस्पताल आ रहा था तभी किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। लेकिन बाइक बरामद होने के बाद भी पुलिस द्वारा बाइक नंबर से पता लगाने की कोशिश नहीं की । भाई का पता न लगने पर उसने फखरपुर थाने में गुमशुदगी का केस भी 26 अप्रैल को दर्ज कराया था।


(फाइल फोटो)।

### शराब की दुकान के सामने मारपीट, वीडियो वायरल

**बहराइच, अमृत विचार।** शहर के गल्ला मंडी के आगे स्थित शराब की दुकान के सामने रविवार रात को जमकर मारपीट हुई। एक दूसरे पर बेल्ट से वार किया। लाइव मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरगाह थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी से आगे सिंघा परासी में शराब की दुकान स्थित है। इस दुकान पर रविवार रात 9 .30 बजे कुछ लोग शराब लेने आए। तभी किसी बात को लेकर मुनीम और शराब खरीदने वाले लोगों से कहासुनी शुरू हो गई। इसी दौरान कुछ अन्य लोग आ गए। दो पक्ष के लोगों में बीच सड़क पर जमकर मारपीट हुई। मारपीट का लाइव वीडियो किसी ने बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। (अमृत विचार वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता)घटना की जानकारी होते ही दरगाह पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष हरेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि दो लोगों का मेडिकल कराया गया है। अभी किसी पक्ष से तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# हाथों में मेहंदी रचाकर छात्राओं ने मतदान के लिए किया जागरूक

कैसरगंज, बहराइच

**अमृत विचार।** जनपद बहराइच में जिलाधिकारी के नेतृत्व में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रम संचालित हो रहे हैं वही विकासखंड कैसरगंज के प्राथमिक / उ०प्रा० विद्यालयों के छात्राओं ने लोकसभा चुनाव में लोगो के जागरुकता हेतु अपने हाथों में स्लोगन 'सारे काम छोड़ दो सबसे पहले वोट दो, वोट डालने जाना है अपना फर्ज निभाना है आदि नारों से मेहंदी रचाकर वोटिंग का महत्व को अपने माता -पिता दादा - दादी चाचा- चाची काका- काकी को मतदान के महत्व को समझाने का निर्णय लेते हुए वोट प्रतिशत बढ़ाते हुए लोकतंत्र के महापर्व 20 मई को मतदाताओं को मतदान करने को लेकर जागरूक कर रहें हैं। पहले मतदान, फिर जलपान के तर्ज पर लोग अपने घरों से निकलने की अपील की है।


छात्राओं ने लगाई मेंहदी।

### खाड़ी देश भेजने के नाम पर युवाओं से ठगी

**बहराइच, अमृत विचार।** जिले में ठगी का मामला बढ़ता जा रहा है। रानीपुर के बार अब शहर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी युवक की तहरीर पर पुलिस ने सऊदी अरब भेजने का झांसा देकर हजारों की ठगी करने वाले छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली नगर के मोहल्ला वजीरबाग निवासी मुहम्मद आमिर ने कोतवाली में तहरीर दी। पीड़ित का कहना है कि बड़ीहाट निवासी इम्तियाज हसन, कैश, निशा हसन, निजय व राजन सलमानी समेत छह लोग विदेश भेजने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। पीड़ित के भाई कामरान को सऊदी में काम दिलाने के साथ वीजा देने के लिए 95 हजार ले लिये। 20 हजार आनलाइन भी लिये। सभी ने भाई का मेडिकल कराया। इसके बाद पासपोर्ट ले लिया। कई दिन तक दौड़ने के बाद जब पीड़ित ने सच्चाई का पता लगाया तो ठगी होने की जानकारी हुई।

## आयोजन

भाजयुमो ने महसी के बहोरिकपुर में आयोजित किया युवा सम्मेलन

# विपक्ष के पास नहीं है मुद्दा : स्वतंत्र देव

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** भारतीय जनता युवा मोर्चा द्वारा महसी विधानसभा के बहोरिकपुर में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि स्वतंत्र देव ने कहा कि कहा कि अगर उनके भारत माता की जय और जय श्री राम बोलना सांप्रदायिक है तो वह सांप्रदायिक है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। पीएम मोदी भी सदैव युवाओं के हित की बात करते हैं और नए-नए आयाम के माध्यम से सदैव युवाओं को प्रेरित भी करते रहते हैं। युवाओं के बल पर ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन किया जा सकता है। जल शक्ति मंत्री ने कहाकि युवा सम्मेलन के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय जनता पार्टी की विचारधारा से जोड़ना है। क्योंकि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो देश के विकास के लिए सदैव अग्रसर रहती है। युवा ही राष्ट्र की दशा दिशा तय करता है। अतः भाजपा से जुड़कर युवा सदैव राष्ट्र की बात करेगा जब युवा आगे बढ़ेगा तो देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि भारत में सबसे अधिक संख्या युवाओं की है। जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय ने कहा कि आप सभी को जो भी कार्य दिए जा रहे हैं उसे लक्ष्य तक पहुंचाएं। इस अवसर पर सांसद अक्षयवर लाल गोंड, महसी विधायक सुरेश्वर सिंह प्रत्याशी आनन्द गोंड, विधायक सुभाष त्रिपाठी, बलहा सरोज सोनकर, रामनिवास वर्मा, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, युवा मोर्चा जिला संयोजक अरुणेंद्र सिंह अंकित, उपाध्यक्ष सौरभ मिश्रा, शैलेंद्र यादव, ज्ञानेंद्र द्विवेदी, सूरज गोंड, परमार्थसेन चौधरी, सुधाकर सिंह आदि थे।



बहराइच के बहोरिकपुर में आयोजित सभा को संबोधित करते मुख्य अतिथि।

# आदर्श आचार संहिता का पालन करें राजनीतिक दल के सदस्य

**बहराइच, अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग की ओर से प्रभावी आदर्श आचार संहिता का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक केएसएसवी सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। प्रेक्षक ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा लागू आदर्श आचार संहिता का पालन करते हुए चुनाव लड़ें। प्रेक्षकों ने कहा कि यदि किसी प्रत्याशी या दलों को कोई समस्या आता है तो वे प्रेक्षकों अथवा उच्चाधिकारियों के संज्ञान में अपनी बात ला सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी मोनिका रानी व एसपी बृन्दा शुक्ला ने प्रत्याशियों व दलों के पदाधिकारियों को आदर्श आचार संहिता की जानकारी देते हुए कहा कि दोस्ताना माहौल में चुनाव लड़ें। डीएम ने बताया कि 01 मई को मध्यान्ह 12 बजे एनआईसी में ईवीएम का द्वितीय रैण्डमाईजेशन किया जायेगा। इसके पश्चात 3 मई से ईवीएम की कमीशनिंग का कार्य होगा। बैठक के दौरान भाजपा प्रत्याशी आनन्द कुमार, सपा प्रत्याशी के प्रतिनिधि ज़फर उल्लाह खां बन्दी, भाजपा पदाधिकारी रणविजय सिंह, रिंकू साहनी के निर्वाचन अभिकर्ता रोशन लाल नाविक, निर्दलीय प्रत्याशी रमेश बाल्मीकि सहित अन्य द्वारा महत्वपूर्ण सुझाव दिये गये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर आदि मौजूद थे।

नाप्राप्यमभिवाञ्छन्ति नष्टं नेच्छन्ति शोचितुम् ।
आपत्सु च न मुह्यन्ति नराः पण्डितबुद्धयः ॥

जो व्यक्ति दुर्लभ वस्तु को पाने की इच्छा नहीं रखते, नाशवान वस्तु के विषय में शोक नहीं करते तथा विपत्ति आ पड़ने पर घबराते नहीं हैं, डटकर उसका सामना करते हैं, वही ज्ञानी हैं ।

## संपादकीय

# खनिजों की खोज

आर्थिक प्रभुत्व की दौड़ में शामिल भारत में एक नया खजाना खोज शुरू हो गई है। यह है महत्वपूर्ण खनिजों की खोज। 2017 के बाद से, ऊर्जा क्षेत्र की लिथियम की आवश्यकता तीन गुना हो गई है और कोबाल्ट और निकल की मांग में 70 प्रतिशत और 40 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। इंटरनेशनल एनर्जी एसोसिएशन (आईईए) ने 2030 तक मांग दोगुनी होने का अनुमान लगाया है। भारत के तीव्र आर्थिक विकास और महत्वाकांक्षी स्वच्छ ऊर्जा लक्ष्यों की पृष्ठभूमि में सोमवार से आयोजित किया जा रहा खनिज शिखर सम्मेलन उद्योग जगत के अग्रणी प्रतिनिधियों, स्टार्टअप, सरकारी अधिकारियों, वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों और नीति विशेषज्ञों समेत भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय हितधारकों को एक साझा मंच प्रदान करेगा। शिखर सम्मेलन में आठ प्रमुख खनिजों ग्लूकोनाइट (पोटाश), लिथियम-दुर्लभ पृथ्वी तत्व (लैटेराइट), क्रोमियम, प्लैटिनम समूह, ग्रेफाइट, ग्रेफाइट से जुड़े टंगस्टन, दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरई) और ग्रेफाइट से जुड़े वैनेडियम पर तकनीकी सत्र शामिल हैं। कहा जा सकता है कि स्मार्ट-फोन से लेकर लड़ाकू विमानों तक हर चीज के लिए आवश्यक माने जाने वाले ये खनिज प्रगति के छिपे हुए चालक बन गए हैं। जैसे-जैसे दुनिया स्वच्छ ऊर्जा और डिजिटल चमत्कारों द्वारा संचालित भविष्य की ओर बढ़ रही है, महत्वपूर्ण खनिजों की मांग बढ़ती गई है। खनिजों के महत्व को पहचानते हुए भारत ने 24 महत्वपूर्ण खनिजों की पहचान की है और उन्हें अपनी सीमाओं के भीतर खनन के लिए एक ढांचा स्थापित किया है। लिथियम इसके केंद्र में है क्योंकि यह बैटरी-पावरहाउस खनिज इलेक्ट्रिक वाहन क्रांति को बढ़ावा दे रहा है, जो भारत के जलवायु परिवर्तन शमन एजेंडे का एक महत्वपूर्ण घटक है। तांबा लिथियम, निकल, कोबाल्ट जैसे महत्वपूर्ण खनिज की पवन टरबाइन और बिजली नेटवर्क से लेकर इलेक्ट्रिक वाहनों तक मांग बढ़ रही है। केंद्र ने अभी तक 38 महत्वपूर्ण और रणनीतिक खनिजों की नीलामी शुरू की है और उसकी 100 से अधिक महत्वपूर्ण खनिजों की नीलामी की तैयारी है। खान सचिव वीएल कांथा राव ने सोमवार को कहा कि जून के अंत तक नीलामी के चौथे दौर में करीब 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लाक की नीलामी होगी। महत्वपूर्ण खनिज आत्मनिर्भरता के लिए भारत की खोज को संसाधन निष्कर्षण की वैश्विक भू-राजनीति से अलग नहीं किया जा सकता है। यह भारत की आर्थिक रणनीति में बदलाव का प्रतीक है, जो भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण खनिजों की शक्ति को पहचानता है। भारत द्वारा हाल ही में 20 महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉकों की नीलामी का आकलन अकेली घटना के रूप में नहीं, बल्कि एक सोची-समझी रणनीति के रूप में किया जाना चाहिए।

# आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है



डॉ. अरविंद मिश्र
वरिष्ठ विज्ञान संचारक

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है। अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने।

सामान्य निर्वाचन 2024 के अभी संपन्न दो चरणों में निरंतर गिर रहे मतदान प्रतिशत से अटकलबाजी का माहौल है। क्या भाजपा का उद्घोषित अबकी बार चार सौ पार नारा बेअसर होगा या फिर इंडिया गठबंधन की लुटिया डूबेगी? दोनों पक्षों के अपने अपने कयास हैं, तर्क और विवेचना है। किन्तु यहां चर्चा कयासबाजी से इतर इस पहलू को लेकर है कि आखिर मतदान प्रतिशत गिर क्यों रहा है?

राजनीतिक समझ के पुरोधाओं, समाचार मीडिया ने इस पर भी बहुत कुछ लिखा है। एक प्रमुख कारण बढ़ती भीषण गरमी बताई गई है। एक यह कारण भी इंगित हुआ है कि सत्ताधारी पार्टी के प्रत्याशियों और दीगर राजनैतिक पार्टी के प्रमुख दावेदार प्रत्याशियों ने चुनाव प्रचार में पहले जैसी ताकत नहीं झोंकी।

सत्ता पक्ष पूरी तरह मुतमईन है, बेपरवाह है कि मोदी मैजिक चलेगा और आंकड़ा चार सौ पार जाना जब सुनिश्चित ही है तो फिर काहें की मगजमारी? दूसरा हताश विपक्ष की पूरी बेचारगी कि जब मोदी को फिर से, तिबारा आना ही है तो क्या मतदान करना? दोनों ही ओर गफलत के चलते मतदान प्रतिशत गिरा है।

वैसे यह सब कयास ही है मगर एकदम से उपेक्षित करने लायक भी नहीं। देखने में स्पष्ट आ रहा है कि भाजपा के कितने प्रत्याशी बस मोदी मैजिक पर आश्रित हैं। क्षेत्र में जा ही नहीं रहे हैं। सघन प्रचार नहीं कर रहे हैं। बल्कि मतदाता कहते फिर रहे हैं कि हमारे भाजपा के प्रत्याशी महानुभाव तो दर्शन दिए नहीं हम तो बस मोदी के नाम पर वोट डाल आए हैं। कोढ़ पर खाज यह कि इस बार जहां जहां भाजपा ने एलियन प्रत्याशी उतारे हैं, उन्हें क्षेत्र की समझ भी नहीं है और उनके स्थानीय भाजपा सहयोगी खुन्नस खाए बैठे हैं। दिखाने के लिये चेहरे पर रौनक और ठकुरसुहाती है। पीठ पीछे कुछ और। यह सब देख तो यही लगता है कि चार सौ पार का आंकड़ा पाना टेढ़ी खीर ही है। भाजपा समर्थकों को अब मोदी योगी मैजिक का ही आसरा है। राहत यह है कि अभी पांच चरण बाकी हैं। जब से और जितना जल्दी यह पार्टी कैडर चेत जाय उतना ही भला।

दूसरी ओर मजहबी बिरादरी पानी पी पीकर मोदी योगी को कोसती हुई कांग्रेस के पक्ष में एकजाई हो गई है और पूरी सक्रियता और विपुलता से मतदान में हिस्सा ले रही है। बस उद्घोष करते फिर रहे राष्ट्रप्रेमी मतदाता वोट देने में उतने सक्रिय नहीं है। ये फैक्टर निश्चय ही सत्तादल के लिए अनुकूल नहीं है। सारा दमखम बस दिखावे के लिए हो, एक यूफोरिया ही तारी हो जो वोट में परिणत न हो सके तो संकेत शुभ कैसे कहा जाय?



एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था – वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था – मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना।

न न करते आखिर मैंने एक राजनीतिक विश्लेषण कर ही दिया। मगर एक बात और जिस पर सयानों की नज़र नहीं जा रही है वह है मतदाता सूचियों की अशुद्धता, जिसकी वजह से भी मतदान प्रतिशत के गिरे होने की प्रतीति है। और इसकी जिम्मेदारी तो भारत निर्वाचन आयोग को ही लेनी है। हम जब राजकीय सेवा में थे निर्वाचन प्रक्रिया के लगभग सभी पहलुओं से गहरे जुड़े थे। उच्च स्तर के प्रशिक्षण भी प्राप्त किए थे और विभिन्न स्तरों पर प्रशिक्षण देते भी थे।मतलब निर्वाचन मशीनरी से करीब से जुड़े थे। इसलिए व्यवस्था की अच्छाईयों और खामियों (लूपहोल) से भी खासे परिचित होते थे।

एक बात जिस पर भारत निर्वाचन आयोग के पदाधिकारियों का बहुत जोर होता था - वह था मतदाता सूची अर्थात निर्वाचक नामावलियों की शुचिता। जिसे एक अधिकारी मतदाता सूचियों का स्वास्थ्य भी कहते थे। स्वास्थ्य खराब तो मतदान प्रक्रिया का दुष्प्रभावित होना तय। मतदाता सूचियों के खराब स्वास्थ्य का अर्थ था - मृतकों का नाम भी शामिल रह जाना, निर्वाचन क्षेत्र को छोड़कर दूसरे निर्वाचन क्षेत्र जिले या प्रदेश शहर में हमेशा के लिए चले गए मतदाता का नाम भी स्थानीय मतदाता सूची में शामिल रह जाना। दो जगहों पर मतदाताओं का नाम बने रहना। एक ही मतदाता का नाम दुबारा उसी सूची में आना। सभी नए मतदाताओं का नाम न जुड़ पाना। और पूरक सूची में होने पर मतदान कार्मिकों की कहीं कही अक्षमता से ऐसे मतदाताओं का नाम न ढूंढ़ पाना आदि आदि। जब तक मतदाता सूचियां इन विसंगतियों से पूर्णतया मुक्त नहीं होंगी मतदान प्रतिशत कैसे बढ़ेगा?

एक और ध्यान दिलाना और भी जरुरी है कि विगत शती से अद्यावधि दशकों निर्वाचन प्रक्रिया के चलने के बाद भी आज तक भारत निर्वाचन आयोग के पास जिलों में अपना खुद का सेट अप नहीं है। और न ही पर्याप्त पूर्णकालिक स्टाफ। निर्वाचन की घोषणा होते ही सारी व्यवस्था जिलाधिकारी को जिला निर्वाचन अधिकारी बनाकर उन पर थोप दी जाती है।

अब तुम जानो तुम्हारा काम जाने। जिले के सारे अधिकारी कर्मचारी अल्पकालिक तौर पर भारत निर्वाचन आयोग के अधीन हो जाते हैं और ऊपर से आयोग का चाबुक। मरता क्या न करता। एक भारी दबाव का वातावरण सृजित होता है जिसमें गुणवत्ता तो कंप्रोमाईज होनी ही है। जबकि सामान्य समझ है कि मतदान प्रक्रिया अगर सौ फीसदी सही नहीं रही तो वह दूषित हो जाती है। आज राजनीतिक दलों से लेकर, सुप्रीम कोर्ट तक और स्वयं भारत निर्वाचन आयोग की ओर से भी चुनाव सुधारों की बड़ी चर्चा होती है मगर इस पर विमर्श क्यों नहीं होता कि हर जिले में पर्याप्त स्टाफ के साथ निर्वाचन का पृथक कार्यालय हो और वर्ष भर वहां प्रशिक्षण देने के कार्यक्रम आयोजित हों।

यह तो गनीमत रहती है कि जिला निर्वाचन अधिकारी प्रायः भारतीय प्रशासनिक सेवा का अधिकारी होने से सामान्यतः अपनी बुद्धि और कार्यक्षमता से निर्वाचन कार्य संभाल लेता है मगर जहां अधीनस्थ पर यथेष्ट नियंत्रण और संवाद की कमी होती है विकट परिस्थितियां उत्पन्न हो जाती हैं। और ज्यादातर नए उप जिलाधिकारी जो मतदाता सूचियों के उत्तरदायी अधिकारी होते हैं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पुस्तकों के पन्ने तक नहीं पलटते। और जब ऊपर की डांट फटकार से पलटने शुरु भी करते हैं चुनाव ठीक सिर पर होता है। इन बिन्दुओं को लिखने के पीछे चुनाव सुधार की ही कामना है और इसे इसी भावना से लिए जाने का अनुरोध है। ताकि लोकतंत्र का हमारा यह महापर्व पूरी शुचिता और निर्विघ्नता से संपन्न हो सके।

आशा है कि आगे के चरणों में मतदाताओं की भागेदारी बढ़ेगी। राजनीतिक दल इसे हल्के में न लें। कमर कस कर जुट जायें। अधिक से अधिक मतदाताओं को घरों से बाहर निकालें।

## प्रसंगवश

# तहजीब लखनऊ की

लखनऊ की तहज़ीब औरनफ़ासत दुनिया भर में मशहूर है। 1964 के आसपास रहा होगा; इटावा की नुमाइश में एक कार्यक्रम में दिल्ली का कमेडियन लखनऊ के नवाबों पर एक चुटकुला सुना रहा था। एक नवाब के बच्चे को दूसरे नवाब के बच्चे ने खेल खेल में पीट दिया था। बस फिर क्या था! इज्जत का सवाल था। जिनका बच्चा हार गया था, वह पूरी नवाबी पोशाक पहन कर, छड़ी लेकर बग्घी पर सवार हुए और दूसरे नवाब के दरवाज़े पर पहुंच गए। वे ऊपर दूसरी मंजिल पर थे। पहले वाले नवाब,जो लड़ने गए थे,यूं बोले," अमां नवाब साहब! आपके साहबज़ादे ने मेरे बेटे को मारा है, जो मुझे हरगिज़ बर्दाश्त नहीं हैं। आप झगड़ा करने के वास्ते नीचे तशरीफ ला रहे हैं या मैं ऊपर आ कर हाज़िर होऊं"। अब एक सही किस्सा। 1920 में लखनऊ म्युनिसपलिटी के चुनाव हुए। चौक इलाके से कारपोरेटर सीट के लिए मशहूर तवायफ दिलरुबा जान खड़ी हुईं। वे बला की खूबसूरत थीं। अब उनकी महफिलें खचाखच भरने लगीं। कोई उनके खिलाफ लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहा था। एक हकीम थे शमशुद्दीन। उनके कुछ दोस्तों ने उन्हें पानी पर चढ़ा कर पर्चा दाखिल करवा दिया। कनवेसिंग होने लगी। दिलरुबा जान की तरफ की भीड़ सरासर ज्यादा थी। हकीम साहब दोस्तों पर झल्लाए। कहा, हमें फिज़ूल में हारने के लिए खड़ा कर दिया। भला दिलरुबा को छोडकर हमें कौन वोट देगा; लेकिन हकीम साहब के दोस्तों ने हिम्मत नहीं हारी उन्होंने एक नारा दीवालों पर लिखवाया- हिदायत है ये चौक के वोटर-ए शौकीन को।/ दिल तो दिलरुबा दीजिए,वोट शमशुद्दीन को।।तवायफें भी कम होशियार नहीं थीं। जवाबी नारा दीवालों पर लिखवा दिया-' हिदायत है ये चौक के वोटर'-ए शौकीन को।/ वोट दिलरुबा को दीजिए, नब्ज़ शमशुद्दीन को।।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

खैर! वोटिंग हुई शमशुद्दीन जीत गए। अब लखनवी तहज़ीब के हिसाब से दिलरुबा हकीम साहब के घर मुबारकबाद देने गईं। बातों बातों में कहा,"इसका मतलब है लखनऊ में आशिक कम मरीज़ ज्यादा हैं'।

# कहां बसाएंगे अपने सपनों की दुनिया



डा. मनोज कुमार
प्रवक्ता, मऊ

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा है।

आज से लगभग साढ़े चार अरब वर्ष पहले पृथ्वी भी अन्य ग्रहों की तरह आग का दहकता हुआ गोला थी। परन्तु पर्यावरण में कुछ रासायनिक क्रियाएं हुईं तदुपरांत पृथ्वी ठंडी हुई । बादल बने बारिश हुई तथा पृथ्वी पर जल भराव हुआ। इन्हीं जल भरावो में जीवन की संभावना बनी। इस तरह का कुदरती करिश्मा केवल पृथ्वी के साथ हुआ। इसलिए सौरमंडल के सभी नौ ग्रहों में केवल पृथ्वी पर जीवन और प्रचुर मात्रा में जैव विविधता पाई जाती हैं। इसलिए पृथ्वी को अद्भुत ग्रह कहा जाता हैं। पृथ्वी समस्त जीवों का पालन पोषण तो करती हैं मनुष्य के शौक श्रृंगार को भी पूरा करती हैं। मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं को स्वस्थ जीवन प्रदान करने वाली पृथ्वी ही अगर अस्वस्थ, प्रदूषित और कुपोषित हो गई तो हमारी भावी पीढ़ियों का जीवन संकट में पड जाएगा।

विकास करने और खुशहाल जीवन जीने में प्राकृतिक संसाधन महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। परन्तु इन संसाधनों का मूर्खतापूर्ण उपभोग और उपयोग अनगिनत प्रकार की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय समस्याएं पैदा कर सकता हैं। इसलिए भावी पीढ़ियों को ध्यान में रखते हुए विकास की योजनाएं निर्धारित करनी होगी तथा संसाधनों का संरक्षण आवश्यक है। इसलिए प्रायः अत्यंत प्राचीन काल से प्रत्येक समाज में चिंतक और विचारक संसाधनों के संरक्षण पर अपने विचार प्रकट करते रहे हैं। इस संबंध में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है कि प्रकृति में प्रत्येक की आवश्यकता पूरी करने के लिए सब कुछ है। परन्तु किसी के लालच को पूरा करने के लिए नहीं। अर्थात हमारे पेट भरने के लिए बहुत है लेकिन पेटी भरने के लिए नहीं। महात्मा गांधी के अनुसार संसाधनों के ह्रास्व के लिए स्वार्थी व्यक्ति तथा आधुनिक प्रौद्यौगिकी की शोषणकारी प्रवृत्ति जिम्मेदार हैं। इसलिए वह व्यापक जन भागीदारी द्वारा लघु कुटीर उद्योग धंधों पर आधारित अर्थव्यवस्था के पक्षधर थे। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर व्यवस्थित तरीके से संसाधनों के विवेकपूर्ण इस्तेमाल और संसाधन संरक्षण की वकालत 1968 में क्लब ऑफ रोम ने की।

तीव्र औद्योगीकरण, नगरीकरण और आधुनिकीकरण की चाहत में पृथ्वी के प्राकृतिक भूगोल ,भूसंरचना भू-आकृति और भौगोलिक विन्यास को पूरी तरह तहस-नहस कर दिया गया। इन चाहतों में पागल मानवीय महत्वाकांक्षाओं ने जल प्रबंधन के अधिकांश परंपरागत निर्मितियों कुआॅ, तालाब पोखरे जोहड़ और बावडियो को बेरहमी से पाट दिया गया। इसका स्वाभाविक परिणाम यह देखने को मिलता है कि आज देश के मेगा शहर अत्यधिक जल भराव के शिकार हैं तो ग्रामीण क्षेत्रों में भौमिक जल स्तर काफी नीचे चला गया है। इसलिए भारत के लगभग छह लाख गांवो में जल संकट गहराता जा रहा हैं। जल संकट के अतिरिक्त औद्योगिक विकास शहरीकरण और नगरीकरण के कारण प्राकृतिक संसाधनों का अंधाधुंध शोषण हुआ है। इस अंधाधुंध शोषण के फलस्वरूप पारिस्थितिकीय असंतुलन, भूमंडलीय तापन, ओजोन परत का क्षरण पर्यावरण प्रदूषण और भूमि निम्मनीकरण जैसी समस्याएं उत्पन्न हुई हैं।

बेतहाशा बढ़ती जनसंख्या के भरण-पोषण के लिए अधिक अनाज उत्पादन का दबाव बढ़ता जा रहा हैं। अधिक अनाज उत्पादन के लिए अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, प्रयोग, खरपतवारनाशी और कीटनाशक दवाओं के अत्यधिक प्रयोग के कारण हमारी धरती अत्यधिक प्रदूषित होती जा रही है और भूमि की गुणवत्ता में निरंतर गिरावट आती रही। जिसके फलस्वरूप अनगिनत बीमारियां पांव पसार रहीं हैं तथा हमारी समृद्ध जैव विविधता क्षीण होती जा रही हैं। अत्यधिक रासायनिक उर्वरकों, खरपतवार नाशी और कीट नाशक दवाओं के प्रयोग के कारण अनगिनत जीव जंतु और अनगिनत वनस्पतियां विलुप्त होने के कगार पर हैं। इसलिए जिस तरह हम अपने लिए अपने सपनों के घर की देखभाल करने के लिए चितिंत रहते हैं उसी तरह मनुष्य सहित समस्त जीव जंतुओं के प्राकृतिक आवास पृथ्वी के बारे में भी चिंतन मनन करना चाहिए। निश्चित रूप से हर इंसान को अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल बनाना चाहिए परन्तु इतना ध्यान रखना चाहिए कि- हमारी धरती ही लहू-लुहान हो गई तो हम अपने सपनों का घर, घरौंदा, घोंसला या महल कहां और कैसे बनाएंगे।

## सोशल फोरम

# बिल्लू का इर्रफान

मास्टर एक्टर इर्रफ़ान को गुज़रे चार बरस हो चुके हैं। मगर आज भी वो दिल के बहुत क़रीब हैं। एक एक्स्ट्रा 'र' की ध्वनि के कारण इरफ़ान को इर्रफ़ान ख़ान कहलाना अच्छा लगता था। वो बाकी ख़ानों से अलग ख़ान थे, बेजोड़ ख़ान। चीखने-चिल्लाने और जगमग रोशनी में नहाई सेल्फ प्रमोशन की फ़िल्म नगरी में चुपचाप और अकेले रहे। वो पर्दे पर भी इसी रूप में दिखे। इसी एक्सप्रेसिव चेहरे की बदौलत एक अलग और ऊंचा मुकाम हासिल किया। अनेक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय पुरुस्कारों से नवाज़े गए, पद्मश्री देकर सरकार भी गौरवांवित हुई। लेकिन इरफ़ान ने सफलता को सर पर नहीं चढ़ने दिया। बनने चले थे क्रिकेटर। सुना गया कि सीके नायडू अंडर-23 में सिलेक्शन भी हो गया था मगर नियति ने उन्हें नाटक और सिनेमा के लिए बनाया था। संयोग से नेशनल स्कूल ऑफ़ ड्रामा में दाख़िला मिल गया। क्रिकेट का मैदान छोड़ दिया।



वीर विनोद छावड़ा
वरिष्ठ लेखक, लखनऊ

मैंने उनकी कई फ़िल्में देखी हैं, मक़बूल और पान सिंह तोमर भी, जिसने उन्हें श्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरूस्कार दिलाया। मगर मुझे उनकी 'बिल्लू' बहुत पसंद आई। पूरी फ़िल्म में वो शायद ही कहीं बोले, उनका एक्सप्रेसिव फेस ही व्यथा, ख़ुशी और ग़म का अहसास करता रहा। इसमें वो एक ग़रीब नाई बिल्लू हैं, अथाह क़र्ज़ में डूबे हुए। पत्नी लारा दत्ता है और दो बच्चे। जैसे-तैसे गुज़र हो रही है। तभी कस्बे में एक फिल्म की शूटिंग शुरू होती है, हीरो हैं साहिल ख़ान (शाहरुख़ ख़ान)। बिल्लू पत्नी और बच्चों को बताता है साहिल से उसका बचपन का नाता है। मगर क़िस्मत ने उसे स्टार बना दिया और उसे नाई। जाने कैसे ये बात बाहर लीक हो जाती है और नतीजा ये होता है तमाम कस्बे की निगाह में बिल्लू हीरो बन जाता है। मगर स्वयं बिल्लू को बॉडी गाड्र्स ने साहिल से मिलने नहीं दिया।

तो सबको लगा साहिल झूठ बोल रहा था। सब एकाएक उसके दुश्मन बन गए। एक स्कूल के फंक्शन में उसने बिल्लू से अपनी नज़दीकियां बयान कीं। बिल्लू ये सब चुपचाप पीछे खड़ा सुन रहा है। वो चुपचाप घर लौट आता है और उसके पीछे-पीछे साहिल भी आ जाता है। और पीछे पीछे तमाम गांववाले भी जो बिल्लू को अब तक धिक्कार रहे थे।

**-फेसबुक वॉल से**

# ओरछा में मंदिर दर्शन



अनूप शुक्ल
कानपुर

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं।

ओरछा में सभी पर्यटन स्थल आसपास ही हैं। एक दिन में पांव फिराते हुए सब देखे जा सकते हैं। वैसे भी लोग घूमते हुए इमारतों को 'मौका मुआयना' वाले अंदाज में देख लेते हैं। जिन इमारतों को बनने में वर्षों लगे उनको मिनटों में निपटा देते हैं।

हम भी कोई अलग थोड़ी हैं। सबसे पहले चतुर्भुज मंदिर देखा। मंदिर के निर्माण की शुरुआत बुंदेल राजा मधुकर शाह (1554 -1593 ई) ने अपनी रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर, रानी के आराध्य देव राजा राम की स्थापना के लिए शुरू की थी। पश्चिमी बुंदेलखंड पर मुगल आक्रमण और राजकुमार होरलदेव की मृत्यु के कारण यह पूरा नहीं हो सका। उस समय अकबर मुगलों का बादशाह था। रानी ने राजा राम की प्रतिमा अपने ही महल में स्थापित कर ली। मंदिर का निर्माण दूसरे चरण में महाराज वीरसिंह देव (1605-1627 ई) के शासन काल में हुआ।

मंदिर में भगवान विष्णु की प्रतिमा है। 105 मीटर ऊंचा मंदिर 4.5 मीटर नींव पर बना है। लगभग पांच सौ साल पुराने मंदिर की भव्यता देखकर अचरज और कौतूहल होता है कि कैसे इतने विशाल मंदिर बनाए गए होंगे।

मंदिर में भगवान विष्णु की मूर्ति के पास बैठे पुजारी जी ने बताया कि छह पीढ़ियों से उनका परिवार यहां के पुजारी का काम देख रहा है। पीछे लगी एक महिला की फ़ोटो दिखाते हुए बताया इन्होंने (शायद पुजारी जी की मां) ने वर्षों पुजारी का काम किया। भगवान विष्णु की प्रतिमा के सामने ओरछा का राजमहल है। तकरीबन 200 मीटर की हवाई दूरी होगी। रानी ने प्रतिमा की स्थापना इस तरह कराई थी कि महल के अपने कक्ष से भगवान के दर्शन कर सकें। पूजारी जी इसे रानी के घमंड के रूप में देखते हैं कि अपने कमरे में बैठे-बैठे कोई भगवान के दर्शन करना चाहे।

बाद में महल में स्थित रानी के कक्ष के झरोखे से देखा तो वहां से मंदिर की प्रतिमा साफ दिख रही थी। पांच सौ वर्ष पहले के साधनों से इतनी उत्कृष्टता से निर्माण कार्य जिन लोगों ने किया होगा वे कितने कुशल कारीगर रहे होंगे। अफसोस उनके बारे में आज कोई जानकारी नहीं।

चतुर्भुज मंदिर से राजाराम मंदिर की तरफ आए। यह मंदिर रानी गणेश कुंवरि के आग्रह पर बनवाया गया। कहानी प्रचलित है कि रानी अपने आराध्य देव भगवान राम को लेने अयोध्या गई। उनको लाने के लिए वहां तपस्या की। भगवान प्रकट नहीं हुए तो सरयू में कूद गईं। इस पर भगवान राम प्रकट हुए और रानी के साथ ओरछा चलने को राजी हुए लेकिन शर्तो के साथ : रानी उनको अपने साथ ले चलेंगी, वे ओरछा के राजा होंगे, एक बार जहां उनको रख दिया गया वे वहीं स्थापित हो जाएंगे।

रानी ने अपने आराध्य की तीनों शर्तें मान लीं। उनको अयोध्या से ओरछा लाईं। तब तक मंदिर पूरा नहीं बना था तो प्रतिमा को अपने महल में रख लिया कि जब मंदिर बनेगा तो वहां स्थापना होगी। लेकिन बाद में कहते हैं कि मूर्ति इतनी भारी हो गई कि यहां से हटी नहीं। मजबूरन महल को ही मंदिर बनाना पड़ा।

रानी ने अपने आराध्य की दूसरी शर्त के अनुसार भगवान राम को ओरछा का राजा घोषित करवाया होगा। यह राम जी का अकेला मंदिर है जहां वे भगवान और राजा के रुप मे माने जाते हैं। भगवान के रूप में पूजा होती है। राजा के रूप में रोज सलामी जी जाती है।

मंदिर के प्रांगण में तमाम नवदंपति अपने परिजनों के साथ पूजा करने आए थे। यहां की परंपरा है नए दूल्हे-दुल्हन पूजा करते हैं। थापे लगाते हैं। इसके बाद उनका दांपत्य जीवन आरंभ होता होगा। शायद भगवान के राजा स्वरूप के कारण इस प्रथा की शुरुआत हुई हो। हमारे देखते-देखते एक नवयुगल अपने परिवार के साथ पूजा करने आया वहां। परिवार के लोग डांस भी कर रहे थे। सबसे ज्यादा उत्साह से दुल्हन डांस कर रही थी। सर पर मुकुट और उसके नीचे लंबा घूंघट। घूंघट के अंदर होने के कारण चेहरा नहीं दिख रहा था दुल्हन का लेकिन उसका उल्लास और उत्साह उसके डांस से प्रकट हो रहा था। मंदिर में प्रांगण में भजन मंडली ढोलक की थाप पर अल्हैत वाले अंदाज में भजन गा रही थी। दूल्हा-दुल्हन उसके सामने ही डांस कर रहे थे। मंदिर परिसर में फोटोबाजी मना थी फिर भी नवयुगल और उनके परिवारी जन को डांस करते देखकर और लोगों की देखादेखी कुछ फोटो वीडियो बना लिए।

मंदिर से निकलकर राजमहल देखने के लिए आगे बढ़े। सामने एक पुरानी इमारत दिखी। उसमें लिखा था -टकसाल भवन। 17 वीं शताब्दी का टकसाल भवन आज बुजुर्ग और जर्जर हाल में है। कभी यहां कड़ा पहरा रहता होगा। आज कोई जाता नहीं।

टकसाल भवन के सामने ही तमाम तरह के सामान की भी कुछ दुकानें थी। एक में सामने नीचे तसलों में अलग-अलग आकार की चिलमें रखीं थी। पता चला कि सीकर में बनती हैं ये चिलम। पास बैठे कुछ लोग अलग-अलग अंदाज में चिलमों को टटोलते हुए मोलतोल कर रहे थे।

आगे एक जगह बोर्ड लगा था -"धीमे वाहन चलाओ, जानवरों की जान बचाओ।" हेल्प डाग सेंटर की तरफ से लगाया गया यह बोर्ड जिस सड़क के बीच लगा था वह इतनी कम चौड़ी थी कि वहां तेज गाड़ी चलाने की गुंजाइश कम ही थी। लेकिन कम से कम इसे पढ़कर ही लोग जानवरों के बारे में कुछ दयालु हो सकें।

## आपका पत्र

### हे भारत

भाजपाइयों को रहीम, रसखान, अशफाक, जाफरानी याद क्यों नहीं,/ वीर अब्दुल हमीद, शहीद उस्मान / के राष्ट्रप्रेम की कहानी याद क्यों नहीं, प्रधानमंत्री मोदीजी को इतिहास के नामों में सिर्फ औरंगजेब ही याद क्यों हैं ? हे भारत, बतलाओ, उन्हें ज्ञान नहीं है या राष्ट्र को आधे अधूरे एकांगी तथ्यों को अतिरंजना के साथ प्रस्तुत कर कोई हिडेन एजेंडा तो नहीं लागू कर रहे? उन्हें प्रभु राम और कृष्ण पर लिखने वाले रहीम व रसखान क्यों याद नहीं आते ? उन्हें पंडित रामप्रसाद बिस्मिल और चंद्रशेखर आजाद के साथ मिल कर देशभक्ति अमर कहानी के महानायक अशफाक उल्ला खान याद क्यों आते ? जिसे नेताजी बोस ने आजाद हिंद फौज का और पंडित जवाहर लाल ने भारतीय सेना व पुलिस का अभिवादन बनाया , उस जय हिंद का नारा देने वाले आबिद हसन सफरानी याद क्यों नहीं आते ? भगत सिंह का मुकदमा लड़ने वाले आसफ अली याद क्यों नहीं आते ? शाहिद उस्मान और वीर अब्दुल हमीद याद क्यों नहीं आते?

कहीं जमूद तो कहीं सिर्फ इंतसार/ सा है/ जहां को अपनी तबाही का इंतजार सा है/ कोई तो सूद चुकाए कोई तो जिम्मा ले/ उस इंकलाब का जो आज भी उधार सा है

- **दीपक मिश्रा** , समाजवादी चिंतक,लखनऊ।

# पहले दिन भाजपा प्रत्याशी समेत 16 लोगों ने खरीदे नामांकन पत्र

## डीएम और एसपी ने नामांकन स्थल का लिया जायजा



भाजपा प्रत्याशी को नामांकन पत्र सौंपते जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर।

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र में छठे चरण के चुनाव के लिए नामांकन की प्रक्रिया सोमवार को शुरू हो गई। नामांकन के पहले दिन भाजपा प्रत्याशी इंजीनियर प्रवीण निषाद समेत 16 दावेदारों ने 42 सेट नामांकन पत्र खरीदा।

नामांकन के प्रथम दिन भारतीय जनता पार्टी प्रत्याशी प्रवीण निषाद, समाजवादी पार्टी प्रत्याशी लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद सहित 16 लोगों ने 42 नामांकन पत्र खरीदे। किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन पत्र दाखिल नहीं किया। नामांकन पत्र प्राप्त करने और नामांकन पत्रों को दाखिल किये जाने की अंतिम तिथि 6 मई सायं 3 बजे तक निर्धारित है। कलेक्ट्रेट परिसर में जिला मजिस्ट्रेट न्यायालय कक्ष संख्या 3 को नामांकन कक्ष बनाया गया है। नामांकन कक्ष में मौजूद रहकर जिला निर्वाचन अधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर ने सभी व्यवस्थाओं के बारे में बारीकी से निरीक्षण किया। नामांकन कक्ष के बाहर पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने सुरक्षा के लिहाज से किये गए इंतजामों का निरीक्षण कर अधीनस्थ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किया।

# बीएसपी ने बदला प्रत्याशी, अब सैयद दानिश होंगे संतकबीरनगर से प्रत्याशी

संतकबीरनगर, **अमृत विचार**। लोकसभा क्षेत्र संतकबीरनगर के लिए बहुजन समाज पार्टी ने अपने पूर्व घोषित प्रत्याशी मोहम्मद आलम को बदल दिया है। रविवार की देर शाम बसपा ने सैयद दानिश नाम के युवा चेहरे को संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र का नया प्रत्याशी घोषित कर दिया है। लगभग एक सप्ताह पूर्व बसपा ने मोहम्मद आलम को प्रत्याशी घोषित किया था। लेकिन एक सप्ताह का समय बीत जाने के बाद भी मोहम्मद आलम ने अपने चुनाव प्रचार अभियान की शुरुआत तक नहीं किया था। उनके समर्थन में बीते 24 अप्रैल को बखिरा में पार्टी के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने एक चुनावी जनसभा को भी सम्बोधित किया था। इसके बाद भी जब बसपा प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार अभियान शुरू नहीं किया तो जिला संगठन ने यह बात पार्टी नेतृत्व को बताई। पार्टी नेतृत्व ने



बसपा द्वारा घोषित प्रत्याशी सैयद दानिश।

मामले को गम्भीरता से लेते हुए रविवार की देर शाम उनका टिकट काटकर जिले के बेलहर ब्लाक अन्तर्गत ग्राम मियां कुसुरु के निवासी युवा नेता सैयद दानिश को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया। बसपा से टिकट मिलने के बाद अपनी प्रतिक्रिया ब्यक्त करते हुए सैयद दानिश ने कहा कि पार्टी ने मुझे यह अवसर प्रदान कर कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाया है। जनपद सृजन के बाद संतकबीरनगर जिले में जितने भी विकास कार्य हुए हैं बसपा ने ही कराए हैं।

## सपा का सेक्युलरवाद बहुसंख्यकों का अपमान : प्रदीप

**संतकबीरनगर, अमृत विचार।** यूथ आइकॉन समेत तमाम राष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित युवा सपा नेता प्रदीप सिसोदिया ने भाजपा में शामिल होने के बाद सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर भड़ास निकाली। रविवार की देर शाम भाजपा कार्यालय पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी का सेकुलरिज्म बहुसंख्यक समाज के अपमान पर टिका है। बहुसंख्यक समाज को जो जितनी गालियां देता है और सनातन के देवी देवताओं को अपमानित करता है वह उतना ही बड़ा सेकुलर नेता माना जाता है। उन्होंने कहा कि जिन नेताओं ने कभी सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव को गालियां दिया और सपा के झंडे को अपमानित किया वही लोग आज अखिलेश यादव के करीबी हैं। ऐसे में मेरे जैसे ब्यक्ति के लिए समाज की सेवा करने में भाजपा का ही साथ जरुरी था।

# व्यय प्रेक्षक का हुआ आगमन

संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन को सकुशल सम्पन्न कराने के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय प्रेक्षक ब्रजेश किशोर सिंह (आईआरएस) का सोमवार को जनपद में आगमन हो गया।व्यय प्रेक्षक खलीलाबाद स्थित पीडब्लूडी डाक बंगले के सरयू कक्ष में ठहरे हुए हैं।

डाक बंगले में पहुंचते ही पुलिस कर्मियों ने उन्हें गार्ड ऑफ आनर की सलामी दिया। जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी और शुचिता पूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा द्वारा ब्रजेश किशोर सिंह को व्यय प्रेक्षक के रूप में नियुक्ति किया गया है। व्यय प्रेक्षक ने सोमवार को जनपद मुख्यालय पहुंच कर अपना दायित्व संभाल लिया है।



ब्रजेश किशोर सिंह, ब्यय प्रेक्षक।

## पीआरवी कर्मियों की सूझबूझ से बची दो घायलों की जान

**धनघटा, संतकबीरनगर।** धनघटा थानाक्षेत्र अन्तर्गत राम–जानकी मार्ग के ग्राम सिरसी के पास अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार पति–पत्नी घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे पीआरवी 1490 पर तैनात कर्मियों ने मौके पर पहुंच कर दोनों घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सीएचसी मलौली पहुंचाया। समय पर उपचार मिल जाने से घायलों की जान बच गई। धनघटा थानाक्षेत्र के ग्राम उमरिया बाजार निवासी श्रवण कसौधन पुत्र रामदयाल अपनी पत्नी लालमुनि के साथ मोटरसाइकिल पर सवार होकर सिकरीगंज की तरफ जा रहे थे। अभी वे राम–जानकी मार्ग के ग्राम सिरसी के पास ही पहुंचे थे कि सामने से आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें ठोकर मार दिया। इस घटना में पति–पत्नी गम्भीर रूप से घायल हो गए।

## नृत्यांगना के साथ बरात मालिक ने की बदसलूकी, केस दर्ज

**पयागपुर, बहराइच।** नृत्यांगना के साथ बरात मालिक ने की अभद्रता, नहीं दिए बुकिंग के पैसे, थाने पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पयागपुर थाना क्षेत्र के ग्राम शम्भू टिकरी से बारात में नृत्य करने आई नृत्यांगना को बरात मालिक द्वारा पैसे मांगने पर उसके साथ बदसलूकी की गई और पैसे नही दिए गए। जबदीपुर थाना कैसरगंज की नृत्यांगना की तरफ बारात मालिक राजू गौतम पुत्र जगदीश निवासी चूटी पूरवा दाखिला शंभू टिकरी के विरुद्ध थाना पयागपुर में प्रार्थना पत्र दिया है। नृत्यांगना ने बताया कि राजू के घर चूटी पुरवा, से बारात बारीपुरवा दाखिला सचौली गई, थी जहां पर म्यूजिक डांस होना था पूरी रात म्यूजिक डांस चला जब पैसा मांगा गया तो बारात मालिक की तरफ से अभद्रता करते हुए पैसे नहीं दिया गया, बदसलूकी करते हुए कपड़े फाड़ दिया। नृत्यांगना ने घटना की सूचना डायल 112 को दी जो मौके पर पहुंची तो मामला शांत हुआ। लेकिन बारात मालिक द्वारा बिना पैसा दिए भगा दिया गया। थानाध्यक्ष कमल शंकर चतुर्वेदी ने बताया कि पैसों के लेन–देन का मामला है, प्रार्थना पत्र मिला है, जांचकर कार्यवाही की जा रही है।

# शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सुलतानपुर

## पं. राम केदार राम किशोर त्रिपाठी पीजी कॉलेज और आचार्य चाणक्य महाविद्यालय बना पहली पसंद



डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी और डॉ शैलेन्द्र त्रिपाठी

सुलतानपुरः अपने संसाधनों और बेहतर शिक्षा व्यवस्था के चलते जिले के सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में शुमार पं. राम केदार राम किशोर त्रिपाठी पीजी कॉलेज और आचार्य चाणक्य महाविद्यालय विद्यार्थियों व अभिभावकों की पहली पसंद बने हैं। पूर्व विधान परिषद सदस्य व बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महासचिव बीएमएस, पूर्व चिकित्साधिकारी डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी के सपने को साकार करने में जुटे उनके पुत्र डा. शैलेंद्र त्रिपाठी अपने चिकित्सा कार्य के साथ समाजसेवा में अग्रणी है। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन, पूर्व उपाध्यक्ष होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड (उप मंत्री) उत्तर प्रदेश रहे डा. शैलेंद्र त्रिपाठी के निर्देशन में आज जिला परिषद मार्केट स्थित डा. ओम प्रकाश त्रिपाठी होम्योपैथिक हास्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, आचार्य चाणक्य महाविद्यालय महमूदपुर, सेमरी सुलतानपुर, पं. राम केदार राम किशोर त्रिपाठी पीजी कॉलेज रवनिया पश्चिम सुलतानपुर जैसे अन्य संस्थान भी सफलतापूर्वक संचालित हो रहे हैं। ये संस्थान सफलता के आयाम गढ़ रहे हैं। डा. शैलेंद्र बताते हैं कि पिता के सपने को साकार करते हुए हर बच्चे को शिक्षा मिल सके इसके लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। बच्चियों की शिक्षा के लिए उनके संस्थान समर्पित है।

## प्राइमरी एजुकेशन के लिए पहली पसंद बना हेलो चैंप्स स्कूल



संदीप सिंह, फाउंडर एंड डायरेक्टर - अमृता सिंह, फाउंडर मेंबर

सुलतानपुरः टॉप रेटेड स्कूल ऑफ सुलतानपुर में शामिल हेलो चैंप्स का प्राइमरी एजुकेशन पर फोकस है। उच्च शिक्षित संदीप सिंह (एमसीए) और उनकी पत्नी अमृता सिंह (एमसीए) ने 2014 में मल्टीनेशनल कंपनी से इंजीनियरिंग की जॉब छोड़कर सुलतानपुर में हेलो चैंप्स की स्थापना की। संस्थान के फाउंडर एंड डायरेक्टर संदीप सिंह ने बताया कि प्ले ग्रुप से लेकर पांचवी तक सीताकुंड पर विद्यालय संचालित हो रहा है। एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग पर उनका फोकस है। हेलो चैंप्स की फाउंडर मेंबर अमृता सिंह ने बताया कि उनका स्कूल 2018 में टॉप प्री–स्कूल ऑफ सुलतानपुर अवार्डेड बाई जीटीएफ और 2020 में टॉप स्कूल इन ऑनलाइन एजूकेशन आफ सुलतानपुर बाई जीटीएफ के अवार्ड से सम्मानित हो चुका है। विद्यालय निरंतर प्रगति के पथ पर है। सुलतानपुर जिले में प्राइमरी एजुकेशन के लिए अग्रिम संस्था के रूप में पहचान है। शहर के पॉश इलाके में विद्यालय होने के कारण लोग अपने छोटे बच्चों को यहां भेजने के लिए इच्छुक रहते हैं। संदीप सिंह ने बताया कि बेहतर पठन पाठन के साथ बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर संभव प्रयास किया जा रहा है। जिसके चलते आज हैलो चैंप्स ने अपनी अलग पहचान बनाई है।









# सपा, बसपा प्रत्याशी ने 4 सेटों में खरीदा पर्चा

## पहले दिन कुल 22 सेट में खरीदे गए नामांकन पत्र, इस दौरान हुई बैरिकेडिंग से शहर में लगा जाम

जिला संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** लोकसभा चुनाव को लेकर 39 सुलतानपुर संसदीय निर्वाच क्षेत्र के लिए सोमवार को पहले दिन नामांकन कक्ष से कुल 13 प्रत्याशियों ने 22 सेट में नामांकन पत्र क्रय किए। समाजवादी पार्टी और बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी ने चार-चार सेट में नामांकन पत्र खरीदा है। इस दौरान कलेक्ट्रेट गेट के पास किए गए बैरिकेडिंग के चलते पूरा शहर करीब चार घंटे जाम से कहर उठा।

जिला निर्वाचन अधिकारी/ रिटर्निंग आफिसर कृत्तिका ज्योत्स्ना द्वारा जनपद में निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के प्रथम दिन नामांकन कक्ष से कुल 13 प्रत्याशियों द्वारा कुल 22 सेट नामांकन पत्र क्रय किये गये। इसमें से मोस्ट बैकवर्ड क्लासेज ऑफ इण्डिया पार्टी से डॉ शिवशंकर इण्डियन द्वारा 01 सेट, सरदार पटेल सिद्धान्त पार्टी से जयप्रकाश द्वारा 01 सेट, राष्ट्रीय इंसाफ पार्टी से हरीलाल गौतम द्वारा 01 सेट, समाजवादी पार्टी से रामभुआल निषाद द्वारा 04 सेट, बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा द्वारा 04 सेट, राष्ट्रीय डेमोक्रेटिव फ्रन्ट पार्टी से शशांक कुमार मिश्रा द्वारा 02 सेट, आजाद पार्टी से गिरीशलाल द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशियों में बब्लू चौधरी बाल्मीकि ने 02 सेट, जयराज गौतम द्वारा 02 सेट, मो आसिफ द्वारा 01 सेट, मनोज कुमार, पूनम कोरी द्वारा 01 सेट, पीताम्बर निषाद द्वारा 01 सेट क्रय किया गया। कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था व वैरीकेडिंग के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। कलेक्ट्रेट के अन्दर नामांकन स्थल पर जाने के लिये बैरीकेडिंग सीसीटीवी कैमरा एवं बाहर सुरक्षा के कड़े प्रबन्ध किये गये हैं। वैरीकेडिंग पर पुलिस प्रशासन द्वारा सघन चेकिंग आदि का क्रम जारी रहा। कलेक्ट्रेट कार्यालय के पास वेटिंग रूम व मेडिकल हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।


कलेक्ट्रेट में नामांकन के दौरान मेडिकल हेल्प डेस्क का निरीक्षण करतीं डीएम।

### कलेक्ट्रेट में नौ मई तक कामकाज रहेंगे ठप

**सुलतानपुर :** लोकसभा निर्वाचन चुनाव में पर्चा दाखिला को लेकर कलेक्ट्रेट परिसर की बैरिकेडिंग व वादकारियों व अधिवक्ताओं के आवागमन में कठिनाइयों को लेकर बार एसोसिएशन अध्यक्ष अरविंद पांडेय व महासचिव आर्तमणि मिश्र ने नौ मई तक कलेक्ट्रेट सम्बंधी न्यायालयों में न्यायिक कार्य से विरत रहने का फैसला लिया है।

## रोडवेज बस ने कार को मारी टक्कर, 3 घायल

▸▸ लखनऊ-वाराणसी राजमार्ग पर नरहरपुर गांव के पास हुआ हादसा

**लंभुआ, सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के नरहरपुर गांव के निकट लखनऊ–वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार की सुबह रोडवेज बस में कार को टक्कर मार दी और हाईवे पर बने डिवाइडर पर चढ़ गई। दुर्घटना में पति–पत्नी व उनकी पुत्री तीन लोग घायल हो गए। कोतवाली शिवपुरी जनपद वाराणसी निवासी सूरज प्रताप सिंह उम्र लगभग 42 वर्ष सोमवार की सुबह वाराणसी से लखनऊ के लिए कार से निकले थे। कार में उनके साथ उनकी पत्नी श्वेता सिंह उम्र लगभग 40 वर्ष पुत्री काव्य उम्र लगभग 16 वर्ष मौजूद थे। रास्ते में नरहरपुर गांव के पास सुलतानपुर से वाराणसी की ओर जा रही रोडवेज बस कार को टक्कर मार दी। जिससे पति पत्नी व पुत्री घायल हो गए। दुर्घटना होने के बाद आसपास के लोगों की मदद से एंबुलेंस बुलाई गई और सभी को अस्पताल भेजा गया। डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें एंबुलेंस से वाराणसी रवाना कर दिया। पुलिस ने बताया कि विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## भाभी से रंजिश में ननद ने भतीजी को मार डाला

▸▸ पुलिस ने दर्ज किया हत्या का केस, आरोपित ननद गिरफ्तार

**गोसाईंगंज, सुलतानपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में भाभी से रंजिश के चलते ननद ने साढ़े तीन वर्ष की भतीजी की गला दबाकर नृशंस हत्या कर दी। पुलिस ने मां की तहरीर पर ननद के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करके हत्यारोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अर्जुनपुर निवासी कुमारी पत्नी संतलाल निषाद का उसकी ननद अर्चना से विवाद चला आ रहा था। रविवार शाम चार बजे कुमारी की साढ़े तीन वर्षीय पुत्री आकृति भोजन के बाद घर के सामने से खेलते समय अचानक गायब हो गई। मां कुमारी ने बेटी की काफी खोज की, लेकिन उसका सुराग नहीं लगा। फिर मामले की सूचना देहात कोतवाली वजूपुर मायके में अपने पिता गुरुदीन को दी। रात को ग्रामीणों के साथ बालिका की खोजबीन शुरू की गई। इस बीच कुमारी की ननद अर्चना के कमरे में ताला लगा मिला। जब लोगों ने कमरे का ताला खोलने के लिए कहा तो ननद अर्चना बहाना बनाकर वहां से भाग खड़ी हुई। शक के आधार पर ग्रामीण और मायके पक्ष के लोग दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर दाखिल हुए तो कमरे का नजारा देखकर दंग रह गए। आकृति का शव चारपाई के नीचे पड़ा हुआ था। सूचना रात में ही पुलिस को दी गई। सूचना पर कप्तान सोमेन बर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चन्द्र, सीओ प्रशांत सिंह, थानाध्यक्ष धीरज कुमार फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर गए। रात को पुलिस शव को कब्जे में लेकर थाने ले आई। बच्ची की मां कुमारी की तहरीर पर पुलिस ने ननद अर्चना के खिलाफ हत्या और साक्ष्य छुपाने का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपित अर्चना को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुटी हुई है।

# गुंगवाछ हत्याकांड में नहीं हो सकी गवाही



### अदालत से

▸▸ अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की हत्या का मामला

विधि संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचारः** अमेठी के गुंगवाछ मौजा के राजापुर में दो साल पूर्व चार लोगों की सनसनीखेज हत्या के मामले में वादी मुकदमा अमरजीत यादव का मुख्य बयान एडीजे चतुर्थ जलाल मोहम्मद अकबर की अदालत में बीती तारीख पर दर्ज किया गया था। सोमवार को वादी की शेष गवाही की कार्रवाई में तारीख नियत थी। वादी पक्ष के वकील रवि शुक्ल ने बताया कोर्ट जज के निरीक्षण पर होने के कारण अब सुनवाई दो मई को होगी।

सम्पत्ति विवाद में 15 मार्च 2022 को गुंगवाछ में सनसनीखेज घटना में संकठा यादव, हनुमान प्रसाद, अमरेश यादव और नइका देवी की हत्या कर दी गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। मामले में पूर्व प्रधान के पुत्र अमरजीत यादव ने केस दर्ज कराया था। चार लोगों की एक साथ हत्या होने से गांव में दहशत फैल गई थी। हाईकोर्ट ने मुकदमे के शीघ्र निस्तारण का आदेश भी दिया है। मामले में रामदुलारे यादव, अखिलेश ,बृजेश व छोटू उर्फ अभिषेक, प्रधान आशा तिवारी, प्रधानपति रामशंकर तिवारी और प्रधान के पुत्र नितिन तिवारी पर चार्जशीट दाखिल हुई है।

### माननीयों के केस में टली सुनवाई

**सुलतानपुर :** थाना क्षेत्र धम्मौर के भांई पैमाइश करने गये लेखपाल के सरकारी कामकाज में बाधा ,धमकी व गाली गलौच के 10 साल पुराने मामले में सोमवार को कोर्ट रिक्त होने के कारण सफाई साक्ष्य के लिए 9 मई की तारीख नियत की गई है। वही पूर्व विधायक गरिमा सिंह, चन्द्र भद्र सिंह सोनू और पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह के केस में सुनवाई के लिए अदालत ने नौ मई की तारीख नियत की है।

### महिला आरोपी की जमानत सेशन कोर्ट ने की खारिज

**सुलतानपुर :** जयसिंहपुर थाना क्षेत्र के मेहदिया गांव में दो माह पूर्व पेड़ काटने के विवाद को लेकर राममिलन की पीटकर हत्या करने की महिला आरोपी हीरावती की जमानत आरोपों को गंभीर पाते हुए जनपद न्यायाधीश जेपी पांडेय ने खारिज कर दी है। अभियोजन के मुताबिक वादिनी मुकदमा कुमकुम यादव ने दो माह पूर्व छह फरवरी को हुई घटना में राजनाथ यादव , हीरावती व दुर्गेश यादव के खिलाफ ससुर राममिलन की गैर इरादतन हत्या , पति दीपक व रामजग की पिटाई के आरोप में केस दर्ज कराया था ।कोर्ट में जेल में बन्द हीरावती की जमानत पर हुई सुनवाई में आरोपों को गंभीर पाते हुए जिला जज जय प्रकाश पांडेय ने उसकी जमानत खारिज कर दी है ।

### जेल में निरुद्ध आरोपी को कोर्ट से राहत

**सुलतानपुर :** अमेठी जिले के थानाक्षेत्र मुंशीगंज के एक गांव में बीते साल किशोरी के अपहरण व दुराचार करने के मामले में पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने विरोधाभासी बयान के चलते जेल में निरुद्ध आरोपी मनीष कुमार ओझा की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है। आरोपी के वकील आनंद पांडेय ने बताया कि बीते साल 23 नवंबर को किशोरी के पिता ने प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई तथा 24 दिसंबर को किशोरी को पुलिस ने बरामद किया ।पीड़िता के पुलिस को दिए गए बयान व अदालत में दिए गए बयान विरोधाभासी होने के कारण कोर्ट ने आरोपी की जमानत मंजूर कर रिहाई का आदेश दिया है।



शिक्षा के क्षेत्र में बढ़ता सुलतानपुर

सनबीम स्कूल सुलतानपुर बेहतर शिक्षा क्षेत्र में बना अव्वल


अनिरुद्ध गुप्ता
एडिशनल डायरेक्टर

सुलतानपुरः सनबीम स्कूल सुलतानपुर एडिशनल डायरेक्टर मिस्टर अनिरुद्ध गुप्ता कहते हैं कि हम हर उस व्यक्ति का स्वागत करते हैं जो शिक्षा में उत्कृष्टता हासिल करना चाहता है। हमने वर्ष 2014 में छठी कक्षा तक 150 से अधिक छात्रों के साथ एक विनम्र शुरुआत की थी और अब हम 950 से अधिक छात्रों के साथ बारहवीं कक्षा तक पहुंच गए हैं। इसे समर्पित शिक्षकों द्वारा सुगम बनाया जाता है जिन्हें अपनी ऊर्जा और संसाधनों को बाल–केंद्रित गुणात्मक शिक्षा की दिशा में लगाने के लिए प्रशिक्षित किया जाता है। हमारा इरादा और प्रयास ऐसी शिक्षा प्रदान करना है जो बच्चों को थकाए नहीं बल्कि तरोताजा कर दे एक ऐसी शिक्षा जो उन्हें ज्ञान का सक्रिय खोजी बनाती है और मानव परिवार के प्रत्येक सदस्य के प्रति उनकी करुणा को बढ़ाती है। शहर से सटे चीनी मिल के पास स्थित सनबीम विद्यालय की स्थापना के समय यहां आस–पास कोई अन्य बड़ा विद्यालय नहीं था। आज यहां सनबीम स्कूल की वजह से शिक्षा का महौल बना और कई अन्य संस्थान भी अपनी ब्रांच खोल लिए हैं। आधुनिक भवन, साज सज्जा से युक्त विद्यालय, आकर्षक ग्राउंड व अन्य जरूरी संसाधन विद्यालय में मौजूद है। सीबीएसई बोर्ड से संचालित होने वाले इस विद्यालय में बेहतर शिक्षा का माहौल दिया जा रहा है और विद्यालय के बच्चे नित नए आयाम गढ़ रहे हैं।



## एक नजर

### वार्षिक सम्मेलन एवं त्रयवार्षिक चुनाव संपन्न

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** शहर के सनई चौराहे पर स्थित एक होटल में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट वेलफेयर एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन एवं त्रयवार्षिक चुनाव हुआ। प्रदेश अध्यक्ष संदीप कुमार चतुर्वेदी, प्रदेश महामंत्री सुरेश गुप्ता की देखरेख में हुए चुनाव में अध्यक्ष पद पर रामचन्द्र गुप्ता एवं महामंत्री पद पर शैलेश कुमार पांडेय को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। लालचंद्र गुप्ता वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मुश्ताक अहमद कोषाध्यक्ष संजय यादव संगठन मंत्री, तेज प्रताप गिरि उपाध्यक्ष, अवधेश मिश्रा संयुक्त मंत्री, अजहरूद्दीन मीडिया प्रभारी मनोनीत किया गया है। इस दौरान चुनाव अधिकारी इम्तियाज अहमद और सहायक चुनाव अधिकारी प्रमोद कुमार मिश्र समेत रामचंद्र गुप्ता, अब्दुल मन्नान, सुभाष चौधरी, बृजभूषण पांडेय, शैलेष पांडेय मौजूद रहे।

### टीटीई की मौत की जांच करने में उलझी पुलिस

**गोरखपुर, अमृत विचार।** फंदे से लटके मिले टीटीई के शव के पास से बरामद सुसाइड नोट ने पुलिस और पूर्वोत्तर रेलवे के अधिकारियों को उलझा दिया है। सुसाइड नोट लिखा है कि मेरे मरने के बाद बेटे को नौकरी मिल जाएगी, लेकिन टीटी की नौकरी मत करना वहीं दूसरी तरफ मौत का कारण पारिवारिक कलह भी बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार शाहपुर थाना अंतर्गत विष्णु नगर में टीटीई रविंद्र कुमार शर्मा ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पता चला है कि श्री शर्मा ने दो शादियां की थी। जिसको लेकर आए दिन परिवार में विवाद हुआ करता था। वहीं इस संबंध में जब इंस्पेक्टर बृजेश सिंह से वार्ता की गई तो उन्होंने बताया कि रविंद्र शर्मा का कुछ दिन पहले लखनऊ से गोरखपुर स्थानांतरण पर आए थे। वह ड्यूटी भी बहुत कम करते थे, उनकी मौत का कारण समझ में नहीं आ रहा है।

# पहले दिन 12 प्रत्याशियों ने खरीदा पर्चा

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** डुमरियागंज संसदीय सीट से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस सिलसिले में नामांकन के पहले दिन सोमवार को कुल 12 प्रत्याशियों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे, जिसमे सपा और भाजपा उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्रों के 4-4 सेट खरीदे। बहुजन पार्टी से दो उम्मीदवारों ने पर्चा खरीदा। लेकिन किसी भी उम्मीदवार ने पर्चा दाखिल नहीं किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार को स्थानीय कलेक्ट्रेट परिसर में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी भीष्म शंकर (कुशल तिवारी) ने अपने प्रतिनिधि भास्कर त्रिपाठी के माध्यम से चार सेट नामांकन प्रपत्र की खरीदार की। इसी प्रकार भाजपा उम्मीदवार जगदंबिका पाल के लिए उनके अधिवक्ता रमेश कुमार पांडेय ने भी 4 सेट में नामांकन के पर्चे खरीदे।



सोमवार को कलेक्ट्रेट में मौजूद जिला निर्वाचन अधिकारी पवन अग्रवाल।

पर्चा खरीदारी को लेकर बहुजन समाज पार्टी कलक्ट्रेट के इर्द गिर्द काफी चर्चा में रही। बसपा के पूर्व में घोषित प्रत्याशी ख्वाजा शमसुद्दीन ने ज़हां नामांकन प्रपत्र का एक सेट खरीदा, वही पूर्व विधायक चौधरी अमर सिंह के लिए सुरेंद्र कुमार ने बसपा के नाम पर 2 सेट पर्चा खरीद कर इस चर्चा को बल दे दिया कि बसपा अंतिम क्षणों में अपना प्रत्याशी किसी को भी बना सकती है।

उपरोक्त के अलावा नामांकन के पहले दिन पिंगल प्रसाद (निर्दल), जितेंद्र कुमार पांडेय आज़ाद अधिकार सेना, करम हुसैन (निर्दल), शिव कुमार आज़ाद सम्माज पार्टी, शम्स तबरेज़ (निर्दल), नरेश राम नारायण साहनी अभय समाज पार्टी, फखरुद्दीन आज़ाद समाज एकता पार्टी व सुनील देवा केवट (निर्दल) ने भी नामांकन प्रपत्र खरीदे। गौरतलब है कि यहां छठे चरण 25 मई को मतदान सम्पन्न होगा।




## रोजगार मेले में सैकड़ों छात्र छात्राओं ने किया प्रतिभाग

**गोरखपुर, अमृत विचार।** महाराणा प्रताप पालीटेक्निक, और इनोवेशन कम्स ज्वाइंटली संस्था के संयुक्त तत्वावधान में रोजगार मेला का आयोजन महाराणा प्रताप पालीटेक्निक में किया गया। मेला में गोरखपुर और आस-पास के क्षेत्र के डिप्लोमा आईटीआई, बीए, बीएससी पास 1200 से भी अधिक छात्र-छात्राओं ने पंजीकरण किया और अपने पसंद के कम्पनी में साक्षात्कार दिया। सेवायोजन एवं प्रशिक्षण अधिकारी अनुराग कुमार ने बताया कि कम्पनियों से चयनित छात्र-छात्राओं की सूची उन्हें प्राप्त होने की दशा में चयनित छात्र-छात्राओं को अवगत करा दिया जाएगा।

# तेंदुआ के हमले में आठ लोग घायल

## इटवा थाना के हटवा खास गांव में फैली दहशत, पकड़ने का प्रयास जारी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** इटवा थाना क्षेत्र के हटवा खास गांव में सोमवार सुबह एक तेंदुआ घुस गया। वह एक-एक करके आठ लोगों को जख्मी कर दिया। घायलों का अलग-अलग अस्पतालों की इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक उसे पकड़ने की कोशिशें जारी होने के साथ गांव में दहशत व्याप्त थी।

बताया जाता है कि क्षेत्र के हटवा खास गांव में सुबह सुबह एक तेंदुआ आ घुसा। उसने एक घर में तौफीक नाम के 18 वर्षीय युवक पर हमला कर दिया। तौफीक को चीखता हुआ देखा जब लोग उसे बचाने को दौड़े तो सामने चीते को देख कर डर गए। इसके बाद लोगो ने जुट कर उसका पीछा कर खदेड़ना शुरू किया तो चीते ने एक एक कर आठ लोगों को नोच लिया। कुछ लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया जिसमें ग्रामीणों ने डंडे के सहारे उसका मुकाबला करते हुए दिखाया गया। घटना की जानकारी फौरन वन विभाग और पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और व ग्रामीणों कर साथ मिल कर चीते को पकड़ने में वहति हुई है। बताया जाता है कि तेंदुआ एक घर में घुस का बैठा हुआ है। घरवाले बाहर हैं और वन्यकर्मी चीते को कैद करने में जुटे हुए हैं। दूसरी तरफ सभी आठों घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हालांकि सब खतरे से बाहर बताई जा रहे हैं।


गांव में घुसे तेंदुआ को डंडे से भगाने का प्रयास करते ग्रामीण। अमृत विचार

### मंगाया पिंजरा

देर रात बताया गया कि तेंदुआ को पकड़ने के लिए वन विभाग पिंजरा मंगवा रहा है। यह क्षेत्र जंगली जानवरों का नहीं है। वन विभाग का अनुमान है यह चीता इटवा की सीमा से सटे पड़ोसी जनपद बलरामपुर के वन्य क्षेत्र से भटक कर आ गया होगा।

# टड़िया बाजार में योग केंद्र का किया गया उद्घाटन

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ के निदेशक विनय श्रीवास्तव तथा जितेन्द्र कुमार अपर मुख्य सचिव, भाषा विभाग के निर्देशन में सम्पूर्ण उत्तर प्रदेश में 71 निःशुल्क योगकेन्द्रों का उद्घाटन किया गया। जिन केन्द्रों में लगभग 2800 छात्र योग का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

उसी क्रम में जिले में उच्च प्राथमिक विद्यालय टड़िया बाजार केन्द्र पर गोविन्द नारायण केन्द्राध्यक्ष विशिष्ट अतिथि विजय कुमार की देखरेख में योग प्रशिक्षक सत्यप्रकाश द्वारा योगकेन्द्र का उद्घाटन किया गया। कहा कि योगविद्या हम सभी को स्वस्थ रखते हुए जीवनशैली को परिवर्तन करने की क्षमता रखती है। इन केन्द्रों का उद्देश्य शिक्षा के साथ-साथ धनोपार्जन का भी अवसर प्रदान करना है। इस अवसर पर संस्थान के पदाधिकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी दिनेश मिश्र, डा. जगदानन्द झा, श्री भगवान सिंह चौहान, प्रशिक्षण समन्वयक धीरज मैठानी, समन्वयिका राधा शर्मा, अनिल गौतम, नितेश कुमार श्रीवास्तव, वीरेंद्र तिवारी, पूनम मिश्रा, शान्तनु मिश्र, ऋषभ पाठक, पवन जायसवाल, वृजेश, विशाल, निधि, वंदना, रंजना, शिवेंद्र ब्रजेन्द्र नन्दन सहित सभी 71 केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष, संचालक, प्रशिक्षक उपस्थित रहे।

## युवती घर से लापता गुमशुदगी दर्ज

**शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के एक गांव से युवती लापता हो गई है। पीड़ित पिता की लिखित सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। मंझिला थाना क्षेत्र के गांव निवासी पीड़ित पिता ने बताया 26 अप्रैल को सभी घर पर सोए थे। रात तकरीबन 11 बजे उसकी खुली तो उसकी 18 वर्षीय पुत्री अपने बिस्तर पर नहीं थी। बकौल पिता उसने पूरे घर और छत पर तलाश फिर रात भर गांव में ढूंढा। सभी नाते रिश्तेदारों से फोन से पता किया लेकिन कोई पता नहीं चला। उसे विश्वास है कोई उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर कहीं भगा ले गया है। घटना की लिखित सूचना उसने पुलिस को दी है। पुलिस ने गुमशुदगी रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के आठ शिक्षकों को वर्ल्ड साइंटिस्ट रैंकिंग में मिला स्थान

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु के आठ शिक्षकों को स्टैंड फोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा कराए गए वर्ल्ड साइंटिस्ट रैंकिंग 2024 में स्थान प्राप्त हुआ है। गणित विभाग के संयुक्त आचार्य डॉक्टर जितेंद्र कुमार सिंह को इंजीनियरिंग एवं टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में, डॉक्टर अंकित श्रीवास्तव (वनस्पति विज्ञान विभाग), डॉक्टर कपिल गुप्ता (बायोटेक्नोलॉजी विभाग), डॉक्टर आजाद कुमार (रसायन विज्ञान विभाग), प्रोफेसर सुनील कुमार श्रीवास्तव (रसायन विज्ञान विभाग), डॉ आशीष श्रीवास्तव (प्राणी विज्ञान विभाग), डॉ आशुतोष श्रीवास्तव (संयुक्त आचार्य प्राणी विज्ञान विभाग) को नेचुरल साइंस के क्षेत्र में तथा व्यवसाय एवं प्रबंधन विभाग के डॉक्टर दीपक जायसवाल को बिजनेस एंड मैनेजमेंट को शोध कार्य में विशेष उपलब्धि हासिल करने के कारण यह रैंकिंग प्राप्त हुई है।

ग्लोबल रैंकिंग में 219 देश के 23252 संस्थाओं के 179549 वैज्ञानिकों को शामिल किया गया है। सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय एवं प्रबंधन संकाय के शिक्षकों की इस उपलब्धि पर कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव ने कहा कि विश्वविद्यालय के लिए विशेष रूप से विज्ञान के क्षेत्र में कक्षा अध्यापन से लेकर शोध कार्यों की दृष्टि से यह अनुकरणीय उपलब्धि है। विश्वविद्यालय अपने अल्प समय में ही बहुत तेज गति से प्रगति कर रहा है। इस उपलब्धि से ही स्पष्ट है की इन शिक्षकों का शैक्षणिक एवं शोध अनुसन्धान का कार्य अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानक के अनुरूप स्वीकार किया गया है। उनके इस उपलब्धि से व्यक्तिगत रूप से शिक्षकों को तो लाभ होगा साथ ही यहां के विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों तथा आसपास के क्षेत्र में विज्ञान और शोध के प्रति एक नई दृष्टि उत्पन्न करने में सहयोगी साबित होगा।

## अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन आज

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** सिद्धार्थ विश्वविद्यालय कपिलवस्तु में राजीव गांधी राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा प्रबंधन संस्थान नागपुर एवं सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के आईक्यूएसी तथा अनुसंधान एवं विकास सेल के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को ऑनलाइन मोड पर बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि नागपुर के डॉक्टर भारत एन सूर्यवंशी होंगे। कार्यक्रम के अध्यक्षता कुलपति प्रोफेसर हरि बहादुर श्रीवास्तव करेंगे। कार्यक्रम समन्वयक डॉक्टर सुनील कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन लिंक उपलब्ध है।

# प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तारीख बढ़ाई गई

गोरखपुर

**अमृत विचार।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में रोजगारपरक एवं अन्य महत्वपूर्ण विभिन्न पाठ्यक्रमों में सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश आवेदन की तिथि बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थी अब यहां बीएससी नर्सिंग, बी फार्मा, बीबीए लॉजिस्टिक समेत कई जॉब ओरिएंटेड और स्नातक/परास्नातक, डॉक्टरेट व डिप्लोमा कोर्सेज में प्रवेश के लिए 15 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। पहले आवेदन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।

यह जानकारी महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के प्रवेश समिति के समन्वयक प्रो. सुनील कुमार सिंह ने दी। बताया कि केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (सीबीएसई) के विलंबित रिजल्ट्स से प्रवेश लेने के इच्छुक बहुत से अभ्यर्थी लगातार विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति से संपर्क कर रहे हैं। इसके कारण छात्र हित में महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय की प्रवेश समिति ने 1 अप्रैल से जारी प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तिथि को 30 अप्रैल से बढ़ाकर 15 मई करने का निर्णय लिया है। प्रो. सिंह ने बताया कि परीक्षा की तिथि में कोई बदलाव नहीं किया गया है। प्रवेश परीक्षा अलग-अलग पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित पूर्ववत तिथियों में होगी।

## सार-संक्षेप

### उत्तर प्रदेश एक बड़े बदलाव के लिए तैयार : शमीम

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** देश में दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है। लेकिन लोगों को याद रखना चाहिए कि यह लोग अब जाग चुके हैं, वह दिन दूर नहीं जब दिल्ली में दलित की बेटी मायावती प्रधानमंत्री होंगी। यह बातें बसपा जिला उपाध्यक्ष शमीम अहमद ने डुमरियागंज विधानसभा के गेराम कटवत्या आलम में जनसम्पर्क के दौरान कही। कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं ने जो जोश और उत्साह दिखाया, वह इस बात का प्रमाण है कि उत्तर प्रदेश एक बड़े बदलाव के लिए तैयार है। डुमरियागंज लोकसभा की जनता किसी के बहकावे में न आये। हाथी वाला बटन दबाकर बसपा को मजबूत करें। जनसंपर्क के दौरान जिला प्रभारी सत्येंद्र कुमार, पूर्व जिलाध्यक्ष पट्टू राम आजाद, पूर्व जिलाध्यक्ष राजकुमार आर्या, विधानसभा प्रभारी डाक्टर इंद्रजीत गौतम, विजयपाल कनौजिया, विधानसभा उपाध्यक्ष मोहम्मद कैफ, अशोक कुमार, डाक्टर शीष कुमार, राम बाबू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### घर घुसकर किशोरी से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** थाना क्षेत्र मिश्रौलिया में 26 अप्रैल की देर रात किशोरी से गांव के ही युवक ने छेड़छाड़ की। शनिवार को पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर रविवार को आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दिये तहरीर में पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि शुक्रवार को वह अपने परिवार के कुछ सदस्यों के साथ रिश्तेदारी में शादी में शामिल होने गया था। घर पर बुजुर्ग मां और उसकी 15 वर्षीय बेटी थी। आरोप है कि देर रात गांव का ही तौफीक उर्फ हफीजुर्रहमान गलत नीयत से उसके घर में घुस आया और चैनल के पास पहुंचा। बेटी को अकेला देखकर आरोपी घर में घुस आया और बेटी का मुंह दबाकर बाहर ले खीचने लगा। विरोध करने पर कपड़े फाड़ दिए और मारपीट भी की। शोर सुनकर जब पड़ोसी आए तो आरोपी भाग निकला। पीड़ित ने पुलिस से मामले में कार्रवाई करने की मांग की। वहीं पुलिस ने आरोपित के खिलाफ केस दर्जकर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्राली, चालक की मौत

**सिद्धार्थनगर, अमृत विचार।** ढेबरुआ थानाक्षेत्र में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित खाई में पलटी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई। हादसे में ट्रैक्टर चालक की जलकर मौत हो गई। घटना रविवार रात 12 :30 बजे की है। सुबह जब लोगों को सूचना मिली तो तब तक ट्राली और शव दोनों जलकर खाक हो गया था। स्थानीय लोगों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्रॉली से मिट्टी खनन में मिट्टी लादने का काम किया जा रहा था। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। शोहरतगढ़ थानाक्षेत्र के ग्राम अकरा निवासी मायाराम (32) चौहट्टा निवासी शिवकुमार तिवारी का ट्रैक्टर चलाता था। रविवार को वह ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर ढेबरुआ थानाक्षेत्र के गड़रखा में ग्राम प्रधान रविन्द्र शर्मा द्वारा करवाए जा रहे मिट्टी खनन में मिट्टी ढोने के लिए आया था। रात लगभग साढ़े 12 बजे जब मिट्टी पलटकर पचऊध व गड़रखा के बीच सड़क पर चढ़ा तो ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में पलट गया, जिससे ट्रैक्टर में आग लग गई। मायाराम की दबने से मौत हो गई और आग में जलने से उसकी लाश का केवल अवशेष मात्र ही बचा। भोर में जब ग्रामीणों ने देखा तो इसकी खबर लोगों का हुई। परिजनों के मुताबिक मायाराम की पत्नी ने बीते रविवार को ही एक पुत्र को जन्म दिया था। ढेबरुआ थानाध्यक्ष शशांक कुमार सिंह ने बताया कि शव के अवशेष को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन

गोरखपुर

**अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकाल में यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुये 04038 नई दिल्ली-सहरसा अनारक्षित ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन नई दिल्ली से 29 अप्रैल को 20:15 बजे 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस के मार्ग पर गाजियाबाद-अलीगढ़- टुण्डला-इटावा-कानपुर सेण्ट्रल-ऐशबाग-बाराबंकी-गोण्डा-बस्ती-गोरखपुर-देवरिया सदर-सीवान-छपरा-सोनपुर-हाजीपुर-मुजफ्फरपुर-समस्तीपुर-बेगूसराय-खगड़िया के रास्ते किया जा रहा है। 04011 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचलन सहरसा से 30 अप्रैल को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। 04037 सहरसा-नई दिल्ली ग्रीष्मकालीन अनारक्षित विशेष गाड़ी का संचालन सहरसा से 1 मई को एकल यात्रा के लिए किया जायेगा। इन गाड़ियों के सभी कोच अनारक्षित श्रेणी के लगाये जायेंगे।



### 28 अप्रैल से 11 जून दो प्लेटफार्म रहेंगे बंद

**गोरखपुर, अमृत विचार।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा के लिए उत्तर मध्य रेलवे के प्रयागराज जं. स्टेशन पर प्लेटफार्म नं. 7 एवं 8 के उन्नयन कार्य के लिए 28 अप्रैल से 11 जून तक प्लेटफार्म बंद किये जाने के कारण गाड़ियों का मार्ग परिवर्तन किया जाएगा साथ ही प्रयागराज के स्थान पर प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर ठहराव किया जायेगा।

### ट्रेनों का संचालन रहेगा प्रभावित

**गोरखपुर, अमृत विचार।** यात्री सुविधा में उन्नयन एवं परिचालनिक सुविधा के लिए किशनगंज स्टेशन पर 7 एवं 8 मई को यार्ड रिमाडलिंग कार्य, 6 मई को प्री-नॉनइंटरलॉक कार्य एवं अलुआबारी स्टेशन पर लूप लाइन के प्रावधान के लिए 7 एवं 8 मई को नॉन इंटरलॉक कार्य हेतु ब्लॉक दिये जाने के कारण गाड़ियों का शार्ट टर्मिनेशन/शार्ट ओरिजिनेशन एवं आंशिक निरस्तीकरण तथा पुनर्निर्धारण किया जायेगा। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

### बर्थ/सीट की उपलब्धता का चार्ट जारी

**गोरखपुर, अमृत विचार।** ग्रीष्मकाल में यात्री जनता की सुविधा के लिये रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों का संचालन किया जा रहा है। ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ियों में 29 अप्रैल को बर्थ/सीट की उपलब्धता का चार्ट जारी कर दिया गया है। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

# बढ़नी स्टेशन पर निःशुल्क पानी व बिस्किट की व्यवस्था

शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे के नेपाल के सीमावर्ती रेलवे स्टेशन बढ़नी पर वाणिज्य विभाग द्वारा निःशुल्क शीतल पेयजल एवं बिस्किट की व्यवस्था की गई। भीषण गर्मी के मौसम में ठंडा पानी पाकर रेल यात्रियों ने काफी राहत महसूस की है और उन्होंने व्यवस्था की सराहना भी की है।

गोरखपुर बढ़नी-गोंडा प्रखण्ड के महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन बढ़नी में गर्मी के मद्देनजर पेयजल को सर्व सुलभ बनाने के उद्देश्य से कामर्स विभाग द्वारा निःशुल्क शीतल पेयजल स्टाल लगाया गया। लोगो को पानी के साथ बिस्किट भी दिया गया। स्टेशन पर मौजूद तमाम लोगों ने वाणिज्य विभाग के स्टाल का खूब लाभ उठाया और उन्होंने इसकी सराहना भी की है। कुछ यात्रियों ने स्टेशन पर ठंडे पानी की हर समय उपलब्धता की मांग उठाई। वाणिज्य विभाग के लोगो के अनुसार करीब 200 यात्रियों को पानी के साथ ही बिस्किट भी दिया गया। इस मौके पर वाणिज्य निरीक्षक मिर्जा हाशिर बेग, वाणिज्य अधीक्षक बढ़नी मनोज सोनकर समेत एसटीबीए सहायक संतोष गुप्ता आदि कर्मचारियों का सहयोग रहा।

# राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन पर मिला सम्मान

गोरखपुर

**अमृत विचार।** पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबन्धक सौम्या माथुर की अध्यक्षता में नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सोमवार को सम्पन्न हुई। महाप्रबन्धक ने वर्ष 2023 में राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन के लिये खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग, हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कारपोरेशन एवं भारतीय खाद्य निगम को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। बैठक में अपर महाप्रबन्धक डीके सिंह, गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के उप निदेशक डा. छबिल कुमार मेहेर, गोरखपुर नगर स्थित केन्द्र सरकार के कार्यालयों, निगमों एवं उपक्रमों के प्रमुख/प्रतिनिधि तथा राजभाषा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।


राजभाषा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य सम्पादन करने वाले कर्मचारी को सम्मानित करतीं पूर्वोत्तर रेलवे की महाप्रबंधक सौम्या माथुर। अमृत विचार

महाप्रबन्धक सौम्या माथुर ने सभी से कहा कि वह आगे भी राजभाषा में उत्कृष्ट प्रदर्शन को बनाये रखेंगे। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी हिन्दी में उत्कृष्ट प्रदर्षन के लिये शील्ड प्रदान की गई हैं। सभी विभाग राजभाषा के प्रयोग-प्रसार की दिषा में जागरूकता बरतते हुए जहां भी कमियां हों, उन्हें दूर करें और आगे अपने कार्यालय को अग्रणी स्थान दिलाएं। इसके पूर्व, पूर्वोत्तर रेलवे के मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्रमुख सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर राजेष कुमार पाण्डेय ने कहा कि गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग से प्राप्त सूचना के अनुसार कुल 46 सदस्य कार्यालयों में से 43 कार्यालयों ने वेबपोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराया है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के वेबपोर्टल पर शेष कार्यालयों से रजिस्ट्रेषन कराना अपेक्षित है। गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के प्रतिनिधि उप निदेषक, राजभाषा कार्यान्वय डा. छबिल कुमार मेहेर ने कहा कि कार्यषालाओं से हिन्दी को बढ़ावा मिलता है तथा कमियां दूर होती है। हमें स्वेच्छा से हिन्दी में कार्य करना चाहिये। अंग्रेजी का उपयोग गुलामी की मानसिकता का प्रतीक है। हमें अंग्रेजी भाषा की जानकारी रखनी चाहिये परन्तु अपने शब्दों में हिन्दी का प्रयोग करना चाहिये।

बैठक में खादी और ग्रामोद्योग आयोग द्वारा संगठन की गतिविविधयों पर पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण दिया गया। प्रस्तुतिकरण में संगठन द्वारा विभाग के इतिहास, योजनाओं एवं विभाग द्वारा विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार परक योजनाओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया। पूर्वोत्तर रेलवे के उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं स्टेशन निदेषक, गोरखपुर जय प्रकाश सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सभी सदस्य हिन्दी कार्यशालाओं का नियमित आयोजन सुनिश्चित करें, आज की बैठक में लिये गये निर्णयों को समय से लागू करें। बैठक का संचालन जभाषा अधिकारी मो. अरशद मिर्जा ने किया।

# बड़े स्विमिंग पूल में शुरू होगी तैराकी

सिद्धार्थनगर

**अमृत विचार।** जिला स्पोर्ट स्टेडियम में स्थित बड़े स्विमिंग पूल में पानी भरा जा रहा है। जल्द ही बड़े स्विमिंग पूल में तैराकी शुरू हो जाएगी। इस बड़े स्विमिंग पूल के शुरू हो जाने से जिले में इस वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित होने की उम्मीद जगी है।

1 अप्रैल से सभी तरण तालों में तैराकी शुरू हो जाती है। जिले के स्टेडियम में स्थित बड़े स्विमिंग पूल का फिल्टर प्लांट व पानी की सप्लाई देने वाले पाइप में रिसाव होने से स्विमिंग पुल शुरू नहीं हो पाया था। लेकिन पिछले 10 दिनों से स्विमिंग पूल के मरम्मत का कार्य चल रहा था। मरम्मत कार्य पूरा होने के बाद स्विमिंग पूल में पानी भरा जा रहा है। पानी भरने से तैराकों को बड़े स्विमिंग पुल में प्रैक्टिस करने का मौका मिलेगा। बड़ा स्विमिंग पुल शुरु होने से मई माह के पहले सप्ताह में जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होगा। उसके बाद मंडल स्तरीय प्रतियोगिता भी आयोजित की जाएगी। जबकि पिछले वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। इससे तैराकों में इस सत्र भी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन होने की उम्मीद जगी है। पिछले सत्र राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के दस खिलाड़ियों ने भाग लिया था। इसमें से एक महिला खिलाड़ी ने कांस्य पदक भी प्राप्त किया था। वही इस वर्ष प्रतियोगिता होने से जिले के खिलाड़ी भी मान बढ़ा सकते है।


मरम्मत के बाद बड़े स्वीमिंग पूल में भरा जा रहा पानी। अमृत विचार

> बड़े स्विमिंग पुल के मरम्मत का कार्य पूरा हो गया है। इसमें पानी भरा जा रहा है। जल्द ही बड़ें स्विमिंग पुल में भी युवा तैराकी सिख पाएंगे।
> –आशुतोष अग्निहोत्री, क्रीड़ा अधिकारी

# शाक्य वोटर बनेंगे क्या यहां सपा का भाग्य

## जीत की हैट्रिक के लिए दो बार के सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर के सामने इस बार कठिन चुनौती

**एटा लोकसभा सीट**

मनोज त्रिपाठी

एटा लोकसभा के चुनाव में तापमान बढ़ने के साथ जातीय गर्मी भी बढ़ गई है। भाजपा राष्ट्रीय मुद्दों पर फोकस करने और मोदी की गारंटी का प्रचार करने का साथ जातीय गुणा-गणित का भी हिसाब किताब लगा रही है। ऐसा इस कारण है, क्योंकि इस बार सपा ने दो बार से चुनाव हार रहे कुं. देवेंद्र सिंह यादव की जगह शाक्य समाज के देवेश शाक्य को चुनाव मैदान में उतारकर भाजपा के परंपरागत वोटर माने जाने वाले शाक्य मतदाताओं को अपनी तरफ मोड़ने की कोशिश की है। देवेंद्र शाक्य वर्ष 2005 और 2010 में औरैया से जिला पंचायत सदस्य रह चुके हैं। हालांकि इस लड़ाई में बसपा भी कम नहीं है, उसने मुस्लिम प्रत्याशी मोहम्मद इरफान को सामने करके सपा के पीडीए फार्मूले की चुनौती बढ़ा दी है। भाजपा से एटा के मौजूदा सांसद पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह के पुत्र राजवीर सिंह इस बार जीत की हैट्रिक लगाने का मंसूबा पाले हैं। पार्टी ने उनके लिए पूरी ताकत भी झोंक रखी है।

उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. कल्याण सिंह की विरासत के पहरेदार उनके पुत्र दो बार के सांसद राजवीर सिंह उर्फ राजू भइया इस बार एटा सीट पर फंसे नजर आ रहे हैं। 2019 के चुनाव में उन्होंने सपा-बसपा गठबंधन के प्रत्याशी कुं. देवेंद्र सिंह यादव को हराया था। साल 2014 में मोदी लहर में भी उन्होंने सपा के देवेंद्र सिंह यादव को ही करारी शिकस्त दी थी। देवेंद्र यादव अब भाजपा में शामिल हो चुके हैं। इसके चलते समाजवादी पार्टी ने इस बार एटा में देवेश शाक्य को चुनावी मैदान में उतारकर चुनौती कड़ी कर दी है।

ओबीसी में शाक्य उपजाति है। राजवीर सिंह लोध समुदाय से हैं। इस तरह ओबीसी की दो उपजातियां आमने-सामने हैं। अब ऐसे में ओबीसी की अन्य जातियों को अपने पाले में करने की जंग छिड़ी है। यही वजह है कि भाजपा ने पूरा ध्यान कासगंज जिले की तीनों विधानसभा सीटों पर ज्यादा लगा रखा है।

रणनीति के तहत सोरों में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक की जनसभा कराने के बाद शाक्य-मौर्य मतदाताओं को जोड़ने के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आए। पार्टी के शाक्य नेता समाज से अपने जुड़ाव और रिश्ते की दुहाई दे रहे हैं। एक दिन पहले कासगंज में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह गरज गए हैं। इसके मुकाबले एटा सदर और मारहरा विधानसभा क्षेत्र लोधी बाहुल्य होने से भाजपा बेफिक्र है। लोधी मतदाताओं की कल्याण सिंह में अटूट निष्ठा है, ऐसे में उनके पुत्र के कारण पार्टी यहां अपनी बढ़त मानकर चल रही है।

**मुस्लिम वोटों में सेंधमारी से खुल सकता कमल खिलने का रास्ता :** बसपा एटा लोकसभा सीट पर आज तक जीत भले न पाई हो लेकिन कई बार अन्य दलों के चुनावी समीकरण जरूर बिगाड़ चुकी है। बसपा ने इस बार कॉडर वोट के साथ मुस्लिम वोटरों के जोड़तोड़ का गणित बनाया है। मुस्लिम वोटरों के बिखरने का सबसे बड़ा और सीधा प्रभाव सपा प्रत्याशी पर पड़ेगा। यही वजह है कि जानकारों के मुताबिक अभी यहां भाजपा और सपा दोनों हाथी की चाल देख रहे हैं। अगर हाथी की चाल तेज होती है तो सपा का नुकसान करेगी, लेकिन हाथी की सुस्त रफ्तार भाजपा के लिए परेशानी का सबब बनेगी।

**हाथ का नहीं मजबूत साथ :** सपा और कांग्रेस में गठबंधन जरूर है, लेकिन एटा में सपा अकेले ही चुनाव लड़ते नजर आ रही है। कांग्रेस का संगठन मृतप्राय है। बसपा से उतरे मो. इरफान पहले कांग्रेस में ही थे। कांग्रेस की स्थिति यह है कि उसके जिलाध्यक्ष तक पार्टी छोड़कर भाजपा में शामिल हो चुके हैं।


देवेश शाक्य।


राजवीर सिंह।

■ सपा के देवेश शाक्य सजातीय मतों के सहारे मुकाबले में, बसपा के मुस्लिम प्रत्याशी से भाजपा को राहत की सांस और मतों के बिखराव की आस

### पांच बार जीत का रिकार्ड महादीपक शाक्य के नाम

एटा लोकसभा सीट पर 1952 में पहला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के रोहन लाल चतुर्वेदी ने जीता था। 1957 में भी वही जीते। 1962 में हिंदू महासभा के बिशन चन्द्र सेठ को जीत मिली। 1967 में कांग्रेस ने वापसी की और रोहन लाल चतुर्वेदी तीसरी बार जीते। 1971 में भी उन्होंने ही जीत दर्ज की। जनता पार्टी की लहर में 1977 भारतीय लोकदल से महादीपक सिंह शाक्य विजयी रहे। लेकिन 1980 कांग्रेस के मुशीर अहमद खां और 1984 में लोकदल के मोहम्मद महफूज को जीत मिली। 1989 में भाजपा से महादीपक सिंह शाक्य ने जीत हासिल की, तो 1991, 1996, 1998 लगातार चार बार सांसद चुने गए। 1999 में सपा के देवेन्द्र सिंह यादव ने उनकी जीत का सिलसिला तोड़ा और 2004 में भी जीत हासिल की। 2009 में पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह निर्दलीय लड़कर सपा के समर्थन से जीते। 2014 और 2019 के चुनाव में उनके पुत्र राजवीर सिंह भाजपा से दो बार जीत दर्ज कर चुके हैं।

### 2019 आम चुनाव का परिणाम

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 5,45,348 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 4,22,678 |

### 2014 आम चुनाव का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | राजवीर सिंह | 4,74,978 |
| सपा | देवेन्द्र सिंह यादव | 2,73,977 |
| बसपा | नूर मोहम्मद खान | 1,37,127 |

### 2019 में यह था वोट शेयर




### 2014 का वोट प्रतिशत

| 51.28% | 29.58% | 14.80% |
|---|---|---|
| भाजपा | सपा | बसपा |

### लोधी, यादव और शाक्य मतदाताओं का गढ़

■ एटा लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 16 लाख 72 हजार से अधिक है। एटा जिला को लोधी, शाक्य व यादव मतदाताओं का गढ़ माना जाता है। शाक्य मतदाताओं की संख्या यहां एक लाख 80 हजार के करीब मानी जाती है। हालांकि लोधी राजपूतों की संख्या सबसे ज्यादा 2 लाख 90 हजार के आसपास गिनी जाती है। इसके बाद यादव मतदाता लगभग ढाई लाख, ब्राह्मण 95 हजार, वैश्य 85 हजार और जाटव मतदाताओं का अनुमान लगभग दो लाख है। लोकसभा क्षेत्र की तीन विधानसभा सीटों कासगंज, अमांपुर, पटियाली में शाक्य मतदाता अधिक हैं।

### तीन मुख्यमंत्रियों को रास आया यह लोकसभा क्षेत्र

■ 1977 की जनता पार्टी सरकार में मुख्यमंत्री चुने गए रामनरेश यादव आजमगढ़ छोड़कर एटा की निधौलीकलां विधानसभा सीट से उपचुनाव लड़े थे। उनके लिए निधौली कलां के विधायक रामसिंह यादव ने इस्तीफा देकर सीट छोड़ी थी। मुलायम सिंह यादव भी निधौली कलां से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री बने थे। कल्याण सिंह भी 1993 में लोध बाहुल्य कासगंज विधानसभा सीट से चुनाव जीतकर मुख्यमंत्री की कुर्सी तक पहुंचे थे।

# ...अबकी बार अखिलेश के सियासी रसूख का इम्तिहान

कानपुर

**अमृत विचार:** सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव के बिना समाजवादी पार्टी पहली बार लोकसभा चुनाव के समर में उतरी है। हालांकि मुलायम के निधन के बाद मैनपुरी में हुआ उप चुनाव डिंपल यादव ने जीता था, तब परिवार में एका हुआ था और चाचा-भतीजा, शिवपाल सिंह और अखिलेश यादव ने साथ आकर नेताजी की विरासत बचाने के लिए दिन-रात एक कर दिया था। लेकिन अब पार्टी के प्रदर्शन का पूरा दारोमदार अध्यक्ष अखिलेश यादव के कंधे पर है। ऐसे में यह चुनाव सपा के परंपरागत वोटरों को साथ रखने के साथ प्रदेश में 'यादव लैंड' कही जाने वाली लोकसभा की 10 सीटों पर तेज रफ्तार में साइकिल दौड़ाने का भी है।

उत्तर प्रदेश में मैनपुरी, फिरोजाबाद, बदायूं, एटा, कन्नौज, जौनपुर, फैजाबाद, आजमगढ़, गाजीपुर, बलिया लोकसभा सीटें यादव बहुल मानी जाती हैं। इसलिए इन्हें यादव लैंड कहकर भी पुकार जाता है। अब इन सीटों के चुनावी परिणाम ही प्रदेश और देश में अखिलेश यादव का सियासी रसूख और भविष्य तय करेंगे। यह भी साफ हो जाएगा कि मुलायम के बाद यादव समाज कितनी बड़े संख्या बल के साथ अखिलेश की नुमाइंदगी कुबूल करता है, क्योंकि भाजपा ने यादव बहुल सीटों पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को उतारकर अखिलेश के यादव वोट बैंक में दरार डालने का पूरा जाल बिछा रखा है।

वर्ष 1999 के लोकसभा चुनाव में सपा ने 26 सीटें जीती थीं। इनमें यादव लैंड की मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं और आजमगढ़ की सीटें शामिल थीं। जौनपुर भाजपा के हिस्से में आई थी। 2004 में सपा के 37 सांसद चुने गए थे। मैनपुरी, एटा, इटावा, फिरोजाबाद, बदायूं, जौनपुर लोकसभा सीटों पर सपा ने विरोधियों को पछाड़ दिया था। इस चुनाव में फैजाबाद और आजमगढ़ से बसपा जीती थी। हालांकि 2009 के चुनाव से सपा का जनाधार खिसकने लगा। इस चुनाव में सपा ने 21 सीटें जीतीं। लेकिन इनमें यादव लैंड की केवल तीन मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद लोकसभा सीटें शामिल थीं। हालांकि एटा से सपा समर्थित उम्मीदवार पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह जीते थे। फिरोजाबाद सीट पर अखिलेश यादव के इस्तीफा देने से उपचुनाव हुआ तो कांग्रेस के राज बब्बर ने जीत दर्ज कर ली थी। उन्होंने अखिलेशकी पत्नी डिपंल यादव को हरा दिया था। वर्ष 2009 में बलिया सीट सपा ने जीती, फैजाबाद से कांग्रेस, जौनपुर से बसपा, संतकबीर नगर से बसपा और आजमगढ़ से भाजपा ने जीत हासिल की थी।



■ मुलायम सिंह के बिना पहला आम चुनाव तय करेगा यादव समाज का सपा को कितना समर्थन

■ 2009 से जनाधार में गिरावट, सपा की जीती 21 सीटों में यादव बहुल केवल मैनपुरी, इटावा, फिरोजाबाद थीं

### बीते चुनाव में सपा का सबसे खराब प्रदर्शन

■ वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा का यादव लैंड में अब तक का सबसे खराब प्रदर्शन रहा। इस चुनाव में मैनपुरी से मुलायम सिंह यादव और आजमगढ़ से अखिलेश यादव ही चुनाव जीत पाए। वहीं वर्ष 2022 के लोकसभा उपचुनाव में आजमगढ़ सीट पर भाजपा ने जीतकर कमल खिला दिया।

### अन्य पिछड़ी जातियों के भाजपा की ओर मुड़ने के जवाब में आया पीडीए

■ वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद जिस तरह अन्य पिछड़ी जातियां भाजपा की ओर एकजुट हुईं उससे सपा को विजय दिलाने वाले मुस्लिम-यादव समीकरण का प्रभाव कम हो गया। इसीलिए इस बार के चुनाव में अखिलेश यादव ने जनाधार बढ़ाने के लिए 'पीडीए' यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक फॉर्मूला तैयार किया है। अब इसकी परीक्षा होनी है।

# बसपा ने भाजपा के कथित समर्थन का दाग धोया, गठबंधन की राह में बिछाए कांटे

(चुनाव डेस्क)

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी जिसे लोकसभा चुनाव से पहले उत्तर प्रदेश में अकेले चुनाव लड़ने के कारण बड़ी चुनौती नहीं माना जा रहा था, जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ रहा है, दो दर्जन सीटों पर त्रिकोणीय संघर्ष में आकर कहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन तो कहीं भाजपा के लिए जीत की राह में कांटे बिछाती बनती नजर आ रही है। प्रत्याशी चयन में चतुराई दिखाते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने पार्टी के ऊपर पिछले विधानसभा चुनाव में लगा भाजपा को कथित मौन समर्थन का दाग धोने के साथ ही अपने भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद के लिए एक ऐसी खुली जमीन तैयार कर दी है, जहां से बसपा एक बार फिर मजबूत वोट बैंक की नई उड़ान भर सकती है।

बीते चार दशक में अपने सबसे खराब दौर से गुजर रही बसपा के अकेले लोकसभा चुनाव में उतरने के मायावती के फैसले का निहितार्थ अब धीरे-धीरे सामने आ रहा है। पार्टी ने पिछले लोकसभा चुनाव में सपा के साथ गठबंधन करके 10 लोकसभा सीटें जीती थीं, लेकिन इनमें से ज्यादातर साथ छोड़ गए हैं। विधान सभा चुनाव में पार्टी का वोट बैंक धड़ाम हो गया था। 2017 के विधान सभा चुनाव में जहां बसपा को 22.23 फीसदी वोट मिले थे, वहीं 2022 में यह आंकड़ा घटकर 12.88 पर आ गया था। वोट शेयर में लगभग 10 फीसदी वोटों की भारी गिरावट के साथ पार्टी सिर्फ एक सीट पर सिमट गई थी। यही वह वजह थी, जिसने बसपा सुप्रीमो को नए सिरे से रणनीति बनाने के लिए मजबूर किया। लोकसभा चुनाव में अभी तक बसपा ने ही सबसे ज्यादा मुस्लिम वर्ग को टिकट दिए हैं। पार्टी अब तक 20 से अधिक मुस्लिम प्रत्याशी घोषित कर चुकी है। बसपा के इन मुस्लिम उम्मीदवारों ने सपा और कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशियों की मुश्किल बढ़ा दी है। माना जा रहा कि बसपा के इस कदम से मुस्लिम वोट बंटने पर भाजपा प्रत्याशी को फायदा हो सकता है। लेकिन बसपा की अपनी रणनीति है, वह अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है, इसलिए अपने प्रत्याशी को जीत की संभावना के साथ टिकट दिए हैं। पार्टी का मानना है कि मुस्लिम प्रत्याशी चुनाव जीत नहीं पाए तो भी अच्छा प्रदर्शन करके वोट प्रतिशत बढ़ाने में सहायक होंगे। इसी रणनीति के चलते ही बसपा ने दलित समुदाय को प्रतिनिधित्व देने के साथ 18 सवर्ण और 16 ओबीसी प्रत्याशियों को मैदान में उतारा है। बसपा के मुस्लिम और सवर्ण प्रत्याशी पश्चिम उत्तर प्रदेश की कई सीटों पर सपा-कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवारों की चुनौती कमजोर करते नजर आए, तो कहीं-कहीं भाजपा के लिए परेशानी का सबब बने।

जौनपुर, मेरठ, मैनपुरी, बस्ती, बंदायू, आजमगढ़ समेत जैसी सीटों पर बसपा ने सपा-कांग्रेस गठबंधन के साथ साथ भाजपा की राह भी मुश्किल बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अपने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष भीम राजभर को आजमगढ़ से उतरकर बसपा ने भाजपा और सपा दोनों के लिए चुनौती खड़ी कर दी है। बस्ती में भाजपा ने अपने मौजूदा सांसद हरीश द्विवेदी को फिर टिकट दिया है, तो यहां बसपा ने ब्राह्मण समाज के ही दयाशंकर मिश्र को टिकट देकर भाजपा की राह में कांटे बिछा दिए हैं। मैनपुरी में प्रत्याशी बदलकर यादव उम्मीदवार उतारकर डिंपल यादव की परेशानी बढ़ा दी है।





### पार्टी का प्रदर्शन

| | | |
|---|---|---|
| 2009 | 20 सीटें | 27.42% वोट |
| 2014 | 00 सीटें | 19.77% वोट |
| 2019 | 10 सीटें | 22.43% वोट |

■ पार्टी ने अपना गिरता वोट बैंक संभालने के लिए लिया था अकेले चुनाव लड़ने का फैसला

■ 20 मुस्लिम प्रत्याशी उतारकर सपा-कांग्रेस प्रत्याशियों की चुनौती कमजोर करने का प्रयास

■ सवर्ण और ओबीसी को कई सीटों पर टिकट देकर भाजपा के लिए भी खड़ी कर दी परेशानी

■ विधानसभा चुनाव में भाजपा के कथित मौन समर्थन का टैग हटाया, आकाश को दी नई जमीन

# फतेहपुर में सपा तय नहीं कर पा रही उम्मीदवार

**फतेहपुर।** फतेहपुर संसदीय सीट पर भाजपा चुनाव प्रचार में आगे चल रही है। यहां से पार्टी ने केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति को पुनः मौका दिया है। जबकि बसपा ने कानपुर देहात के रहने वाले डॉ. मनीष सचान पर दांव खेला है। सपा अभी प्रतयाशी को लेकर असमंजस में है। पार्टी नेतृत्व अभी यह तय नहीं कर पा रहा है कि उसका चेहरा कौन होगा। कभी प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल के नाम पर चर्चा होती है तो कभी पूर्व सांसद डॉ. अशोक पटेल के नाम की। पार्टी कार्यकर्ता भी परेशान हैं क्योंकि भाजपा और बसपा के उम्मीदवार जनता से मिल रहे हैं और वोट मांग रहे हैं। निरंजन ज्योति लगातार दो बार से इस सीट पर जीत रही हैं। 2009 में सपा से राकेश सचान जीते थे। अब वे भाजपा में हैं और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं।

## ओपी राजभर की प्रतिष्ठा फंसी

मऊ। प्रदेश के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के लिए घोसी सीट का चुनाव प्रतिष्ठा बन गया है। यहां उनके बेटे अरविंद राजभर चुनाव लड़ रहे हैं। उन्हें घेरने के लिए सपा- कांग्रेस ने राजीव राय तो बसपा ने पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को उतारा है। राजीव राय जहां ओपी राजभर से नाराज भाजपा नेताओं को साधने में जुटे हैं तो दलित और मुस्लिम मतदाताओं को जोड़कर जीतने की कोशिश में बाल कृष्ण चौहान भी ताकत लगा रहे हैं। नेता भले ही बाहर से अरविंद राजभर के साथ नजर आ रहे हैं लेकिन पूर्व में दिए तीखे बयानों के कारण वे दिल से उनके साथ नहीं जुड़ पा रहे हैं।




**भरी हुंकार** आगरा में सपा मुखिया अखिलेश यादव ने पार्टी उम्मीदवार सुरेश चंद्र कर्दम के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्हें कार्यकर्ताओं ने गदा भेंट किया।

**चुनावी रंग**



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल के रोड शो में तिलक नगर में कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का मुखौटा लगाकर विराधी दलों के नेताओं को जवाब दिया।

# कालीन नगरी में हैट्रिक लगाने को भाजपा ने रचा चक्रव्यूह

**भदोही संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** कालीन उत्पादन के लिए पूरी दुनिया में प्रसिद्ध भदोही संसदीय सीट पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के लिए भी प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। ममता ने कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे पूर्व मुख्यमंत्री कमलापति त्रिपाठी के वंशज ललितेश त्रिपाठी को यहां से उतारा है। समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उन्हें यहां से जीत दिलाने के लिए रात- दिन लगे हुए हैं। ललितेश के कंधे पर भाजपा की हैट्रिक रोकने की जिम्मेदारी है। भाजपा ने इस सीट से वर्तमान सांसद रमेश चंद बिंद का टिकट काटकर विनोद कुमार बिंद को दिया है। जीत की हैट्रिक लगाने को भाजपा ने यहां मजबूत चक्रव्यूह रचा है जिसे भेदने के लिए टीएमसी उम्मीदवार के साथ ही बसपा के इरफान अहमद बब्लू भी जूझ रहे हैं। भदोही संसदीय सीट 2008 के परिसीमन में अस्तित्व में आई थी। पहले यह सीट भदोही- मिर्जापुर के नाम से जानी जाती थी। 2009 में जब पहला चुनाव हुआ तो बसपा ने जीत दर्ज की, लेकिन 2014 की मोदी लहर में भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त सांसद बने। उन्होंने बसपा के राकेश धर त्रिपाठी को हराया था। तब सपा तीसरे, जदयू चौथे और कांग्रेस का उम्मीदवार पांचवें स्थान पर था। 2019 में पार्टी ने वीरेंद्र सिंह मस्त के स्थान पर रमेश चंद बिंद को उम्मीदवार बनाया तो वे भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस चुनाव में भी बसपा उम्मीदवार दूसरे नंबर पर थे। तब सपा से बसपा का गठबंधन था। कांग्रेस उम्मीदवार पूर्व सांसद रमाकांत यादव मात्र 25604 वोटों पर ही सिमट गए थे। भाजपा ने फिर टिकट बदला है और विनोद कुमार बिंद पर भरोसा जताया है। विनोद कुमार बिंद मिर्जापुर जिले की मझवां विस सीट से निषाद पार्टी के विधायक हैं। चंदौली निवासी डॉ. बिंद को 2022 के चुनाव में ज्ञानपुर विस सीट से सपा ने पहले उम्मीदवार बनाया था बाद में टिकट काट दिया था। इससे नाराज होकर वे निषाद पार्टी में शामिल हो गए थे मझवा सीट से मैदान में उतरे और जीते भी।


विनोद कुमार बिंद।


ललितेश त्रिपाठी।


इरफान अहमद बब्लू।

■ समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इस सीट को तृणमूल कांग्रेस के लिए छोड़ा है

■ ममता बनर्जी ने ललितेश त्रिपाठी तो भाजपा ने विनोद कुमार बिंद को उतारा

### तीन विधानसभा सीटों पर सपा का कब्जा



■ भदोही लोकसभा क्षेत्र में 5 विधानसभा सीटें हैं। इनमें से प्रतापपुर, हंडिया और भदोही सीट समाजवादी पार्टी के कब्जे में है जबकि ज्ञानपुर से निषाद पार्टी और औराई से भाजपा का विधायक है। विधानसभा चुनाव परिणाम को ध्यान में रखकर बात करें तो इस चुनाव में सपा का पलड़ा भारी दिखता है लेकिन भाजपा उम्मीदवार को मोदी की गारंटी का पूरा भरोसा है। वैसे भी तृणमूल कांग्रेस का इस क्षेत्र में कोई आधार नहीं है उसे सपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के दम पर ही चुनाव लड़ना है। ललितेश कांग्रेस से बगावत कर टीएमसी में शामिल हुए थे। इससे भी कांग्रेस कार्यकर्ता उनसे नाराज दिखते हैं। हालांकि बसपा भी यहां लड़ाई में दिख रही है। पार्टी के उम्मीदवार लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं और पार्टी के परंपरागत दलित मतदाताओं व मुस्लिम मतदाताओं के सहारे वे जीत का गणित लगा रहे हैं।

# उप चुनाव का परिणाम दोहराने को बेताब है सपा

**गोरखपुर लोकसभा सीट 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही**

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां से पांच बार रह चुके हैं सांसद**

**2018 का उप चुनाव जीत चुकी है समाजवादी पार्टी**

इंद्रभूषण दुबे, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोरखपुर पूर्वांचल ही नहीं बल्कि देश में अपनी अलग पहचान रखता है। चाहे देश की राजनीति का मामला हो या अयोध्या राम मंदिर आंदोलन का। महंत अवेद्यनाथ ने राममंदिर आंदोलन की अगुवाई गोरक्षपीठ (गोरखनाथ मंदिर) से ही की थी। कांग्रेस और भाजपा की सरकार में इस सीट के सांसद की अपनी अलग धमक रही है। लोकसभा सीट पर पिछले 19 चुनाव में 10 बार गोरक्षपीठ के कब्जे में रही।

वहीं, योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद इस सीट के परिणाम पर देश-विदेश की निगाहें लगी हैं। हालांकि उपचुनाव 2018 में सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा के उपेंद्र दत्त शुक्ला को करीब 26 हजार मतों से हरा दिया। पर, इस जीत को सपा 2019 में कायम न रख सकी। भाजपा ने भोजपुरी कलाकार रवि किशन शुक्ला को प्रत्याशी बनाया। करीब तीन लाख मत से धमाकेदार तरीके से भाजपा ने सीट वापस हासिल कर ली। उपचुनाव का परिणाम दोहराने के लिए इस बार भी इंडिया गठबंधन (समाजवादी पार्टी) ने टीवी कलाकार काजल निषाद को उम्मीदवार बनाते हुए 2018 उपचुनाव के परिणाम को दोहराने को बेताब है तो वहीं, भाजपा ने वर्तमान सांसद रविकिशन को ही प्रत्याशी बनाया है।

2019 के संसदीय चुनाव में गोरखपुर से भाजपा ने रवि किशन शुक्ला को मैदान में उतारा था। इस चुनाव में बसपा और सपा गठबंधन के तहत सपा ने राम निषाद को टिकट दिया था। रवि किशन ने 7,17,122 वोट हासिल किए तो राम निषाद को 4,15,458 वोट मिले, तीसरे नंबर पर रहने वाली कांग्रेस को महज 22,972 वोट ही मिले थे। रवि किशन ने 3,01,664 मतों के अंतर से जीत हासिल की थी। जानकार कहते हैं के इस बार का चुनाव भी रोचक हो सकता है।



### सबसे अधिक निषाद वोटर

जातीय समीकरण की बात करें तो यहां पर पिछड़ा वर्ग के वोटरों का दबदबा है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर सबसे अधिक निषाद जाति के वोटर हैं। यहां पर चार लाख वोटर निषाद समाज से आते हैं जबकि यादव और दलितों की संख्या भी दो-दो लाख है। गोरखपुर लोकसभा सीट पर डेढ़ लाख मुस्लिम वोटर भी हैं। इसके अलावा करीब 3 लाख ब्राह्मण और ठाकुर वोट हैं। भूमिहार और वैश्य वोटरों की संख्या भी करीब डेढ़ लाख है।

### भाजपा का है कब्जा

गोरखपुर सदर लोकसभा क्षेत्र में कुल पांच विधानसभा है, जिसमें गोरखपुर शहर, गोरखपुर ग्रामीण, सहजनवा, पिपराइच और कैंपियरगंज गोरखपुर आती है। सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। गोरखपुर शहरी से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, कैम्पियरगंज से फतेह बहादुर सिंह, पिपराइचसे महेंद्र पाल सिंह, गोरखपुर ग्रामीण से बिपिन सिंह और सहजनवा से प्रदीप शुक्ला विधायक हैं


रवि किशन


काजल निषाद



जावेद सिमनानी

### भाजपा ने रवि किशन पर फिर लगाया दांव

भाजपा ने एक बार फिर मौजूदा सांसद रवि किशन शुक्ला पर दांव लगाया है, रवि किशन राजनीति के साथ-साथ हिंदी और भोजपुरी फिल्मों में भी काफी सक्रिय हैं। 2019 में भाजपा से चुनाव लड़ने से पहले जौनपुर से 2009 में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं। जहां उन्हें हार का सामना करना पड़ा।

### 2018 में भाजपा को लगा था झटका

इससे पहले 2018 में गोरखपुर सीट पर कराए गए उपचुनाव में भाजपा को जोर का झटका लगा था, क्योंकि यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने की वजह से खाली हुई थी। उपचुनाव में सपा के प्रत्याशी प्रवीण कुमार निषाद ने भाजपा के उम्मीदवार उपेंद्र दत्त शुक्ला को 21,801 मतों के अंतर से हरा दिया था। जबकि 2014 के चुनाव में योगी आदित्यनाथ ने बीजेपी के टिकट पर गोरखपुर सीट से जीत हासिल की थी। तब योगी आदित्यनाथ को 3,12,783 मतों के अंतर से बड़ी जीत मिली थी।

### भाजपा ने आठ बार जीता है लोक सभा चुनाव

आजादी के बाद अब तक इस सीट पर कुल 19 बार चुनाव हो चुके हैं। 10 बार प्रत्यक्ष रूप से गोरक्षपीठ के कब्जे में रही। पहली बार गोरक्षपीठ के पीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ ने 1967 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में जीत दर्ज की। 1970 में उनके शिष्य महंत अवेद्यनाथ ने जीत दर्ज की। इसके बाद महंत अवेद्यनाथ ने 19 साल बाद हिंदू महासभा से इस सीट पर जीत दर्ज की तो यह सिलसिला 2014 तक जारी रहा। उनके बाद 1998 में यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस सीट पर जीत दर्ज की। हालांकि 22 साल बाद यह सीट योगी आदित्यनाथ के मुख्यमंत्री बनने के बाद हुए उपचुनाव में पीठ के हाथ से निकल गई। सपा के प्रवीण निषाद ने भाजपा प्रत्याशी उपेंद्र शुक्ला को हरा दिया। अब तक 6 बार कांग्रेस, दो बार निर्दलीय, एक बार हिंदू महासभा, एक बार जनता पार्टी, भाजपा ने 8 और एक बार सपा ने जीत दर्ज की है।

### इंडी गठबंधन ने काजल को बनाया प्रत्याशी

इंडी गठबंधन की सपा प्रत्याशी व टीवी कलाकार काजल निषाद के राजनीतिक सफर की बात करें तो वह वर्ष 2012 के विधानसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा तो 2022 में सपा के ही टिकट पर कैंपियरगंज से चुनाव लड़ चुकी है। पार्टी ने उन्हें पिछले साल हुए नगर निकाय के चुनाव में महापौर पद का भी प्रत्याशी बनाया था, मगर उन्हें वहां भी हार का सामना करना पड़ा। अभी हाल ही में उन्हें हार्ट अटैक आया था, जिसका उपचार चल रह है, फिलहाल इनके चुनाव लड़ने को लेकर असमंजस्य की स्थिति है।

### बसपा ने जावेद पर जताया भरोसा

बसपा सुप्रीमो मायावती ने छात्र राजनीति से बसपा का झंडा लेकर चलने वाले जावेद सिमनानी पर भरोसा जताया है। गोरखपुर के नखास चौक के रहने वाले प्रिंटिंग प्रेस व्यवसाय से जुड़े जावेद सिमनानी का पूरा परिवार बसपा से जुड़ा है। 45 वर्षीय जावेद सिमनानी 25 वर्षों से वे बसपा में हैं।

### गोरखपुर का तीन बार हुआ विभाजन

गोरखपुर का इतिहास बहुत पुराना है। गोरखपुर जिले को आर्य संस्कृति और सभ्यता का एक अहम केंद्र माना जाता रहा है। ब्रिटिश राज में साल 1865 में, गोरखपुर जिले से अलग करते हुए बस्ती को नया जिला बनाया गया। आजादी से पहले साल 1946 में एक बार फिर गोरखपुर का विभाजन किया गया और प्रदेश के नक्शे पर देवरिया के रूप में नया जिला बनकर आया। 1989 में गोरखपुर का तीसरी बार विभाजन किया गया और इस बार महराजगंज नया जिला बना। गोरखपुर को गोरखनाथ मंदिर और गीताप्रेस की वजह से भी दुनियाभर में विशेष पहचान है। इस सीट पर गोरखनाथ मंदिर का खासा प्रभाव माना जाता है। महंत दिग्विजय नाथ के बाद महंत अवैधनाथ चार बार सांसद चुने गए फिर योगी आदित्यनाथ पांच बार सांसद चुने गए।

### गोरखपुर: 2019 के चुनाव का लेखा जोखा






| उम्मीदवार | वोट |
|---|---|
| रवि किशन शुक्ला | 7,17,122 |
| रामभुआल निषाद | 4,15,458 |
| मधुसूदन त्रिपाठी | 22,972 |

### उप चुनाव : 2018 में किसको कितने वोट

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| सपा | प्रवीण कुमार निषाद | 4,56,589 |
| भाजपा | उपेन्द्र दत्त शुक्ल | 4,34,788 |
| कांग्रेस | डॉ. सुरहीता करीम | 18,872 |




### निर्वाचित सांसद

| वर्ष | सदस्य | दल |
|---|---|---|
| 1952 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1957 | महादेव प्रसाद | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1962 | सिंहासन सिंह | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1967 व 70 | महंत दिग्विजय/ अवेद्यनाथ | निर्दल |
| 1971 | नरसिंह नारायण पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1977 | हरिकेश बहादुर | जनता पार्टी |
| 1980 | हरिकेश बहादुर | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1984 | मदन पांडे | भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस |
| 1989 | महंत अवेद्यनाथ | हिंदू महासभा |
| 1991 व 96 | महंत अवेद्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |
| 1996,98,99,04,09 | योगी आदित्यनाथ | भारतीय जनता पार्टी |

| 2014 नोटा | 2018 नोटा | 2019 नोटा |
|---|---|---|
| 8,153 | 8,331 | 7,688 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | योगी आदित्यनाथ | 5,39,127 |
| सपा | राजमती निषाद | 2,26,344 |
| बसपा | राम भुवाल निषाद | 1,76,412 |
| कांग्रेस | अष्टभुजा प्रसाद त्रिपाठी | 45,719 |




### 2024 - मतदाताओं की संख्या

| | |
|---|---|
| कुल मतदाता | - 20,74,745 |
| पुरुष | - 11,12,023 |
| महिला | - 9,62,531 |
| अन्य | - 191 |

## इलेक्शन बायस्कोप



मौका विजय के लिए उत्साह भरने का हो तो वहां महिलाओं की मौजूदगी शुभ संदेश की तरह होती हैं। सोमवार को हजरतगंज में रक्षामंत्री एवं लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह के नामांकन के दौरान चिलचिलाती धूप और गर्मी में भी भाजपा समर्थित महिलाएं मुस्कुराते हुए कमल का फूल लेकर रोड-शो के स्वागत में मुस्तैद दिखीं। अमृत विचार

### चौथे चरण की सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में

अमृत विचार, लखनऊ। प्रदेश में चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। सोमवार को आठ प्रत्याशियों ने नाम वापस ले लिया। इनमें ज्यादातर निर्दलीय प्रत्याशी शामिल हैं, जबकि ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इस सीट पर किसी प्रत्याशी ने नामांकन वापस नहीं लिया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि लोकसभा सीटों में धौरहरा, मिश्रिख, फर्रूखाबाद, अकबरपुर, इटावा व हरदोई में एक-एक प्रत्याशी ने नाम वापस लिया, जबकि कन्नौज में दो प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। उन्होंने बताया कि इस चरण के लिए 13 मई को मतदान होगा।

## उज्ज्वल रमण समेत चार प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**अमृत विचार, लखनऊः** छठे चरण में 14 लोकसभा सीटों के लिए सोमवार को चार प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इनमें इलाहाबाद से कांग्रेस से उज्जवल रमण सिंह समेत अन्य प्रत्याशी शामिल हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इलाहाबाद लोकसभा सीट के लिए कांग्रेस से उज्ज्वल रमण सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया। आजमगढ़ सीट के लिए जन राज्य पार्टी से पारस यादव ने नामांकन किया। जौनपुर लोकसभा सीट के लिए भाजपा से कृपा शंकर सिंह व मछलीशहर (अजा) सीट के लिए भाजपा से भोला नाथ सरोज (बीपी सरोज) ने नामांकन पत्र दाखिल किया। बाकी लोकसभा सीटों व गैंसड़ी विधानसभा चुनाव के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

# क्षत्रियों को लेकर धनंजय को क्यों घेर रहे अभय

**सबसे बड़ा डॉन बताते हुए क्षत्रियों की उपेक्षा करने का भी लगाया आरोप**

**भाजपा एवं बसपा प्रत्याशी के बीच वोट न बटे, इसलिए शुरू हुई राजनीति**

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : विधायक अभय सिंह और पूर्व सांसद धनंजय सिंह के बीच लंबे समय से वर्चस्व की खबरें आती रही हैं। एक दूसरे के गुटों में झड़पों को लेकर भी सूचनाएं आती रही हैं। लेकिन इस बार यह वर्चस्व व्यक्तिगत न होकर राजनीतिक हो चुका है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद उनकी पत्नी एवं बसपा प्रत्याशी श्रीकला रेड्डी को काफी बल मिला। सूचना यहां तक है कि क्षत्रियों में बड़ी संख्या में लोग धनंजय सिंह की वजह से मजबूती के साथ बसपा प्रत्याशी के साथ खड़ा हो गया है।

राजनीतिक विश्लेषकों की माने तो अभय सिंह इसीलिए लगातार धनंजय सिंह को ओबीसी और खासकर यादवों का हितैशी बताते हुए उन्हें क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। अब इसका कितना असर होगा यह चुनावी नतीजे बताएंगे।

गौरतलब हो कि जौनपुर से भाजपा ने कृपाशंकर सिंह को टिकट दिया है। कृपाशंकर सिंह ने अपना नामांकन भी करा लिया है और जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं। इसी बीच बसपा ने पूर्व सांसद धनंजय सिंह की पत्नी श्रीकला रेड्डी को टिकट दे दिया। इस सीट पर क्षत्रिय वोटरों की संख्या काफी है, इसलिए अब भाजपा को क्षत्रियों का वोट बंटने का डर सताने लगा है। धनंजय सिंह को जमानत मिलने के बाद क्षत्रियों की गोलबंदी बसपा की तरफ अधिक प्रतीत हो रही है।

राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है अभय सिंह इसीलिए


अभय सिंह


धनंजय सिंह

- **धनंजय की पत्नी श्रीकला हैं चुनावी मैदान में**

धनंजय सिंह को क्षत्रिय विरोधी बता रहे हैं। वायरल हो रहे साक्षात्कार में अभय सिंह, धनंजय को डॉन कहने के साथ-साथ एक ही तरह का आरोप लगा रहे हैं। समस्त आरोप क्षत्रियों के इर्दगिर्द घूमता नजर आ रहा है। उन्होंने बयान दिया कि धनंजय सिंह ने हमेशा यादवों और ओबीसी जातियों को आगे बढ़ाया है, ठाकुरों को आगे बढ़ने ही नहीं दिया।

इस बयान को लेकर चुनावी विश्लेषक जौनपुर चुनाव से जोड़ रहे हैं। उनका कहना है कि इस साक्षात्कार के माध्यम से अभय सिंह बसपा प्रत्याशी के पक्ष में क्षत्रियों की लामबंदी रोकने का प्रयास कर रहे हैं।

### अपनी ढपली अपना राग


राहुल बाबा और अखिलेश बाबा विदेशों में पढ़कर आये हैं, इसलिए दोनों को देश के बारे में कम समझ है। - पुष्कर सिंह धामी


राशन, किसी की जेब से नहीं मिलता, इसलिए जब भाजपा और आरएसएस के लोग आएं और नमक का कर्ज याद दिलाएं बहकावे में न आएं। - मायावती


भाजपा के गारंटी की घंटी व 400 का झुनझुना अब गायब हो गया है। बीजेपी पुलिस में भी 3 साल के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरू होगी। -अखिलेश यादव


राजनाथ सिंह एक तपस्वी नेता हैं, उन्होंने हमेशा दलितों-वंचितों, पिछड़े वर्गों पर ध्यान दिया है। लखनऊ के लोग एकतरफा उनका चुनाव करते हैं। - स्वतंत्र देव सिंह

# कैडर और ब्राह्मण वोट पर चोट करने को तैयार बसपा

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचारः** चुनावी रंगोली में खाली जगह भरने को बसपा के संभावित दावेदार मैदान में कूद गए हैं। बीते दो माह से चल रहे कयास को हकीकत में बदलने को लेकर बसपा के नेशनल कोआर्डिनेर आकाश आनंद के संदेश पर गोंडा और कैसरगंज के दो ब्राह्मण चेहरे मैदान में उतरने को आतुर हैं। इसमें कैसरगंज से नरेंद्र पांडेय तो गोंडा से सौरभ मिश्र ने सोमवार को बसपा का संभावित उम्मीदवार बताकर पर्चा ले लिया है। दोनों ब्राह्मण चेहरे के साथ ही श्रावस्ती से मुस्लिम चेहरा तथा बहराइच सुरक्षित सीट से पढ़े लिखे संस्कृत के विद्वान प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर बसपा दांव लगा सकती है। खासकर गोंडा और कैसरगंज में कैडर के साथ ब्राह्मण वोट पर चोट करने को बसपा तैयार दिख रही है।

गोंडा लोकसभा सीट से भाजपा ने पहले ही सांसद कीर्तिवर्धन सिंह पर दांव लगाया है। वह तीसरी बार भाजपा के टिकट पर मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी से श्रेया वर्मा मैदान में हैं। इंडिया गठबंधन में होने के नाते कांग्रेस सपा उम्मीदवार का समर्थन कर रही है, जबकि बसपा किसी भी गठबंधन में नहीं है। मनकापुर क्षेत्र के ही अवध शरन मिश्र जो भाजपा सांसद के कभी खास रहे और उनके प्रबंधकीय इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रहे। लेकिन अवध शरन मिश्र को कालेज से हटवा कर उनका स्थानांतरण करवा दिया गया।

इसके विरोध में अवध शरन मिश्र ने कुंवर आनंद सिंह व उनके बेटे कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ बिगुल फूंक दिया था। उनके खिलाफ पूरे जिले में पर्चे तक बंटवाए थे। विरोध स्वरूप अवध शरन मिश्र के बेटे सौरभ मिश्र बसपा में शामिल हो गए और अब संभावित उम्मीदवार के रूप में सोमवार को पर्चा भी ले लिया है। इसी तरह कैसरगंज से पयागपुर के मल निवासी नरेंद्र पांडेय जो आकाश आनंद के करीबी बताए जा रहे हैं और मौजूदा समय लखनऊ में रहते हैं। उन्होंने भी बसपा से ताल ठोकने को तैयार दिख रहे हैं। इसी तरह भिनगा से 2022 में बसपा से विधानसभा चुनाव लड़ चुके दद्दन खां ने भी बसपा से पर्चा खरीद लिया है। 2022 के विधानसभा चुनाव में दद्दन खां भले ही तीसरे स्थान पर रहे परंतु इस बार वह लोकसभा में अपना भाग्य आजमाने को तैयार हैं। बहराइच सुरक्षित सीट से भाजपा ने सांसद अक्षैबर लाल गौड़ के पुत्र आनंद गौड़ को मैदान में उतारा है, जबकि सपा ने रमेश गौतम को मैदान में उतारा है। बसपा ने अभी कोई अधिकृत सूची जारी नहीं की है लेकिन लखनऊ विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रोफेसर बृजेश सोनकर पर दांव लगाने पर मंथन कर रही है। माना जा रहा है कि एक दो दिनों में बसपा भी अपना पत्ता खोल सकती है। इसलिए सभी संभावित दावेदारों ने पर्चे खरीद लिए हैं और लड़ने को तैयार हैं। गोंडा और कैसरगंज में बसपा का कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर संगठन की नजर है। गोंडा और कैसरगंज से इन संभावितों के राजनीतिक सफर भले ही न के बराबर है परंतु बसपा के कैडर वोट और ब्राह्मण वोट पर नजर अवश्य है।




### देवीपाटन मंडल की चार सीटों पर 2009 से 2019 तक बसपा के वोट

| लोकसभा | वर्ष | उम्मीदवार | मिले वोट |
|---|---|---|---|
| बहराइच(सु) | 2009 | लालमनि प्रसाद | 1,21,052 |
| | 2014 | डॉ. विजय कुमार | 98,883 |
| कैसरगंज | 2009 | सुरेंद्र नाथ अवस्थी | 1,23,864 |
| | 2014 | कृष्ण कुमार ओझा | 1,46,542 |
| | 2019 | चंद्रदेव राम यादव | 3,19,418 |
| श्रावस्ती | 2009 | रिजवान जहीर | 1,59,527 |
| | 2014 | लालजी वर्मा | 1,94,827 |
| | 2019 | राम शिरोमणि वर्मा | 4,41,505 |
| गोंडा | 2009 | कीर्तिवर्धन सिंह | 1,31,995 |
| | 2014 | अकबर अहमद डंपी | 1,16,051 |

नोट : 2019 में सपा और बसपा के बीच गठबंधन था। गोंडा और बहराइच में सपा और कैसरगंज व श्रावस्ती से बसपा के उम्मीदवार लड़े थे। इसमें सपा को जीत तो नहीं मिली परंतु दो में एक पर बसपा को जीत मिली थी।

### 2009 में सपा और भाजपा का बिगड़ गया था गणित

बसपा ने 2009 के चुनाव में भाजपा और सपा दोनों का गणित बिगाड़ दिया था। कैसरगंज सीट को छोड़कर मंडल की तीन सीटों पर बसपा तो जीत नहीं पाई लेकिन उसे इतने वोट जरूर मिले जिससे भाजपा व सपा दोनों को हार का मुहं देखना पड़ा और कांग्रेस जीवंत हो उठी और तीन सीटों पर कांग्रेस की सरकार बन गई थी।

## चुनावी चक्कर

- **फिर नयी 'पंचायत' तो नहीं कर रहे मंत्री जी?**

योगी सरकार के एक मंत्री हैं ओम प्रकाश राजभर। विधानसभा हो या जनसभा, ऐसा कम ही होता है कि उनके मुख से निकली प्रतिक्रिया चर्चा का विषय न बनती हो। हाल ही में फिर मंत्री जी ने चुनाव प्रचार के दौरान मंच से कुछ ऐसा बयान दे दिया जिसपर चर्चा हो रही है। उनके इस बयान का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल, मंत्री जी घोसी में अपने बेटे और एनडीए प्रत्याशी अरुण राजभर के लिए चुनाव प्रचार कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने कहा कि, ओमप्रकाश राजभर पंचायती राज मंत्री है।'' आगे उन्होंने यह भी जोड़ा कि वो अल्पसंख्यक वाला विभाग भी तो है पास में, ''अकलमंदों के लिए इशारा काफी है। जान लो और कुछ नहीं कहूंगा। अब ओमप्रकाश का ताजे बयान का क्लिप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि यह पहला मौका नहीं है जब ओपी राजभर ने ऐसा कोई शिगूफा छोड़ा हो। इससे पहले मंत्री बनने के बाद उनका एक वीडियो वायरल हो रहा था, जिसमें वह पीला गमछा लगाकर थाने जाने को लेकर बयान दे रहे थे। उन्होंने कहा था कि इस गमछे को लगाकर जब आप थाने पर जाओगे तो दरोजा जी को आपकी शक्ल में ओमप्रकाश राजभर नजर आएंगे। बहरहाल, मंथन उनके ताजा बयान पर हो रहा है कहीं भाजपा को फिर धौंस दिखाने की पंचायत तो नहीं कर रहे? इस पर सभी की निगाहे हैं।

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
| --- | --- | --- |
| बंद हुआ | 74,671.28 | 22,643.40 |
| बढ़त | 941.12 | 223.45 |
| प्रतिशत में | 1.28 | 1.00 |

अमृत विचार
www.amritvichar.com
अयोध्या, मंगलवार, 30 अप्रैल 2024

## मैंथा बाजार भाव

**चन्दौसी :** शिवालिक- 985 फ्लैग- 1100 बोल्ड- 1140 डीएमओ- 860
**रामपुर :** शिवालिक-990 फ्लैग- 1105 डीएमओ-885 बोल्ड-1165

## सर्राफा

| | |
| --- | --- |
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 83300 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 90000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 72200 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 53800-54000 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडर्ड | 72,650 |
| सोना रवा | 72,500 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |
| **बरेली** | |
| गोल्ड (पक्के जेवर) | 72000 |
| गोल्ड (गिन्नी जेवर) | 71000 |
| सिल्वर (पक्की) | 810 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 72,100 |
| चांदी आभूषण | 82,000 |

## लखनऊ मंडी

गेहूं (आरआर 21) 2360-2800, गेहूं (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूंग खड़ा 10000-10500, मूंग दाल 10500-11000, मूंग धोवा 12000-13000

# तगड़ी खरीदारी से लौटी रौनक, सेंसेक्स 941 अंक उछला

## अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया नतीजों और बॉण्ड प्रतिफल में गिरावट से बाजारों में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी



- आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में आई पांच प्रतिशत की तेजी
- एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिरावट

वैश्विक बाजारों में मजबूती के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं ढांचागत कंपनियों के शेयरों में तगड़ी खरीदारी होने से सोमवार को बीएसई सेंसेक्स ने 941 अंक उछल गया जबकि निफ्टी 22,600 के स्तर से ऊपर पहुंच गया।

बीएसई का सेंसेक्स 941.12 अंक यानी 1.28 प्रतिशत उछलकर 74,671.28 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 990.99 अंक तक बढ़कर 74,721.15 पर पहुंचा था। एनएसई का निफ्टी भी 223.45 अंक यानी एक प्रतिशत बढ़कर 22,643.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से आईसीआईसीआई बैंक में पांच प्रतिशत की तेजी ली। मार्च तिमाही में बैंक का समेकित लाभ 18.5% बढ़कर 11,672 करोड़ होने से शेयरों को रफ्तार मिली। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी बढ़त में सफल रहे। एचसीएल टेक्नोलॉजीज के शेयर करीब छह प्रतिशत गिर गए। आईटीसी, विप्रो और बजाज फिनसर्व में भी गिरावट रहा। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि अमेरिकी प्रौद्योगिकी कंपनियों के बढ़िया तिमाही नतीजों और बॉन्ड प्रतिफल में गिरावट से घरेलू स्तर पर बाजारों में उछाल देखी गई। बैंक निफ्टी ने चौथी तिमाही में अपने मजबूत प्रदर्शन से बाकी को पीछे छोड़ दिया। पश्चिम एशिया का तनाव नरम पड़ने और कंपनियों के स्थिर तिमाही नतीजों से सकारात्मक धारणा को बल मिलने की उम्मीद है। बीएसई मिडकैप सूचकांक में 0.97% और स्मालकैप सूचकांक में 0.07% की बढ़त दर्ज की गई। क्षेत्रवार सूचकांकों में बैंक खंड में 2.70% और वित्तीय सेवा खंड में 1.81% की तेजी रही जबकि रियल्टी एवं सेवा खंड में गिरावट दर्ज की गई। रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजीत मिश्रा ने कहा कि कारोबारी सप्ताह की शुरुआत मजबूती के साथ हुई और बाजार एक प्रतिशत चढ़ गया। अनुकूल वैश्विक संकेतों के साथ बैंकिंग शेयरों में खरीदारी आने से कारोबार को समर्थन मिला।

### नियामक शुल्क पर सेबी के निर्देश के बाद बीएसई का शेयर 19% टूटा

**नई दिल्ली।** सेबी ने प्रीमियम मूल्य के बजाय अपने विकल्प अनुबंधों के कुल मूल्य के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने का निर्देश दिया है। इससे बीएसई के शेयर में सोमवार को 19 फीसदी की गिरावट आई। इसका कारण उसे अब अधिक नियामक शुल्क का भुगतान करना पड़ सकता है। एनएसई पर शेयर 18.63 फीसदी गिरकर 2,612.10 रुपये पर आ गया। एनएसई पर 103.10 लाख शेयरों का कारोबार हुआ। बीएसई ने शुक्रवार को एनएसई को बताया कि बीएसई को विकल्प अनुबंध के मामले में कुल मूल्य पर विचार करते हुए सेबी को वार्षिक कारोबार के आधार पर नियामक शुल्क का भुगतान करने की सलाह दी गई है। साथ ही उसे पिछली अवधि के लिए अतिरिक्त विनियामक शुल्क का भुगतान ब्याज सहित करने को कहा गया है। शेयर बाजार को दी सूचना के मुताबिक पत्र मिलने के एक महीने में उक्त राशि का भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीएसई ने कहा था कि वह सेबी के पत्र के अनुसार दावे की वैधता का मूल्यांकन कर रहा है। सभी अनुबंधों के खरीद/बिक्री मूल्य का प्रतिनिधित्व करता है, जबकि प्रीमियम टर्नओवर सभी अनुबंधों पर भुगतान किए गए प्रीमियम का योग है।

# बैंकों पर लुकआउट आदेश का अध्ययन कर रहा वित्त मंत्रालय

नई दिल्ली, एजेंसी




- बंबई हाईकोर्ट ने कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट या एलओसी जारी करने से बैंक को रोका है

वित्त मंत्रालय बंबई हाईकोर्ट के हालिया आदेश का अध्ययन कर रहा है, जिसमें उसने सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को जानबूझकर कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर या एलओसी जारी करने से रोक दिया है। हाईकोर्ट ने पिछले सप्ताह आदेश दिया था कि बैंकों के पास कर्ज नहीं चुकाने वालों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है।

वित्त मंत्रालय 26 अप्रैल के फैसले से अवगत है और वह आदेश का मूल्यांकन करेगा। अध्ययन के बाद फैसला होगा। न्यायमूर्ति गौतम पटेल और न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने केंद्र सरकार के कार्यालय ज्ञापन के उस धारा को भी असंवैधानिक करार दिया, जिसमें सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों के चेयरपर्सन को कर्ज न चुकाने वालों के खिलाफ एलओसी जारी करने का अधिकार दिया गया था। अदालत ने कहा कि उसका फैसला किसी भी चूककर्ता के खिलाफ न्यायाधिकरण या आपराधिक अदालत के आदेशों को प्रभावित नहीं करेगा, जिसमें उन्हें विदेश यात्रा करने से रोका गया हो। केंद्र ने 2018 में कार्यालय ज्ञापन में संशोधन कर सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को भारत के आर्थिक हित में एलओसी जारी करने का अधिकार दिया था।

# ब्लूपाइन एनर्जी ने सौर परियोजना के लिए 418 करोड़ का लिया ऋण

नई दिल्ली, एजेंसी



- परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र से सालाना 3.23 लाख मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद

नवीकरणीय ऊर्जा सेवा कंपनी ब्लूपाइन एनर्जी ने गुजरात के सडला में अपनी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए एचडीएफसी बैंक से 418 करोड़ रुपये का ऋण हासिल किया है। कंपनी के अनुसार, इस परियोजना के पूरा होने के बाद संयंत्र में सालाना करीब 3.23 लाख मेगावाट (मेगावाट प्रति घंटा) सौर ऊर्जा उत्पन्न होने की उम्मीद है।

परियोजना से सालाना करीब 2.96 लाख टन सीओ2 (कार्बन डाइ ऑक्साइड) की भरपाई होगी और सालाना करीब 2.7 लाख मकानों को बिजली मुहैया कराई जा सकेगी। ब्लूपाइन एनर्जी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) संजीव भाटिया ने बताया कि गुजरात के सदला में हमारी 120 मेगावाट की सौर परियोजना के लिए वित्तीय जरूरतें पूरी करना ब्लूपाइन एनर्जी के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह एचडीएफसी बैंक के ऋण से संभव हुआ है। बयान में कहा गया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए कुल 418 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया गया है।

### टाटा मोटर्स का साउथ इंडियन बैंक से समझौता

**नई दिल्ली।** टाटा मोटर्स ने अपने वाणिज्यिक वाहन ग्राहकों तथा डीलरशिप को वित्तपोषण समाधान प्रदान करने के लिए साउथ इंडियन बैंक से समझौता किया है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि समझौता ज्ञापन (एमओयू) के तहत साउथ इंडियन बैंक मोटर वाहन प्रमुख के संपूर्ण वाणिज्यिक वाहन खंड के लिए वित्तपोषण समाधान पेश करेगा। टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन उपाध्यक्ष राजेश कौल ने कहा कि हमारे ग्राहकों को उनके वाणिज्यिक वाहनों के लिए वित्तपोषण समाधान तक आसान पहुंच उनके संचालन की प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक है।

# सेरेलैक को नस्लीय रूप से बनाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण

गुरुग्राम, एजेंसी




- स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का लगाया था आरोप

दैनिक उपभोग के सामान बनाने वाली नेस्ले इंडिया ने सोमवार को कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के लिए कंपनी का शिशु आहार फॉर्मूला वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है और इसे नस्लीय रूप से बनाए जाने का आरोप दुर्भाग्यपूर्ण एवं असत्य है। महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड की कंपनी नेस्ले पर कम विकसित देशों में अधिक चीनी वाले उत्पाद बेचने का आरोप लगाया गया था।

नेस्ले इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सुरेश नारायणन ने इस मसले पर कहा कि शिशु आहार में चीनी की मात्रा एक विशेष आयु वर्ग के पोषण प्रोफाइल को पूरा करने की क्षमता से निर्धारित होती है और यह सार्वभौमिक है। सेरेलैक में चीनी की मात्रा खाद्य सुरक्षा नियामक एफएसएसएआई की तरफ से तय सीमा से काफी कम है। नारायणन ने कहा कि इस उत्पाद में ऐसा कुछ भी नहीं है जो इसे ऐसा उत्पाद बनाता हो जिसके सेवन से बच्चे को कोई खतरा हो या किसी तरह का नुकसान हो। इस उत्पाद में मौजूद अधिकांश चीनी प्राकृतिक शर्करा है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के मुताबिक, शिशु आहार में चीनी का स्वीकार्य स्तर प्रति 100 ग्राम पाउडर में 13.6 ग्राम का है। नारायणन ने कहा कि नेस्ले के उत्पाद में यह मात्रा 7.1 ग्राम है, जो तय मानकों और अधिकतम सीमा से काफी कम है।

स्विट्जरलैंड के गैर-सरकारी संगठन पब्लिक आई और इंटरनेशनल बेबी फूड एक्शन नेटवर्क ने कहा था कि नेस्ले ने यूरोपीय देशों की तुलना में भारत जैसे कम-विकसित देशों में अधिक चीनी वाले शिशु आहार की बिक्री की। इन आरोपों पर नेस्ले इंडिया के प्रमुख ने कहा कि 18 महीने से कम उम्र के बच्चों के भोजन के लिए हर उत्पाद वैश्विक आधार पर तैयार किया जाता है। उन्होंने कहा, "पोषण संबंधी पर्याप्तता का अध्ययन करने के लिए कोई स्थानीय दृष्टिकोण नहीं है।



## एक नजर

### अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ 48 किग्रा हेरोइन बरामद, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने सोमवार को पांच देशों में चल रहे अंतर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ रैकेट का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके पास से 48 किग्रा हेरोइन बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि पुलिस ने तीनों आरोपियों के पास से 21 लाख रुपये भी बरामद किए हैं। डीजीपी ने कहा कि यह गिरोह सीमा पार और अंतर्राज्यीय मादक पदार्थ की तस्करी में सक्रिय था। उनका नेटवर्क पांच देशों ईरान, अफगानिस्तान, तुर्की, पाकिस्तान और कनाडा में फैला था।, यह गिरोह जम्मू-कश्मीर और गुजरात में भी सक्रिय था। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से नकदी गिनने की मशीन और तीन आलीशान गाड़ियों के साथ कुल 21 लाख रुपये की अवैध धनराशि भी जब्त की गई है। यादव ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ स्वापक औषधि एवं मन :प्रभावी पदार्थ अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के खेल को मिजोरम का बताया गया

**इंफाल।** राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की पाठ्यपुस्तक में मणिपुर के लोकप्रिय खेल को मिज़ोरम का बताए जाने के कुछ दिनों बाद भाजपा विधायक ने तत्काल इसमें सुधार की मांग की है। मणिपुर से भाजपा विधायक आर के इमो सिंह ने एक्स पर कहा, मुकना-कांगजेई मणिपुर का पारंपरिक खेल है। यह हॉकी का एक प्रकार है और इसमें कुश्ती भी शामिल है, इसलिए इसे कुश्ती-हॉकी के नाम से जाना जाता है। एनसीईआरटी ने इस खेल का मिज़ोरम से संबंध प्रकाशित कर बड़ी गलती की है। एनसीईआरटी को इस गलती को तुरंत सुधारने की जरूरत है। शिक्षा विभाग शारीरिक शिक्षा शिक्षक संघ ने शिक्षा संबंधी सामग्रियों में सटीकता के महत्व पर जोर दिया, विशेष रूप से सांस्कृतिक विरासत और स्थानीय खेलों के संबंध में। शिक्षक संघ ने अधिकारियों से त्रुटि को जल्दी से ठीक करने का आग्रह किया।

### नीट अभ्यर्थी ने कोटा में की आत्महत्या

**कोटा (राजस्थान)।** कोटा के कुन्हारी इलाके में राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) की तैयारी कर रहे 20 वर्षीय अभ्यार्थी ने छात्रावास के कमरे में पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। मृतक के माता-पिता को संदेह है कि उसकी हत्या की गयी है। पुलिस के अनुसार, कोटा में इस साल अब तक नीट या जेईई अभ्यर्थी द्वारा संदिग्ध आत्महत्या करने का यह सातवां मामला है। मृतक सुमित पांचाल हरियाणा के रोहतक का रहने वाला था, और एक साल से यहां कोचिंग संस्थान में एनईईटी की तैयारी कर रहा था। उसके माता-पिता ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने और मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### पुलिस नक्सली मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में पुलिस मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर हो गया है। सुकमा एसपी एसपी किरन के अनुसार सुरक्षाबल को मुखबिर से किस्टाराम थाना क्षेत्र के पेसेलपाड़ और उसके आसपास के पहाड़ों और जंगल में नक्सलियों की सूचना मिली थी। डीआरजी, बस्तर फाइटर और सीआरपीएफ 208 कोबरा बटालियन की टीम को मौके के लिए रवाना हुई। सुरक्षाबल के जवान जैसे ही मौके पर पहुंचे तभी नक्सलियों ने उन पर फायरिंग करना शुरू कर दिया। जवानों ने भी जवाबी कार्रवाई की। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली वहां से भाग गए। सर्च ऑपरेशन में जवानों ने घटनास्थल से हथियार समेत एक नक्सली का शव बरामद किया है।

### मलबे की चपेट में आई जीप, दो लोगों की मौत्

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में जुब्बल उपमंडल के तहत सनेल में रविवार देर रात जीप के ऊपर भारी मलबा गिरने से दो लोगों की मौत हो गयी। उपमंडल दंडाधिकारी जुब्बल राजीव संख्यान ने सोमवार यह जानकारी दी। सतीश मृतकों की पहचान रोहड़ू निवासी सतीश कुमार और बिशम्बर शर्मा के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि मृतकों के परिजनों को फौरी राहत के रूप में क्रमश 15-15 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी है।

# सुनवाई के दौरान उच्चतम न्यायालय ने किया कई याचिकाओं को खारिज

## धन शोधन में निलंबित आईएएस पूजा और यौन उत्पीड़न में संत शरणारू की जमानत याचिका की रद

नई दिल्ली, एजेंसी



- असाधारण मामला बताकर झारखंड की निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की याचिका रद कर दी

उच्चतम न्यायालय ने झारखंड कैडर की निलंबित आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल की धन शोधन के मामले में जमानत याचिका सोमवार को यह कहते हुए रद कर दी कि यह एक असाधारण मामला है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने निलंबित अधिकारी को जमानत देने से इनकार करने के झारखंड हाईकोर्ट के फैसले में हस्तक्षेप से इनकार कर दिया।

कोर्ट ने कहा कि अभियोजन पक्ष के 17 गवाहों में से ईडी ने 12 से जिरह की है और उम्मीद है कि मामले में सुनवाई जल्द पूरी होगी। आप जमानत के लिए थोड़ा और इंतजार किए। यह कोई सामान्य नहीं बल्कि असाधारण मामला है। इस मामले में कुछ तो गलत है। हम याचिका पर सुनवाई के इच्छुक नहीं हैं। न्यायालय ने सिंघल को मुकदमा लंबा चलने या परिस्थितियों में कोई बदलाव होने पर फिर से जमानत याचिका दायर करने की छूट दे दी। ईडी की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने जमानत का विरोध किया और कहा कि हिरासत की कुल अवधि में से उन्होंने ज्यादातर वक्त रांची के अस्पताल में बिताया है। न्यायालय ने 10 फरवरी 2023 को सिंघल को दो महीने के लिए अंतरिम जमानत दे दी थी ताकि वह अपनी बीमार बेटी की देखभाल कर सकें।

### यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शरणारू की नहीं मिली जमानत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने कई नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न के आरोपी संत शिवमूर्ति मुरुघा शरणारू को कर्नाटक हाईकोर्ट से मिली जमानत रद करते हुए सोमवार को पुलिस को निर्देश दिया कि वह उसे एक सप्ताह में हिरासत में ले। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा की पीठ ने पीड़ितों में से एक लड़की के पिता की याचिका पर यह आदेश दिया। पीठ ने यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत गिरफ्तार आरोपी शरणारू को जमानत देने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के आठ नवंबर 2023 के आदेश को पलट दिया और पुलिस से कहा कि उसे (संत) एक सप्ताह के भीतर हिरासत में ले लिया जाए।

### सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई छह मई तक स्थगित

कोर्ट ने धन शोधन मामले में पिछले साल ईडी द्वारा गिरफ्तार किए तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी की जमानत पर सुनवाई सोमवार को छह मई तक के लिए स्थगित कर दी। निदेशालय के वकील ने इस आधार पर सुनवाई स्थगित करने का अनुरोध किया कि सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता उपलब्ध नहीं हैं। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने सुनवाई स्थगित कर दी। वकील ने बताया कि उन्होंने इस मामले में अपना जवाब दाखिल कर दिया है।

### अन्नामलाई के खिलाफ घृणा भाषण में सुनवाई पर रोक बढ़ाई

न्यायालय ने अक्टूबर 2022 में यूट्यूब चैनल पर साक्षात्कार में ईसाइयों के खिलाफ नफरती भाषण देने के आरोप में भाजपा की तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष के. अन्नामलाई के विरुद्ध दर्ज मामले की सुनवाई पर लगाई रोक सोमवार को बढ़ा दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने शिकायतकर्ता को छह सप्ताह में जवाब दाखिल करने को कहा। पीठ ने कहा कि अंतरिम आदेश जारी रहेगा। नौ सितंबर से शुरू हो रहे सप्ताह में मामले को पुन: सूचीबद्ध करें। पीठ ने कहा कि यह एक निजी शिकायत है और मामले में राज्य को पक्षकार नहीं बनाया गया है।

# डॉ. कीर्ति काले को मिला निराला श्री सम्मान




नई दिल्ली के हिंदी भवन के सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के आयोजित समारोह में निराला श्री सम्मान लेतीं डॉ. कीर्ति काले।

नई दिल्ली

- पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से किए गए सम्मानित

नई दिल्ली स्थित हिंदी भवन के भव्य सभागार में साहित्य प्रेमी मंडल के तत्वावधान में स्वर गंगा कवि सम्मेलन और सम्मान समारोह हुआ। डॉ. कीर्ति काले को निराला श्री सम्मान और भोपाल के मदन मोहन समर को साहित्य भारतीय सम्मान दिया गया। पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा को अल्हड़ बीकानेरी हास्य रत्न से सम्मानित करते हुए प्रशस्ति-पत्र, सम्मान ट्रॉफी, 21 हजार नकद आदि दिया गया। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सत्यनारायण जटिया रहे। जटिया ने कहा कि साहित्य प्रेमी मंडल एक ऐसी संस्था है जो साहित्य के साथ-साथ संस्कारों का भी बीजारोपण कर रही है।

डॉ प्रवीण शुक्ल के संचालन में डॉ सुरेश अवस्थी और संदीप शजर ने काव्य पाठ किया। कविवर ब्रज शुक्ल घायल द्वारा स्थापित साहित्य प्रेमी मंडल ने 39 वर्ष पूर्ण करते हुए अनेक उपलब्धियां हासिल की हैं। श्रोताओं में डॉ. सरिता शर्मा, श्रीमती अंजू जैन, डॉ. विमलेश कांति वर्मा, डॉ. सुभाष वशिष्ठ, अतुल प्रभाकर, राज कौशिक, महेश गर्ग बेधड़क, गुणवीर राणा, डॉ. रंजना अग्रवाल, आदिल रशीद, पूनम मटिया, तूलिका सेठ, वंदना कुंवर रायजादा, डॉ. शुभ्रा सिंह, विनोद पाराशर, सुनहरी लाल तुरंत, योगेंद्र सुंदरियाल, रजनीश राज, मुकेश शर्मा, सरिता सरोज,सरोज शर्मा,सरिता जैन, राकेश मेहरा, रमेश कुमार गंगेले, सुनीता पूनिया, एसएस डोगरा, बलजीत कौर तन्हा, विकास यश कीर्ति, शिव कुमार दाधीच (बीकानेर) डॉ. रंजना अग्रवाल, प्रेम बिहारी मिश्र, अतुल जैन और हरि प्रकाश आदि अनेक कवि और साहित्यकार उपस्थिति रहे।

मंडल के उपाध्यक्ष राजेश कुमार ने संस्था की गतिविधियों की जानकारी दी। इस दौरान संस्था के संरक्षक भाई अरविंद गुप्ता का जन्मदिवस भी मनाया गया। कोषाध्यक्ष निर्दोष शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# छत्तीसगढ़ : सड़क दुर्घटना में नौ लोगों की मौत, 22 घायल

बेमेतरा, एजेंसी



- कठिया गांव के पास पिकअप और मालवाहक की हुई टक्कर, मृतकों में छह महिलाएं और तीन बच्चे शामिल

छत्तीसगढ़ के बेमेतरा जिले में सड़क दुर्घटना में छह महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई तथा 22 घायल हो गए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने दुख व्यक्त करते हुए अधिकारियों को घायलों को इलाज मुहैया कराने के निर्देश दिए।

पुलिस सोमवार को बताया कि जिले के कठिया गांव के पास पिकअप एक मालवाहक वाहन से टकरा गया, जिससे मौके पर ही पांच महिलाओं और तीन बच्चों की मौत हो गई। एक अन्य महिला ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना में 22 लोग घायल हो गए। पथर्रा गांव के लोग पिकअप से पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने तिरैया गांव गए थे। जब वे लौट रहे थे तब पिकअप सड़क किनारे खड़े छोटे ट्रक से टकरा गया। इस हादसे में आठ लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई, जिनकी पहचान भूरी निषाद (50), नीरा साहू (55), गीता साहू (60), अग्निया साहू (60), खुशबू साहू (39), मधु साहू (पांच), रिकेश निषाद (छह) और ट्विंकल निषाद (छह) के रूप में की गई है। इस दुर्घटना में 23 अन्य लोग घायल हो गए। जानकारी के बाद घटनास्थल के लिए पुलिस दल रवाना किया गया तथा शवों एवं घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों को दो अस्पतालों-बेमेतरा जिला अस्पताल और सिमगा सीएचसी में भर्ती कराया गया। चार की हालत गंभीर होने पर रायपुर भेजा गया, उनमें से रत्ना साहू (50) ने रास्ते में दम तोड़ दिया।

### सेक्स स्कैंडल विवाद: दोषी साबित होने पर राजग उम्मीदवार प्रज्वल पर होगी कार्रवाई: कुमारस्वामी

शिवमोग्गा, एजेंसी

कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद (एस) के प्रदेश अध्यक्ष एचडी कुमारस्वामी ने हासन में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार प्रज्वल रेवन्ना से जुड़े सेक्स स्कैंडल विवाद पर टिप्पणी करते हुए जद (एस) की जवाबदेही के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई।

कुमारस्वामी ने सोमवार को स्पष्ट किया कि यह मामला व्यक्तिगत है। उन्होंने कहा कि अगर प्रज्वल दोषी पाए जाते हैं तो उन्हें कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। एक कथित पेन ड्राइव साक्ष्य जारी करने के बारे में उन्होंने कहा कि इसका खुलासा उचित समय पर किया जाएगा। कुमारस्वामी ने पिछले जुलाई में यह मामला उठाया था, जिसमें सिद्दारमैया सरकार में एक कैबिनेट मंत्री के खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगाए गए थे। देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ आरोप काफी बड़े हैं।

# रेवंत से शाह के फर्जी वीडियो मामले में जांच में शामिल होने के लिए दिल्ली पुलिस ने कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली पुलिस ने सोशल मीडिया पर फैलाए गए गृह मंत्री अमित शाह के फर्जी वीडियो के सिलसिले में तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को एक मई को जांच में शामिल होने को कहा है।

पुलिस ने रेड्डी समेत कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के पांच सदस्यों को नोटिस भेजा है। रेड्डी ने उक्त वीडियो 'एक्स' पर पोस्ट किया था। रेड्डी को पूछताछ के दौरान मोबाइल फोन साथ लाने को कहा गया है जिसका कथित इस्तेमाल फर्जी वीडियो साझा करने में किया गया था। दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने सोशल मीडिया मंचों पर शाह का फर्जी वीडियो फैलाने के सिलसिले में केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शिकायत के बाद रविवार को प्राथमिकी दर्ज की थी। वीडियो में तेलंगाना में मुसलमानों के लिए आरक्षण समाप्त करने की प्रतिबद्धता जताने का संकेत देने संबंधी शाह के बयान को तोड़-मरोड़कर दिखाया गया है जैसे कि आरक्षण समाप्त करने की वकालत कर रहे हों।

### सारण : हत्या मामले में पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को उम्रकैद

**छपरा।** सारण व्यवहार न्यायालय के सांसद विधायक न्यायालय ने हत्या के मामले में मशरक के पूर्व विधायक तारकेश्वर सिंह को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सप्तम- सह- सांसद, विधायक के मामलों के लिए गठित विशेष अदालत के न्यायाधीश सुधीर सिन्हा ने सुनवाई की। 1996 में पानापुर थाना क्षेत्र के तुर्की गांव के शत्रुघ्न गुप्ता की दुकान पर तारकेश्वर सिंह एवं संजीव सिंह और देवनाथ राय पहुंचे। तारकेश्वर ने शत्रुघ्न को गोली मार दी और उसे साथ ले गए। शत्रुघ्न का शव मोतिहारी के डुमरिया पुल के पास मिला था।

## आज का मुकाबला

लखनऊ सुपर जाइंट्स

बनाम

मुंबई इंडियंस

दोपहर 7:30 बजे

### ऑरेंज कैप

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 10 | 500 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 09 | 447 |
| साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस) | 10 | 418 |

### पर्पल कैप

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 09 | 14 |
| मुस्तफिजुर रहमान (चेन्नई) | 09 | 14 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 09 | 14 |

## एशियाई अंडर 22 मुक्केबाजी में बृजेश, सागर, सुमित के पदक पक्के

अस्ताना (कजाखस्तान), एजेंसी



भारत के बृजेश तामता, सागर जाखड़ और सुमित ने एशियाई अंडर 22 और युवा मुक्केबाजी चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिए।

बृजेश (48 किलो) ने उजबेकिस्तान के साबिरोव सैफिद्दीन को हराया। दोनों मुक्केबाजों ने एक एक दौर जीता लेकिन तीसरे दौर में भारतीय मुक्केबाज ने 4-3 से जीत दर्ज की। सागर (60 किलो) और सुमित (67 किलो) ने क्रमशः थाईलैंड के कलासीरम टी और कोरिया के होंग सियो जिन को 5-0 से हराया। जितेश को 54 किलोवर्ग में कजाखस्तान के टी नूरासिल ने 5-0 से मात दी। भारत के अब युवा वर्ग में आठ पदक पक्के हो गए हैं चूंकि पांच महिला मुक्केबाज अन्नु (48 किलो), पार्थवी ग्रेवाल (66 किलो), निकिता चंद (60 किलो), खुशी पूनिया (81 किलो) और निर्झरा बाना (प्लस 81 किलो) सेमीफाइनल से अपने अभियान का आगाज करेंगी। पेरिस ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुकी एशियाई खेलों की कांस्य पदक विजेता प्रीति (54 किलो) कल उजबेकिस्तान की उक्तामोवा निगिना से खेलेगी।

## पेरिस ओलंपिक में हिस्सा लेंगे सात बैडमिंटन खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू सहित सात भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने अपनी ओलंपिक खेल क्वालीफिकेशन रैंकिंग के आधार पर चार वर्ग में पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई किया।

इसकी औपचारिकता सोमवार को पूरी हुई जो बीडब्ल्यूएफ द्वारा निर्धारित कट ऑफ तारीख थी। सिंधू 12वें स्थान पर रहीं जबकि पुरुष एकल में प्रणय और लक्ष्य क्रमशः नौवें और 13वें स्थान पर रहे। सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी ओलंपिक क्वालीफिकेशन चक्र के अंत में तीसरे स्थान पर रही और बैडमिंटन में देश के लिए सर्वश्रेष्ठ पदक उम्मीदों में से एक के रूप में ओलंपिक में जाएगी।

## भारतीय टीम के चयन से पहले लखनऊ और मुंबई मुकाबले में नजर राहुल पर



लखनऊ, एजेंसी

टी20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन से पहले केएल राहुल के लिये दूसरे विकेटकीपर के रूप में चयन का दावा पुख्ता करने का एक और मौका होगा जब उनकी कप्तानी वाली लखनऊ सुपर जाइंट्स मंगलवार को मुंबई इंडियंस से खेलेगी। टी20 क्रिकेट में राहुल का स्ट्राइक रेट चिंता का सबब रहा है। पावरप्ले में फील्डिंग पाबंदियों के बावजूद राहुल आईपीएल में धीमी शुरूआत करते आए हैं। उन्होंने हालांकि इस सत्र में इसमें बदलाव किया। अभी तक वह 2024 सत्र में 144.27 की औसत से 378 रन बना चुके हैं। वैसे ऋषभ पंत का स्ट्राइक रेट 160.60 और संजू सैमसन का 161.08 रहा है।

पंत की जगह टी20 विश्व कप टीम में लगभग पक्की है चूंकि विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। वहीं राजस्थान रॉयल्स के लिये आक्रामक पारियां खेलकर संजू ने भी अपना दावा मजबूती से रखा है। ऐसे में राहुल को अधिक आक्रामक खेलना होगा ताकि उनकी टीम बड़ा स्कोर बना सके और वह भी अपना दावा मजबूत कर सके। अब क्विंटोन डिकॉक, मार्कस स्टोइनिस और निकोलस पूरन पर तेजी से रन बनाने की जिम्मेदारी होगी। युवा जैक फ्रेसर मैकगुर्क के स्ट्रोक्स का मुंबई के गेंदबाजों के पास कोई जवाब नहीं था।

जसप्रीत बुमराह जैसे विश्व स्तरीय गेंदबाज ने भी 19 रन पहले ओवर में दे डाले। ल्यूक वुड और हार्दिक पंड्या तो महंगे साबित हुए। मुंबई की टीम अंकतालिका में नौवे स्थान पर है और प्लेआफ की दौड़ में बने रहने के लिए उसे सारे मैच जीतने होंगे। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और टी20 में नंबर एक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव से उम्दा पारियों की उम्मीद होगी। इस सत्र में बल्ले और गेंद दोनों से नाकाम रहे हार्दिक को विश्व कप टीम में जगह बनाने के लिये अच्छा प्रदर्शन करना होगा।

# वरुण-सॉल्ट ने आसान कर दी केकेआर की जीत

## कोलकाता ने दिल्ली को सात विकेट से हराया, अरोड़ा और राणा ने चटकाए दो-दो विकेट

वरुण चक्रवर्ती

3 विकेट

4 ओवर

16 रन



कोलकाता, एजेंसी

वरुण चक्रवर्ती की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन के बाद सलामी बल्लेबाज फिल सॉल्ट के तूफानी अर्धशतक से कोलकाता नाइट राइडर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट हराकर दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति मजबूत की। दिल्ली के 154 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नाइट राइडर्स ने सॉल्ट की 33 गेंद में 68 रन की पारी की बदौलत 16.3 ओवर में तीन विकेट पर 157 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। सॉल्ट ने सुनील नारायण (15) के साथ पहले विकेट के लिए 79 रन की साझेदारी भी की। कप्तान श्रेयस अय्यर (नाबाद 33) और वेंकटेश अय्यर (नााबद 26) ने चौथे विकेट के लिए 57 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

दिल्ली ने इससे पहले चक्रवर्ती (16 रन पर तीन विकेट), हर्षित राणा (28 रन पर दो विकेट) और वैभव अरोड़ा (29 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने नियमित अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम नौ विकेट पर 153 रन ही बना सकी। नौवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे कुलदीप यादव (26 गेंद में नाबाद 35) दिल्ली की ओर से शीर्ष स्कोरर रहे जबकि उनके अलावा कप्तान ऋषभ पंत (20 गेंद में 27 रन) ही 20 रन के आंकड़े को पार कर पाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे नाइट राइडर्स को सॉल्ट ने तूफानी शुरुआत दिलाई। उन्होंने चौके से खाता खोला और फिर इसी ओवर में लगातार गेंदों पर छक्का और चौका मारा। नारायण ने भी इसी ओवर में चौके से खाता खोला। केकेआर ने पांचवें ओवर में टीम के रनों का अर्धशतक पूरा किया। सॉल्ट ने 26 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। नाइट राइडर्स ने पावर प्ले में बिना विकेट खोए 79 रन बनाए। अक्षर पटेल ने नारायण के रूप में पहली सफलता दिलाकर इस साझेदारी को तोड़ा। सॉल्ट को अक्षर ने उन्हें बोल्ड करके नाइट राइडर्स को बड़ा झटका दिया।

इससे पहले नौवें ओवर में ही नाइट राइडर्स की टीम 100 रन के आंकड़े को छू चुकी थी। श्रेयस और वेंकटेश ने इसके बाद पारी को संभाला। नाइट राइडर्स को अंतिम छह ओवर में 20 रन की दरकार थी और श्रेयस तथा वेंकटेश ने टीम को आसानी से लक्ष्य तक पहुंचा दिया।

**68** रनों की पारी खेलकर फिल सॉल्ट ने केकेआर को दिलाई मजबूत शुरुआत

### दिल्ली 153/9 (20 ओवर, अतिरिक्त : 13)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| पृथ्वी साव का सॉल्ट बो अरोड़ा | 13 | 7 | 3/0 |
| मैकगुर्क का वेंकटेश अय्यर बो स्टार्क | 12 | 7 | 1/1 |
| अभिषेक पोरेल बो राणा | 18 | 15 | 2/1 |
| शाई होप बो अरोड़ा | 6 | 3 | 0/1 |
| ऋषभ पंत का श्रेयस अय्यर बो चक्रवर्ती | 27 | 20 | 2/1 |
| अक्षर पटेल बो नारायण | 15 | 21 | 2/0 |
| ट्रिस्टन स्टब्स का सॉल्ट को चक्रवर्ती | 4 | 7 | 0/0 |
| कुमार कुशाग्र का सॉल्ट बो चक्रवर्ती | 1 | 3 | 0/0 |
| कुलदीप यादव नाबाद | 35 | 26 | 5/1 |
| रसिक सलाम का श्रेयस अय्यर बो राणा | 8 | 10 | 1/0 |
| लिजाड विलियम्स नाबाद | 1 | 2 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-43-1, अरोड़ा 4-0-29-2, राणा 4-0-28-2, नारायण 4-0-24-1, चक्रवर्ती 4-0-16-3, रसेल 1-0-10-0

### कोलकाता 157/3 (16 .3 ओवर, अतिरिक्त : 04)

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| फिल सॉल्ट बो अक्षर | 68 | 33 | 7/5 |
| सुनील नारायण का मैकगर्क बो अक्षर | 15 | 10 | 3/0 |
| रिंकू सिंह का कुलदीप बो विलियम्स | 11 | 11 | 1/0 |
| श्रेयस अय्यर नाबाद | 33 | 23 | 3/1 |
| वेंकटेश अय्यर नाबाद | 26 | 23 | 2/1 |

**गेंदबाजी :** विलियम्स 3-0-38-1, खलील 3-0-28-0, रसिक 2.3-0-30-0, अक्षर 4-0-25-2, कुलदीप 4-0-34-0



### अंकतालिका

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 9 | 8 | 1 | 16 | +0.694 |
| कोलकाता | 9 | 6 | 3 | 12 | +1.096 |
| चेन्नई | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.810 |
| हैदराबाद | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.075 |
| लखनऊ | 9 | 5 | 4 | 10 | +0.059 |
| दिल्ली | 11 | 5 | 6 | 10 | -0.442 |
| गुजरात | 10 | 4 | 6 | 8 | -1.113 |
| पंजाब | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.187 |
| मुंबई | 9 | 3 | 6 | 6 | -0.261 |
| बेंगलुरु | 10 | 3 | 7 | 6 | -0.415 |

## खेल डायरी

### तीरंदाज दीपिका कुमारी टॉप्स में फिर शामिल

**नई दिल्ली।** शंघाई में हाल ही में हुए विश्व कप में रजत पदक जीतने वाली दुनिया की पूर्व नंबर एक तीरंदाज दीपिका कुमारी को पेरिस ओलंपिक से पहले टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टॉप्स) में फिर शामिल किया गया है। दिसंबर 2022 में मां बनने के बाद पिछले साल पूरे सत्र में बाहर रही दीपिका ने हाल ही में वापसी की है और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा खेल रही है। तीन बार की ओलंपियन रिकर्व तीरंदाज दीपिका ने इस साल एशिया कप में भी पदक जीता। अभी तक पुरूषों के व्यक्तिगत वर्ग में सिर्फ धीरज बोम्मादेवरा ओलंपिक के लिये क्वालीफाई कर सके हैं। आखिरी क्वालीफाइंग टूर्नामेंट तुर्की के अंताल्या में 15 और 16 जून को होगा। खेल मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार तीरंदाज मृणाल चौहान को भी टॉप्स विकास ग्रुप में शामिल किया गया है जबकि प्रवीण जाधव को विकास से कोर ग्रुप में डाला गया है।

### दीक्षा एलईटी ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष 10 में

**केपटाउन।** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर इन्वेस्टेक दक्षिण अफ्रीका महिला ओपन में एक और अच्छे प्रदर्शन के बाद लेडीज यूरोपियन टूर (एलईटी) के ऑर्डर ऑफ मेरिट के शीर्ष -10 में पहुंच गईं। दीक्षा अब 455 अंकों के साथ एलईटी में नौवें स्थान पर है। इंग्लैंड के ब्रोंटे लॉ शीर्ष पर हैं। प्रणवी उर्स अपने पहले वर्ष में 25वें स्थान के साथ अगली सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दीक्षा का आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों में भाग लेना लगभग तय है जो तोक्या में पहली बार ओलंपिक में भाग लेने के बाद उनका दूसरा ओलंपिक होगा। वह अदिति अशोक के साथ खेलेंगी, जो अपने तीसरे ओलंपिक में खेलेंगी।

### वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन स्क्वाश जीता

**पेरिस।** भारत के वेलावन सेंथिल कुमार ने बाश ओपन चैलेंजर टूर्नामेंट जीत लिया है जो प्रोफेशनल स्क्वाश एसोसिएशन टूर पर उनका आठवां खिताब है। दुनिया के 58वें नंबर के खिलाड़ी सेंथिल कुमार ने फ्रांस के मेलविल स्कियानिमानिको को 11-6, 11-9, 11-6 से हराया। सेंथिल ने जीत के बाद कहा मेलविल ने बेहतरीन खेल दिखाया। मुझे शुरू ही से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करन पड़ा और मुझे खुशी है कि मैं ऐसा कर सका।



### आर्सनल-मैनचेस्टर सिटी जीते, खिताब की दौड़ कड़ी

**लंदन।** आर्सनल ने टोटेनहम हॉट्सपर को 3-2 से हरा दिया जबकि गत चैम्पियन मैनचेस्टर सिटी ने नॉटिंघम फोरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर प्रीमियर लीग फुटबॉल खिताब की दौड़ को रोचक बना दिया है। आर्सनल ने एक बार 3-0 से बढ़त बना ली थी लेकिन आखिरी 20 मिनट में दो गोल गंवा दिए। पियरे एमिली एच के आत्मघाती गोल और साका तथा केइ हेवटर्ज के गोल के दम पर आर्सनल को बढ़त मिली लेकिन दूसरे हाफ में क्रिस्टियन रोमेरो और सोन हियुंग मिन ने टोटेनहम के लिये गोल कर दिए। आर्सनल ने आखिरी क्षणों में संयम बनाये रखकर बराबरी का गोल नहीं होने दिया। आर्सनल के अब दूसरे स्थान पर काबिज सिटी से एक अंक अधिक हैं लेकिन उसने एक मैच भी अधिक खेला है। एक अन्य मैच में बोर्नमाउथ ने ब्राइटन को 3-0 से हरा दिया।

### स्याही लगी उंगली दिखाने पर मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

**जालंधर।** खेल उद्योग संघ ने आगामी लोकसभा चुनावों में मतदान करने वालों को खेल सामानों की खरीद पर 25 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिला निर्वाचन अधिकारी-सह-उपायुक्त डॉ हिमांशु अग्रवाल ने आज व्यापारी संघों, स्पोर्ट्स गुड्स एसोसिएशन के सदस्यों से एक जून को लोकसभा चुनाव में अधिकतम मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता का हिस्सा बनने का आग्रह किया। इस दौरान खेल उद्योग से जुड़े व्यापारियों/ उद्योगपतियों की एक बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने उनसे कहा कि वे अपनी-अपनी औद्योगिक इकाइयों पर मतदाता जागरूकता के संबंध में साइन बोर्ड/बैनर आदि लगाकर मतदाता जागरूकता अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभायें ताकि कर्मचारी/श्रमिक अपने मतदान के अधिकार के प्रति संवेदनशील बनें।

## ऐसे मत बनो जैसे तुम नहीं हो : गिलेस्पी

लाहौर, एजेंसी



- पाकिस्तान टेस्ट क्रिकेट के नवनियुक्त मुख्य जेसन ने पढ़ाया दिग्गज टीम को पाठ

पाकिस्तान के नए मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी जेसन गिलेस्पी चाहते हैं कि उनके 'प्रतिभाशाली' खिलाड़ी 'वास्तविक' बने रहें और किसी विशिष्ट पद्धति के अनुरूप अपने खेल में बदलाव नहीं करें। उनका कहना है कि टेस्ट क्रिकेट में आगे बढ़ने के लिए उन्हें केवल सकारात्मक और आक्रामक रहने की जरूरत है। पाकिस्तान ने रविवार को ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज गिलेस्पी को पुरुष टेस्ट टीम का कोच नियुक्त किया जबकि सफेद गेंद के प्रारूप में कोच की भूमिका दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन को सौंपी गई है।

वर्ष 2014 और 2015 में यॉर्कशर को काउंटी चैंपियनशिप खिताब दिलाने वाले 49 वर्षीय गिलेस्पी ने पीसीबी के साथ दो साल के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं। गिलेस्पी ने कहा, मैं बस इतना चाहता हूं कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम उस शैली की क्रिकेट खेले जो उनके अनुकूल हो, मेरे लिए, यह महत्वपूर्ण है। मेरा मानना है कि कुछ ऐसा बनने की कोशिश मत करो जो तुम नहीं हो! उन्होंने कहा आप इसे कैसे करते हैं इसे लेकर आपको वास्तविक होने की जरूरत है।

### चैंपियंस ट्रॉफी के लिए लाहौर कराची, रावलपिंडी को चुना

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने अगले साल चैंपियंस ट्रॉफी के लिए कराची, लाहौर और रावलपिंडी को चुना है। भारत की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिये हाइब्रिड मॉडल की अटकलों के बीच पीसीबी ने कहा है कि टूर्नामेंट पाकिस्तान में ही होगा। भारत ने अभी तक अपनी भागीदारी की पुष्टि नहीं की है और ऐसी अटकलें हैं कि आईसीसी हाइब्रिड मॉडल का उपयोग करके भारत के मैच तटस्थ स्थान पर करा सकता है, अगर भारतीय टीम को सरकार से यात्रा की मंजूरी नहीं मिलती है। आईसीसी ने साफ तौर पर कहा है कि वह किसी सदस्य देश को उसकी सरकारी नीति का उल्लंघन करने को नहीं कहेगा।

## भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम थॉमस कप के क्वार्टर फाइनल में

चेंगदू, एजेंसी



- किदांबी श्रीकांत और सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने भी प्रतिद्वंद्वियों को हराया

भारतीय पुरुष बैडमिंटन टीम ने सोमवार को दूसरे ग्रुप सी मुकाबले में इंग्लैंड को 5-0 से हराकर थॉमस और उबेर कप क्वार्टरफाइनल में जगह पक्की कर ली। विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता एचएस प्रणय ने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को सीधे गेम में हराकर भारत की राह आसान कर दी। 42 मिनट चले मुकाबले में प्रणय ने हैरी को 21-15, 21-15 से हराया।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने युगल मुकाबले में इंग्लैंड के बेन लेन और सीन वेंडी की जोड़ी को 21-17, 19-21, 21-15 से हराया। पूर्व विश्व नंबर वन किदांबी श्रीकांत ने 30 मिनट से अधिक समय तक चले मुकाबले में नदीम दलवी को 21-16, 21-11 से हराकर भारत के लिए बराबरी पक्की कर ली। एमआर अर्जुन और ध्रुव कपिला ने चौथे मुकाबले में रोरी ईस्टन और एलेक्स ग्रीन को 21-17, 21-19 से हराया। किरण जॉर्ज ने इंग्लैंड के चोलन कायान को 21-18, 21-12 से हराया। भारतीय पुरुष टीम ने शुरुआती ग्रुप-स्टेज मुकाबले में थाईलैंड को 4-1 से हराया और अब भारतीय टीम बुधवार को अंतिम ग्रुप मैच में रिकॉर्ड 14 बार के थॉमस कप चैंपियन इंडोनेशिया से मुकाबला करेगी।

## ओलंपिक क्वालीफायर टीम में कोई बदलाव नहीं : डब्ल्यूएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



- इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले हैं विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर

भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने नए ट्रायल के लिए समय की कमी के कारण अगले महीने इस्तांबुल में अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए लगभग उसी टीम का चयन किया है जिसने बिश्केक में एशियाई क्वालीफायर में भाग लिया था। इस्तांबुल में नौ से 13 मई तक होने वाले विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर में एशियाई क्वालीफायर की टीम में शामिल तीन पहलवानों 2018 एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता विनेश फोगाट (50 किग्रा), अंशू मलिक (57 किग्रा) और अंडर 23 विश्व चैंपियन रितिका (76 किग्रा) को शामिल नहीं किया गया है क्योंकि इन्होंने पिछले महीने बिश्केक में कोटा स्थान पक्का कर लिया था।

डब्ल्यूएफआई बिश्केक में भारतीय पुरुष टीम के खराब प्रदर्शन से नाखुश था और अंतिम ओलंपिक क्वालीफाइंग प्रतियोगिता की टीम का चयन करने के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने की योजना बना रहा था, लेकिन डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने कहा कि बिश्केक में एशियाई ओलंपिक क्वालीफायर और इस्तांबुल प्रतियोगिता के बीच 'बहुत सीमित समय' के कारण उसे नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के विचार को टालने के लिए मजबूर होना पड़ा। सूत्र ने कहा कि अगर महासंघ के पास एशियाई प्रतियोगिता और इस्तांबुल में आगामी विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के बीच एक महीने का समय होता तो भी वह पेरिस खेलों के आखिरी क्वालीफायर के लिए नए सिरे से ट्रायल आयोजित कराता। नए सिरे से ट्रायल आयोजित करने के लिए शायद ही कोई समय था। इसलिए विश्व ओलंपिक खेल क्वालीफायर के लिए वही प्रविष्टियां भेजने का निर्णय लिया गया। पहलवानों के लिए अपने संबंधित भार वर्गों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए कम समय में दो बार वजन घटाना बहुत मुश्किल होता।

## टी20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय चयनकर्ता आज करेंगे बैठक

**नई दिल्ली।** अजीत अगरकर की अगुवाई वाली राष्ट्रीय चयन समिति अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी टी20 विश्व कप की 15 सदस्यीय भारतीय टीम को अंतिम रूप देने के लिए मंगलवार को अहमदाबाद में भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह से मुलाकात करेगी लेकिन टीम की आधिकारिक घोषणा एक दिन बाद हो सकती है।

बीसीसीआई सचिव सीनियर चयन समिति (पुरुष) के संयोजक हैं और उनके अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं में व्यस्त होने के कारण यह समझा जाता है कि बैठक अहमदाबाद में होगी। दूसरे विकेटकीपर का स्थान और टीम में ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या का स्थान चयन बैठक में चर्चा के दो महत्वपूर्ण बिंदू होंगे। ऐसा समझा जाता है कि लोकेश राहुल (आईपीएल में अब तक 144 के स्ट्राइक रेट और 378 रन) और संजू सैमसन (161 के स्ट्राइक रेट से 385 रन) के बीच दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए अब भी संघर्ष चल रहा है।

## बॉलीवुड हलचल

### इरफान... जिनकी आंखे भी करती थी अभिनय

**मुंबई।** बॉलीवुड में इरफान खान को ऐसे दमदार अभिनेता के तौर पर याद किया जाता है, जिनकी आंखें भी अभिनय करती थीं। गहरी नशीली आंखे, ठहरी आवाज, वह बॉलीवुड के हीरो की तरह नहीं था लेकिन उसके चुंबकीय व्यक्तित्व में कुछ ऐसा था जो लोगों को बरबस जोड़ लेता सम्मोहित कर लेता। इरफान खान का नाम जेहन में आते ही सबसे पहले उनकी आंखें याद आती हैं। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जो बड़ी ही संजीदगी से अपनी आंखों से अभिनय करते थे। इरफान के पिता भी कहते थे कि ये आंखें हैं या प्याला हैं। राजस्थान के जयपुर में इरफान खान का जन्म एक मुस्लिम पठान परिवार में 07 जनवरी 1967 को हुआ था। इरफान खान उन दिनों क्रिकेटर बनना चाह रहे थे। इस बात का खुलासा इरफान ने खुद ही एक इंटरव्यू के दौरान किया था। इरफान खान ने कहा था, एक वक्त था जब मैं क्रिकेट खेलता था। मेरा सेलेक्शन सीके नायडू टूर्नामेंट के लिए हुआ था। उसमें मेरे 26 साथी चुने गए थे जिन्हें एक कैंप में जाना था, लेकिन मैं नहीं जा पाया, क्योंकि कैंप में जाने के लिए मैं पैसे का इंतजाम नहीं कर पाया। मैंने डिसीजन लिया कि क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। इरफान खान अभिनेता बनना चाहते थे तो नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में दाखिला ले लिया था। इरफान खान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत वर्ष 1987 में दूरदर्शन के सीरियल ''श्रीकांत'' से की। कहा जाता था कि इरफान की आंखें दमदार अभिनय करती हैं। हाल ही में हॉलीवुड एक्टर टॉम हैंक्स ने इरफान खान की सराहना करते हुए कहा था कि इरफान की आंखें भी अभिनय करती हैं। 'बीहड़ में तो बागी होते हैं, डकैत मिलते हैं पार्लियामेंट में' इरफान की फिल्म पान सिंह तोमर का ये डायलॉग आज भी लोगों की जुबां पर रहता है। इरफान खान ने अपने करियर के दौरान मकबूल, लंच बॉक्स, हासिल, लाइफ ऑफ पाइ, हिंदी मीडियम, हैदर, पीकू जैसी कई कामयाब फिल्मों में काम किया। 'अंग्रेजी मीडियम' इरफान खान की आखिरी फिल्म थी, जो 2017 में आई उनकी सुपरहिट फिल्म हिंदी मीडियम का सीक्वल थी। इरफान खान ने अपने सिने करियर में ऐसी कई फिल्में की हैं, जो मील का पत्थर साबित हुई। तिग्मांशु धूलिया की फिल्म ''हासिल'' के लिए उन्हें ''बेस्ट विलेन'' का फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला था। इरफान खान को फिल्म ''पान सिंह तोमर'' के लिए नेशनल अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था। वर्ष 2011 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया था। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता इरफान आज ही के दिन 29 अप्रैल को इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह गए।




स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 05278-352045 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharayodhya@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

# मालदीव में भी एमडीएच मसाले प्रतिबंधित

- जांच में मिला एथिलीन ऑक्साइड भारत और अमेरिका में भी जांच कर रहीं एजेंसियां

माले, एजेंसी

हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर के बाद मालदीव ने भी अपने यहां एवरेस्ट और एमडीएच मसालों की बिक्री पर रोक लगा दी है। मालदीव की फूड एंड ड्रग अथॉरिटी (एमएफडीए) ने कहा कि भारत में बनने वाले मसालों के दो ब्रांड्स में एथिलीन ऑक्साइड पाया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, मालदीव सरकार अभी तक इन मसालों से होने वाले जोखिम का मूल्यांकन कर रही थी।

एमएफडीए ने कहा कि ये मसाले मालदीव में बड़ी मात्रा में आयात किए जाते हैं। बता दें, इस महीने की शुरुआत में हॉन्गकॉन्ग और सिंगापुर की सरकारों ने एमडीएच और एवरेस्ट मसालों में 'कीटनाशक' बनाने वाले केमिकल होने का आरोप लगाकर मद्रास करी पाउडर, एवरेस्ट फिश करी मसाला, एमडीएच सांभर मसाला मिक्स और एमडीएच करी पाउडर मिक्स मसालों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था।

रिपोर्ट्स आने के बाद भारत सरकार ने भी इनके प्रोडक्ट्स की जांच शुरू कर दी है। वहीं, अमेरिकी फूड एंड ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एफडीए) भी कंपनी के मसालों की जांच कर रहा है। एफडीए के प्रवक्ता ने बताया, एफडीए को इन रिपोर्ट्स की जानकारी है और वह स्थिति के बारे में अतिरिक्त जानकारी जुटा रहा है। बता दें कंपनी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया है।

### भारतीय कंपनी बोली-झूठे और निराधार आरोप




एमडीएच ने अपने प्रोडक्ट्स में कीटनाशक होने के आरोपों को खारिज किया करते हुए कहा कि ये दावे झूठे और निराधार हैं और इनके कोई ठोस सबूत नहीं है। एमडीएच ने कहा, 'हमारे प्रोडक्ट्स में एथिलीन ऑक्साइड होने के आरोप सही नहीं है। इसके अलावा, कंपनी को सिंगापुर या हॉन्गकॉन्ग के रेगुलेटरी अधिकारियों की ओर से कोई मैसेज नहीं मिला है।

# जयपुर, गोवा में हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी, जांच जारी

**नई दिल्ली।** देशभर में लोकसभा चुनाव का महापर्व चल रहा है, ऐसे में सोमवार को देश के दो बड़े हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। सोमवार को एक ई-मेल के जरिए ये दावा किया गया कि जयपुर और गोवा हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। ये खबर मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सोमवार को एक ई-मेल मिला, जिसमें यह दावा किया गया कि जयपुर और गोवा समेत कई हवाई अड्डे पर बम रखे गए हैं। जैसे ही इसकी जानकारी मिली तो प्रशासन में हड़कंप मच गया और सुरक्षाबलों को अलर्ट कर दिया गया। सभी हवाई अड्डों की गहन जांच की जा रही है। जयपुर और गोवा हावाई अड्डों पर अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला।

# सूर्य की तपिश से ऑक्सीजन निगल रही है वनाग्नि

**575** आग लगने की घटनाएं हुईं नवंबर से अब तक उत्तराखंड में

**690** हेक्टेयर जंगल प्रभावित हुए इससे, 14 लाख से ज्यादा का नुकसान

*भारत में जंगलों में आग लगने की घटनाएं काफी आम है। अधिकतर जंगलों में आग लगने की घटनाएं नवंबर से जून के बीच अधिक सामने आती है। तापमान, वर्षा, वनस्पति और नमी जैसे कई कारक आग लगने की घटना के लिए जिम्मेदार हो सकते है। विशेषज्ञें के अनुसार, तीन कारक जंगल की आग के फैलने का कारण बनते हैं- ईंधन भार, ऑक्सीजन और तापमान। सूखी पत्तियां जंगल की आग का ईंधन होती हैं। भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआई) की वेबसाइट बताती है कि भारत के लगभग 36 प्रतिशत जंगलों में अक्सर आग लगने का खतरा रहता है।*

- उत्तराखंड में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल नैनीताल के जंगल में लगी आग चौथे दिन रविवार को भी जारी रही। वायुसेना ने भीमताल झील से पानी लेकर आग बुझाई। इस अभियान में अब एनडीआरएफ भी मदद कर रही है। रविवार को कई इलाकों में आग बुझा दी गई। हालांकि नैनीताल में दो से तीन जगह और चंपावत, अल्मोड़ा, पिथौड़ागढ़ व बागेश्वर में एक-एक जगह आग धधक रही है। पिछले 24 घंटों में जंगल में आग की कुल 8 घटनाएं हुई हैं।



### क्यों भड़की आग

लंबे समय से बारिश नहीं होने और मौसम शुष्क रहने से जंगल की घासफूस और सूखी झाड़ियां आग के लिए ईंधन की तरह हैं। चीड़ के जंगल इसमें पेट्रोल का काम कर रहे हैं। यों तो नैनीताल में चार दिनों से जंगलों में आग लगी हुई थी, लेकिन हवाएं तेज चलने से ये और भड़क गई।

### कहां-कहां फैली

नैनीताल जिले के भूमियाधर, ज्योलिकोट, नारायण नगर, भवाली, रामगढ़ और मुक्तेश्वर इलाकों के जंगलों में आग बुरी तरह भड़की, जहां वायुसेना के हेलिकॉप्टर ने पानी की बौछारें छोड़ीं। पहले हेलिकॉप्टर को नैनी झील से पानी लेना था, इसके लिए थोड़ी देर के लिए इस झील में नौकायन रोकना पड़ा, लेकिन बाद में हेलिकॉप्टर ने भीम ताल से पानी लेने का फैसला किया।

## एक नजर

### केंद्र ने सूखा प्रबंधन को लेकर कर्नाटक को दिए 3 हजार करोड़

**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कर्नाटक में सूखा प्रबंधन के लिए राज्य सरकार को लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। न्यायमूर्ति बी .आर . गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ कर्नाटक सरकार द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें सूखा प्रबंधन के लिए राज्य को राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) से वित्तीय सहायता जारी करने के लिए केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया था। पीठ ने केंद्र की ओर से पेश अटॉर्नी जनरल आर . वेंकटरमणी से पूछा, कुछ राशि पहले ही जारी की जा चुकी है। इस पर अटॉर्नी जनरल ने कहा कि लगभग 3,400 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं।

### रूस के खिलाफ अब तेज होगी हथियारों की आपूर्तिः नाटो प्रमुख

**कीव।** नाटो प्रमुख जेंस स्टोलटेनबर्ग इस समय यूक्रेन यात्रा पर हैं। उन्होंने सोमवार को यूक्रेन से कहा कि हाल के महीनों में गठबंधन सदस्य सैन्य सहायता देने का अपना वादा पूरा करने में विफल रहे हैं, लेकिन अब हथियार और गोला-बारूद की आपूर्ति बढ़ेगी। इस दौरान यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति तेज करने का अनुरोध किया है, जिससे रूस का मुकाबला किया जा सके। यूक्रेन की अघोषित यात्रा पर पहुंचे नाटो महासचिव स्टोलटेनबर्ग ने राष्ट्रपति जेलेंस्की से मुलाकात कर युद्ध के हालात पर चर्चा की।

### स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री हमजा यूसुफ का इस्तीफा

**स्कॉटलैंड।** मार्च 2023 में स्कॉटलैंड के पहले मुस्लिम मंत्री के रूप में पदभार संभालने वाले पाकिस्तानी मूल के हमजा यूसुफ ने स्कॉटिश नेशनल पार्टी (एसएनपी) के नेतृत्व वाली सरकार से इस्तीफा दे दिया। बता दें कि पार्टी के अंदरखाने कई दिनों से उथल-पुथल चल रही थी।



39 वर्षीय यूसुफ ने बढ़ते नीतिगत मतभेदों के बीच पिछले सप्ताह स्कॉटिश ग्रीन पार्टी (एसजीपी) के साथ गठबंधन भी समाप्त कर दिया था। इस तरह से अल्पमत वाली एसएनपी सरकार पर संकट के बादल मंडराने लगे थे।

### केन्या में भारी बारिश के बीच बांध टूटा, 40 की मौत, कई लोग लापता

**नाकुरु (केन्या)** केन्या में भारी बारिश के बाद नैरोबी के पास एक बांध टूट गया, जिससे करीब 40 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई अन्य अभी भी लापता हैं। नाइवाशा पुलिस कमांडर स्टीफन किरुई ने कहा कि पुलिस ने सोमवार को मलबे से 40 शव बरामद किए। नैरोबी से लगभग 60 किलोमीटर उत्तर में माई माहिउ क्षेत्र में एक बड़ा खोज और बचाव अभियान जारी है। हताहतों की संख्या बढ़ सकती है, जो कई लोग अभी भी लापता हैं। किरुई ने कहा कि हादसे के बाद 100 से अधिक लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया।

## 26 हजार नियुक्ति रद करने पर हाईकोर्ट के फैसले को ममता सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में दी थी चुनौती

# शिक्षक भर्ती घोटाले की सीबीआई जांच पर रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

कलकत्ता हाईर्ट के एक फैसले पर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। सर्वोच्च अदालत ने उस फैसले पर रोक लगाई है, जिसमें उच्च न्यायालय ने शिक्षक भर्ती घोटाले में पश्चिम बंगाल सरकार के अधिकारियों की भूमिका की जांच के लिए सीबीआई को निर्देश दिया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने नियुक्तियों को रद करने के फैसले पर फिलहाल कोई रोक नहीं लगाई है।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय पीठ सोमवार को पश्चिम बंगाल सरकार की याचिका पर सुनवाई की। पीठ में न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल थे। बंगाल सरकार ने कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले को सर्वोच्च अदालत में चुनौती दी, जिसमें उच्च न्यायालय ने राज्य संचालित और राज्य सहायता प्राप्त स्कूलों में स्कूल सेवा आयोग (एसएससी) द्वारा की गई 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य कर दिया था। पीठ अब इस मामले की सुनवाई छह मई को करेगी।

हालांकि, सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि हम कलकत्ता हाईकोर्ट के उस फैसले पर रोक लगाते हैं, जिसमें सीबीआई को राज्य सरकार के अधिकारियों के खिलाफ जांच करने के आदेश दिए गए थे। हाईकोर्ट ने नियुक्तियां अमान्य करते हुए कहा था कि जिन लोगों को एसएससी पैनल की समाप्ति के बाद नौकरी मिली, उन्हें जनता के पैसे से भुगतान किया गया। सभी को चार सप्ताह के अंदर ब्याज सहित वेतन लौटाना होगा। सभी को 12 फीसदी सालाना ब्याज के साथ पैसा लौटाना होगा। नए लोगों को नौकरी मिलेगी। हाई कोर्ट ने 15 दिनों के अंदर अंदर प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश दिया है। ममता बनर्जी ने हाल ही में हाईकोर्ट के फैसले को अवैध बताया। उन्होंने कहा कि हम उन लोगों के साथ खड़े हैं, जिनकी नौकरियां चली गईं हैं। बनर्जी ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल द्वारा न्यायपालिका के निर्णयों को प्रभावित करने का काम किया जा रहा है।

### संदेशखालिः आरोपी का बचाव क्यो कर रही है सरकार



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को पश्चिम बंगाल से जुड़े एक और मामले में सुनवाई की। इस दौरान अदालत ने बंगाल सरकार से पूछा कि संदेशखालि मामले में कुछ निजी व्यक्तियों के हितों की रक्षा के लिए राज्य सरकार को याचिकाकर्ता के रूप में सर्वोच्च अदालत क्यों आना पड़ा। सुनवाई के दौरान, अदालत ने पूछा कि उच्च न्यायालय के फैसले से आरोपी परेशान हो, ये समझ आता है लेकिन राज्य सरकार क्यों परेशान हो रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट की दो सदस्यीय पीठ बंगाल सरकार की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। राज्य सरकार ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के 10 अप्रैल वाले उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें महिलाओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न और जमीन हड़पने के आरोपों की सीबीआई जांच के निर्देश दिए गए थे। पीठ में न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता शामिल थे। पीठ के सवाल का जवाब देते हुए राज्य की ओर से पेश वकील ने कहा कि वे उच्च न्यायालय के आदेश में की गई कुछ टिप्पणियों से परेशान हैं। वकील ने बताया कि आदेश में राज्य सरकार के बारे में कुछ टिप्पणियां की गई हैं, जो अनुचित है। जबकि राज्य सरकार ने मामले में निष्पक्ष कार्रवाई की है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की याचिका पर ईडी को सुप्रीम नोटिस

**नई दिल्ली।** हेमंत सोरेन की याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ईडी (ईडी) को नोटिस जारी किया है। मामले में अगली सुनवाई 6 मई को होगी। हाई कोर्ट द्वारा ईडी गिरफ्तारी के खिलाफ दाखिल याचिका पर फैसला सुनाए जाने में देरी को लेकर हेमंत सोरेन की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की गई है। ईडी ने हेमंत सोरेन को 31 जनवरी की रात को गिरफ्तार किया था। उन पर रांची के बड़गाई अंचल की 8 .86 एकड़ जमीन घोटाले के मामले में धन शोधन यानी मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप है। अपनी गिरफ्तारी के 75 दिनों बाद यानी कि 16 अप्रैल को हेमंत सोरेन ने जमानत याचिका दायर की थी। फिलहाल वह रांची के होटवार जेल में बंद हैं।

### सीए परीक्षाएं स्थगित करने वाली याचिका पर सुनवाई से इनकार

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को लोकसभा चुनावों के कारण मई में होने वाली चार्टर्ड अकाउंटेंसी (सीए) परीक्षाओं के कुछ पेपर स्थगित करने की मांग वाली याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) ने चुनाव की तारीखों पर परीक्षा तय नहीं की है। इसमें कहा गया है कि लोकसभा के आम चुनाव 7 और 13 मई को होने हैं और 6 मई और 12 मई को कोई परीक्षा निर्धारित नहीं की गई है। इसमें कहा गया है कि परीक्षा की तारीख में बदलाव करने से परीक्षा के संचालन के लिए पहले से मौजूद व्यापक व्यवस्थाएं बाधित होंगी।

# रवांडा भेजने के लिए प्रवासियों को पकड़ने में लगी ब्रिटेन सरकार

- शरणार्थियों को हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा

लंदन, एजेंसी

ब्रिटेन में सोमवार से अवैध प्रवासियों को रवांडा भेजने के लिए अभियान शुरू कर दिया है। ब्रिटिश मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्रालय दो हफ्ते तक चलाए जाने वाले इस अभियान में अवैध शरणार्थियों को देशभर से हिरासत में लेकर डिटेंशन सेंटरों में ले जाया जा रहा है। देशभर में ऐसे सेंटरों की संख्या बढ़ाकर दो हजार से अधिक हो गई है।

एक रिपोर्ट के अनुसार कुछ शरणार्थी पहले से ही डिटेंशन सेंटर में हैं और उन्हें रवांडा भेजने के लिए चिह्नित भी किया जा चुका है। बता दें, इंग्लैंड में स्थानीय काउंसिल चुनाव के चलते ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक ने जल्दी में कार्रवाई की है। पिछले सप्ताह सुनक ने कहा था कि रवांडा के लिए पहली उड़ानें 10 से 12 हफ्ते में रवाना होंगी। ब्रिटेन से रवांडा भेजे जाने वाले लोगों में 5 हजार भारतीय भी शामिल हैं। ये लोग 1 जनवरी 2022 अवैध रूप से ब्रिटेन पहुंचे हैं। इंटरनेशनल रेस्क्यू कमेटी की निदेशक डेनिसा डेलिक ने कहा कि, रवांडा में शरणार्थियों को भेजना क्रूर और महंगा है।

### बाइडन ने प्यूर्टो रिको में पार्टी का प्राइमरी चुनाव जीता



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को प्यूअर्टो रिको में डेमोक्रेट पार्टी के आंतरिक चुनाव में जीत हासिल की। रविवार को प्यूअर्टो रिको के डेमोक्रेटिक ने 65 में से 36 प्रतिनिधियों का चयन किया, जिसे उन्हें (प्यूअर्टो रिको) अगस्त के अंत में शिकागो में होने वाले राष्ट्रीय लोकतांत्रिक सम्मेलन में भेजना है। बता दें कि प्यूअर्टो रिको के अमेरिकी नागरिकों को राष्ट्रपति चुनाव में मतदान करने का अधिकार नहीं है। इस साल की शुरुआत में प्यूअर्टो रिको की डेमोक्रेटिक पार्टी के अध्यक्ष चार्ली रॉड्रिग्ज ने बताया था कि वह यहां के नागरिकों के लिए नवंबर में एक प्रतीकात्मक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित करने की योजना बना रहे हैं।

### बर्फ ने किया चक्का जाम



**अनंतनाग :** पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के चलते जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग, मुगल रोड, किश्तवाड़, डोडा समेत सभी उच्च पर्वतीय क्षेत्रों में बर्फबारी व कई निचले क्षेत्रों में वर्षा का सिलसिला सोमवार को जारी रहा। जम्मू-श्रीनगर हाईवे पर रामबन जिला में कई जगह पहाड़ से पत्थर गिरने व भूस्खलन होने से यातायात कई बार रोकना पड़ा। इससे राष्ट्रीय राजमार्ग पर लंबा जाम भी लगा रहा। कई जगह हिमपात, हिमस्खलन और भूस्खलन से वाहन फंसे रहे। मैदानी क्षेत्रों में भीषण गर्मी से सैलानी पहाड़ी हिस्सा का रुख कर रहे हैं। ● एजेंसी

# अरब सागर में नौका से 173 किलोग्राम ड्रग्स बरामद, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल ने ड्रग्स तस्करों के खिलाफ दो दिनों तक चले संयुक्त अभियान में रविवार को अरब सागर में एक मछली पकड़ने वाली नाव से 173 किलोग्राम ड्रग्स जब्त किया। रविवार को तटरक्षक बल का यह दूसरा अभियान था।

तटरक्षक बल ने गुजरात एंटी टेरेरिस्ट स्क्वाड (एटीएस) से विश्वसनीय खुफिया जानकारी पर कार्रवाई करते हुए अपने जहाजों और विमानों को समुद्र में तैनात किया। संदिग्ध नौका की पहचान करने के बाद उसे तुरंत रोका गया। जांच में मछली पकड़ने वाली नाव लगभग 173 किलोग्राम ड्रग्स की तस्करी में शामिल पाई गई। नौका के चालक दल की जांच जारी है।

# खालसा दिवस पर ट्रूडो के सामने लगे खालिस्तानी नारे

टोरंटो, एजेंसी

कनाडा में खालसा दिवस मनाया गया, जिसमें काफी संख्या में सिख समुदाय के लोग एकत्र हुए। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने उनको संबोधित करते हुए कहा कि आपके अधिकारों की रक्षा के लिए हम मौजूद हैं। इस बीच उपस्थित लोगों ने खालिस्तान के नारे लगाना शुरू कर दिया। उन्होंने सिख समुदाय को आश्वासन देते हुए कहा कि कनाड़ा विविधता के कारण ही मजबूत है।

टोरंटो में रविवार को खालसा दिवस पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भारत के साथ समझौता करने सिख समुदाय के लोगों की रक्षा करने की बात कही। उन्होंने कहा कि कनाड़ा की सबसे बड़ी शक्ति यहां की विविधता है, लेकिन यही मतभेदों के कारण ही मजबूत भी हैं।

### नारेबाजी को लेकर भारत ने किया सख्त विरोध

आयोजन में खालिस्तान के समर्थन में नारेबाजी को जारी रखने की अनुमति दिए जाने पर भारत सरकार की तरफ से गहरी चिंता जताई गई और इसका कड़ा विरोध किया गया है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह दर्शाता है कि कनाडा में अलगाववाद, उग्रवाद और हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है। यह भी कहा गया कि इस तरह की अभिव्यक्तियां एक तरफ भारत और कनाडा के बीच संबंधों को प्रभावित करती हैं, तो दूसरी तरफ कनाडा में हिंसा और अपराध के माहौल को भी बढ़ावा देती हैं।

# रूस में आतंकी हमला 2 पुलिसकर्मी समेत 5 हमलावरों की मौत

**मॉस्को।** रूस के उत्तरी काकेशस क्षेत्र में आतंकवादियों के एक समूह ने एक पुलिस चौकी पर हमला कर दिया। हमले में दो अधिकारियों की मौत हो गई, जबकि 5 हमलावर भी मारे गए हैं।

रूस के आंतरिक मंत्रालय की क्षेत्रीय शाखा के अनुसार, रविवार देर रात कराची-चर्केसिया क्षेत्र में हुई गोलीबारी में चार अन्य अधिकारी घायल हो गए और सभी पांच हमलावर मारे गए। देश की शीर्ष राज्य आपराधिक जांच एजेंसी और जांच समिति ने इस हमले को लेकर कहा कि इन बंदूकधारियों ने एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र में एक अन्य पुलिस चौकी पर हमला किया था, जिसमें दो पुलिसकर्मी मारे गए थे और एक अन्य घायल हो गया था।

# लाल सागर में हूती विद्रोहियों ने फिर दागीं ताबड़तोड़ मिसाइल

सना, एजेंसी

गाजा में इजराइल के हमले पर बढ़ते तनाव के बीच यमन के हूती विद्रोहियों ने एक बार फिर से जहाज पर हमला किया है। इस मिसाइल हमले में एक तेल टैंकर और अमेरिका का एमक्यू-9 ड्रोन को मार गिराया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, यमन के सादा गवर्नरेट के हवाई क्षेत्र में शत्रुतापूर्ण मिशनों का संचालन करते समय हमला किया गया और अमेरिकी ड्रोन को मार गिराया।

अल जजीरा के अनुसार, अमेरिकी सेना ने अभी तक इस घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन यमन के अंदर एक एमक्यू-9 के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की है। जिसकी जांच शुरू हो गई है। बता दें, गाजा में संघर्ष की शुरुआत के बाद से हूती द्वारा मार गिराया गया यह तीसरा अमेरिकी ड्रोन है, पिछली घटनाएं नवंबर और फरवरी में हुई थीं। इसके बावजूद, हूती पास के जलक्षेत्र में जहाजों के खिलाफ आगे के हमलों पर चुप्पी बनाए हुए हैं।

### बाइडन-नेतन्याहू के बीच फोन पर हुई बातचीत

**तेल अवीव।** व्हाइट हाउस ने रविवार को कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ फिर से फोन पर बात की है, क्योंकि इजरायल और हमास पर एक समझौते पर पहुंचने का दबाव बढ़ रहा है, जो कुछ इजराइली बंधकों को मुक्त करेगा और गाजा में लगभग सात महीने से चल रहे युद्ध पर संघर्ष विराम लगाएगा। व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन ने अपना साफ रुख दोहराया है, क्योंकि वैश्विक चिंता के बावजूद इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा पर वहां शरण लिए हुए 1 मिलियन से अधिक मौजूद होने पर भी आक्रमण करने की योजना बनाई है।

**विज्ञान** यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने घटना के एक साल बाद किया खुलासा

# पहली बार हुई दुर्लभ मैग्नेटार विस्फोट की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** वैज्ञानिकों ने दूर की आकाशगंगा में पहली बार दुर्लभ विशाल मैग्नेटार विस्फोट की खोज की है। इस तरह के महाविस्फोट हमारी आकाशगंगा में सिर्फ तीन बार ही देखे गए हैं। मैग्नेटार बहुत अधिक शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले तारे होते हैं।

यूरोपीय इंटीग्रल अंतरिक्ष वेधशाला के वैज्ञानिकों ने की खोज में बताया है कि, इस महा विस्फोट को 15 मई 2023 को देखा गया था। करीब एक साल बाद इस घटना का खुलासा हो पाया है। यह मैग्नेटार विस्फोट आकाशगंगा एम 82 में हुआ है। जब पहली बार इस घटना को देखा तो वैज्ञानिकों के लिए इस विस्फोट का रहस्य समझ से परे था। वैज्ञानिक इतना संमझ पाए थे कि सुदूर की आकाशगंगा में उत्पन्न यह विस्फोट का प्रकाश दुर्लभ है। इससे पहले कभी इस तरह की घटना नही देखी गई थी। जिसे समझने के लिए खगोल वैज्ञानिकों को गहन शोध करना पड़ा। यह विशाल मैग्नेटर विस्फोट पृथ्वी से केवल 12 मिलियन प्रकाश वर्ष की दूरी पर हुआ था। इस विस्फोट की सच्चाई जानने के लिए यूरोपीय देशों के कई वैज्ञानिकों जुटे। तब पता चला कि यह मैग्नेटार का विस्फोट है। मैग्नेटार अत्यंत शक्तिशाली चुंबकीय क्षेत्र वाले युवा न्यूट्रॉन तारे हैं। इनका चुंबकीय क्षेत्र सामान्य न्यूट्रॉन तारे से लगभग 10,000 गुना अधिक शक्तिशाली होता है और पृथ्वी से लगभग एक खरब गुना अधिक माना जाता है। पिछले 50 वर्षों में हमारी अपनी आकाशगंगा में केवल तीन ऐसी विशाल खगोलीय घटनाओं की पहचान की गई है और अब हमारे पास हमारी आकाशगंगा के बाहर से पुष्टि की गई ये पहली घटना है। इटली के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर एस्ट्रोफिजिक्स (आईएनएएफ-आईएएसएफ) के वैज्ञानिक सैंड्रो मेरेगेटी के नेतृत्व में यह खोज हुई।



मैग्नेटार तारे के चुम्बकीय क्षेत्र की प्रतीकात्मक तस्वीर।

### 2004 में देखा गया था मैग्नेटार विस्फोट

हमारी अपनी आकाशगंगा में 2004 में मैग्नेटार विस्फोट देखा गया था। यह विस्फोट पृथ्वी से 30 हजार प्रकाश वर्ष दूर हुआ था। यह इतना शक्तिशाली था कि इसका प्रभाव पृथ्वी के ऊपरी वायुमंडल पर भी पड़ा था। मैग्नेटार विस्फोट बेहद खतरनाक होते हैं, जो अपने नजदीकी तारों समेत ग्रहों को नष्ट करने की शक्ति रखते हैं।

# भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूटा

- जयशंकर बोले-राजनीतिक बाधाओं से विकास पर पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत के विभाजन से पूर्वोत्तर राज्यों का प्राकृतिक संपर्क टूट गए हैं। इसके साथ ही राजनीतिक बाधाओं के साथ-साथ प्रशासनिक मुद्दों की वजह से इस क्षेत्र के विकास पर असर पड़ा। दिल्ली विवि में विदेश मंत्री एस. जयशंकर कहा कि, दक्षिण पूर्व एशिया और जापान के साथ पूर्वोत्तर भारत का एकीकरणः आर्थिक संबंधों और पारिस्थितिक संरक्षण को संतुलित करना बहुत जरूरी हो गया है।

जयशंकर ने विश्वविद्यालय के छात्रों से बात करते हुए कहा, भारत के विभाजन ने कई मायनों में उस प्राकृतिक संपर्क को तोड़ दिया जो पूर्वोत्तर के पास था या अभी होता। इसकी वजह से पूर्वोत्तर को जो विकास का स्तर देखना चाहिए था वह धीमा हो गया। इसके बाद पहले कुछ दशकों में विभाजन



के बाद राजनीतिक बाधाओं और प्रशासनिक मुद्दों की वजह से पूर्वोत्तर को वह फायदा नहीं मिला जो देश के अन्य हिस्सों को मिला। केंद्रीय मंत्री ने इसके साथ ही कहा कि पूर्वोत्तर में मौजूदा आर्थिक स्थिरता मजबूत स्थिति की तरफ बढ़ रही है। उन्होंने कहा, हम अभी जो विकास देख रहे हैं, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत पहले ही आ जाना चाहिए था। जैसा कि मैं हमेशा कहता हूं भारत सरकार को पहले की पूर्व दिशा की ओर देखना चाहिए और फिर उत्तर-पूर्वी राज्यों को देखना चाहिए।